राजस्थान विधान सभा

नवीं बैठक, मंगलवार—१६ मार्च, सन् १६५४ ई०

(प्रातःकालीन बैठक)

विधान सभा की बैठक सभा-भवन, जयपुर, में प्रातः ८ बज कर ३५ मिनट पर प्रारम्भ हुई

(श्री नरोत्तमलाल जोशी, अध्यक्ष, पदासीन)

तारांकित प्रश्नोत्तर

प्रश्न संख्या २५५

राजस्थान के सर्वोच्च अधिकारी

श्री खेतसिंह—Will the Chief Minister be pleased to state;—

(1) Which official of the Rajasthan Government is drawing the highest amoluments ?

(2) How many officers of the Rajasthan Government are drawing emoluments between 3000/- to 4000/-; 2000/- to 3000/- and 1500/- to 2000/- ? Please give their names and designations ?

श्री जयनारायण व्यास (मुख्य मन्त्री)—(i) Shri K. N. Wanchoo, Chief Justice Rajasthan High Court (Pay Rs. 4000/- and allowance Rs. 400/-).

(ii) 3000 to 4000: (One)

Shri K. N. Wanchoo, Chief Justice, Rajasthan High Court.

2000 to 3000 (Four)

1.	Shri B. G. Rao, I.C.S., Chief Secy. to Government.	3000/-
2.	Shri Motiram, Chief Engineer, Irrigation Dept.	2208-5
	Pension..	791-11
		3000/-

Page No.2

[श्री जयनारायण व्यास]

3.	Shri K. D. Billimoria, I. P., Inspector General of Police.	2625/-
4.	Shri S. K. Menon, Principal & Controller of Attached Hospitals, Jaipur.	2100/-

1500 to 2000 (Fifteen)

1.	Shri K. L. Bapna, Judge, High Court.	2000/-
2.	Shri Jaswant Singh Ranawat, Judge, High Court.	2000/-
3.	Shri K. K. Sharma, Judge, High Court.	2000/-
4.	Shri D. S. Dave, Jude, High Court.	2000/-
5.	Shri Inder Nath Modi, Judge, High Court.	2000/-
6.	Shri Amar Singh, Dist, & Sessions Judge.	1500/-
7.	Shri S. Sunderraman, Chief Accounts Officer.	1944/-
8.	Shri Kishorilal, Chief Engineer, P.W.D. (Buildings & Roads)	1700/-
9.	Shri B. D. Chopra, IAS., Commissioner, Bikaner.	1650/-
10.	Shri M. K. Kelavkar (Col.) Director, Medical and Health Services, Rajasthan, Jaipur.	2000/-
11.	Shri D. S. Tewari, Chairman, Public Service Commission.	2000/-
12.	Shri V. R. Adige, Member, Public Service Commission.	1500/-
13.	Shri M. M. Verma, Member, Public Service Commission	1500/-
15.	Shri Kishan Puri, IAS., Chairman, Board of Revenue.	1750/-
15.	Shri G. S. Purohit, Finance Secretary.	1500/-

प्रश्न संख्या २५६

अधिग्रहण किये गये भवनों पर जीर्णोद्धार इत्यादि के लिए शासन द्वारा व्यय

श्री हरिकृष्ण व्यास—Will the Chief Minister be pleased to answer:-

(a) Has the State Government been spending any amount on additional and alterations to requisitioned buildings ?

(b) If So, what is the amount thus spent during each year from 1950-51 to date ?

(c) Who Sanctioned such expenditure ?

श्री जयनारायण व्यास (मुख्य मंत्री)—(a) Yes.

[श्री जयनारायण व्यास]

(b) The total amount spent during the years 1950--51, 1951-52 and 1952-53 comes to Rs 17,076/-- only as under:—

1950--51	Rs. 3,138/—
1951--52	Rs 9,772/--
1952--53	Rs. 4,166/---
	Rs. 17,076/---

(c) The expenditure was sanctioned by competent authorities.

श्री हरिकृष्ण व्यास—Was permission of the owners obtained before the additions or alterations were made ?

श्री जयनारायण व्यास—The owners were informed.

श्री हरिकृष्ण व्यास—Have you a stipulation that the additions or alterations were material ?

श्री जयनारायण व्यास—After the integration it was thought necessary to make additions and alterations in the buildings belonging to others and the owners were informed of that. The total amount that was spent was more than what I have just said but the owners repaid the amount of the repairs and that is why the amount mentioned was only Rs. 17,000/--

श्री हरिकृष्ण व्यास—I am asking for the additions and alterations and not for repairs for which the owners pay one month's rent.

श्री जयनारायण व्यास—Even for the additions and alterations the owners repaid.

श्री हरिकृष्ण व्यास—Was a stipulation made that they were ready to pay ?

श्री जयनारायण व्यास—I require a notice for this question.

श्री हरिकृष्ण व्यास—Is the Government aware that in a particular case, in a particular building which was occupied for 7 months the amount spent for additions and alterations came to more than Rs. 4000/--

श्री जयनारायण व्यास—I will make enquiries with regard to that if any particular case is brought to my notice.

श्री हरिकृष्ण व्यास—Is the Government aware whether sanctions were obtained before the actual additions or alterations were made or sanctions were given afterwards ?

श्री जयनारायण व्यास—It was an emergency period after the integration and therefore sanctions might have been obtained later on.

प्रश्न संख्या २५७.

सोडियम सल्फेट खानों को पट्टे पर देना,

श्री हरिकृष्ण व्यास—Will the Minister for Industries be pleased to answer :--

(a) Is the Government thinking of giving the Sodium Sulphate Mines on lease ?

(b) Was there any such proposal under consideration of the Government ?

(c) If so, what was the basis of it ?

श्री जयनारायण व्यास—Certain parties have applied for taking over lease of the Sodium Sulphate Works and the question is under consideration of the Government.

श्री हरिकृष्ण व्यास—Part (c) of the question ?

श्री जयनारायण व्यास—The question is under consideration of the Government.

श्री हरिकृष्ण व्यास—What is the basis of it ?

श्री जयनारायण व्यास—The question does not arise. Certain parties have applied that they want to have the contract of digging the sodium sulphate.

श्री हरिकृष्ण व्यास—What is the Government's policy ? What are the considerations which the Government have in this regard ?

श्री जयनारायण व्यास—The matter is under consideration of the Government as to whether it should be given away on lease to other private parties or the works should be worked out by the Government itself.

श्री हरिकृष्ण व्यास—Is it profitable ?

श्री जयनारायण व्यास—It is. Sodium sulphate is profitable, but the Government is not sure whether it will make more profit by working it themselves than the other parties. But, this question has not been decided by the Government.

श्री हरिकृष्ण व्यास—What is the annual profit to the Government ?

श्री जयनारायण व्यास—I require notice of this question.

श्री हरिकृष्ण व्यास—You stated that other parties are probably to offer more. So I take it that the present income of the Government and offer of other parties are within the notice of the Hon'ble Minister.

श्री जयनारायण व्यास—It is in my notice but the am ounts are not in my possession at the moment.

श्री घासीराम यादव—अध्यक्ष महोदय, श्रीमन् राजप्रमुख के अभिभाषण के समय तो अँग्रेजी में भाषण होने से हाउस के ऊपर कुठाराघात हुआ था, तो इस समय जो अंग्रेजी बोल रहे हैं, इससे क्या इस हाउस की शोभा बढ़ रही है ?

(हँसी)

प्रश्न संख्या २५८

बीकानेर डिविजन में कुछ व्यक्तियों को जकात कर से मुक्ति

श्री प्रतापसिंह—क्या पृथक् राजस्व मंत्री यह बतलाने की कृपा करेंगे !

(अ) बीकानेर डिवीजन में रियासतों के समय से किस किस को जकात माफ थी ?

(आ) क्या पोस्ट आफिस में कर्मचारियों को भी जकात माफ थी ?

(इ) क्या अब सरकार से ऐसे हुक्म हो चुके हैं 'अ' और 'आ' भाग में बतलाये गये व्यक्तियों से भी जकात वसूल की जावे ?

(ई) अगर उन्हें देनी होगी तो किस तारीख से ?

श्री भोलानाथ (पृथक् राजस्वमंत्री)—(अ) बीकानेर डिविजन में रियासत के समय से जिन व्यक्तियों को जकात माफ थी उनकी सूची गृह की मेज पर रख दी गई है।

(कृपया परिशिष्ट ४ देखिये)

(आ) हाँ।

(इ) (अ) विभाग के व्यक्तियों से कस्टम कर वसूल करने की कोई आज्ञा नहीं दी गई है।

(आ) विभाग के लोगों से कस्टम कर वसूल किया जाता है।

[श्री भोलानाथ]

(ई) विभाग के व्यक्तियों से कस्टम कर २१-४-५३ से वसूल किया जाता है।

प्रश्न संख्या २५६

म्युनिसिपेलिटियों में काम करने वाले हरिजनों का न्यूनतम वेतन

श्री चाँदमल मेहता—क्या श्रम मंत्री यह बतलाने की कृपा करेंगे ;

(अ) क्या म्युनिसिपैलिटियों में काम करने वाले हरिजनों के लिए भी न्यूनतम वेतन निर्धारित है ?

(आ) यदि हाँ, तो कितना ?

श्री रामकरण जोशी (श्रम मन्त्री)—(अ) हाँ, किन्तु पार्ट टाइम और पीस मील काम करने वालों को छोड़ कर ।

(आ) ३०) रु. मासिक या १ रु. २ आने प्रतिमास में २६ दिनों के लिए। मँहगाई भत्ता सम्मिलित।

श्री चांदमल मेहता—क्या इसकी पाबन्दी राजस्थान की अधिकांश म्युनिसिपैलिटियों पर नहीं हो रही है।

श्री रामकरण जोशी—यह प्रश्न मेरे उत्तर के भाग 'अ' को देखने पर पैदा नहीं होता।

प्रश्न संख्या २६०

सिरोही की बेगम सैयद निसा की सम्पति के लिये ट्रस्टील

श्री मोहब्बतसिंह—Will the Chief Minister be pleased to state —

(a) What does the Government propose to do with the property of Begum Sayeedunnisa of Sirohi ?

(b) Is it a fact that a trust has been formed ?

(c) If so, what are the names of the trustees ?

श्री जयनारायण व्यास (मुख्य मन्त्री)—(A) Government have since arrived at an agreement with Mst. Saeed-un-Nissa of Sirohi under which the properties at present standing in the name of this lady have been recognised as of her absolute ownership. Government have waived all claims against these properties on the following conditions:—

[श्री जयनारायण व्यास]

(a) The properties stated below to be recognised as belonging to the Rajasthan Government.

1. Bungalow No. 24 Alipore Road Delhi.
2. Bungalow No. 26 Alipor Road, Delhi.
3. Bungalow No 2 Racquet Court Road, Delhi.
4. House No. 6946-47 Plot No. 40-41 Basti Harphool Singh, Delhi.

(b) A deed of Trust is to be executed settling the following properties in trust for establishing institution in the area of the former Sirohi State for medical relief, public education, village uplift and for such other charitable purposes as the sole trustee may deem fit to commemorate and perpetuate the memory of His Late Highness Sir Sarup Ram Singh of Sirohi.

1. Plot No. 19, Block No. 6, Ward No. 16, House No. 947-127 Am. Karol Bagh, Delhi. containing 344.6 sq. yards.
2. Plot No. 20, Block No. 6, Ward No. 16, House No. 947/127 A. M. Karol Bagh, Delhi, containing 277.9 sq. yards.
3. Plot No. 55, Block No. 6, Ward No. 16, House No. 947/134 Karol Bagh, Delhi, containing 227 9 sq. yards.
4. House No. 9439, Ward No. 14, Plot No. 12, Qutab Road, Delhi, containing 213. 3 sq. yards.

(c) To pay a sum of Rs. 75,000/- in full satisfaction and discharge of all the expenses incurred by the former Sirohi State and the Rajasthan Govt. in connection with the dispute relating to the properties standing in the name of Mst. Saeed-un-nissa. These condition have since been fulfilled by the Lad.

(B) Yes. The details are being worked out.

(C) His Highness the Rajapramuk is the sole Trustee and a Board of management is being appointed to act on behalf of his Highness in the matter.

श्री शम्भूसिंह—क्या सरकार कोई और नये ट्रस्टी मुकर्रर करने का सोच रही है ?

श्री अध्यक्ष—That has already been replied.

प्रश्न संख्या २६१

सन् १६५३ में भ्रष्टाचार निरोधक विभाग द्वारा पकड़े गये मामले

श्री मोहब्बतसिंह—Will the Chief Minister be pleased to state:—

[श्री मोहब्बतसिंह]

What is the total number of cases trapped by the Anti-Corruption Department in the year 1953 ?

श्री जयनारायण व्यास—५३ अपराध ।

श्री वेदपाल त्यागी--How many of them are gazetted officers and How many belong to other services ?

श्री जयनारायण व्यास--कोई गजटेड ऑफीसर नहीं है ।

श्री अध्यक्ष—नेक्स्ट ।

प्रश्न संख्या २६२

जोधपुर की उद्योग तथा व्यवसाय प्रदर्शनी में शासकीय विभागों द्वारा व्यय में सहायता

श्री संतोषसिंह—क्या मुख्य मन्त्री निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर देने की कृपा करेंगे—

(क) जोधपुर में अभी जो उद्योग संघ कृषि प्रदर्शनी हो रही है वह किस की तरफ से हो रही है । उसके कार्यकारिणी कमेटी के मेम्बर कौन-कौन हैं ?

(ख) इस प्रदर्शनी में राजस्थान सरकार के किस किस विभाग ने किस-किस तरह की व कितने रुपयों तक के खर्च की सहायता किस लिए दी ?

(ग) इस प्रदर्शनी में सरकार का कुल खर्चा मय अधिकारियों व कर्मचारियों के टी. ए. व डी. ए के कितने रुपयों का हुआ ?

(ङ) इन हरएक स्टाल पर बिजली व अन्य वस्तु जो स्टालों को सुन्दर बनाने के हेतु खरीदी गई उसमें कितने कितने रुपये खर्च हुए ?

(घ) इस प्रदर्शनी में किस किस सरकारी विभाग ने किस किस वस्तुओं के प्रदर्शन के लिए कितने कितने स्टाल किस-किस नाम के कितने कितने रुपयों में किराये से लिए ?

श्री जयनारायण व्यास—(मुख्य मन्त्री) (क) जोधपुर की उद्योग एवं कृषि प्रदर्शनी वहाँ के कुछ प्रतिष्ठित नागरिकों की ओर से आयोजित की गई है और उसकी प्रबन्ध कमेटी के ३४ मेम्बर हैं जिनके नाम की सूची सदन की मेज पर रखी गई ।

(कृपया परिशिष्ट ३ देखिये)

[श्री जयनारायण व्यास]

ख. ग. और ड.—सूचना एकत्रित की जा रही है।

(घ) अभी तक प्राप्त सूचना के अनुसार इस प्रदर्शनी में निम्नलिखित विभागों ने अपने विभाग संबन्धी कार्यों के प्रदर्शन के लिए किराये पर स्टाल लिए व्यय आदि की सूचना अभी तक प्राप्त नहीं हो सकी है।

१. स्वास्थ्य व चिकित्सा विभाग	२ स्टाल
२. जन-संपर्क विभाग	१ स्टाल
३. कृषि विभाग	२ स्टाल १ कृषि और दूसरा पशु-पालन के प्रदर्शन के लिए।
४. सहकारी विभाग	१ स्टाल—उत्पादक समितियों की वस्तुओं के प्रदर्शन के लिए।
५. खनिज विभाग	१ स्टाल—खनिज पदार्थों के प्रदर्शनार्थ।
६. सिंचाई विभाग	१ स्टाल
७. बिजली विभाग	१ स्टाल
८. सार्वजनिक निर्माण विभाग	१ स्टाल
९. उद्योग व वाणिज्य विभाग	२ स्टाल

श्री संतोषसिंह कछवाहा —इस प्रदर्शनी में जो हैन्डी क्राफ्ट वगैरह का प्रदर्शन किया जाता है और उससे जो आमदनी होती है वह सरकार को मिलेगी या किसी और को ?

श्री जयनारायण व्यास—हैंडी क्राफ्ट वगैरह के प्रदर्शन से जो आमदनी होती है वह इस लिहाज़ से रखी गई है कि वह आमदनी सरकार के बदले जनता को मिले।

श्री संतोषसिंह—टिकट लगाने से जो आमदनी हुई है वह किस किस में गई ?

श्री जयनारायण व्यास—टिकट की आमद प्रदर्शनी के खर्च में खत्म हो जाती है। अगर उसमें बचत होगी तो उस रकम को सार्वजनिक कामों में लगाया जायगा।

श्री अध्यक्ष—नेक्स्ट

प्रश्न संख्या २६३

जकात देने से अब भी कुछ व्यक्तियों को माफी

श्री प्रतापसिंह—क्या पृथक राजस्व मन्त्री यह बतलाने की कृपा करेंगे—

Page No.10

[श्री प्रतापसिंह]

(अ) क्या अब भी सरकार किसी को जकात चुकाने से मुस्तसना रखना चाहती है ?

(आ) अगर हाँ तो किस किस को ?

(इ) क्या ज़कात वसूली का हुक्म हो जाने पर भी सब से अब तक ज़कात वसूल नहीं की जा रही है ?

श्री भोलानाथ (पृथक् राजस्व मन्त्री)—(अ) सरकार की उद्योग व्यवसाय सम्बन्धी नीति के अनुसार सरकार ने कई इन्डस्ट्रीज़ को नियत समय के लिये स्टेन्डर्ड कन्शेसन्स के अन्तर्गत आयात-निर्यात कर से मुक्त कर रखा है और भविष्य में भी इसी नीति को आधारभूत बना कर कार्य करने का सरकार का विचार है। इसी तरह रियासतों के विलीनीकरण के पहले से जिन जिन इन्डस्ट्रीज़ को पूर्व की आज्ञानुसार जिस-जिस अवधि के लिये कस्टम्स कर से मुक्त किया गया था उसका भी पालन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त सरकार द्वारा स्वीकृत शिक्षा संस्थाओं और जनहित एवं उपकारी कार्यों में संलग्न रहने वाली संस्थाओं तथा आविष्कार एवं अनुसंधान करने वाली संस्थाओं को भी आवश्यकतानुसार कस्टम्स कर से मुक्त करने के आदेश दिये जाते हैं।

(आ) प्रश्न 'अ' के उत्तर में इसका समावेश हो गया।

(इ) नहीं, आदेश होने पर वसूली अवश्यमेव की जाती है।

प्रश्न संख्या २६४

अशासकीय पाठशालाओं में उच्च कक्षाएँ खोली जाने के कारण शासकीय सहायता न दी जाना

श्री जगतसिंह झाला—क्या शिक्षा मन्त्री यह बतलाने की कृपा करेंगे :—

(अ) क्या यह सही है कि गैर सरकारी शिक्षण संस्थाओं द्वारा उच्च कक्षायें नई खोली जाने पर बढ़ने वाले आगामी वर्ष के व्यय के अनुपात में सरकार ने सहायता देने से इस वर्ष मना कर दिया है ?

(आ) यदि हाँ, तो क्यों ?

(ई) क्या इस निर्णय पर सरकार पुनः विचार करने को तैयार है ?

श्री भोलानाथ (शिक्षा मन्त्री)—(अ) नहीं। मना नहीं किया है। जिन गैर सरकारी शिक्षण संस्थाओं ने नियम के अनुसार पहले से ही स्वीकृति ले कर उच्च कक्षायें खोली हैं उन कक्षाओं के खर्चे पर सहायता देने के लिये मना नहीं किया गया है। जिन संस्थाओं

[श्री भोलानाथ]

ने बिना स्वीकृति लिये उच्च कक्षायें खोली हैं उनको सहायता देने के लिये सरकार बाध्य नहीं है ।

(आ) प्रश्न नहीं उठता ।

(इ) प्रश्न नहीं उठता ।

श्री जगतसिंह झाला—क्या ऐसी संस्थाओं से सरकार ने प्रार्थनापत्र माँगे हैं जिन्होंने बिना स्वीकृति के उच्च कक्षायें खोली हैं ?

श्री भोलानाथ—इसके लिये नोटिस की आवश्यकता है ।

प्रश्न संख्या २६५

उदयपुर शहर में सड़कों के पास की नालियों को अपूर्ण छोड़ने के कारण जन स्वास्थ्य के लिये हानिकारक

श्री जगतसिंह झाला—क्या स्वायत्त शासन मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे :

(अ) क्या सरकार को मालूम है कि उदयपुर शहर में सड़कों के पास की नालियों को अपूर्ण छोड़ देने से उनमें पानी भरा रहता है और इससे जन-स्वास्थ्य को हानि हो रही है ? इसको रोकने के लिये सरकार क्या नालियों को शीघ्र ही सम्पूर्ण कराने का विचार रखती है ?

(आ) क्या यह सच है कि सिटी कॉर्पोरेशन के पास सफाई करने के पूरे साधन नहीं होने से शहर का गंदा पानी पिछोला झील में डाला जाता है ?

(इ) क्या सरकार इस बात से परिचित है कि गंदगी को इस प्रकार पिछोले में डालने से नहाने व पीने के पानी का प्रयोग जन-स्वास्थ्य के लिये बुरा सिद्ध हो चुका है ?

(ई) क्या सरकार जन-स्वास्थ्य को दृष्टि में रखते हुए इसके सुधार हेतु कोई क़दम जल्दी उठाने का इरादा रखती है ?

(उ) यदि हाँ, तो कब तक ?

श्री रामकरण जोशी (स्वायत्त शासन मन्त्री)—(अ) हाँ, इस कार्य के लिये सिटी कारपोरेशन उदयपुर के बजट में लगभग पाँच लाख रुपये की स्वीकृति हुई है और सड़कों व नालियों के निर्माण का कार्य चालू है । आगामी साल के बजट में भी लगभग ड़ेढ लाख रुपया बजट में रखने की सूचना सिटी कार्पोरेशन द्वारा प्राप्त हुई है जिससे नगर की अधिकतर नालियाँ पक्की बन जावेंगी ।

[श्री रामकरण जोशी]

(आ) सिटी कारपोरेशन के पास सफाई के पूरे साधन उपलब्ध हैं और शहर के गन्दे पानी को पिछोले झील में जाने से रोकने का पूरा प्रयत्न कारपोरेशन कर रहा है, वहाँ पर गन्दे पानी की नालियों को जो पहिले झील में गिरा करती थी उनको मोड़कर एक गहरे होज़ में डाला गया है और उस होज़ की सफाई प्रतिदिन म्युनिसिपल गाड़ियों द्वारा की जाती है और झील में पानी नहीं डाला जाता।

(इ) प्रश्न नहीं उठता है।

(ई) प्रश्न नहीं उठता है।

(उ) प्रश्न नहीं उठता है।

श्री जगतसिंह झाला—क्या यह सहायता सरकार की तरफ से दी जावेगी या कॉर्पोरेशन अपने फन्ड से खर्च करके करेगा।

श्री रामकरण जोशी—कॉर्पोरेशन अपने फन्ड से रुपया खर्च करेगा।

प्रश्न संख्या २६६

सकट हाउस में ३१ दिसम्बर, ५३ तक शासकीय कर्मचारियों से ली जाने वाली रकमें

श्री हरिकृष्ण व्यास—Will the Chief Minister be pleased to answer:—

(a) What is the total amount due as on 31-12-1953 to be recovered from Government servants in respect of unpaid bills for services rendered at the Circuit Houses ?

(b) Please name the officers from whom as amount of Rs. 100/- or above is due to be so recovered ?

श्री जयनारायण व्यास (मुख्य मन्त्री)—(a) Total amount due as on 31st December, 1953, to be recovered from Government servants in respect of unpaid bills for services rendered at the Circuit Houses in Rajasthan is Rs. 31,363/8/6.

(b) List of Officers from whom an amount of Rs. 100/- or above is due to be recovered has been placed on the table of the House.

(कृपया परिशिष्ट १ देखिये)

प्रश्न संख्या २६७

सन् १९५३-५४ में राज्य सेवा से अवकाश प्राप्त तथा त्यागपत्र दिए हुए व्यक्तियों की पुनः नियुक्ति

श्री हरिकृष्ण व्यास—Will the Chief Minister be pleased to answer:—

(a) How many persons who were once retired or resigned from Government service have been re-employed in State service during 1953-54 ?

(b) Please state their names, and the post, as also the emoluments at which they have been re-employed ?

श्री जयनारायण व्यास (मुख्य मन्त्री)—(a) 21.

(b) For shall I read the list ?

श्री अध्यक्ष—Place it on the Table.

श्री हरिकृष्ण व्यास—(खड़े होते हैं)

श्री अध्यक्ष—Do you want to hear on the floor of the House ?

श्री हरिकृष्ण व्यास—I have no objection if a copy could be made available to me.

श्री अध्यक्ष—Place it on the Table of the House.

श्री जयनारायण व्यास—Yes, sir.

(कृपया परिशिष्ट २ देखिये)

(c) Such persons have been re-employed in public interest.

श्री अध्यक्ष—(c) has not been allowed.

प्रश्न संख्या २६८

ऊन-विकास अधिकारी के आदेश के अन्तर्गत भेड़ पालन फार्म्स

श्री हरिकृष्ण व्यास—Will the Minister for Industries be pleased to answer:—

(a) Is it a fact that Sheep Breeding Farms are maintained and run by the State under direction of the Wool Development Officers ?

[श्री हरिकृष्ण व्यास]

(b) Is it a fact that another set of Cattle Breeding Farms are run by the State under supervision of the Agriculture Department ?

(c) What is the reason for running these two set of Farms under separate Departments and doubling the establishment costs ?

(d) Will the Government consider the possibility of rationalising the administrative super-structure and amalgamating the two sets of breeding farms ?

श्री जयनारायण व्यास (मुख्य मन्त्री)— (a) Yes.

(b) Yes.

(c) The question of properly grading and marketing wool is inseparably connected with sheep breeding and it was considered proper by the Government to run these Farms separately under technical staff specially suitable for the purpose.

(d) The two types of farms viz. Cattle Breeding and Sheep Breeding are entirely different in their nature and working. The functions, suitability of localities, necessary managerial training and experience for each of these are quite different. In Rajasthan sheep breeding deserves separate special attention. The staff employed also needs special training and experience and as such the Government consider that no useful purpose will be served by amalgamating the two.

श्री हरिकृष्ण व्यास—Will the Government say that there are different scientific rules for the breeding of draught animals, other cattle and sheep-breeding ?

श्री जयनारायण व्यास—There is no difference between the breeding of animals and men also but then both the categories of sheep and other cattle are treated differently on account of the different industries and other things connected with the breeding of the two class of animals.

श्री हरिकृष्ण व्यास—Industries are connected with the wool and not breeding. My question is regarding the 'breeding' and does not relate the condition of the wool ?

श्री जयनारायण व्यास—Wool grading, better type of wool and every thing is connected with the good and better breeding of sheep.

श्री हरिकृष्ण व्यास--So, has the Government come to the conclusion that in regard to the breeding of sheep separate farms have to be maintained as compared to the other breeding operations ?

श्री अध्यक्ष—Next.

प्रश्न संख्या २६६

गंगानगर में सन् १९५१-५२, १९५२-५३ तथा १९५३-५४ में शराब निकाली जाना तथा ठेके ।

श्री मोतीराम—क्या पृथक राजस्व मन्त्री यह बतलाने की कृपा करेंगे:—

(१) कि गंगानगर शहर में सन् १९५१-५२, १९५२-५३, १९५३-५४ में हर साल कितनी बल्क गेलन शराब खर्च होती रही है ?

(२) हर साल कितनी रकम शराब ठेका बजरिये नीलाम गवर्मेंट को मिली है ?

(३) सरकार का सप्लाई निर्ख फी बल्क गेलन ठेकेदारान के लिए क्या मुकर्रर है और कीमत फरोख्त क्या मुकर्रर हुई है ?

(४) क्या यह ठीक है कि ठेकेदारान शराब रकम नीलाम कमीशन मुकर्रा से काफी ज्यादा सरकार को अदा करते रहे हैं और यह रकम वे शराब में पानी मिला कर पूरा करते हैं ?

(५) क्या यह सत्य है कि पिछले ३ सालों में जनता की तरफ से बहुत सी शिकायतें इस विषय में सरकार को की गई, मगर कोई ध्यान नहीं दिया गया ?

(६) क्या सरकार इस तरह शराब में पानी की बिक्री बन्द करने के लिए नीलाम का तरीका बदलने की तजवीज करेगी ताकि जनता को शुद्ध शराब मिले ? नहीं, तो क्यों नहीं ?

श्री भोलानाथ (पृथक राजस्व मन्त्री)--(१) गंगानगर शहर में सन् १९५१-१९५२, १९५२-५३ व सन् १९५३-५४ ई० में देशी शराब बल्क गेलन में निम्नलिखित प्रकार खर्च हुई—

सन्	खर्च
१९५१-५२	१८,७१४
१९५२-५३	११, १२७
१९५३-५४	१०, ०५३ (ग्यारह महीने की बिक्री)

(२) गंगानगर शहर की दूकानों की रकम ठेका देशी शराब बजरिये निलाम निम्नलिखित प्रकार गवर्नमेंट को प्राप्त हुई—

[श्री भोलानाथ]

सन्	रकम ठेका
१६५१–५२	रु० १६७६००)
१६५२–५३	रु० १०२८००)
१६५३–५४	११६२००)

(३) सरकार का स्पलाई निर्ख की बल्क गैलन रु० १६) ठेकेदार के लिए मुकर्रर है। कीमत फरोख्तगी रु० १८) फी बल्क गैलन मुकर्रर है।

(४) (क) किसी किसी सूरत में निलामी की रकम मुनाफा बिक्री से ज्यादा बढ़ जाती है, लेकिन वह इस आशा में कि. वे ज्यादा बिक्री करके फायदा उठावेंगे।

(५) कोई खास शिकायत पेश नहीं हुई।

(६) अभी तरीका निलाम ही रायल है; क्योंकि सरकार इसी तरीके को ठीक समझती है।

श्री मोतीराम—शराब में ठेकेदार पानी मिलाकर बेचते हैं, इसलिए उस शराब की आमदनी कम होती है और नाजायज तौर पर बनाई हुई शराब ज्यादा बिकती है ?

श्री अध्यक्ष—आप प्रश्न पूछिए। क्या प्रश्न पूछना चाहते हैं।

श्री मोतीराम—मैं यही प्रश्न पूछ रहा हूँ।

सरकार का ज्यादा पैसा खर्च होता है और पैदा कम होती है, सरकार की बदइन्तजामी के कारण नाजायज शराब लोग बनाते हैं।

श्री भोलानाथ—कानून तोड़ने वालों को कानून के अनुसार सजा दी जावेगी।

श्री रोशनलाल—अब तक कितने केसेज़ सरकार के ध्यान में आए और कितनों को सजा दी गई जिन्होंने कानून को तोड़ा ?

श्री भोलानाथ—आप सवाल को उठाकर देखने की कृपा करें।

श्री हरिदेव जोशी—कितने ऐसे केसेज़ आपके ध्यान में हैं जिनको कमीशन से अधिक पैसा देना पड़ा।

श्री भोलानाथ—जिनको ज्यादा फायदा हुआ और ज्यादा शराब बेची उन्होंने कमीशन से ज्यादा पैसा दिया।

श्री हरिदेव जोशी—ऐसे कितने केसेज़ हुए हैं जिन्होंने कमीशन से ज्यादा रुपया दिया ?

श्री भोलानाथ—इसके लिए नोटिस की आवश्यकता है। मैं यह समझता हूँ कि यह सवाल ही पैदा नहीं होता।

श्री हरिकृष्ण व्यास—क्या कमिशन से ज्यादा कीमत देने वालों ने सिवाय पानी मिला कर शराब बेचने के किसी भी तरह से......

श्री भोलानाथ—मिलावट करने वालों को सजा दी जाती है।

श्री तनसिंह—क्या उनको निश्चित किया हुआ कोटा नहीं मिलता।

श्री भोलानाथ—यदि वे ज्यादा शराब बेचें, तो ज्यादा शराब उनको मिल सकती है।

श्री हिम्मतसिंह—क्या यह सही है कि गंगानगर में शराब कम कर दी गई है ?

श्री भोलानाथ—विधान सभा में भाषण देने का परिणाम हुआ है। उसी से यह कमी हुई है।

प्रश्न संख्या २७०

राजस्थान के निर्माण के पश्चात् बाली-देसूरी तहसीलों में सड़कों का निर्माण तथा इस वर्ष की योजना

श्री भैरूँसिंह (वि० सं० १२)—क्या यातायात मन्त्री बतलाने का कष्ट करेंगे :

(अ) राजस्थान के निर्माण होने के बाद से बाली-देसूरी तहसीलों में कितने मील नई सड़कें बनाई गई हैं ?

(ब) इस साल क्या सरकार के सामने उपरोक्त तहसील में नई सड़क बनाने की कोई योजना है ?

(स) यदि 'ब' का उत्तर 'हाँ' में है तो क्या रानी-देसूरी सड़क भी इस योजना में सम्मिलित की गई है ?

(द) यदि 'स' का उत्तर 'ना' में है तो क्यों ?

(इ) क्या सरकार जानती है कि सड़क के अभाव में गत वर्षाकाल में महीनों तक यातायात बन्द रहा और जनता को असुविधाएं तथा मोटर सर्विस वालों को विशेष हानि हुई है ?

श्री रामकरण जोशी—इस प्रश्न का सम्बन्ध यातायात विभाग से नहीं है।

प्रश्न संख्या २७१

ऊन विकास अधिकारी का कार्यालय बीकानेर में स्थानान्तरित

श्री हरिकृष्ण व्यास—Will the Minister for Industries be pleased to state:—

(a) Has the Government taken a decision that the office of the Wool Development Officer should be shifted to Bikaner ?

(b) If so, when was the decision taken ?

(c) Has the decision been implemented so far ?

(d) If not, why and by whom was it postponed ?

श्री जयनारायण व्यास (मुख्य मन्त्री)—(a) Yes.

(b) Decision was taken in the month of October, 1953.

(c) The decision is being implemented and certain practical difficulties such as, accommodation for the office and staff as also for Laboratory etc. have to be solved.

(d) Does not arise.

श्री एच के व्यास—क्या सरकार के ध्यान में यह बात आई है कि सरकार का यह फैसला होने पर भी कि ओफिस बीकानेर सिफ्ट हो चुका है इस बिल्डिंग की कार्यवाही शुरू हो रही ?

श्री जयनारायण व्यास—इसका कार्य पहले शुरू हो चुका था। लेकिन इस पर भी वापिस विचार किया जा रहा है कि यहाँ लेबोरेट्री रखी जाए या नहीं।

श्री हरिकृष्ण व्यास—क्या सरकार के ध्यान में यह बात है कि मन्जूरी तो पहले हो गई होगी लेकिन कंस्ट्रक्शन की शुरूआत केबिनेट डिसिजन के बाद हुई ?

श्री जयनारायण व्यास—मन्जूरी होने के बाद में सरकार यह समझती है कि कंन्स्ट्रक्शन शुरू हो सकता है। कब शुरू हुआ, यह अलग प्रश्न है और अलग प्रश्न पूछे जाने पर पी. डब्लू डी. मिनिस्टर शायद इसका जवाब दें।

श्री हरिकृष्ण व्यास—क्या सरकार जाँच करवायेगी कि ओफिस शिफ्ट होने का फैसला हो जाने के पश्चात् भी कंन्स्ट्रक्शन कराया गया और इस तरह से पैसे का दुरुपयोग किया गया ?

श्री जयनारायण व्यास—आपसे मैंने कहा कि ऑफिस शिफ्ट हो चुका है।

श्री अध्यक्ष—नेक्स्ट। श्री संग्रामसिंह

प्रश्न संख्या २७२

(प्रश्न कर्त्ता अनुपस्थित)

प्रश्न संख्या २७३

राजस्थान के विभिन्न भागों में जियोलोजिकल सर्वे कार्य

श्री चाँदमल मेहता—क्या खनिज मन्त्री यह बतलाने की कृपा करेंगे कि राजस्थान में जियोलोजिकल सर्वे किन-किन हिस्सों में हो चुकी है ?

श्री जयनारायण व्यास—यह प्रश्न जियोलोजिकल सर्वे ऑफ इन्डिया से सम्बन्धित है। करीब-करीब पूरे राजस्थान का जियोलोजिकल सर्वे हो चुका है और नक्शे भी बन चुके हैं। विस्तृत जियोलोजिकल सर्वे हर साल जियोलोजिकल सर्वे ऑफ इन्डिया के कार्यक्रम में रखा जाता है। जियोलोजिकल सर्वे ऑफ इन्डिया प्रति वर्ष राजस्थान के कुछ चुने हुये क्षेत्रों का विस्तृत भोगोलिक अनुसंधान कार्य करता है।

श्री खेतसिंह—क्या उसकी रिपोर्ट राजस्थान सरकार के पास आती है ?

श्री जयनारायण व्यास—इसका मैं नोटिस आने पर जवाब दूँगा। अभी कोई रिपोर्ट मेरे पास नहीं है ?

श्री कँवरलाल जेलिया—राजस्थान सरकार क्या इस रिपोर्ट का कोई उपयोग करती है ?

श्री जयनारायण व्यास—यह प्रश्न ही नहीं उठता; क्योंकि पहला प्रश्न बैठ चुका है ?

(हँसी)

श्री अध्यक्ष—नेक्स्ट। श्री चाँदमल मेहता

प्रश्न संख्या २७४

ग्राम निवासियों द्वारा आधा व्यय देने पर भी बस्सी विधान (परबतसर तहसील) में पाठशालायें नहीं

श्री चाँदमल मेहता—क्या शिक्षा मन्त्री निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर देने की कृपा करेंगे :

[श्री चाँदमल मेहता]

(क) क्या परबतसर तहसील में बस्सी विधात आदि कुछ गाँव ऐसे हैं, जहाँ स्कूल की इमारतें पर्याप्त नहीं हैं और गाँव वाले आधा खर्च देने को तैयार हैं ?

(ख) यदि हाँ, तो सरकार की तरफ से कोई रकम क्या मन्जूर नहीं की जा रही है ?

श्री भोलानाथ—अभी तक गांव वालों की ओरसे इस विभाग में इस विशय में कोई प्रार्थना पत्र नहीं आया। यदि ग्राम निवासी अपना आधा खर्च जमा करा दें तो सरकार इमारत को पूरा कराने के प्रश्न पर अवश्य विचार करेगी।

श्री अध्यक्ष—नेक्स्ट।

प्रश्न संख्या २७५

कोटा नगर विकास मंडल में जनता का प्रतिनिधि तथा इस बोर्ड का म्युनिसिपल बोर्ड में विलीनीकरण

श्री कंवरलाल जेलिया—क्या स्वायत्त शासन मन्त्री निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर देने की कृपा करेंगे :—

(क) क्या यह सही है कि कोटा सिटी इम्प्रूवमेन्ट बोर्ड में इस समय जनता का कोई प्रतिनिधि नहीं है ? यदि हाँ, तो इसका क्या कारण है ?

(ख) अब राजस्थान सरकार कोटा सिटी इम्प्रूवमेन्ट बोर्ड के नव निर्माण के लिए क्या सोच रही है ?

(ग) क्या इस बोर्ड को भंग करके म्यु० बोर्ड कोटा में इसे विलीन करने का विचार कर रही है ?

श्री रामकरण जोशी (स्वायत्त शासन मन्त्री)—(क) जी हाँ। कारण यह है कि यद्यपि कोटा सिटी इम्प्रूवमेन्ट एक्ट १६४६ की धारा के अन्तर्गत सिटी इम्प्रूवमेन्ट ट्रस्ट कोटा में दो प्रतिनिधि म्यु० बोर्ड के होने चाहिएँ, किन्तु इस समय बोर्ड का अस्तित्व न होने से वे प्रतिनिधि नहीं लिये जा सके।

(ख) कोटा में कोई सिटी इम्प्रूवमेन्ट बोर्ड नहीं है बल्कि ट्रस्ट है ट्रस्ट का भविष्य में क्या रूप होगा यह प्रश्न सरकार के विचाराधीन है।

(ग) यह प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

श्री कंवरलाल जेलिया—तो, राजस्थान सरकार से क्या में उम्मीद करूं कि बोर्ड का निर्माण कब होगा और होगा तो कब तक ?

श्री रामकरण जोशी—यह सवाल सरकार के विचाराधीन है।

श्री कंवरलाल जेलिया—तो क्या मैं यह समझूं कि जैसे दो साल निकल गये वैसे ही तीन साल और निकल जावेंगे ?

(विपक्ष की ओर से "दस साल लगेंगे" ऐसी आवाज़)

श्री रामकरण जोशी—मेरा खयाल है कि माननीय सदस्य को यह ध्यान में रखना चाहिए कि वहाँ ट्रस्ट है न कि बोर्ड।

श्री कँवरलाल जेलिया—मैं आपको ट्रस्ट के लिए ही पूछ रहा हूँ।

श्री रामकरण जोशी—ट्रस्ट के लिए ही मैंने आपको जवाब दे दिया है।

श्री कंवरलाल जेलिया—क्या मैं यह समझूं कि राजस्थान सरकार की मौजूदा नीति निर्माण की ओर न होकर अनिर्माण की ओर है ?

("विनाश की ओर है" इस प्रकार की विपक्ष की ओर से आवाज)

श्री अध्यक्ष—Order ! Order !!

श्री दिलीपसिंह—(ग) भाग का कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ है।

श्री रामकरण जोशी—यह प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

श्री दिलीपसिंह—जब इम्प्रूवमेन्ट बोर्ड द्वारा नहीं किया जा सकता है तो फिर इस कार्य को म्युनिसिपल बोर्ड के अन्तर्गत ही क्यों नहीं कर दिया जाता है ?

श्री रामकरणजोशी—वहाँ बोर्ड नाम की कोई चीज़ नहीं है। वहाँ तो ट्रस्ट है।

श्री दिलीपसिंह—ट्रस्ट सही। किसी शब्द के साथ रखा जाय। यदि आप चाहें तो "इम्प्रूवमेन्ट" शब्द को ही हटा दिया जाय।

श्री रामकरण जोशी—मैं आपसे निवेदन कर चुका हूँ कि यह प्रश्न सरकार के विचाराधीन है।

श्री हरिकृष्ण व्यास—माननीय अध्यक्ष, कभी प्रश्न उपस्थित नहीं होता और कभी मन्त्री महोदय उपस्थित नहीं होते, तो हम क्या करेंगे ?

श्री अध्यक्ष—नेक्स्ट।

Page No.22

प्रश्न संख्या २७६

सन् १९५३ में भ्रष्टाचार के अपराध में अधिकारियों को बंदी बनाना तथा उन्हें दण्ड

श्री चाँदमल मेहता—क्या गृह मन्त्री यह बतलाने की कृपा करेंगे ?

सन् १९५३ में भ्रष्टाचार के अपराध में कितने अफसर गिरफ्तार किये गये और कितनों को सजा हुई ?

श्री जयनारायण व्यास (मुख्य मन्त्री)—सन् १९५३ में राजस्थान में ५२ केसेज़ हुए :

(१) पहली रिपोर्ट आई	४ के बारे में
(२) जाँच हो रही है	२६ की।
(३) अन्डर ट्रायल हैं	१८।
(४) सजा हुई	१ को।
(५) छूटे	३

कु० श्री जसवन्तसिंह—किस महक्मे की संख्या ज्यादा है जिसके बरखिलाफ यह कार्यवाही की गई है ?

श्री जयनारायण व्यास—सब महक्मों ने करप्शन के मामलों में सैकुलेरिज्म दिखाया है। लेकिन सबसे ऊँचा नम्बर आता है पुलिस का जिसमें (हँसी) दस केसेज़ रजिस्टर हुये हैं। दूसरा नम्बर आता है ज्युडिशियल और रेवेन्यू का, जिनमें ८-८ केसेज़ हुए हैं। मैं समझता हूँ कि एक-दो को इनमें मिला सकते हैं।

(हँसी)

श्री हरिदेव जोशी—इनमें गजटेड ऑफिसर्स कितने हैं ?

श्री जयनारायण व्यास—दुर्भाग्य से कोई नहीं।

(हँसी)

श्री अध्यक्ष—नेक्स्ट। श्री धर्मचन्द।

प्रश्न संख्या २७७

(प्रश्न कर्त्ता अनुपस्थित)

श्री अध्यक्ष—नेक्स्ट। श्री जगतसिंह झाला।

प्रश्न संख्या २७८

कुछ मीणों द्वारा प्रतापगढ़ कारावास तोड़ कर भाग जाना व उन्हें पुनः गिरफ्तार करना

श्री जगतसिंह भाला—क्या मुख्य मन्त्री महोदय निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर देने की कृपा करेंगे :—

(अ) क्या यह सच है कि कुछ मीणों प्रतापगढ़ जेल तोड़कर फरार हो गये ? यदि हाँ तो घटना किस प्रकार हुई ?

(आ) क्या फरार होने वाले कुछ हथियार भी अपने साथ ले गये ?

(इ) क्या इनमें से अब भी कालिया व कुछ उसके साथी गिरफ्तार नहीं हो पाये हैं ?

(ई) सरकार ने भविष्य के लिए क्या इन्तज़ाम किया है ?

श्री जयनारायण व्यास (मुख्य मन्त्री)—(अ) हाँ, कुछ मीणें कैदी २७ अक्टूबर, १९५३ को प्रतापगढ़ जेल से फरार हो गये थे। २७ अक्टूबर, १९५३ को जब कि तालों में बन्द किये जाने के पहले कैदियों को गिनती के लिए अपनी-अपनी कोठरियों के आगे बिठलाया गया तो उनमें से दस कैदी अपनी लाइन से निकल कर यकायक फाटक के तरफ भाग खड़े हुए। भीतरी फाटक की खिड़की गलती से खुली रह गयी थी। नौ कैदी उसमें से निकल गये। यह लोग बाहरी फाटक तक पहुँच गये, जो बंद था। उसके तालों की चाबियाँ बाहर खड़े संतरी के पास थीं। जबकि ये कैदी दोनों फाटकों के बीच वाली जगह में आगये तो जहाँ लोहे की सलाखों के दरवाजे वाला गोदाम है उसमें हाथ डालकर एक ने एक कुल्हाड़ा बाहर खैंच लिया और कुल्हाड़े से जेल के दूसरे फाटक का ताला तोड़ दिया जिससे उनका रास्ता साफ हो गया। जब कैदी जेल के बाहरी दरवाजे के बाहर आगये तो उसी कुल्हाड़े से उन्होंने हथियारों के कमरे, जो गेट के बाहर के बना हुआ था, के दरवाजे के ताले को भी तोड़ा और तोड़ कर उसमें से टोपीदार और एक ४१० बोर की कारतूसी बंदूक बगैर कारतूसों के लेकर भाग गये।

(आ) हाँ, एक टोपीदार और एक ४१० बोर की कारतूसी बन्दूक बगैर कारतूस के ले गये हैं।

(इ) कालिया और भेरिया दोनों १३-३-५४ को बड़ी सादड़ी, चित्तौड़गढ़ के अधिकार क्षेत्र की सीमा में कैद कर लिये गये हैं।

(ई) जेल में साजिशों को रोकने के लिए व इस बात का इन्तजाम करने के लिए कि वे एक दूसरे से बातचीत न कर सकें कोठरियाँ बनवाने की कार्यवाही की जा रही है क्योंकि महकमा जेल

[श्री जयनारायण व्यास]

के वार्डरों की एक बहुत बड़ी संख्या जेल के कार्यक्रम और फौजी कवायद की ट्रेनिंग पाये हुये नहीं हैं इसलिए जेल इन्स्ट्रक्टर्स की जगहें बनाने की कार्यवाही भी की जा रही है और यह विषय सरकार के विचाराधीन है। पाँचों डिवीजनल हैडक्वार्टर्स की जेलों में पाँच प्रशिक्षण कक्षाएँ पहले ही चल रही हैं।

एक इतला मैं आपको दे दूं कि कालिया और भेरिया बड़ी सादड़ी के अधिकार क्षेत्र में पकड़ लिये गये हैं।

कुँ० श्री जसवन्तसिंह—यह कार्यवाही उन कैदियों द्वारा दो या पाँच मिनिट में तो नही हुई होगी, ऐसी हालत में गार्ड क्या कर रही थी ?

श्री जयनारायण व्यास—गार्ड ट्रेन्ड नहीं थे। हथियार कैदियों के हाथ में आ गये।

कुँ० श्री जसवन्तसिंह—क्या हम यह समझें कि कैदी ट्रेन्ड थे ?

श्री जयनारायण व्यास—कम से कम शरारत करने में तो ट्रेंड थे ही।

श्री कानसिंह—कुछ अर्से पहले गंगानगर में जो इसी प्रकार की वारदात हुई थी तो क्या उसमें किसी सरकारी मन्त्री का हाथ बताया जाता है ?

श्री जयनारायण व्यास—किसी सरकारी मन्त्री का जेल टूटने में हाथ नहीं था। यह तो माननीय सदस्य की कल्पना जरूर हो सकती है। प्रश्न दूसरा है और सप्लीमेंटरी दूसरा ही किया जा रहा है, यह आश्चर्य की बात है।

श्री बद्रीलाल—क्या माननीय मन्त्री जी यह बतावेंगे कि कालिया और भेरिया को किस पुलिस अफसर ने गिरफ्तार किया ?

श्री जयनारायण व्यास—डिटेल्स आ रही हैं। अगर आप अलग से प्रश्न करेंगे तो मैं आपको बता दूँगा।

श्री बद्रीलाल—तो क्या वह पुलिस अफसर राजस्थान का ही है या अन्य जगह का ?

श्री जयनाराण व्यास—मैंने निवेदन किया किया कि डिटेल्स आ रही है।

श्री संतोषसिंह—गिरफ्तार कब हुए ?

श्री जयनारायण व्यास—मैं निवेदन कर चुका हूँ कि डिटेल्स आ रही है।

श्री अध्यक्ष—नेक्स्ट। श्री चान्दमल मेहता।

कुँ० श्री जसवन्तसिंह—क्या यह सही है कि कालिया और मेरिया गिरफ्तार हो गये ?

श्री अध्यक्ष—Order !

प्रश्न संख्या २७६

सन् १६५३-५४ में राजस्थान में नए स्कूल विशेषतया किशनगढ़ तथा परबतसर में

श्री चाँदमल मेहता—क्या शिक्षा मन्त्री निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर देने को कृपा करेंगे ?

(क) सन् ५३-५४ में राजस्थान में कितने नये स्कूल खोले गये ?

(ख) किशनगढ़ और परबतसर तहसील में कितने-कितने और कहाँ नये स्कूल खोले गये ?

श्री भोलानाथ—राजस्थान में ५३-५४ के वर्ष में कुल १२४७ नये स्कूल खोले जा चुके हैं। परबतसर व किशनगढ़ तहसील में ५३-५४ के वर्ष में निम्नलिखित नये स्कूल खोले गये हैं :

परबतसर

(१) गंगावा
(२) गुलार
(३) बाजोली
(४) किनसरिया
(५) मंगलावा
(६) रामसिया
(७) बरबाला
(८) रतनपुरा
(९) गेडा क्लां
(१०) बिडियाड
(११) पीह
(१२) डिगाना

किशनगढ़

(१) फराशिया
(२) टिकावा
(३) लाडी का वास
(४) व्यासां का नोहरा

श्री चाँदमल मेहता—क्या माननीय मन्त्री महोदय को यह जानकारी है कि परबतसर तहसील में १५०० की आबादी के भी गाँव ऐसे हैं, जहाँ पर कोई स्कूल नहीं खोली गई है ?

श्री भोलानाथ—अगर नहीं हैं तब खोल देंगे ।

श्री चाँदमल मेहता—धन्यवाद ।

श्री सोहनलाल भटनागर—(अश्रव्य)

श्री भोलानाथ—यह तो बहुत बड़ा सवाल है । इसके लिए तो दूसरा नोटिस चाहिये ।

श्री अध्यक्ष—नेक्स्ट ।

प्रश्न संख्या २८०

राजस्थान सरकार के कोटा म्यु० बोर्ड पर नियंत्रण के पश्चात् जन-हितकारी कार्य तथा व्यय

श्री कँवरलाल जेलिया—क्या स्वायत शासन मन्त्री निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर देने की कृपा करेंगे—

कोटा म्यु० बोर्ड द्वारा राजस्थान सरकार के नियन्त्रण के बाद से अब तक शहर में क्या-क्या जन हित के कार्य किये गये हैं और इन कार्यों में किस किस कार्य के लिए कितनी कितनी धन राशि खर्च हुई है ?

श्री रामकरण जोशी (स्वायत्त शासन मन्त्री)—म्युनिसिपिल बोर्ड कोटा को भंग करके एडमिनिस्ट्रेटर की नियुक्ति होने के पश्चात् जो जन हित के कार्य हुए हैं, उनमें से कुछ का विवरण निम्न प्रकार है—

नं० शुमार	कार्य	तादाद	खर्चा
१	सार्वजनिक म्यु० पार्क	५	१०,७६६-११-६
२	फ्लश सिस्टम के पेशाब घर	७ तैयार जिसमें चालू ४ ।	१,७७८- ४-६
३	नये खिरजे पटान, खुर्रे, पुलिया, नाली, नाले दरवाजे आदि ।	८५	३५,१७२-८-६

Page No.27

नं० शुमार	कार्य	तादाद	खर्चा
४	मरम्मत पुरानी नाली, पत्थर, खिरजे खुर्रे आदि ।	भिन्न भिन्न वार्डस में प्राय सारे शहर में	१८,३५२-६-०
५	गोशाला कन्या धर्मपुरा का जीर्णोद्धार	,,	१,५८२-०-०
६	म्यु० धर्मशाला कोठा की मरम्मत कठहरा पुताई आदि		१,६६०-०-०
७	बिजली धर्मशाला में लगाई गई ।		७००-०-०
८	गरीब बच्चों को पाठ्य पुस्तक वितरण		१,०००-०-०
९	गरीब तथा अपाहजों को कपड़ा कम्बल वितरण		१२०-०-०
१०	होमियोपैथिक दवाखाना नया खोला गया ।		३००-०-०
११	आयुर्वेदिक औषधालय भीमगंज मंडी में नया खोला गया ।		४००-०-०
१२	आवारा कुत्तों को पुनः पकड़वाना तथा उन्हें ५० मील से अधिक दूर जंगल में छुड़वाना ।		१,०००-०-०
१३	आग बुझाने का सामान खरीदा गया ।		३२५-०-०
१४	नगर की अन्धेरी गलियों में बिजली लगाई		७,०००-०-०
१५	मलेरिया सम्बन्धी सामान की खरीददारी ।		३००-०-०
१६	पब्लिक लाईब्रेरी की बकाया तामीर पूरी कराई गई व फर्नीचर बिजली पंखे आदि के सिलसिले में		६,०००-०-०
		कुल	६४,७६०-०-०

श्री कँवरलाल जेलिया—क्या इस कार्य से माननीय मन्त्रीजी को सन्तोष है ?

श्री रामकरण जोशी—यहाँ तो आपके सन्तोष का सवाल है। आपको सन्तोष है तो हमें सन्तोष है।

प्रश्न संख्या २८१

कारतूसी बन्दूकों में प्रोहिबिटेड बौर

श्री प्रतापसिंह—क्या गृह मन्त्री यह बतलाने की कृपा करेंगे ;

(अ) कारतूसी बन्दूकों में कौन-कौन से बोर प्रोहिब्रिटेड बौर हैं ?

(आ) प्रोहीबिट किये जाने और उन्हें सरकार द्वारा जमा कराये जाने के क्या कारण हैं ?

(इ) जिनके हथियार इस तरह जमा किये गये हैं उन्हें कीमत देकर या दूसरे हथियार मुआवजे के तौर पर दिये जावेंगे या नहीं ?

(उ) क्या कुछ ऐसे बौर जो प्रोहीबिट नहीं है जमा कराये गये हैं ? अगर ऐसा किया गया है तो क्या सरकार उन हथियारों को लौटाने को तैयार है ?

श्री जयनारायण व्यास (मुख्य मंत्री)—(अ) '३८ बोर के रिवाल्वर व पिस्तोल,
'४४१ से ४५५ के रिवाल्वर व पिस्तौल,
९ m. m. के रिवाल्वर व पिस्तौल,
'३०३ बोर की राइफल,

'४१० बोर की मस्केट तथा एसे पथियार जिनके उपरोक्त बोर के कारतूस चलाये जा सके।

(आ) Indian Arms Act 1876 तथा उनके अन्तर्गत बनाए गये नियम, १९५१ एवं समय-समय पर केन्द्रीय सरकार से प्राप्त आदेशानुसार ये prohibeted माने जा कर जमा करवाये जाते है।

(ई) जमा कराने वालों को एक निश्चित अवधि बतादी जाती है जिसके अन्दर वे उन्हें कानून के अनुसार हस्तान्तरित कर सकते हैं। यदि ऐसे ये हथियार सरकार के पास रह जावेगें तो जमा करने वालों को हथियार की उचित कीमत अवश्य दी जायगी। मुआवजे के तौर पर दूसरे हथियार नहीं दिये जावेंगे।

(उ) जो बोर prohibited नहीं है साधारणतया जमा नहीं कराये जाते। वे तभी जमा कराये जाते है जबकि किसी विशेष कारण से license न देना हो। एसे हथियार को लौटाने के बारे में तभी उत्तर दिया जा सकता है जब किसी खास उदाहरण की ओर संकेत किया जाय।

श्री जसवन्तसिंह—क्या सरकार के नोटिस में यह बात भी आई है कि शोट गन भी प्रोहिबिटेड करार दी गई है ?

श्री जयनारायण व्यास—अभी तक ऐसी कोई बात नोटिस में नहीं आई है, पर अगर उनके कारतूसों पर यह नियम लागू होता है तो हो सकता है यह भी प्रोहीबिट हो। पर मैं इस बारे में टैक्निकल एक्सपर्ट नहीं हूँ। इसके लिए अलग से नोटिस दें तो जानकारी दे सकता हूँ।

कुंवर श्री जसवन्त सिंह—क्या यह आशा की जाय कि शोर्ट गन प्रोहीबिटेड गन्स में शामिल होगी ?

श्री जयनारायण व्यास—मैंने कहा कि मैं टैक्निकल एक्सपर्ट नहीं हूँ। अलग से आप नोटिस दें तो इसका उत्तर दे सकता हूँ। मुमकिन हो सकता है कि सम्बन्धित अधिकारी को इनका अन्तर मालूम न हो कि शोर्ट गन क्या होती है और दूसरी गन्स क्या होती है। और जाँच करने पर कोई प्रोहीबिट बोर का भी उपयोग इसमें नहीं पाया गया गवर्नमेंट ऑफ इण्डिया की इन्स्ट्रक्शन्स के खिलाफ इसे प्रोहिबिटेड गन्स में ले लिया गया है तो बराबर कार्यवाही की जावेगी।

कुँवर श्री जसवन्तसिह—सवाल यह है कि ४१० शोट गन भी होती हैं। बहुत होशियार पुलिस अफसर अगर होता है तो इस शोट गन को भी प्रोहिबिटेड गन्स में शामिल कर लेता है तो क्या यह आशा करें कि आप इस बारे में कोई कार्यवाही करेंगे ?

श्री जयनारायण व्यास--इस पोइन्ट पर मैंने कहा कि अगर ऐसा नोटिस सरकार को मिला तो यह जानने के लिए कि इसमें कौन सी प्रोहिबिटेट है और किसमें प्रोहिबिट किये गये कारतूस काम में लाये जाते हैं और किस में नहीं ? इस बारे में जो एक्सपर्ट हैं और जो एक्सपर्ट नहीं हैं उन दोनों से बातचीत करके जानकारी दे सकता हूँ।

श्री भैरोंसिंह—प्रोहिबिटेड बोर पर कितने हथियार जारी किये जा चुके हैं ?

श्री जयनारायण व्यास--इसके लिए अलग से नोटिस चाहिये।

प्रश्न संख्या २८२

प्रत्येक अस्त्र के लिए पृथक् फॉर्म भरना तथा आठ-आठ आने के स्टाम्प लगाना

श्री प्रतापसिंह—क्या यह मन्त्री यह बतलाने की कृपा करेंगे :

(अ) क्या हर हथियार के लिए अलग-अलग फॉर्म भरना पड़ता है और हर फॉर्म पर आठ आने का स्टाम्प लगाना होता है ?

(आ) अगर हां, तो इससे काफी खर्च करना पड़ता है, इसलिए क्या सरकार इसके लिये उचित तरीका अपनावेगी ?

(इ) हथियारों के लाइसेन्स बनवाने की आखीरी तारीख कौनसी है ?

(उ) क्या सरकार इस मियाद को और बढ़ाने की कृपा करेगी, क्योंकि इस सिलसिले की इत्तिला ग्रामीण जनता को नहीं है ?

[श्री प्रतापसिंह]

श्री जयनारायण व्यास (मुख्य मंत्री)—(अ) नहीं। जो भी प्रार्थनापत्र फॉर्म पर भर कर डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट को दिया जाता है, उस पर आठ आने का स्टाम्प लगाना आवश्यक है।

(आ) उपरोक्त उत्तर से यह प्रश्न स्वयं हल हो जाता है।

(इ) दी इण्डियन आर्म्स एक्ट, १८७८ एवं इण्डियन आर्म्स रूल्स, १९५१ के राजस्थान में लागू होने से पूर्व जो भी हथियार लोगों के पास थे उन सब का नियमानुसार लाइसेन्स लेने की अन्तिम तिथि ३१।१।५४ थी।

श्री बृजसुन्दर—क्या सरकार को यह मालूम है कि ३१।१।५४ की जो तिथि बढ़ाई गई थी वह आठ दस दिन की थी और यह अवधि इतनी कम थी कि दूर दूर के गांवों के आदमी हजारों की तादाद में अभी भी ऐसे बच गये हैं जो लाइसेन्स नहीं ले सके हैं?

श्री जयनारायण व्यास—अगर किसी जगह इस तरह की घटना हुई है तो उसे सरकार के नोटिस में लाने पर इसकी जांच की जा सकती है। पर जहां तक मेरा ख्याल है कि अगर उस तारीख के भीतर-भीतर कोई रजिस्टर कराने को आ गये हैं और किसी कारणवश वे रजिस्टर नहीं हो सके हैं तो बाद में भी रजिस्टर कराये जा सकते हैं बशर्ते कि वे उस अवधि के अन्दर रजिस्टर कराने के लिए आ चुके हों।

श्री बृजसुन्दर शर्मा—क्या सरकार को यह विदित नहीं है कि डिस्ट्रिक्ट हैडक्वार्टर्स में लोगों को बन्दूक रजिस्टर कराने के लिये अपनी अपनी बन्दूकों को ले लेकर सैकड़ों की तादाद में आठ आठ और दस-दस दिन तक पड़े रहना पड़ा है?

श्री जयनारायण व्यास—विदित नहीं है।

श्री कंवरलाल जेलिया—पर अगर जानकारी दी जावे तो क्या सरकार कोई कार्यवाही करेगी?

श्री जयनारायण व्यास—जरूर करेगी।

श्री अध्यक्ष—नेक्स्ट।

प्रश्न संख्या १६३

विलीन हुए राजस्थान के विभिन्न राज्यों के रिकार्ड विभाग के कर्मचारियों का एकीकरण

श्री अजितकुमार मुकर्जी—Will the Chief Minister be pleased to state:—

(1) Whether it is a fact that the integration of the Department of Records of the various covenanting States of Rajasthan has not been completed as yet?

[श्री अवनिकुमार मुकर्जी]

(2) If the reply to (1) is in the affirmative, will he be pleased to state why such in-ordinate delay has been caused in the matter of integration of this Department ?

(3) Whether it is a fact that a number of temporary clerks had been employed in the Records Department of the former Jaipur State for the last five years ?

(4) Whether, considering the acute problem of unemployment, the Government are prepared to absorb them as permanent employees at the time of integration ?

(5) By what time the proposed integration is going to be completed ?

श्री जयनारायण व्यास (मुख्य मन्त्री)—(1) The integration of record has not yet been completed.

(2) The condition of records received from most of the Covenanting States is deplorable. The records consist of lacs of files. Before integration it was found necessary to examine the whole position thoroughly. Government had appointed a Committee to assess the volume of work. This naturally took time in the matter of integration of this Department.

(3) Yes, five of the clerks are temporary and they are pre-merger entrants.

(4) As per fixation rules they will be considered for fixation provided permanent hands do not exhaust all the posts which may be provided in the integrated set up.

(5) The integration of the records is expected to be completed within a month.

मेजर आपजी श्री रघुराजसिंह—The Hon'ble Minister has just said that the Record received are in a deplorable condition. May I know whether the condition of records was such in all the States or in any particular state ?

श्री जयनारायण व्यास—Some of the big States had very good Records but these records when shifted to this place or when they were shifted to rooms in the working offices, their condition also deteriorated.

मेजर आपजी श्री रघुराजसिंह—It was not the mistake of the States that they were in a deplorable condition.

श्री अध्यक्ष—You are seeking are information. It is no question of laying of the responsibility.

मेजर आपजी श्री रघुराजसिंह—The nature of the State from which they were received, that is why I challenged the statement.

कुँ० श्री जसवन्तसिंह—How the Chief Minister clarified the Rajasthan Records.

श्री जयनारायण व्यास—It is the combination of all the Records in Rajasthan and therefore more deplorable.

प्रश्न संख्या २८४

आगामी वर्ष में खोले जाने वाले नये हाई स्कूल

श्री चाँदमल मेहता—क्या शिक्षा मन्त्री निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर देने की कृपा करेंगे :—

आगामी वर्ष में कितने नये हाई स्कूल खोलने की योजना है ?

श्री भोलानाथ (शिक्षा मन्त्री)—सरकार ने इस विषय में अभी तक कोई निर्णय नहीं किया है।

प्रश्न संख्या २८५

सन् १९५२-५३ में जसवन्तपुरा तहसील में पुलिस केसेज़

श्री छतरसिंह—क्या गृह मन्त्री निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर देने की कृपा करेंगे:—

(क) जसवन्तपुरा तहसील के पुलिस थानों में ३६६ के कितने केस १९५२-५३ में हुए थानेवार बतलाने की कृपा करें ?

(ख) उनमें कितनों का चालान हुआ जिनमें कितने कामयाब हुए और कितने खारिज हुए ?

(ग) कितने मुकद्दमे जेर तजवीज है और कितमे अर्से से ?

(घ) कितने मुकद्दमों को इकतरफा फैसल किया गया ?

श्री जयनारायण व्यास (मुख्य मन्त्री)—(क) सन् १६५२-५३ में भारत दण्ड संग्रह की धारा ३६६ के अन्तर्गत कोई मुकद्दमा जसवन्तपुरा तहसील के थाने में दर्ज नहीं हुआ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

श्री छतरसिंह—जसवन्तपुरा तहसील के सब पुलिस थानों में कोई केस नहीं हुआ।

श्री जयनारायण व्यास—क्या ?

श्री अध्यक्ष—जसवन्तपुरा तहसील पुलिस थानों में......

श्री छतरसिंह—मैंने ३७६ का पूछा था, न कि ३६६ का।

श्री कानसिंह—यह प्रश्न ३७६ का है, ३६६ का नहीं।

श्री जयनारायण व्यास—यह अलग क्वेश्चन है। यह प्रश्न ३६६ का है।

श्री छतरसिंह—मैंने ३७६ का पूछा था, ३६६ का नहीं।

श्री जयनारायण व्यास—मेरे सामने प्रश्न ३६६ का है।

एक माननीय सदस्य—३६६ का ऑफेन्स क्या है, यह तो बता दीजिये।

श्री अध्यक्ष—Order ! Order !!

श्री छतरसिंह—क्या मैं यह समझूं कि मेरे प्रश्न का उत्तर नहीं दिया गया है।

श्री अध्यक्ष—नेक्स्ट।

प्रश्न संख्या २८६

कोटा से डी. आई. जी. के हैड क्वार्टर्स उठाने पर बचत

श्री कँवरलाल जेलिया—क्या मुख्य मन्त्री निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर देने की कृपा करेंगे—

(क) राजस्थान सरकार ने कोटा से डिविजन डी. आई. जी. पी. हैड क्वार्टर्स किन कारण से उठाया है ?

(ख) राजस्थान सरकार को इस कार्यालय को उठाने से राजकीय कोष में कितनी बचत होगी ?

श्री जयनारायण व्यास (मुख्य मन्त्री)—(क) उपाध्यक्ष, (डी. आई. जी. पी.) पुलिस विभाग, कोटा का हैड क्वार्टर, प्रशासनिक दृष्टि से हटाया गया है क्योंकि राजस्थान जैसे राज्य में ७ उपाध्यक्षों की जगह बहुत अधिक थी। इसलिए और रेन्जों को तुलनात्मक दृष्टि से कोटा जैसी रेन्ज, जिसमें कुल ३ जिले हैं एक उपाध्यक्ष का काम करना उपयुक्त नहीं समझा गया ।

(ख) इस रेन्ज में भावी बचत सन् ५३ से ३१ मार्च तक करीब ८,२१३) रुपया है। निश्चित् अङ्क आर्थिक वर्ष की समाप्ति पर दिये जा सकते हैं। वार्षिक बचत करीब ३७,१७२) रुपाया होगी।

(ग) अभी तक कोई शासन सम्बन्धी कठिनाई महसूस नहीं हुई है।

श्री बृजसुन्दर शर्मा—क्या जयपुर डिस्ट्रिक्ट है जयपुर डिविजन में, वह और डिस्ट्रिक्ट के हैड क्वार्टर्स से बड़ा नहीं है ।

श्री जयनारायण व्यास—जयपुर डिविजन वाकई बहुत बड़ा है, लेकिन कोटा से सब बड़े हैं।

श्री बृजसुन्दर शर्मा—क्या सवाई माधोपुर और भरतपुर को कोटा डी. आई. जी. पी. के जुरिस्डिक्शन में दिये जाने में कोई आपत्ति है ?

श्री जयनारायण व्यास—नहीं दिये गये हैं, यह बात नहीं है ।

श्री बृजसुन्दर शर्मा—नहीं, इसके बारे में क्या आपत्ति है ?

श्री जयनारायण व्यास—भरतपुर कम से कम अलग एक ऐसा इलाका है जिसमें खास तौर से चम्बल के रेवाइन्स का एरिया आ जाता है। उसको कोटा के साथ टंग करने से सार्वजनिक शान्ति को नुकसान हो सकता है।

श्री बृजसुन्दर शर्मा—भरतपुर से कोटा आने-जाने में ज्यादा सुविधा है या जयपुर से आने-जाने में ?

श्री जयनारायण व्यास—जयपुर से आने-जाने में।

श्री कँवरलाल जेलिया—क्या वहाँ के क्राइम्स को देखते हुए सरकार समझती है कि वापिस कोटा में डी . आई. जी. पी. का हैड क्वार्टर बना दिया जाय ?

श्री जयनारायण व्यास—सरकार ने जब कोटा से डी. आई. जी. का हैडक्वार्टर बदला था उस वक्त उसके सामने सारे अङ्क थे और कोटा के जो अङ्क थे उससे हम आवश्यक नहीं समझते थे कि वहाँ डी. आई. जी. पी. का हैडक्वार्टर रखा जाय ।

श्री कँवरलाल जेलिया—डी. आई. जी. पी. उदयपुर, वहाँ से कितनी जल्दी आ सकेंगे और डाकुओं का मुकाबला कर सकेंगे ?

कुँ० श्री जसवन्तसिंह्--श्री अध्यक्षजी, माननीय मुख्य मन्त्रीजी ने यह फरमाया था कि भरतपुर को कोटा से टेग करने का क्या यह उनका निजी विचार है या टेक्निकल एडवाइस पर किया गया है।

श्री जयनारायण व्यास--यह फैक्चुअल एडवाइस दी गई है।

मेजर आपजी श्री रघुराजसिंह्--कोटा डिविजन से उदयपुर इतनी दूर है और मीन्स ऑफ कॉम्युनिकेशन्स भी नहीं हैं, इसलिए उसके बजाय किसी दूसरी जगह वह नहीं रखा जा सकता है?

श्री जयनारायण व्यास--उदयपुर से कोटा में आकर वह अपना हैडक्वार्टर्स रखते हैं कुछ दिन के लिए।

श्री बृजसुन्दर शर्मा--उसमें जो खर्चा होगा वह क्या ८००० रु० से ज्यादा होगा।

श्री जयनारायण व्यास--यह सेपेरेट क्वेश्चन है।

श्री कँवरलाल जेलिया--उदयपुर के बजाय कोटा ही क्यों नहीं रखा है?

श्री जयनारायण व्यास --कोटा बहुत छोटा है।

मेजर आपजी श्री रघुराजसिंह--क्या सरकार को पता है कि उदयपुर और कोटा के बीच कॉम्युनिकेशन्स अच्छे नहीं हैं, इस वजह से आने-जाने में असुविधा है? यह हैडक्वार्टर उदयपुर में रखने से कोटा की जनता को कष्ट होता है।

श्री जयनारायण व्यास--कोटा में सुव्यवस्था थी, डी. आई. जी. कुछ दिन वहाँ रहते हैं। उदयपुर से उनका हैडक्वार्टर वहाँ नहीं आ सकता है। कोटा में दूसरा स्टॉफ है और वहाँ जितने क्राइम्स हैं उसको रोकने की सुव्यवस्था है।

श्री कँवरलाल जेलिया--आपने जो हैडक्वार्टर्स का रिजर्वेशन किया है तो कोटा में डी. आई. जी. पी. का हैडक्वार्टर वापिस रख दिया जाय।

श्री जयनारायण व्यास--डी. आई. जी. हैडक्वार्टर्स एडमिनिस्ट्रेटिव वर्क करते हैं। बाकी जो फोर्स कोटा में जितनी थी उतनी ही है और जरूरत होगी तो बढ़ाई जा सकती है।

कुँ० श्री जसवन्तसिंह--क्या माननीय मुख्य मन्त्रीजी यह समझते हैं कि डी. आ. जी. पुलिस का हैडक्वार्टर वहाँ रखा जाता है जहाँ सुव्यवस्था नहीं है?

श्री जयनारायण व्यास--वहाँ कोई अव्यवस्था नहीं है। अगर मुझे गलत समझाया गया है तो यह या तो समझाने की गलती हुई है या समझने की।

श्री बृजसुन्दर शर्मा—डी. आई. जी. पी. के पदों को तोड़ने के बारे में सरकार क्या विचार करती है ?

श्री जयनारायण व्यास—यह विचार सरकार के सामने नहीं है।

श्री जवानसिंह—क्या किशनगढ़ में भी कोई डी. आई. जी. पी रखा गया है ?

(हँसी)

It is a fact, sir.

श्री अध्यक्ष—This subject relates to a different question Next.

प्रश्न संख्या २८७

भूतपूर्व राजस्थान बनने के समय सहकारी विभाग के हैडक्वार्टर्स कोटा में रखने की शर्ते

श्री कंवरलाल जेलिया—क्या मुख्य मन्त्री निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर देने की कृपा करेंगे—

(क) भूतपूर्व राजस्थान बनने के समय सहकारी विभाग के हैड क्वार्टर्स कोटा रखने के लिए क्या एकीकरण के समझौते में कोई शर्त तय हुई थी ? यदि हाँ, तो किस रूप में ?

(ख) राजस्थान सरकार ने सहकारी विभाग का मुख्य कार्यालय कोटा से हटा कर जयपुर किन कारणों के आधार पर स्थापित किया ?

श्री जयनारायण व्यास— (क) जी नहीं।

(ख) कोटा में सहकारी विभाग राजस्थान का हैडक्वार्टर्स कभी नहीं था, अतः हटाने का प्रश्न ही नहीं उठता।

श्री कंवरलाल जेलिया—क्या राजस्थान बना उस समय कोटा में सहकारी विभाग का हैडक्वार्टर नहीं था ?

श्री जयनारायण व्यास—सहकारी समितियाँ थीं।

श्री बृजसुन्दर शर्मा—सबसे ज्यादा सहकारी समितियाँ किस जिले में हैं ?

श्री जयनारायण व्यास—जहाँ नहीं है वहाँ और खोलने की आवश्यकता है। मैं नहीं कह सकता हूँ कि किस जिले में ज्यादा हैं।

श्री वेदपाल त्यागी—जब राजस्थान का एकीकरण हुआ था तो क्या आपको मालूम है कि जब विभागों का बँटवारा किया गया था तो जो पहले राजधानियाँ थीं तो उनका कुछ ध्यान रखा गया

[श्री वेदपाल त्यागी]

था ? उस वक्त सहकारी विभाग को कोटा में रखे जाने का निश्चय किया गया था। वह वहाँ से क्यों हटाया गया ? उसके क्या कारण हैं ?

श्री जयनारायण व्यास—शुरू में जिस समय जयपुर को राजधानी बनाया गया था उस समय बहुत से निर्णय किये गये थे लेकिन जो सरकार उन निर्णयों के बाद में तुरन्त आई तो उस सरकार ने उन निर्णयों को फिर बदला और फिर बाद में जो सरकार आई उसने एक कमेटी बनाई। उस कमेटी की जो सिफारसें आई है वह विचाराधीन हैं।

एक माननीय सदस्य—उस कमेटी की सिफारशों को कब तक कार्य में लिए जाने की उम्मीद कर सकते हैं ?

श्री वेदपाल त्यागी—वह कब आ गई है ?

श्री जयनारायण व्यास—यह अलग क्वेश्चन है।

एक माननीय सदस्य—क्या इस कमेटी की सिफारिशों के अन्तर्गत यह है कि कई विभागों को उदयपुर से जयपुर लाया जाय ?

श्री कंवरलाल जेलिया—शिक्षा विभाग जो जयपुर से बीकानेर चला गया है क्या मैं यह समझूँ कि उसी तरह से सहकारी विभाग का हैडक्वार्टर जयपुर से कोटा चला जायगा ?

श्री अध्यक्ष—Order please ! Next.

प्रश्न संख्या २८८

भीलवाड़ा के इन्टर कॉलेज में विज्ञान का विषय

श्री तेजमल बापना—क्या शिक्षा मन्त्री निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर देने की कृपा करेंगे—

(क) भीलवाड़ा में कब से इन्टर कॉलेज खुला है ?

(ख) साइन्स सब्जेक्ट (विज्ञान विषय) अब तक नहीं खोले जाने का क्या कारण है और आइन्दा वर्ष में खोले जाने की संभावना है ?

(ग) यदि नहीं, तो क्यों नहीं ?

श्री भोलानाथ (शिक्षा मन्त्री)—(क) भीलवाड़ा इन्टर कॉलेज जुलाई १९५१ में खुला है।

(ख) कॉलेजों में समस्त ऐच्छिक विषय एक साथ नहीं खोले जाते हैं। इस वर्ष वहाँ आर्टस और कॉमर्स की कक्षाएँ चल रही हैं। विज्ञान विषय के खोलने के प्रश्न पर आर्थिक स्थिति को

[श्री भोलानाथ]

देखते हुए तथा आवश्यकतानुसार विचार किया जा सकता है। अभी तक यह नहीं कहा जा सकता है कि विज्ञान का विषय कब तक खोला जा सकेगा, इसकी जाँच की जा रही है।

(ग) इसका उत्तर (ख) में आ जाता है।

श्री शम्भूसिंह—क्या यह बात सही है कि विज्ञान का विषय वहाँ नहीं है इससे भीलवाड़े से बाहर पढ़ने जाने वाले विद्यार्थियों की संख्या सबसे अधिक है?

श्री भोलानाथ—नहीं।

श्री वेदपाल त्यागी—तो क्या सरकार इसके वास्ते आँकड़े प्रस्तुत कर सकती है ताकि यह माना जा सके कि यह बात सही नहीं है?

श्री भोलानाथ—इन आँकड़ों को कलेक्ट करने की आवश्यकता नहीं है।

श्री वेदपाल त्यागी—तो माननीय शिक्षा मन्त्रीजी ने 'नहीं' का उत्तर किस आधार पर दिया?

श्री भोलानाथ—अपनी जानकारी के आधार पर।

श्री वेदपाल त्यागी—क्या आपके सामने आँकड़े हैं?

श्री भोलानाथ—हर बच्चा कहाँ कहाँ पढ़ने जाता है उसके आँकड़े इकट्ठे करने की आवश्यकता नहीं है।

श्री वेदपालत्यागी—तो फिर 'नहीं' उत्तर किस प्रकार दिया? जब आप जानते नहीं तो आपकी जानकारी क्या है? इस सवाल का जवाब किस प्रकार दिया गया था, क्या आधार था आपका?

श्री भोलानाथ—इसका आधार यही कि कोई जाता है। हमें मालूम नहीं है कि सब बच्चे बाहर जाते हैं।

(हँसी)

श्री शम्भूसिंह—क्या यह बात सही है कि भीलवाड़े की जानबूझ कर उपेक्षा की जाती है?

श्री भोलानाथ—बिल्कुल नहीं।

Page No.39

प्रश्न संख्या २८६

अक्टूबर सन् १९५३ में रीयाँ बड़ी के पास पुखराजजी की मोटर सर्विस द्वारा दुर्घटना

श्री भोपालसिंह--क्या मुख्य/यातायात मन्त्री निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर देने की कृपा करेंगे:—

(क) क्या रीयां बड़ी के पास आलनियास से मेड़ता जाते वक्त अक्टूबर, सन् १९५३ में पुखराजजी की मोटर सर्विस से एक्सीडेन्ट हो गया था ?

(ख) क्या यह सच है कि उक्त एक्सीडेन्ट की इत्तला पुलिस थाना पादु में उसी वक्त दे दी गई थी और थाने का एक मुन्शी तहकीकात के लिये भी पहुँच गया था और कागजात भी कम्पलीट कर लिये थे, मगर अभी तक उस केस का चालान तक नहीं किया गया है ?

(ग) क्या सर्विस के खिलाफ कागजात बना देने की सूरत में बिचारे मुन्शी को लतेड़ खानी पड़ी और थाने से तबादला कराना पड़ा ?

(घ) क्या यह भी सच है कि उस मुन्शी का तबादला करने वाले महाशय का उक्त सर्विसों में प्राइवेट हिस्सा है और इसीलिये कोई पुलिस थाना इस सर्विस के खिलाफ कोई कागजात नहीं बनाता है ?

(ङ) क्या इस सर्विस की तमाम गाड़ियाँ बिलकुल खराब हैं और ब्रेक तक खराब होने की सूरत में कोई चालान तक करने वाला नहीं है ?

(च) क्या यह गाड़ियाँ मुसाफिरों का टाइम कचहरी का कई दफा चुका देती है ?

(छ) क्या इस सर्विस की गाड़ियाँ ओवर लोड सवारियाँ छतों पर बैठाकर चलती है ?

(ज) क्या सरकार इस सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करने का आदेश देगी ?

श्री जयनारायण व्यास (मुख्य मन्त्री)—इस प्रश्न का उत्तर दो मिनिस्टर दे सकेंगे क्योंकि इसके दो भाग हैं। पहला भाग जो है उसका उत्तर मैं दे देता हूँ।

(क) जी हाँ।

(ख) इस एक्सीडेन्ड की तफतीश पादू पुलिस स्टेशन के हैड कॉन्स्टेबल और सब इन्पेक्टर द्वारा की गई थी। यह केस चालान करने के लिए तैयार है और सुपरिन्टेण्डेण्ट ऑफ पुलिस के हुक्म के लिये रखा हुआ है।

[श्री जयनारायण व्यास]

(ग) नहीं। इस हैड कॉन्स्टेबल का तबादला नहीं हुआ है किन्तु वह अस्थाई तौरपर लगभग तीन महीनों के लिये, अ० मु० आफ पुलिस मेड़ता के पास दूसरी ड्यूटी पर भेज दिया गया है ।

(घ) हैड कॉन्स्टेबल का अस्थाई तौर पर दूसरी ड्यूटी पर भेजने वाले ऑफिसर का बस सर्विस में कोई हिस्सा नहीं है। अतः यह प्रश्न नहीं उठता।

आगे का उत्तर ट्रान्सपोर्ट मिनिस्टर देंगे।

श्री रामकरण जोशी (यातायात मन्त्री)—(ङ) ऐसी खराबियों की शिकायत नहीं आई।

(च) ऐसी कोई शिकायत नहीं आई ।

(छ) तमाम मोटर गाड़ियों को पुलिस-चेक करती है।

(ज) क्योंकि कानूनी कार्यवाही अब भी होती है, इसलिए हिदायत का प्रश्न ही नहीं उठता ।

श्री बृजसुन्दर शर्मा—क्या सरकार को मालूम है कि पुलिस ऑफिसर बगैर टिकट लिये हुए ही गाड़ी में बैठते हैं ?

श्री जयनारायण व्यास—यह इस प्रश्न के साथ सम्बन्ध नहीं रखता।

श्री अध्यक्ष—Next, Shri Mohabbat Singh.

प्रश्न संख्या २६०

इन्डस्ट्रियल फाइनेन्स कोर्पोरेशन से राजस्थान को ऋण

श्री मोहब्बतसिंह—Will the Minister for Commerce and Industries Department be pleased to state :—

Is any appreciable amount of loan from Industrial Finance Corporation (of the Government of India) granted to Rajasthan and if so, how many parties are recommended for the said loan for major industrial enterprises by Rajasthan Government ?

श्री जयनारायण व्यास (मुख्य मन्त्री)—The Rajasthan Government has not recommended any application for grant of loan to the Industrial Financial

[श्री जयनारायण व्यास]

Corporation of the Government of India. It is, however, understood that Messrs. Sadul Textiles Ltd., Sri Ganganagar have directly obtained a loan of Rs. 25 lacs.

श्री हरिकृष्ण व्यास—Will the Government consider the case of Shri Hiralal Patni favourably ?

श्री जयनारायण व्यास--If the Communist Party suggest with facts & figures.

कुँ० श्री जसवन्तसिंह--Do we understand that the Chief Minister will also give ears to the recommendations of any other party or he will only listen to the Communist Party ?

श्री जयनारायण व्यास—The opposition is free to make recommendations, but it should be accompanied with vital facts and figures. Then and then alone the Government will consider. Since Shri Hiralal Patni is the favourite of the Communist Party I asked the Communist Party to make recommendations with facts and Figures.

श्री अध्यक्ष--I do'nt relish such sort of supplementaries. If supplementaries are relevant to the main question I have no hitch in allowing them.

श्री मोहब्बतसिंह—क्या राजस्थान सरकार के आगे राजस्थान की किसी भी पार्टी ने इन्डस्ट्रियल लोन के लिए दर्ख्वास्त दी है ?

श्री जयनारायण व्यास—यह एक अलग प्रश्न है। मैं अभी इसका जवाब नहीं दे सकता। यदि कोई दी गई है तो उसकी तलाश करने से पता चल सकेगा।

श्री मोहब्बतसिंह—क्या सरकार के सामने ऐसी कोई एप्लीकेशन्स हैं।

श्री जयनारायण व्यास—नहीं, कोई नहीं है।

श्री हरिकृष्ण व्यास—क्या किसी के लोन के लिए सरकार ने रिकमन्डेशन नहीं की ?

श्री जयनारायण व्यास—यह अलग प्रश्न है।

श्री बृजसुंदरशर्मा—क्या राजस्थान में इन्डस्ट्रियल फाइनेन्स कॉर्पोरेशन बनाने की तजवीज है ?

श्री जयनारायण व्यास—इसके लिए चेम्बर ऑफ कोमर्स ने कहा था। इसके ऊपर विचार विनिमय चल रहा है।

श्री अध्यक्ष—The question-hour is over. Shri Jai Narain Vyas.

श्री हरिकृष्ण व्यास—There is just one point, Sir. For the last five days my questions are standing over and I was asked to keep patience every day. But, now the patience rather exhausted......

श्री अध्यक्ष—Which questions ? You enquire from the office.

श्री हरिकृष्ण व्यास—On the 8th March the Hon'ble Member was not present and it was said that the questions will be placed for answer immediately......

श्री अध्यक्ष—You were not present yesterday. You enquire from the Office.

प्राक्कलन तथा जन-लेखा समितियों का निर्माण

प्राक्कलन समिति

Next, Shri Jai Narain Vyas.

श्री जयनारायण व्यास (मुख्य मन्त्री)—Mr. Speaker, Sir, I beg to move that the Members of this House do proceed to elect in the manner required by sub-rule (2) of Rule 189 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Rajasthan Legislative Assembly 15 members from amongst their number to be the Members of the Committee on Estimates for the year 1954-55

श्री अध्यक्ष—Motion moved. Is it the leave of the House ?

(स्वीकृत)

The motion is adopted.

जन लेखा समिति

श्री जयनारायण व्यास (मुख्य मन्त्री)—Mr. Speaker, Sir, I beg to move that the Members of this House do proceed to elect in the manner required by sub-rule (2) of Rule 187 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Rajasthan Legislative Assembly 10 Members from amongst their number to be the Members of the Committee on Public Accounts for the year 1954-55.

श्री अध्यक्ष—Motion moved. Is it the leave of the House ?

(स्वीकृत)

The motion adopted.

प्राक्कलन तथा लेखा समिति के सदस्यों के निर्वाचन का कार्य-क्रम

I have to inform the Hon'ble Members that the following programme has been fixed in connection with the elections to the Public Account Committee and the Estimates Committee:—

(1)	Last date for receipt of nomination papers in the Notice Office.	17th March 1954, by 11-00-A.M.
(2)	Scrutiny of nomination papers in the presence of such of the candidates who may like to be present	17th March 1954, after the meeting is over.
(3)	Announcement of valid nominations.	22nd March, 1954.
(4)	Withdrawal of nominations by statement before the Assembly	22nd March 1954
(5)	Polling, if necessary.	25th March, 1954 (Form 8.30 A. M. to 12.30 P. M. and 3.00 P. M. to 5.00 P. M.

Forms of nomination papers can be obtained from the Notice Office upto 5.00 P. M. on the 16th March 1954 and upto 11.00 A. M. on the 17th March, 1954.

Scrutiny of nomination papers will be conducted by Returning Officer (Secretary, Rajasthan Legislative Assembly), in the Committee Room.

Withdrawal of nomination papers can be made on the 23rd March, 1954 by a statement before the Assembly which should state the fact only.

आय-व्ययक पर सामान्य वाद-विवाद

Now, we resume our discussions on the Budget; general discussions. Shri Khet Singh.

श्री खेतसिंह--माननीय अध्यक्ष महोदय, कल मैंने आप की मार्फत सदन के सदस्यों के सम्मुख कुछ ऐसी बातें रखकर यह बतलाने का प्रयत्न किया कि जो हमारे वित्त मन्त्री जी ने सन् ५४-५५ का बजट हमारे सामने पेश किया है वह वास्तव में कल्याणकारी बजट है। मैंने कई ऐसे उदाहरण पेश किये थे जिनके द्वारा मैंने यह साबित किया था कि यह वास्तव में कल्याणकारी बजट

[श्री खेतसिंह]

है। इसके मुत्तल्लिक मैं एक-दो उदाहरण और पेश कर यह बतलाने का प्रयत्न करूँगा कि वास्तव में यह कल्याणकारी बजट होते हुए भी राजस्थान की जनता में इतना असंतोष क्यों है? यदि आप बजट को देखेंगे तो आपको मालूम होगा कि लास्ट ईयर पुलिस की ग्रान्ट ३ करोड़ और ३५ लाख रुपयों की थी और इस वर्ष वही ग्रान्ट ३ करोड़ ५ लाख की रह गई है। इसमें ३० लाख रुपये की कमी की गई है। इससे साफ जाहिर है कि हमारी सरकार का ध्यान लोक-कल्याण की ओर ज्यादा है और पुलिस की ओर कम है। गत ३ वर्षों में हमारी सरकार ने जो कार्य नये किये हैं, वे गाँवों की ओर किये हैं, शहर की ओर नहीं; क्योंकि शहर पहले से ही राजाओं की राजधानी होने के कारण स्कूलों, अस्पतालों सड़कों आदि से सम्पन्न थे। इसलिये जब जनतंत्रीय शासन आया तब उन्होंने ज्यादा ध्यान गाँवों की ओर दिया और इस वजह से शहर की जनता में काफी असंतोष है। शहर की जनता पढ़ी-लिखी है और प्रोपेगन्डा शहर की जनता के मारफत ही होता है। इसलिये सरकार को उनके भारी असंतोष का सामना करना पड़ता है। सरकार द्वारा गांवों में जो सड़कें नहीं थीं वहाँ सड़कें बनाने का प्रयत्न किया गया है, जहाँ स्कूलें नहीं थीं वहाँ स्कूलें खोली गई हैं और जहाँ अस्पताल नहीं थे वहाँ अस्पताल खोले गये हैं।

अब मैं आपका ध्यान कुछ ऐसे मदों की ओर आकर्षित करूँगा कि जिनकी ओर यदि हमारी सरकार ध्यान दे तो जनता में अधिक संतोष हो सकता है। सबसे पहले मैं एडमिनिस्ट्रेशन को लेता हूँ। हमारी राजस्थान सरकार का ध्यान टोप हेवी एडमिनिस्ट्रेशन (top heavy administration) की ओर ज्यादा है। अफसरों की संख्या बढ़ाई जाती है और क्लास फोर्थ सरवेन्ट्स की कमी की जाती है। फोरेस्ट डिपार्टमेंट का उदाहरण मैं आपके सामने पेश करूँगा। उस विभाग में क्लास फोर्थ सरवेन्ट्स जैसे चौकीदार; नाके दारों की संख्या कम की जाती है और अफसर बढ़ाये जाते हैं। इसलिये मैं वित्त मन्त्री जी का ध्यान आकर्षित करूँगा कि उनको चाहिये कि अफसरों की संख्या कम करें और गरीब चौकीदारों में कमी न करें; क्यों कि जितने ज्यादा क्लास फोर्थ सरवेन्ट्स नौकरी से निकाले जायेंगे उतना ही ज्यादा असंतोष बढ़ेगा। इसलिये मैं आशा करता हूँ कि वित्त मन्त्री जी इस मसले पर ध्यान देंगे।

इसके अलावा ट्रान्सफर्स के मुतल्लिक मैं कुछ अर्ज करना चाहता हूँ। मैं मानता हूँ कि गत वर्ष के मुकाबले में इस वर्ष ट्रान्सफर्स कम हुई हैं फिर भी अब भी ट्रान्सफर्स सरकार कर ही रही है जो ज्यादा हैं। इसलिये मैं आशा करता हूँ कि वित्त मन्त्रीजी इस ओर भी ध्यान देंगे और जहाँ तक हो सके ट्रान्सफोर्स कम करने का प्रयत्न करेंगे।

इसके बाद मैं उनका ध्यान उस इलाके की ओर ले जाना चाहता हूँ जो कि राजस्थान में सबसे पिछड़ा हुआ इलाका है जहाँ पर कि न तो रियासतों के राज के समय और न इस सरकार के समय ही ध्यान दिया गया है। वह इलाका रेगिस्तान का इलाका है। इस रेगिस्तान के इलाके में पीने के पानी की सबसे बड़ी समस्या है। इस समस्या को अगर यह सरकार हल नहीं कर सकेगी तो मैं नहीं समझता कि इस प्रजातन्त्र के जमाने में यह सरकार बधाई की पात्र या धन्यवाद की पात्र कही जाय।

[श्री खेतसिंह]

यदि इस युग में भी पीने के पानी की समस्या को न सुलझाया गया तो हम इस सरकार को किसी प्रकार से बधाई का पात्र नहीं समझ सकेंगे। इसलिए मैं राजस्थान सरकार से प्रार्थना करूंगा कि ज्यादा से ज्यादा रुपया इस समस्या को सुलझाने के लिए खर्च किया जाना चाहिये। हलाँकि बहुत सा रुपया पंचायती विभाग की मार्फत पानी की समस्या को सुलझाने के लिए रखा गया है फिर भी मैं आशा करूंगा कि जहाँ वास्तव में खास भयंकर स्थिति है वहीं यह पैसा खर्च किया जाय। जहाँ २०-२० मील से पीने के लिए पानी लाया जाता है, उन जगहों पर इस पीने के पानी की समस्या को हल करने के लिए यह पैसा पहले खर्च किया जाय।

इसके अलावा मैं वन विभाग के मन्त्री महोदय से प्रार्थना करूंगा, मैंने उनसे इस बारे में प्रश्न भी पूछा था और मैं अब वित्त मन्त्रीजी से रिक्वेस्ट करूंगा कि वे वन विभाग के मन्त्री महोदय को अपील करें कि केवल हवाई जहाज में बैठकर बीज डालने से यह रेगिस्तान की समस्या नहीं सुलझेगी। यह एक बड़ी गंभीर समस्या है। अगर यह डेज़र्ट दिन-प्रतिदिन इसी तरह बढ़ता गया तो इसका असर सारे राजस्थान पर तो भीषण रूप से पड़ेगा ही बल्कि यह उत्तर-प्रदेश तक बढ़ जायगा।

गत ५ वर्षों में इसकी संख्या काफी बढ़ गई है। जहाँ पहले झाड़ियाँ थीं वहाँ अब रेत ही रेत हो गई है। यदि इस समस्या को जल्दी से जल्दी हल नहीं किया गया तो डेज़र्ट की समस्या बड़े भीषण रूप से बढ़ जायगी।

इसलिए मैं यह प्रार्थना करूंगा कि इसके लिए एक कमेटी बना कर सेन्ट्रल गवर्नमेंट से रिक्वेस्ट करके ज्यादा से ज्यादा रुपया प्राप्त किया जाय और इस समस्या को हल किया जाय।

फेमीन बजट को मैंने देखा तो मुझे पता चला कि जो गत वर्ष फेमीन वर्क स्टार्ट किये गए थे उनको कम्प्लीट करने के लिए कोई रुपया नहीं रखा गया है। यदि उन पर इस साल रुपया खर्च नहीं किया गया तो जो रुपया लास्ट इयर के फेमीन में लगाया गया था वह फालतू और बेकार चला जायगा। लास्ट फेमीन के समय जो सड़कें बनी हैं उनको गाँवों से लिये नहीं किया गया तो गत वर्ष खर्च किया हुआ रुपया सारा का सारा बेकार जायगा। इसलिए मैं यह प्रार्थना करूंगा कि सरकार इस प्रोबलेम को भी सोल्व करे।

इस वर्ष ३२६/३५ आयुर्वेदिक औषधालय खोलने की कोशिश की गई है। मैं अर्ज करूंगा कि उस डेजर्ट के इलाके में एक भी आयुर्वेदिक औषधालय नहीं खोला गया है। अतः उस डेजर्ट के इलाके में भी १ लाख की आबादी से ऊपर के डेजर्ट में आयुर्वेदिक औषधालय जरूर खोले जाँय।

कल कु० श्री जसवन्तसिंहजी ने फरमाया कि मन्त्री महोदय मोटरों का प्रयोग बहुत बुरी तरह से कर रहे हैं। इससे मोटरों की उम्र जहाँ १० साल होनी चाहिये, वहाँ २ साल की ही रह जाती

[श्री खेतसिंह]

है। इसके बारे में मैं यह निवेदन करूंगा कि इसमें कोरी रेस्पोन्सीबिलिटी मन्त्री महोदयों की ही नहीं है, बल्कि इस सदन के सदस्यों की भी है। वे जबरदस्ती जाकर मन्त्री महोदयों की मोटरों में न घुसें, क्योंकि मन्त्री महोदय प्रजातन्त्रीय युग के मिनिस्टर होने से सदस्यों को नाराज भी नहीं कर सकते। जहाँ तक हो हमें अपने आपको खुद इस ओर ध्यान रखना चाहिये।

जैसा कि कल कु० श्री जसवन्तसिंह ने कहा कि इस बजट में बीकानेर को एक पैसा भी नहीं दिया गया है, इसलिये बीकानेर राजस्थान से अलग हो जायगा। इसके लिये मैं यह अर्ज करूँगा कि इस तरह की भावना किसी के दिमाग में नहीं आनी चाहिये। ऐसी बात एक रेस्पोन्सीबल व्यक्ति की ओर से तो कदाचित नहीं कही जानी चाहिये। अगर इस तरह की भावनाएं हमारे दिमागों में अलग-अलग आई तो हमारा सर्वनाश हो जायगा, आगे ही बड़ी मुश्किलों से तो राजस्थान बना है। अतः मैं उनसे अर्ज करूंगा कि उन जैसे सुलझे दिमाग के व्यक्ति आयन्दा ऐसी बात सदन में नहीं लायें।

अब मैं एग्रीकल्चर मिनिस्टर साहब से अर्ज करूंगा कि जो लोन्स एग्रीकल्चरल इम्प्लीमेंटस के लिये दिये गये हैं उनके बारे में जाँच करवायें, क्योंकि इस तरह जो लोन्स दिये जाते हैं उसकी रकम को घर-खर्च व दुकानदारी वगैरह में लगा दिया गया है। अतः मैं निवेदन करूंगा कि इसकी जाँच होनी चाहिये। अगर यह बात सही है तो यह सरासर सरकार को धोखा है। इसलिये मैं कृषि मन्त्री से अपील करूंगा कि वे इस सम्बन्ध में जल्द से जल्द जानने की कोशिश करें कि आया यह बात सही है कि नहीं।

अन्त में मैं यह कह कर बैठ जाऊँगा, जैसा कि सब जानते हैं और अब तो कोई जागीरदार भी इसे मना नहीं कर सकता कि अब जागीरें रहने की नहीं हैं। इसलिये मैं सरकार से भी अपील करूँगा और विरोधी दल में बैठे हुए उन सदस्यों से भी जो कि जागीरदार हैं उनसे अपील करूँगा कि इस समस्या को जल्दी से जल्दी आपस में कोआपरेशन रखते हुए खत्म करें। जयहिन्द!

श्री तनसिंह—अध्यक्ष महोदय, अभी मेरे पूर्व वक्ता ने इस कल्याणकारी राज्य के बजट की जो प्रशंसा की है मैं उससे सहमत हूँ, वह इस हद में कि इस राजस्थान को कल्याणकारी राज्य बनाने के लिए और इस बजट को कल्याणकारी बजट बनाने के लिये हमें क्या कीमत चुकानी पड़ती है, बड़ी बड़ी योजनाएं और काम जो राजस्थान के एक ओर हो रहे हैं उनकी कीमत राजस्थान के दूसरी ओर रहने वाली जनता को चुकानी पड़ती है। एक ओर यह कल्याणकारी हो सकती है, जहां कि बंध, नहरें, सिंचाई की योजनायें आदि का प्रबन्ध होता है। आपको दूसरी उस ओर जाना चाहिये जहां सिंचाई तो दूर रही पीने के पानी के लिये भी कोसों दूर जाना पड़ता है। मैं यह निवेदन करना चाहता हूँ कि जितनी योजनाएं; सिंचाई, बाँध और कूओं आदि की हैं वह सब सरसब्ज इलाकों के लिये हैं और रेगिस्तान बिल्कुल उपेक्षा की दृष्टि से देखा जा रहा है। यदि मेरी इस बात को गलत माना जाय तो मैं उस योजना की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं जिसमें लाखों रुपया खर्च करते हुये भी बाढ़मेर के लिये निल कहा है।

[श्री तनसिंह]

माननीय अपोजीशन के नेता ने बीकानेर के लिये जो धन्यवाद दिया उसी तरह से बाड़मेर के निल राशि के लिये भी वे धन्यवाद देते तो मैं समझता कि उन्होंने जितना अधिक समय लिया उसमें मेरे हिस्से का भी सदुपयोग किया है। परन्तु, मुझे खेद है कि उन्होंने बाड़मेर की निल राशि के बारे में कोई जिक्र नहीं किया।

अभी मेरे पूर्व वक्ता ने कहा कि हमारी सरकार का ध्यान कल्याणकारी राज्य की ओर गया है, शहरों से उसका ध्यान गाँवों की तरफ आकृष्ट हुआ है। इसलिये जो सहुलियतें आज से पहले शहरों को मिल रही थीं वे आज नहीं मिल रही हैं, इसी कारण शहरों में रहनेवाली जनता को असन्तोष है। शहर के लोगों को बहुत सहूलियतें इसलिये है कि शहर के लोगों के पास प्रोपोगेन्डा के साधन हैं। लेकिन मैं यह, माननीय अध्यक्ष, आपके द्वारा निवेदन करना चाहता हूँ कि गाँव के लोगों के प्रतिनिधि भी काफी तादाद में अब यहाँ पहुँचने लग गये हैं और वे अपना प्रोपोगेन्डा भी उन प्रतिनिधियों के द्वारा करा सकते हैं। लेकिन मैं यह अभी तक समझ नहीं पाया कि यह प्रोपोगेन्डा की बात बढ़ते बढ़ते इस हद तक बढ़ी कि रेगिस्तान और गैर रेगिस्तान तक पहुँच गई। इसका दृष्टांत अभी पूर्व वक्ता ने दिया और बताया कि रेगिस्तान जो बढ़ता ही जा रहा है उसको मिटाया जावे और इसके लिये गम्भीरतापूर्वक सोचा जावे।

इस सम्बन्ध में मैं माननीय अध्यक्ष, आपके द्वारा सदन को कुछ निवेदन करना चाहता हूँ कि जिस रेगिस्तान को रोकने के लिये बड़े-बड़े ऑफिसरों को कायम करके रोकने की आशा की जा रही है, उस पर बहुत गम्भीरता पूर्वक सोचने की बात है। मुझे, ऑफिसरों को बड़ी-बड़ी तनख्वाहें दी जा रही हैं, उन पर नहीं कहना है, लेकिन मुझे अपने पास में रहने वाले लोगों को इससे जो कठिनाइयाँ पैदा होंगी उसकी तरफ आपका ध्यान आकर्षित करना है। मैं यह निवेदन करूंगा कि वन के लिये मीलों लम्बा इलाका घेर कर वहाँ वन लगाने की योजना बनाई जा रही है जिससे कि वन लग जाने के बाद यह रेगिस्तान मिट जाए। यह रेगिस्तान तब मिटेगा जबकि वहाँ पर जंगल बन जावेगा और उन लोगों को जो अभी अपने-अपने खेतों में रह रहे हैं उनको बेदखल किया जावेगा। दरअसल देखा जाए तो यह भय उन लोगों को ज्यादा है जो सरसब्ज जगहों में रहते हैं कि कहीं यह रेगिस्तान बढ़ता-बढ़ता उनके पास तक न आ जावे। मगर मैं यह कहूँगा कि कभी उन्होंने इस रेगिस्तान में रहने वालों की मुसीबत को भी सोचा है। जो मौजूदा समय में काश्त कर रहे हैं, उनको कहाँ बसाने की योजना सरकार की है जबकि उनको वहाँ से बेदखल किया जा रहा है। उनके खेतों को छुड़ाया जावेगा तब कहीं न कहीं तो उनका बसाने का प्रबन्ध किया जाना चाहिये। अभी कुछ दिन पहले सदन में वन मंत्री महोदय को सम्बोधित प्रश्न के सिलसिले में दिये गये उत्तर की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ जिसमें उन्होंने बताया कि वन बनाने में जागीरदारों की जमीन आती थी जहाँ पर बीज डाले गये थे और उन्होंने वहाँ पर पेड़ और पौधे उखाड़ डाले। इस प्रकार कह कर उन्होंने जागीरदारों के विरोध की चर्चा की थी लेकिन मैं यह कहूँगा कि इस प्रकार विरोध करके असलीयत को छुपाया नहीं जा सकता। आप जागीरदारों के लिये यह कहते हैं कि जागीरदार वन नहीं लगाने देते, यह बात नहीं है। उनकी भी मजबूरी अवश्य है। असलीयत यह है कि जागीरदार को

[श्री तनसिंह]

इससे फायदा होगा या दूसरे लोगों को इससे फायदा होगा। मैं यह कहूँगा कि चाहे जागीरदार हो, चाहे किसान हो जिसके खेत में बीज डाले जावेंगे उसको अपना खेत छोड़ना पड़ेगा, जो उसकी आजीविका का साधन है, उसको घर से बेघर किया जावेगा। जिस व्यक्ति को अपने घर से बेघर किया जावे उसको कम से कम यह सोचने का मौका दिया जाना चाहिये कि उसके लिये आगे पैर रखने के लिये जगह भी है या नहीं। वह अपना पैर कहाँ रखेगा ? मैं यह नहीं कहता कि आप जंगल न लगावें। आप जंगल खूब लगावें लेकिन इस बात का तो पहले से तय होना चाहिये कि जिन खेतों को जंगल बनाया जा रहा है, उन खेतों के मालिकों को, जो वहां आबाद हैं और जिन्हें गैर आबाद बनाया जा रहा है उनको कहां बिठाना है। जब आपके पास इसकी कोई योजना नहीं है तो फिर बसे हुए लोगों को क्यों उजाड़ा जा रहा है ? यह सही है कि रेगिस्तान को मिटाया जा रहा है लेकिन मैं यह कहूंगा कि इससे वास्तव में उन लोगों की भलाई नहीं हो रही है जो वहां पर बसे हुए हैं। भलाई तो मैं तभी समझूंगा जब आप उनके लिए गम्भीरतापूर्वक और सहानुभूतिपूर्वक विचार करेंगे।

इस सम्बन्ध में जो कुछ कहा गया है उस पर माननीय वन मंत्री महोदय का विशेष प्रकार से ध्यान आकर्षित करने की अपील करता हूँ।

श्री तेजमल बापना--अध्यक्ष महोदय, राजस्थान के बजट पर जो वाद-विवाद हो रहा है मैं भी इस पर अपने विचार प्रकट करना चाहता हूँ। जो बजट इस वर्ष राजस्थान का प्रस्तुत हुआ है वह वाकई बड़ा सराहनीय है। जिसको हम पढ़ रहे हैं वह वास्तव में ऐसा बजट है जो राजस्थान निर्माण की शोभा बढ़ा रहा है और हम उम्मेद करते हैं कि यदि इसी रफ्तार से हम अपने बजट को हर साल कुछ विशेष रुचिकर बनाते रहे तो मुझे उम्मेद है कि कुछ ही वर्षों में राजस्थान, जो एक पिछड़ा हुआ प्रान्त है, भारतवर्ष के एक बहुत अच्छे प्रान्तों में गिना जाने लगेगा। सबसे महत्वपूर्ण बात जो मुझे इस बजट में मालूम हुई है वह शिक्षा की ओर ध्यान देना। हर वर्ष शिक्षा का बजट लाखों रुपयों से बढ़ाया जा रहा है, हर साल नई स्कूलें, नए कॉलेज खोले जा रहे हैं और उसमें भी कई एक तरह के विषय लिए जा रहे हैं।

दूसरी बात सिंचाई के साधनों की ओर है जो कि इस प्रान्त की उन्नति के लिए बहुत जरूरी चीज है। हमें मालूम है कि इस सम्बन्ध में काफी योजनायें इरिगेशन पर बनाई गई हैं, बड़ी-बड़ी नदियों के बाँधों से व माइनर इरिगेशन से ज्यादा से ज्यादा जमीन इस सिंचाई के अन्तर्गत ली जा रही है।

श्री हिम्मतसिंह अटरू, सभापति, पदासीन--यह भी एक विशेष रुचि का प्रश्न है। इसके साथ-साथ मेडिकल और हैल्थ पर भी माननीय वित्त मन्त्री ने काफी प्रोविजन रखा है और वह भी विशेष रुचिकर है। लेकिन मैं यह कहूँगा कि इसमें कमी है। राजस्थान का प्रान्त काफी बड़ा है। इतने बड़े प्रान्त के लिए गत वर्ष ३५ अस्पतालों के लिये और इस वर्ष भी ३५ अस्पतालों के लिए प्रोविजन रखा गया है, जो बहुत कम है और मैं यह कहूँगा कि इस ओर सरकार विशेष ध्यान देना चाहिये। अभी हम देखते हैं कि भारतवर्ष में पौष्टिक खान पान का इतना अभाव है कि लोगों का स्वास्थ्य दिन-प्रतिदिन

[श्री तेजमल बापना]

गिरता जा रहा है और कई तरह की नई बीमारियें पैदा हो रही हैं। उनको रोकना हमारी सरकार का कर्तव्य होना चाहिये और इसलिए सरकार को इस ओर ज्यादा ध्यान देना चाहिये।

इसके अलावा जो सामुदायिक विकास योजनायें हमारे यहाँ चल रही हैं और जो नेशनल डेवलपमेंट स्कीम भी चल रही है वह भी हमारे प्रान्त की आमदनी और जन-साधारण की उन्नति को बढ़ाने में काफी मददगार है और यह हम मानते हैं कि दर असल यह वाकई में एक कल्याणकारी बजट मालूम होता है। बजट हमारे इस राजस्थान प्रान्त के लिए ही नहीं हर प्रान्त के लिए एक महत्वपूर्ण वस्तु होती है और इसी से हमको साल भर के नजारे मालूम होते हैं कि किस तरह से हम आगे बढ़े हैं; गत वर्ष कितने आगे बढ़े थे और इस वर्ष कितने आगे बढ़े हैं और कितना बढ़ना चाहिए था ? इसलिए हमारे यहाँ पर ही नहीं, दुनिया में बजट का सेशन बहुत महत्वपूर्ण होता है। बजट को देखने से यह प्रतीत होता है कि दर असल हमारे ऊपर कोई नये टैक्स लग रहे हैं या नहीं, आया हम किसी उन्नति के साधन को अपना रहे हैं या नहीं, आया हमारा राजस्थान प्रान्त आगे बढ़ रहा है या नहीं। इतना कहने के बाद जो मुझे इस बजट में कमी महसूस हुई है उसको आपके समक्ष प्रस्तुत करना चाहता हूँ।

सबसे पहली कमी जो मुझे मालूम हुई है वह है गवर्नमेंट की इण्डस्ट्रियल पोलिसी की। आज हम जानते हैं कि इण्डस्ट्री हमारे देश को आगे बढ़ाने में बहुत बड़ा साधन है; लेकिन इस ओर विशेष ध्यान क्यों नहीं दिया जा रहा है ? इण्डस्ट्रियल पोलिसी को उच्च स्तर पर लाने में ही इण्डस्ट्रियलिस्ट अपना पैसा लगाते हैं। हम देखते हैं अध्यक्ष महोदय, राजस्थान माइनिंग के विषय में भी बहुत कुछ आगे बढ़ने वाला है। अभी हमने देखा है कि खनिजों में माइका का उद्योग काफी बढ़ रहा है और गत दो-तीन वर्षों में इसने काफी उन्नति की है लेकिन अफसोस है कि जो स्टेट डिपार्टमेंट है इस ओर प्रोत्साहन नहीं दे रहा है। जो प्रोत्साहन इण्डस्ट्रियलिस्टों को मिलना चाहिये नहीं मिल रहा है और अक्सर उनकी यह शिकायत रहती है कि किसी को कम एरिया दे देते हैं और किसी को कुछ कर देते हैं। माननीय सभापति, भीलवाड़ा जिले में काफी माइका की खानें हैं और उसके लिए काफी इण्डस्ट्रियलिस्ट आए भी, लेकिन वे बड़े निराश होकर वापिस लौटे। इसलिए मैं यह कहूँगा कि इस सम्बन्ध में सरकार की तरफ से इण्डस्ट्रियलिस्टों को कुछ प्रोत्साहन देकर माइका के कारखानों को चालू करना चाहिए।

इण्डस्ट्रीज़ के साथ-साथ जो चीजें खटकने वाली हैं वे हैं लेबर के सम्बन्ध में। मजदूर समस्या हमारे राजस्थान में बहुत महत्व की समस्या है। आज मजदूरों की स्थिति जो हमारे राजस्थान में है वह बड़ी दयनीय है। मैं सबसे पहले आपका ध्यान इस ओर आकर्षित करूँगा कि दरअसल हमारा डिपार्टमेंट इस ओर कुछ सुस्ती से चल रहा है। एक भी कानून हमारे प्रान्त में मजदूर समस्या को हल करने के लिए नहीं बनाया गया। जो भी कानून हमारे यहाँ हैं वे सब सेन्टर से लिये हुये हैं और वे भी ऐसे हैं कि हमारे यहाँ जो ट्रेड यूनियन्स हैं उनको रिकोग्निशन देने में और उसके साथ जो अनफेयर प्रेक्टिसेज़ होते हैं उनको रोकने के काम में नहीं लाया जाता है। इण्डस्ट्रीज़ को अनफेयर प्रेक्टिसेज़

[श्री तेजमल आपना]

करने से अछूता रखने में कोई कानून हमारे यहाँ अभी तक नहीं बना है। इण्डस्ट्रियल रिलेशन्स एक्ट मध्यभारत में लगाया गया है और सौराष्ट्र में भी अभी अभी लगाया गया है। पता नहीं हमारे यहाँ क्यों नहीं ध्यान दिया जाता ? उसके साथ-साथ लेबर वेलफेयर के लिये जो जरूरतें हैं हमारे प्रान्त में, उस ओर कोई भी ध्यान नहीं दिया गया है। सेन्ट्रल गवर्नमेंट की कुछ स्कीम्स के अन्तर्गत कुछ रुपया हमको मिला है और उस सम्बन्ध में एक लेबर एडवाइज़री कमेटी हमारे यहां कायम हुई थी। माननीय अध्यक्ष, मैं भी उसका एक सदस्य हूँ लेकिन अफसोस है कि दो वर्ष होने आए, उस कमेटी की कई मीटिंग्ज हो चुकीं किन्तु उसकी स्कीम्स को अभी तक कार्यरूप में परिणत नहीं किया गया है। सेन्क्शन्ड अमाउन्ट (मंजूर शुदा रकम) है उसके लिए दो-दो साल लगें, यह तो बड़े अफसोस की बात है। अतः इस सम्बन्ध में जल्दी ही कदम उठाए जाने चाहिये।

इसके साथ—साथ जो तीन साल का बजट हम देखते हैं तो हमें पता लगता है कि हम तरक्की जरूर कर रहे हैं। काफी रुपया हर वर्ष बजट में बढ़ाया गया है। यह रुपया निर्माण कार्य के लिये बढ़ाया जाता है, किन्तु उसके साथ—साथ हम देखते हैं कि हमारी इनएफिशियेन्सी भी उसी तादाद में बढ़ती जा रही है जिस तादाद में कि बजट में रुपया बढ़ता चला जा रहा है।

एक छोटा-सा उदाहरण जो बड़े महत्व का है मैं आपके सामने प्रस्तुत करता हूँ। भीलवाड़ा जिले में मांडलगढ़ के पास जो गोयटा का तालाब बंधाया गया है उसमें पाँच लाख रुपया गया है। इस समय उसमें तीस व पैंतीस फीट पानी भरा हुआ है। पता नहीं कि इरिगेशन डिपार्टमेंट ने उसकी नहरों का काम शुरू क्यों नहीं किया ? गत वर्ष वह काम अगर शुरू हो जाता और पानी का उपयोग किया जाता तो मुझे इत्मिनान है कि कम से कम १ लाख रुपया हमारी सरकार को सिंचाई से मिल सकता था। मैंने गत माह उस बांध को जाकर देखा तो मुझे मालूम हुआ कि वहां पर केवल इस सिंचाई विभाग की ढिलाई के कारण ही नहरें नहीं बन पाई हैं। सारा का सारा पानी वहां स्टेग्नेन्ट हो रहा है। अतः मैं माननीय मन्त्रीजी का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहूंगा कि वे सम्बन्धित अधिकारियों को ढिलाई न बरतने के लिये कहें और शीघ्र ही नहरों का प्रबन्ध किया जाय ताकि जमीन की सिंचाई हो सके और गवर्नमेंट को भी फायदा हो सके। दूसरा एक मेजा डेम भी भीलवाड़ा के पास बन रहा है। उसका काम तो इस वर्ष चालू हो गया है लेकिन पता नहीं हर समय उसकी क्यों लाइन चेंज कर दी जाती है। अभी दो-तीन महीने पहले मैं मौके पर गया था, वहाँ एस. डी. ओ. हमारे साथ थे और उन्होंने यह बताया कि दर असल दो पहाड़ियों को लेकर पाल का लेवल लेने वाले हैं। किन्तु अभी अभी पता लगा है कि वे दो पहाड़ियों को बचा कर जिसमें मेजा गांव के २६ घर आते थे और वहां के जागीरदार साहब के मकान का थोड़ा हिस्सा आता है उसको बचा कर एक-दो मील की दूरी पर उस लाइन को आगे खींच दिया गया है जिससे पता नहीं कि गवर्नमेंट को कितना नुकसान होगा। किंतु कम से कम १ लाख रुपया तो उसमें सिवाय लग जाने की सम्भावना है। तो काम जहाँ होता है वहाँ हर समय लाइन को तब्दील कर देना जनसाधारण की दिक्कतों के अतिरिक्त हमारी सरकार का काफी माली नुकसान होता है। जो लाइन दो पहाड़ियों को मिला कर मेजा गाँव के पास से होकर

[श्री तेजमल बापना]

निकलती है वह मजबूत होने के साथ साथ गवर्नमेंट को भी उससे कम खर्चा होगा। किंतु यह जो लाइन बदली गई है वह डिपार्टमेंट की ढिलाई के कारण ही बदली गई है।

इसके साथ ही साथ जब हम इस बजट को देखते हैं तो हमें ऐसा महसूस होता है कि जो पिछड़े हुए जिले हैं, जो बहुत पिछड़े हुए हिस्से हैं उस ओर जितना ध्यान देना चाहिए, नहीं दिया जाता है। कुछ रकम इस बजट में ऐसी रखी गई है जिससे पिछड़े हुए हिस्सों में जहाँ अकाल की परिस्थितियाँ महसूस हर वर्ष करनी पड़ती है ठीक करने के लिए भी है। भीलवाड़ा जिले में काफी ऐसा हिस्सा है कि जहाँ अक्सर फैमीन आता रहता है, उस ओर विशेष ध्यान नहीं दिया गया है। भीलवाड़ा जिले में कुछ ऐसी जगहें भी हैं जहाँ वर्षा ऋतु में डेजर्ट रहता है और जहाँ फैमीन का सामना करना पड़ता है; मसलन आसींद, रायपुर आदि। ये कुछ ऐसी तहसीलें हैं जो काफी गिरी हुई हैं। उनकी तरक्की के साधन इस प्रकार के करने हैं कि वह जो डेफिसिट एरिया है, जहाँ फैमीन है वह न रहे और मैं उस ओर सरकार की तवज्जह के लिए निवेदन करता हूं।

इसके अलावा भीलवाड़ा नगर राजस्थान का बहुत बड़ा औद्योगिक नगर है। मुश्किल से राजस्थान में एक या दो नगर ऐसे हो सकते हैं जो भीलवाड़ा नगर का मुकाबला वहाँ की आमदनी और इम्पोर्टेन्स में करते हों। मगर उस नगर को निगलेक्ट किया जा रहा है। वहाँ केवल एक छोटी-सी सड़क बनी है, दूसरी सारी सड़कें बेकार हैं। धूल इतनी उड़ती है कि गर्मी के दिनों में तो वहाँ रहना मुश्किल हो जाता है। इस साल भी भीलवाड़ा नगर की सड़कों को बनाने के लिए रकम नहीं रखी गई है। अतः मैं आपसे निवेदन करता हूँ कि भीलवाड़ा नगर पिछड़ा हुआ है, सरकार की ओर से निगलेक्टेड रहा है। सरकार की उस ओर कभी तवज्जह नहीं गई है। माननीय मंत्री महोदय यह बात कह सकते हैं कि वहाँ पर म्युनिसिपल बोर्ड बना हुआ है और उसको यह सब करना चाहिए। मैं आपको बताऊं कि म्युनिसिपल बोर्ड के निर्वाचन को हुए अभी थोड़ा ही अर्सा हुआ है। उस बोर्ड के आर्थिक साधन सीमित हैं और यह मुश्किल है कि वह इतनी सड़कें बना सके। दूसरे शहरों को जब डेवेलप करने के लिए सरकार खर्चा कर रही है तो फिर भीलवाड़ा शहर को क्यों निग्लेक्ट किया जाता है? मैं उम्मीद करता हूँ कि वहाँ सड़कें बनाई जावेंगी।

(समय समाप्ति सूचक घण्टी).

मैं सिर्फ दो-तीन मिनिट में समाप्त कर दूंगा।

वहाँ जो होस्पिटल है, उसकी बिल्डिंग को बनाने में सेठ मोडाजी ने दो लाख रुपया दिया है। गवर्नमेंट ने, अध्यक्ष महोदय, कोई पैसा नहीं दिया। वहाँ पर डाक्टर्स और कम्पाउन्डर्स के लिए कोई क्वार्टर्स नहीं है जिससे जरूरी पेशेन्ट्स को वे समय पर नहीं देख सकते। जो जरूरी पेशेन्ट्स आते हैं उनको सफर (suffer) करना पड़ता है। मैं उम्मीद करता हूँ कि हमारी इस माँग की ओर सरकार ध्यान देगी।

[श्री तेजमल बापना]

शिक्षा के बारे में मेरा निवेदन है कि हमारे भीलवाड़े में एक इन्टर कॉलेज है लेकिन साइन्स जैसा आवश्यक विषय नहीं। आज भी माननीय शिक्षा मंत्री ने मेरे ही एक प्रश्न के उत्तर में बतलाया था कि इस प्रकार की स्कीम सरकार के विचाराधीन है। लेकिन हमें जो कुछ कमी वहाँ महसूस होती है, वहाँ बिल्डिंग में, जो कि वहाँ के एक दूसरे श्री मानसिंह द्वारा बनाई गई है उसमें कुछ खामियाँ हैं, कुछ साज-सामान की कमी है। जब एक चीज बनाकर दी जाती है उसमें साधारण सी कमी के कारण वह निग्लेक्ट सी कर दी जाती है। इसलिए मैं शिक्षा मंत्री का ध्यान इस ओर आकर्षित करूंगा कि दरअसल में वे इस ओर अवश्य ध्यान दें और जो कुछ भी खामियाँ हैं उनको दूर करने की चेष्टा करें। यह बातें यद्यपि शिक्षा मंत्री महोदय यहाँ उपस्थित नहीं हैं, फिर भी उनके साथी जो मंत्री यहाँ बैठे हैं वे उन तक इन बातों को पहुँचा देंगे।

(समय समाप्ति सूचक घन्टी)

मैं कुछ दो-चार जरूरी बातें और कहना चाहता हूँ, मुझे दो-चार मिनिट और दिए जांय।

श्री सभापति—आपके दो-दो मिनिट बहुत लम्बे होते जा रहे हैं।

श्री तेजमल बापना—कुछ जरूरी बातें कहनी हैं इसलिए दो-चार मिनिट और दिए जाँय।

श्री सभापति—दो मिनिट आप और बोल सकते हैं।

श्री तेजमल बापना—मैं अब वहाँ की पुलिस के बारे में कुछ अर्ज करना चाहता हूँ। पुलिस वालों से सबको शिकायत है। पुलिस डिपार्टमेंट जन-साधारण के हित के लिए, उनकी रक्षा के लिए है। लेकिन यह विभाग आजकल इसके विपरीत आचरण करता है। आज हमारा पुलिस विभाग, हमारी गवर्नमेंट की जो पौलिसी है उसके विपरीत काम करता है। जो बदमाश व गुण्डे होते हैं उनको प्रोत्साहन देता है और जो शरीफ हैं उन पर मुकदमे चलाए जाते हैं। रिश्वतें बराबर ली जा रही हैं, सरे आम चोरियाँ होती हैं, कत्ल हो जाते हैं। लेकिन वे व्यक्ति नहीं पकड़े जाते जो इस प्रकार का जुल्म करते हैं। अभी आपको मालूम है कि चीफ मिनिस्टर साहब जब हमारे यहाँ पधारे थे उनको काले झण्डे बताए गए थे। इस बात का पता पुलिसवालों को था कि चीफ मिनिस्टर को काले झण्डे बताए जायेंगे। फिर भी पुलिस वालों ने उन व्यक्तियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की। पुलिस चाहती तो उनको गिरफ्तार कर सकती थी, किंतु हम क्या देखते हैं कि जो गुण्डे इसमें शामिल होते हैं वे पंडाल में आगे पहुँच कर काले झण्डे दिखाते हैं। इसके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री महोदय का ध्यान आकर्षित करूंगा कि इस पुलिस के बरताव के कारण वहाँ की पब्लिक अपने जान-माल की रक्षा बड़ी मुश्किल से अनुभव कर रही है। इसलिए मैं माननीय मंत्री महोदय का ध्यान इस ओर आकर्षित करता हूँ। दरअसल भीलवाड़ा नगर की इम्पोर्टेन्स को महसूस करते हुए भीलवाड़ा जिले में जो कमी महसूस हो रही है उसके लिए वहां डेवेलपमेंट स्कीम्स

[श्री तेजमल बापना]

मंजूर की जायं। अगर वहाँ सामूहिक विकास योजना चालू नहीं हो सकती तो कम से कम डेवेलपमेंट स्कीम्स तो वहाँ अवश्य चल सकती हैं।

श्री हरिसिंह—माननीय अध्यक्ष, वित्त मन्त्री महोदय ने जो बजट सन् १९५४-५५ का सदन के सामने प्रस्तुत किया है उसमें उन्होंने बतलाया है कि आगामी वर्ष सन् ५४-५५ के अन्दर हमारी अनुमानित आमदनी २१ करोड़ ५५ लाख ११ हजार की हो जायगी और इतना ही व्यय होगा। इस तरह से उन्होंने सन्तुलित बजट के होने का आभास दिया है। अध्यक्ष महोदय, हम यह देखते हैं कि हमारे वित्त मन्त्री महोदय ने अपने भाषण में बतलाया कि हम राजस्थान के पुराने स्वरूप को बदल कर इसको एक कल्याणकारी राज्य बनाने का प्रयत्न कर रहे हैं और हमारा संघर्ष राजस्थान से निर्धनता, अज्ञानता, रोग आदि को जड़ से उखाड़ फेंकने का है। अगर हम उनके भाषण को सत्यता की कसौटी पर कसते हैं तो इसके परिणाम हमको बिल्कुल विपरीत मालूम देते हैं।

मैंने बजट को पढ़ा और उसको देखकर मुझे मालूम हुआ कि शिक्षा के ऊपर जो रकम ५४-५५ में तजवीज की गई है वह काफी मात्रा में है। बजट में ३३५ पोइन्ट २० लाख रुपये तजवीज किये गये हैं जो कि पिछली साल की रकम से अधिक है, अर्थात् दुगुनी है। माननीय वित्त मंत्री ने अपने भाषण में बतलाया कि हमने चालू वर्ष के अन्दर करीब ८०० प्राइमरी स्कूलें खोली हैं। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा भी जो योजना बनाई गई है उसके अन्तर्गत भी ५०० एक अध्यापक के स्कूल खोले गये हैं। हमें यह अच्छी तरह से मालूम है कि जो स्कूल खोले गये वे कहाँ-कहाँ और किस-किस जगह खोले गये। जब हम इसको देखते हैं तो हमें मालूम होता है कि एक ही गाँव के अन्दर तीन-तीन स्कूलें चलती हैं। एक तो डिस्ट्रिक्ट-बोर्ड की तरफ से चलती है, दूसरी स्कूल पंचायत की तरफ से चल रही है और तीसरी स्कूल शिक्षा विभाग की तरफ से चलती है। ये स्कूलें उन क्षेत्रों में चलती हैं जहाँ से या तो हमारे मंत्री महोदय तशरीफ लाए हुए हों या उनके रिश्तेदार बसते हों या उनके मुँह लगे कुछ लोग वहाँ निवास करते हों; उसी जिले में, उसी तहसील में स्कूलें खोली जाती हैं। मैं दावे के साथ कह सकता हूँ कि हमारे जालोर तहसील में ३०-४० गाँवों के बीच एक स्कूल भी नजर नहीं आती। जब हम यह देखते हैं कि एक एरिया के अन्दर सैंकड़ों स्कूलें खोली जाती हैं और दूसरे क्षेत्र की ओर जब हम ध्यान देते हैं तो हमें दिखाई देता है कि उस क्षेत्र में कोई स्कूल नहीं खोला जा रहा है, स्कूलों का उस क्षेत्र में कतई अभाव है; तब हमें यह कहने को मजबूर होना पड़ता है कि जो कुछ कल्याणकारी राज्य के लिए हमारी सरकार कहती है उसमें कोई तथ्य नहीं है। सरकार की कमजोर नीति के कारण ही हम यह निश्चितरूप से कह सकते हैं कि कल्याणकारी राज्य की बुनियाद रखने की जो बात कही जा रही है वह केवल भ्रममात्र है।

दूसरी बात मैं जो निवेदन करना चाहता हूँ वह है चिकित्सा के बारे में। चिकित्सा के लिये जो रकम रखी गयी है उसको देखने से यह पता चलता है कि जिस प्रकार पिछले वर्ष के अन्दर शहर की जनता के लिए, शहरी क्षेत्र के लिए रुपया खर्च किया गया और गाँवों की तरफ सरकार चिकित्सा के लिये बहुत कम खर्च कर रही है; जो शहर के मुकाबले में बहुत कम है। सारी की सारी रकम का अधिकांश हिस्सा शहरों में ही खर्च होता है, गाँवों के लिए तो नाम मात्र ही खर्च किया जाता है।

[श्री हरिसिंह]

ग्रामीण जनता के पास इतना पैसा नहीं कि वह अपने इलाज के लिए शहर तक आये, उनके पास इतने साधन नहीं जिससे शहर में आकर अपने रोगों को दूर कर सकें और न कोई गाँव में इतने साधन उपलब्ध हैं कि जिससे अपनी बीमारी को मिटा सकें और न सरकार द्वारा कोई व्यवस्था ही है जिससे कि वे अपने रोग को मिटा सकें। ऐसी हालत में ग्रामीण जनता के लिए, जो अपनी गाढ़ी कमाई का पैसा देकर सरकार के खजाने को भरती है, उनकी चिकित्सा के लिए, उनके इलाज के लिए सरकार एक पैसा भी नहीं खर्च करना चाहती और उनका पैसा शहरी जनता की चिकित्सा के लिए खर्च कर रही है। इसलिये मैं सरकार का ध्यान ग्रामों में चिकित्सा के प्रबन्ध के लिए आकर्षित करना चाहता हूँ। जिस क्षेत्र से मैं आ रहा हूँ, जालौर कान्स्टीट्यूएन्सी से; उस तहसील में, उस जिले में करीब ४ लाख की आबादी है। वहाँ सिर्फ तीन डिस्पेंसरियाँ हैं और उन डिस्पेनसरियों का हाल यह है कि वहाँ दवाई भी ठीक तरह से नहीं मिलती, उन डिस्पेन्सरियों में दवाई भी मरीजों के लिए उपलब्ध नहीं होती। गाँव के लोग जो पचासों मील से इस डिस्पेन्सरी में आते हैं वे यह सोच कर आते हैं कि चलो सरकारी अस्पताल में हमारा इलाज हो जायगा और हमें दवा मिल जायगी, लेकिन होता यह है कि बिचारों को वहाँ दवाइयाँ नहीं मिलतीं और न उनके गाँव में ऐसा प्रबन्ध ही है जिससे वे छोटी-छोटी बीमारियों का इलाज भी करा सकें, या दवा प्राप्त कर सकें। इसलिए उन्हें डिस्पेन्सरियों में जाना पड़ता है और दवाइयाँ बाजार से खरीदनी पड़ती है, क्योंकि डिस्पेन्सरियों में छोटी-छोटी दवाइयाँ भी नहीं मिलती हैं। आज हम देख रहे है कि हमारी राजस्थान सरकार गाँवों में चिकित्सा के लिए किसी प्रकार का प्रबंध नहीं कर रही है और सारे के सारे पैसों को शहर के अन्दर खर्च करती है। मैं सरकार से निवेदन करूंगा कि वह ज्यादा से ज्यादा पैसा ग्रामीण जनता की भलाई के लिए खर्च करे। सरकार ने अगले वर्ष में ३५ आयुर्वेदिक औषधालय खोलने की योजना बनाई है। इसके लिए मेरा निवेदन यह है कि हमारे डिस्ट्रिक्ट में जो कि राजस्थान के पश्चिम में आया हुआ है, जो बहुत पिछड़ा हुआ मुल्क है वहाँ भी आपको कम से कम एक-दो औषधालय अवश्य खोलने चाहिये, ताकि वहाँ की ग्रामीण जनता को सन्तोष मिलेगा और उनको यह अनुभव होगा कि हमारी पुकार भी राजस्थान सरकार तक पहुँचती है और सरकार हमारे दुख-दर्द को मिटाने के लिए तैयार रहती है।

अब मैं सड़कों के बारे में अर्ज करूँगा। जब हम बजट को देखते हैं तो हमें मालूम होता है कि पिछले साल कितनी सड़कें बनाई गईं, हजारों मील डामर की सड़कें बनाई गईं, हजारों मील कंकड की और हजारों मील ही कच्ची सड़कें बनाई गईं। इस सिलसिले में मैं यह निवेदन कर दूँ कि जालोर जिले में एक भी सड़क बनाने की सरकार ने तजवीज नहीं की; सारे डिस्ट्रिक्ट भर में एक कच्ची सड़क बनाई गई है जो भी करीब दो साल पहले। मैं उस सड़क की हालत के बारे में दावे के साथ कह सकता हूँ कि यदि कार उधर से निकल जाय तो उसकी दुर्गति ऐसी होगी कि उसकों दूसरे ही दिन वर्कशॉप की हवा खानी पड़ेगी, कार को वर्कशॉप के हवाले करना पड़ेगा। ऐसी हालत सड़कों की हमारी तरफ हो रही है। पंचवर्षीय योजना के अन्दर जरूर एक सड़क रखी गई है, वह है जालोर से जोधपुर तक की। इसको भी बनाते-बनाते करीब तीन साल का अरसा गुजर चुका, लेकिन सरकार ने इस सड़क के लिए भी कोई रकम मन्जूर नहीं की, न सड़क शुरू ही की गई और न रकम की तजवीज ही की है। मेरी समझ में यह सड़क इस पंच वर्षीय योजना के अन्दर तो क्या आगामी पंच वर्षीय

[श्री हरिसिंह]

योजना तक भी शायद ही बन सकेगी। मेरा इस विषय में इतना ही निवेदन है कि जिस प्रकार एक क्षेत्र की जनता सुविधा प्राप्त करने की हकदार है उसी प्रकार जालोर तहसील की जनता को भी उसी प्रकार का हक प्राप्त होना चाहिये। मुझे यह पता नहीं चलता कि इन सारी बातों में जालोर और बाडमेर डिस्टिक्ट्स को क्यों इगनोर किया गया? मेरी समझ में नहीं आता कि सरकार की यह क्या नीति है?

अध्यक्ष महोदय, पानी की व्यवस्था को देखते हुए ड्रिन्किंग वाटर (पेय जल) के लिए, जो राजस्थान का स्केअरसिटी इलाका है, ड्रिंकिंग वाटर की प्रायोरिटी (priority) उस एरिया को दी जानी चाहिये क्योंकि हम देखते हैं कि इस एरिया में बीस-बीस, तीस-तीस मील तक पीने का मीठा पानी उपलब्ध नहीं होता और ऐसे बहुत से पानी के कुए भी जो इस एरिया में हैं वे भी खारे पानी के कुए हैं जो कि मनुष्य के लिए तो क्या मवेशी के लिए भी पीने में मुश्किल होता है। फिर भी मजबूरी के सामने लोग क्या करें? सरकार की ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है कि उनके लिए पीने के लिए तो कम से कम मीठा पानी मिल सके, मजबूरन उन्हें भी खारा पानी पीना पड़ता है या दस-दस, बीस-बीस और तीस-तीस मील दूर से मीठा पानी मँगाते हैं जो सबके लिए सुलभ नहीं हो सकता। पचभद्रा, तहसील जालोर और साँचोर का कुछ हिस्सा ऐसा है जिसमें खारे पानी के कुए हैं और उनको करीब दस-दस मील तक मीठा पानी नहीं मिलता।

ऐसी स्थिति में अगर सरकार मीठे पानी की व्यवस्था करने की प्रायोरिटी ऐसे इलाके में दे तो पानी की व्यवस्था का यह सुन्दर उपयोग होगा। अगर सरकार अपने मन में यह सोचती हो कि हमें तो इसके लिए रक्खी गई रकम को सारे राजस्थान की सभी जगहों पर बराबर-बराबर डिस्ट्रिक्टों में बाँट देनी है तो यह तो कोई ठीक विभाजन नहीं होगा। राजस्थान के इस हिस्से को छोड़ कर दूसरे करीब-करीब सभी हिस्सों में काफी मीठे पानी के कुए हैं, काफी तालाब आदि हैं। तो इनके रहते हुए भी अगर उनको और दिया जाता है तो इसे सही बँटवारा नहीं कहा जा सकेगा। आपको यह देखना पड़ेगा कि इसकी बेयर नैसेसिटी (सही आवश्यकता) किस एरिया में है, कौनसा एरिया ऐसा है जहाँ की जनता को मीठा पानी पीने को भी नहीं मिल रहा है। तो सही विभाजन का मतलब तो यह है कि जहाँ इसकी बेयर नैसेसिटी हो उसे प्रायोरिटी दी जानी चाहिये और वह सारी रकम जो ड्रिन्किंग वाटर के लिए है उसका एक बड़ा हिस्सा वहाँ देना चाहिये। पर जहाँ पचास हजार की आवश्यकता हो वहाँ आप सिर्फ पाँच ही हजार भेजते हैं तो इससे क्या होने का है? क्या पचास हजार की माँग पाँच हजार से कभी पूरी हो सकती है?

मैं सरकार से निवेदन करूँगा कि आप अपना ध्यान उन एरियाज़ की तरफ दें और वहाँ की ड्रिन्किंग वाटर की समस्या को हल करने की कोशिश करें।

पाँचवीं बात, मैं अर्ज करूँगा कि इरिगेशन सिस्टम में सरकार पैसा खर्च कर रही है; जैसे भाखरा या चम्बल प्रोजेक्ट आदि में। उसके अलावा भी इस एरिया की वृद्धि की तरफ भी सरकार को ध्यान देना चाहिये। इन प्रोजेक्ट्स से सरकार यह भी उम्मीद करती है कि इससे लाखों एकड़ जमीन

[श्री हरिसिंह]

की आबपाशी हो सकेगी और लाखों मन धान पैदा हो सकेगा। मगर इनसे क्या मैं यह समझूँ कि सारे राजस्थान की जनता, जिसके लिए कल्याणकारी राज बनाना चाहती है हमारी यह सरकार, उस सारी जनता के लिए इस भाखरा और चम्बल से कल्याणकारी राज्य स्थापित हो जावेगा, क्या इनसे उस सारी जनता की माँगें पूरी हो जावेंगी ? मैं कहूंगा कि एक गाँव में गरीब और अमीर दोनों बसते हैं, तो क्या इससे हम यह कह सकते हैं कि उस गाँव में सभी अमीर ही अमीर हैं। जब तक कि सब गरीबों को भी आप अमीर न बना देंगे तब तक यह दावा कैसे किया जा सकता है ? तो इसी प्रकार भाखरा और चम्बल योजना के अन्तर्गत फायदा उसी एरिया की जनता को मिलेगा जो उस एरिया में निवास करते हैं और वहीं के गरीब किसानों आदि को फायदा होगा। इससे उन लोगों को कैसे फायदा होगा जो दूसरे क्षेत्रों में रहते हैं। इनके लिए तो आपको कोई अलग स्कीम बनानी होगी। मारवाड़ के जालोर और बाड़मेर डिस्ट्रिक्ट में बसने वाले गरीब किसानों को, जब तक कोई अलग स्माल स्कीम या ऐसी ही कोई दूसरी स्कीम नहीं बनेगी, तब तक कोई फायदा इस जन-कल्याणकारी राज में नहीं मिल सकेगा।

(समय-समाप्ति-सूचक घंटी)

मैं निवेदन कर दूँ कि वहाँ ऐसी स्माल स्कीम के लिए बहुत अच्छी गुँजाइश भी है। वहाँ ऐसी दो नदियाँ हैं जो बारह मास बहती हैं; सागी और बड़ गाँव की नदियें। अगर इन नदियों का पानी ऐसे किसी स्माल स्कीम के अनुसार बाँध बना कर रोका जावे और उससे आबापाशी की जावे तो वहाँ पर हजारों मन अनाज पैदा हो सकता है।

जवाई स्कीम में जो एरिया लिया गया है, वहाँ उस एरिया में भी सेकड़ों कुए हैं जिनमें पानी भी कोई गहरा नहीं है, पर वहाँ उस एरिया में भी पानी नहरों के द्वारा दिया जाता है, जबकि वहाँ के कुओं में दस-दस फीट के नीचे ही पानी है। नहरों से सिंचाई की तो उस एरिया में जरूरत है जहाँ कुए भी नहीं हैं; पानी बहुत गहरा हो, पानी की बहुत कमी हो। उस एरिया में पानी दे तो काफी अच्छी पैदावार होने की सम्भावना हो सकती है। तो ऐसी जगह नहरों से पानी देना चाहिये न कि वहाँ जहाँ कुए इतने हों कि उनसे ही सारी जमीन की सिंचाई हो सकती है। जवाई बांध की नहरें जहाँ तक हैं उससे करीब चार मील आगे का ही एरिया ऐसा है जहाँ की जमीन सरसब्ज है और कुए भी वहाँ नहीं हैं। अगर वहाँ पर नहर से पानी देने की व्यवस्था की जाय तो मैं समझता हूँ कि हजारों मन धान वहाँ पैदा हो सकता है। मैं समझता हूँ कि जालोर तहसील का जो वह एरिया है, वहाँ फ्लड आते हैं और इससे हजारों मन अनाज पैदा होता है। पर हर साल फ्लड नहीं आने से करीब-करीब चार साल तक वह इलाका ऊसर पड़ा रहता है; हर चार-पाँच सालों में एक बार फ्लड आता है। तो मैं अनुरोध करूँगा इस सरकार से कि जवाई स्कीम में जो नहर निकाली गई है वह आगे तक बढ़ा दी जावे और सरसब्ज जो एरिया है और जालोर का ग्रेनरी कहलाता है वहाँ हजारों मन अनाज इससे पैदा होगा और उस एरिया में जहाँ कि सैकड़ों-हजारों कुए हैं और जिनमें पानी भी ज्यादा गहरा नहीं है वे बेकार न पड़े रहकर, उनका पूरा उपयोग होगा और इस नहर के पानी को

[श्री हरिसिंह]

सप्लाई न करें तब भी कोई नुकसान नहीं होगा। वहाँ की आबपाशी कुओं से बखूबी हो सकती है, फिर वहाँ यह पानी देकर यह नहरी पानी क्यों नष्ट किया जाता है? इसलिए ऐसा मेरा निवेदन है कि जो पानी की दृष्टि से वाकई स्केअरसिटि एरिया है वहाँ पीने का पानी सप्लाई करके और नहरी पानी की आवश्यकता हो वहाँ नहरी पानी सप्लाई करके, जिसके न होने के कारण उस एरिया में सरकार के प्रति अविश्वास की भावना फैली हुई है, सरकार वहाँ के लोगों को अच्छी तरह से सन्तुष्ट करे और ऐसा मेरा विश्वास है कि हमारी सरकारी इसके लिए पूरी कोशिश करेगी।

श्री कस्तूरचन्द (शाहपुरा-बनेड़ा)—सभापति महोदय, मैं भी इस बजट के बारे में अपने विचार प्रकट करना चाहता हूँ। इस बजट से मालूम होता है कि हमारा राजस्थान प्रगतिपथ पर बहुत तेजी से चल रहा है।

सभापति महोदय, मैं आपसे नम्र निवेदन करूँगा कि इस बजट में विभिन्न मदों में जो रकमें रक्खी गई हैं उनमें काफी खींचातानी की गई है। इसका मतलब यह है कि जो चन्ट होते हैं वह तो ज्यादा रकम खींचकर ले जावेंगे और जो सीधे होते हैं, जो इन मिनिस्टरों पर भरोसा रखते हैं और उन्हें परेशान नहीं करते हैं, अध्यक्ष महोदय, मैं ठीक अर्ज करूँगा कि उनकी कोई नहीं सुनता है, उनको कुछ भी नहीं मिलता है। दो साल से मैं इस सदन में, इस विधान सभा भवन में बैठ रहा हूँ और चिल्ला रहा हूँ कि हमारे बनेड़ा हाई स्कूल के लिए कमरे सरकार बना दे। कुछ कमरों के लिए हमारे यहाँ की जनता ने बीस हजार रुपये इकट्ठे करके कमरे तैयार करवाये थे और हमारे वहाँ के महाराजाधिराज साहब ने एक लाख रुपये की बिल्डिंग इस हाई स्कूल के लिए दी थी और इसके बाद में भी वहाँ की जनता ने इतना खर्च किया, पर इतना खर्च करते हुए भी कुछ काम बाकी रह गया था, पाँच हजार रुपये के करीब का। पर इस छोटे से काम को पूरा करवाने के लिए इस सरकार के सामने दरख्वास्तें दे देकर परेशान हो गये पर अबतक वह हाई स्कूल पूरी बन नहीं पा रही है। इसके लिए श्रीमान् मास्टर भोलानाथ जी को भी मैंने अर्ज किया था। इसके लिए जाँच भी करली गई थी। पर उन्होंने........

श्री सभापति—आप किसी का नाम न लें।

श्री कस्तूरचन्द—तो सभापति महोदय, इसके लिए हमें आश्वासन दिया। मगर अब, तक कुछ भी नहीं हुआ है। इससे मुझे ऐसा मालूम होता है कि वे कुछ करने वाले नहीं हैं।

अध्यक्ष महोदय, एजुकेशन मिनिस्टर जब मिर्धाजी थे।

श्री सभापति—फिर नाम आ गया।

(हँसी)

श्री कस्तूरचन्द—उस वक्त में भी उस हाई स्कूल में भी काम था । तो, मैंने उनसे बहुत आग्रह किया मगर वहाँ भी कोरा आश्वासन ही मिला । इसके बाद भोलानाथ जी मास्टर साहब .....

(हंसी)

एक सभापति—फिर, वही बात है ।

श्री कस्तूरचन्द—टाइप राइटर की आवश्यकता पड़ी, उस हाई स्कूल में । इसके लिए शिक्षामन्त्री जी से आश्वासन मिला पर टाइप राइटर भी नहीं पहुँचे । लड़के फेल हो गये, गत साल और इस साल भी फेल होने की आशंका मालूम होती है । जनता ने अपने पैसे से खरीद कर चार टाइप राइटर दिये, पर सरकार की तरफ से अभी तक कुछ नहीं मिला ।

सभापति महोदय, मैं नम्र निवेदन करूँगा थोड़ा-सा मेडिकल डिपार्टमेंट के बारे में भी । श्रीमान् हैल्थ मिनिस्टर साहब से दो साल से प्रार्थना कर रहा हूँ कि रायला, भीलवाड़ा डिस्ट्रिक्ट में तहसील बनेड़ा का एक अच्छा कस्बा है, जिसमें भी अभी तक कोई देशी अस्पताल चालू नहीं है । इससे भी छोटे-छोटे गाँवों में आज भी बहुत सी यूनानी डिस्पेन्सरियाँ चल रही हैं, देशी अस्पताल चल रहे हैं; बहुत से छोटे-छोटे गाँवो में जिनकी जनसंख्या कम है, तब भी वहाँ चल रहे हैं । पर, बनेड़ा तहसील में एक भी नहीं है । तो अर्ज यह है कि एक लाख जनता में कम से कम दो अस्पताल तो चाहिये ही ।

मैं ठीक अर्ज करूँगा कि बनेड़ा तहसील में रायला गाँव है । वह बहुत अच्छा गाँव है । आस-पास की जनसंख्या भी अच्छी है दो साल से मैं प्रार्थना करते-करते परेशान हो गया और आश्वासन भी मिल रहा है पर वहाँ पर अब तक भी औषधालय नहीं बन पाया है । ३५ तो इस साल राजस्थान सरकार ने (डिस्पेन्सरियाँ) बनाई बताते हैं सारे राजस्थान में और ३५ इस आगामी साल में (सरकार) बनाने जा रही है । मैंने इसके लिए एक दर्ख्वास्त भी पेश की थी श्रीमान् हैल्थ मिनिस्टर श्री रामकरणजी के पास में ।

(हँसी एवं तालियाँ)

तो उस दरख्वास्त पर हुक्म हुआ कि सबसे पहले मान्यता इस गाँव को दी जावेगी, पर वह मान्यता न मालूम कब दी जावेगी ? मैं नहीं समझता कि वह दर्ख्वास्त कहाँ छुप गई है, कहाँ पेन्डिंग में दे दी गई है, न मालूम कौनसी रद्दी की टोकरी में दे दी गई है । सभापति महोदय, यह हमारी चिकित्सा का हाल है । वहाँ की जनता, आखिर में वह भी मनुष्य है, उनको भी दवाइयों की जरूरत होती है । अच्छे आदमी बीमार हो जायं तो डाक्टर पर डाक्टर आते हैं । वहाँ की जनता को वर्षों से दवाइयाँ नहीं मिल रही हैं । इस कल्याणकारी राज्य में वह दवाइयों की माँग करती है तो भी उनको दवाइयों तक नहीं मिल रही हैं । यह चीज बड़ी खराब है । सभापति महोदय, इससे मैं परेशान हूँ । मगर हमारे मन्त्री लोग सुनते ही नहीं हैं । कोई बात नहीं ।

सभापति महोदय, गत समय जो राष्ट्रीय सप्ताह के काम के लिए इस हाउस में हमारे चीफ मिनिस्टर साहब ने इस बात को डिक्लेयर किया था कि अपने-अपने क्षेत्रों में जो काम होंगे

[श्री कस्तूरचन्द]

उनके लिए ५० पर्सेन्ट के हिसाब से पैसा देंगे। हमने वह काम करवाया। हमने उस गाँव में रायलारोड में जाकर ४ हजार का काम करवाया और आसपास के बहुत से गाँवों में काम करवाया। हमने यह कहा कि राष्ट्रीय सप्ताह में जो काम होगा उसका ५० पर्सेन्ट के हिसाब से वे पैसा देंगे। उन्होंने जी तोड़कर काम किया, खूब अच्छा काम किया, मगर वह पैसा अब तक नहीं दिया गया। कोई सुनता ही नहीं है। पता नहीं किसके पास जाँय, किनसे मिलें, समझ में नहीं आता। उससे हमारी पोजीशन खराब हुई है। कुछ कह नहीं सकते। तो सभापति महोदय, इस तरह की चीज़ है।

महोदय, मुझे एक खास बात अर्ज करनी है। इस राजस्थान में जो स्टेटें मिली हैं उनमें सबसे पहले शाहपुरा मिलने वालों में सबसे आगे है। मैं उनको समझूँगा कि वह स्टेट राजस्थान में सबसे ऊँचा पद रखने वाली स्टेट है। सभापति महोदय, शाहपुरा बहुत अच्छा शहर है। वहाँ पर तीर्थस्थान है रामस्नेहियों का, आखिर वह स्टेट भी है। सब स्टेटों को मान्यता दी गई, मगर शाहपुरा के लिए देखते हैं तो कुछ नहीं किया है, बिल्कुल कुछ नहीं किया है। वहाँ की जनता ने और वहाँ के राजाधिराज ने राजस्थान के बनने से पहले ५० हजार रुपया इन्टरमीजिएट कॉलेज के लिए बैंक में रख रखे हैं। वहाँ पर बिल्डिंग, इमारत भी तैयार है और उस वक्त वह कॉलेज बन जाता, के बाद में राजस्थान हो जाने के बाद वह सारा काम यों का यों ही रह गया।

(समय समाप्ति सूचक घंटी)

मैं ५ मिनट लूँगा, सभापति महोदय।

श्री सभापति—२ मिनिट।

श्री किस्तूरचन्द—अध्यक्ष महोदय, ५ मिनिट लूँगा। वैसे ही मैं बोलता नहीं हूँ।

श्री सभापति—सिर्फ २ मिनिट मिलेंगे।

श्री कस्तूरचन्द—सभापति महोदय, अब इन्टरमीजिएट कॉलेज के लिए हम लोग माँग कर रहे हैं, वहाँ की जनता माँग कर रही है। डेपुटेशन आता है वह मन्त्री महोदय से कहता है, मगर सुनवाई नहीं करते हैं न मालूम क्यों? यह तो कहना ही पड़ेगा कि मन्त्री महोदय की कॉस्टीटुएन्सी में इस तरह का काम होता तो जल्दी ही हो जाता। इस तरह की इमारतें तैयार हों तो फिर सरकार को क्या तकलीफ है? अच्छी आबहवा है, खुला एरिया है, गाँव है, कस्बा है, वहाँ इन्टरमीजियेट कॉलेज नहीं किया जाय तो कैसी बात है।......

(समय समाप्ति सूचक घंटी)

[श्री कस्तूरचन्द]

अध्यक्ष महोदय, एक मिनिट और।

श्री सभापति—Order ! Order !! Jodhpur B.

श्री हरिकृष्ण व्यास—दो दिन से राजस्थान के बजट पर बहस चल रही है और उसी सिलसिले में कुछ विचार सदन के सामने प्रस्तुत करने की मेरी भी इच्छा है। अर्थमन्त्री जी ने सदन में जो अभिभाषण दिया उसमें आने वाले वर्ष के सिलसिले में उन्होंने यह कहा कि चालू वर्ष के लिए हमने एक संतुलित बजट तैयार किया है और इसी प्रकार आगामी वर्ष में हमारी तजवीज उतना ही खर्च करने की है जितना कि प्राप्त करने की हम आशा करते हैं। अन्त में उन्होंने यह नतीजा निकाला है कि जनोपयोगी एवं जनसेवाओं के अन्तर्गत हो रहे उन्नतिशील व्यय के आँकड़ों से प्रत्यक्ष प्रकट हैं कि हम दृढ़ता के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

पहले मेरी प्रार्थना यह होगी, माननीय सभापति, कि इस बात की जाँच की जाय कि क्या हम हकीकत में दृढ़ता के साथ आगे बढ़ रहे हैं या तेजी से पीछे हट रहे हैं, और इस जाँच में सबसे पहला कार्य हमें यह करना होगा कि इस राज्य की कुल मिला कर बेलेन्सशीट आज क्या है ? वर्षानुवर्ष खर्च भी होता है और वर्षानुवर्ष आमदनी भी होती है, लेकिन सन् ४६-५० से लगातार जब से कि राजस्थान का निर्माण हुआ है, तब से आज तक और १६५५ के ३१ मार्च तक के अनुमानों को जोड़ कर यदि वेलेंसशीट निकालने का प्रयत्न करेंगे तो क्या बेलेन्सशीट राजस्थान की होगी इस अरसे में ? हमने जो खर्च किया है रेवेन्यू खर्चा, जो केपिटल खर्चा किया है और इस वर्ष में जो ११ करोड़ से भी ज्यादा कैपीटल खर्चा करने के बारे में माननीय अर्थमन्त्रीजी ने जोर दिया है उसमें शायद यह बात भी कह देनी आवश्यक थी कि हमने साथ ही साथ बहुत बड़ी मात्रा में रुपया उधार लिया है और आज भी राजस्थान पर कर्जा काफी बड़ी मात्रा में है। यदि एक्स्प्लेनेटरी मेमोरेन्डम, जो हमें एक्स्प्लेन करने के लिए दिया गया है, उसके भाग ४ की ओर गौर किया जाय तो यह पता चलेगा कि ३१ मार्च, १६५४ तक भारत सरकार से राजस्थान पर कुल कर्जा १४,८४,००,०००रु० के करीब होने का अनुमान है, और ५४-५५ के वर्ष में ११॥ करोड़ रुपये का और कर्जा हमने लिया है। ११ करोड़ १७ लाख का कैपिटल खर्च हम कर रहे हैं और साढ़े ग्यारह करोड़ का कर्जा भारत सरकार से ले रहे हैं, रिहेबिलिटेशन का है, भाखरा का है, जवाई का है। मैं समझता हूँ कि उस तफसील में जाने की कोई आवश्यकता नहीं है। कुल ११॥ करोड़ का कर्ज इस वर्ष में ले रहे हैं। इस प्रकार सन् ५५ के ३१ मार्च तक २६ करोड़ ३४ लाख का कर्जा कुल भारत सरकार का हमारे ऊपर हो जायगा और ५४-५५ तक उसमें से वापिस कितना देंगे: सवा दो लाख। आयोजित किया गया है करीब सवा दो लाख। तो इस प्रकार वह २६ करोड़ ३२ लाख का कर्जा तो कुल भारत सरकार का है। तात्पर्य यह है कि २६ करोड़ ३२ लाख रुपयों का कर्जा तो केवल भारत सरकार का है। इसके बाद दूसरा हिस्सा आयेगा जो बैंक से हमारा ओवर ड्राफ्ट का घाटा चल रहा है। और माननीय सभापति, जैसा कि खुद अर्थमन्त्री जी से भाषण में कबूल किया गया है, आज के वक्त इसका आँकड़ा ६ करोड़ के करीब होगा और १ करोड़ की चालू वर्ष में कमी करने की उम्मेद है। इस प्रकार से वह आँकड़ा ८ करोड़ के नजदीक पहुँच जायगा, ऐसा अनुमान है। यह १ करोड़ कैसे कम हो जायगा इस बात की तफसील के बारे में कुछ जिक्र करूंगा, इसलिए कि सप्लाई विभाग का जो

[श्री हरिकृष्ण व्यास]

अनाज बिका है और ज्यादा अनाज की खरीद न होने के कारण डेढ़ करोड़ का जो स्टॉक था सन् ५३ में अब वह स्टॉक करीब ६० लाख का रह गया है। तो यह साफ है कि यह स्टॉक कम होने से बैंक का ओवर ड्राफट का कर्जा कुछ कम होगा ही, लेकिन ८ करोड़ का ओवर ड्राफ्ट का कर्जा मन्जूर होता है अर्थ मन्त्रीजी के भाषण द्वारा। इसके अलावा जो सिक्योरिटीज़ थीं उनकी ओर ध्यान दिलवाना चाहता हूँ। पृष्ठ ८, मेमोरेन्डम में इसका हवाला दिया गया है। सिक्योरिटीज़ में से कुछ भारत सरकार को दी जा चुकी हैं। ठीक है, कर्जा लिया है तो कुछ वापिस तो देना ही चाहिये। लेकिन करीब २ करोड़ ६० लाख रुपयों की, अर्थात् २ करोड़ से ऊपर की सिक्योरिटीज़ सरकार ने अपने खर्च के लिये एनकेश करवाली। यदि तीनों चीज़ों को जोड़ा जाय तो भारत सरकार के करीब २६ करोड़ ३२ लाख रुपये, बैंक के ओवर ड्राफ्ट के ८ करोड़ ३ लाख रुपये और जो सिक्योरिटीज़ हम इस्तेमाल कर चुके हैं अब तक २ करोड़ ८ लाख। कुल ३६ करोड़ ४२ लाख के करीब का कर्जा या घाटा राजस्थान सरकार पर मौजूद है इस वर्ष के अन्त तक। सरकार के बारे में अर्थ मन्त्रीजी ने फरमाया कि हम दृढ़ता से आगे बढ़ रहे हैं और आप पर अब भी ३६ करोड़ का कर्जा है। इसके अलावा दर्मियानी अर्से में भारत सरकार द्वारा ग्रान्ट मिली है। पूरा ५ वर्षों का आँकड़ा यदि जोड़ा जाय तो इस ग्रेन्ट की तादाद तीन या साढ़े तीन करोड़ से ज्यादा पहुँचेगी। किन्तु ५१-५२ से अब तक २ करोड़ ७५ लाख रुपयों की ग्रान्ट इन एड अलग अलग मदों में भारत सरकार द्वारा हमारी सरकार को मिली है। तो यह यदि जोड़ लिया जाय तो ४० करोड़ का केपिटल एक्सपेन्डिचर का रिटर्न हमारे पास रहा गया है। यदि हम दृढ़ता से आगे बढ़े हैं तो इन ४० करोड़ रुपयों का घाटा पूरा करने की क्षमता हमारे पास होनी चाहिए और यदि हम दूसरी और हमारे जो केपिटल एसेट्स हैं जो हमारी आमदनी का सीगा बन सकते हैं तथा जिनके जरिये हम कर्जे को उतार सकते हैं, आगे चलके, उनकी ओर नजर ठहरावें तो इस बजट में प्रस्तुत जो आँकड़े हैं वे आँकड़े एक बहुत ही दिलचस्प कहानी हमारे सामने पेश करते हैं। वह यह है उपाध्यक्षजी, कि इरिगेशन का जितना काम हमने अब तक किया है उस काम से ५१-५२ में कुल आमदनी केपिटल अकाउन्ट में थी २१ लाख और उससे कुछ ज्यादा तथा खर्चा था दस लाख से ज्यादा यानि ११ लाख रुपये की नेट आमदनी थी। इस वर्ष अनुमान लगाया गया है ३२ लाख २० हजार की आमदनी और १२ लाख ७७ हजार का खर्चा और इन दोनों की तुलना की जाय तो इस मद में करीब-करीब ६-१० लाख रुपयों की नेट आमदनी हमारी पड़ी है। अर्थ शास्त्र के कानून के मुताबिक और मेरा खयाल है, मुझे इतनी धृष्टता तो अवश्य करनी चाहिये कि हमारे वित्त मन्त्रीजी अर्थ शास्त्र का पूरा ज्ञान रखते हैं, ऐसा मान कर चलूँ तो अर्थ शास्त्र के कायदे के मुताबिक १० लाख की आमदनी बढ़ी है। इसकी यदि २॥ प्रतिशत ब्याज के हिसाब से वेल्यू करली जाय तो वह ४ करोड़ पड़ती है। तो आमदनी की दृष्टि से जो कुछ डिपार्टमेंट ने वर्क किया है उसका केपिटेलाइज्ड कीमत इतनी ही आती हैं। लेकिन आज के अर्थशास्त्र के कायदे के मुताबिक इसकी केपिटेलाइज्ड कीमत ४ करोड़ है। यदि सिंचाई की दृष्टि से अन्दाजा लगाने की कोशिश करें तो जो वित्तमन्त्रीजी ने आँकड़े दिये हैं उसके अनुसार ३१ मार्च, सन् ५५ तक ३ लाख से ज्यादा एकड़ जमीन सिंचाई में आ जायगी। एग्रीकल्चर विभाग की तरफ से जो पुस्तिका प्रकाशित की गई है उसे यदि वे खुद मुलाहिजा फरमावें तो मालूम होगा कि अभी राजस्थान में मौजूदा सिंचाई

[श्री हरिकृष्ण व्यास]

के आँकड़े हैं उनकी तादाद करीब करीब २६ लाख एकड़ है। तो तात्पर्य यह है कि काफी बड़ा हिस्सा है। यदि सिंचाई की दृष्टि से इसकी कीमत का अंदाजा लगाया जाय तो भी ६ करोड़ या ८ करोड़ से ज्यादा कीमत उसकी नहीं हो सकती। तब फिर दृढ़ता से आगे बढ़ रहे हैं किधर? जिस राज्य के ऊपर ४० करोड़ का कर्जा हो और जो अपनी इस आमदनी में से ६ करोड़, ८ करोड़ या १० करोड़ रुपया केपिटल एक्सपेन्डिचर करता हो वह तो वह कैसे कह सकता है कि हम आगे बढ़े। लेकिन जिस राज्य में रेवेन्यु सरप्लस नहीं है और जिसे खर्चा पूरा करने के लिए रेवेन्यु खर्चे का केपिटल एक्सपेन्डिचर का नाम देना पड़ता है वह कैसे कह सकता है कि हम दृढ़ता से आगे बढ़े। इस प्रकार का खर्चा करके गलत चित्र पेश किया जा रहा है। ऐसा कौन सा खर्चा है जो केपिटल एक्सपेन्डिचर हो रहा है। सवाई मानसिंह अस्पताल में आउट पेशेन्ट्स के लिए वार्ड बन रहा है, उसे भी केपिटल एक्सपेन्डिचर बताया जाता है, लेकिन ऐसा नहीं है। जो आमदनी आगे चल कर दे सके उसे केपिटल एक्सपेन्डिचर कहा जा सकता है। केपिटल एक्सपेन्डिरचर रेवेन्यु के बोझ पर कैसे चल सकता है? जो राज्य अपनी रेवेन्यु की कमी के कारण सिक्योरिटीज़ बेच कर आगे चलता है वह आगे चलनेवाला राज्य नहीं कहा जा सकता।

अब जरा साथ ही साथ दूसरी ओर आपका ध्यान मैं आकर्षित करना चाहता हूँ। यह ४० करोड़ की देनदारी हमारे राज्य पर हुई उसके अलावा और क्या हुआ? फेमिन रिलीफ फण्ड था जो पुराने जमाने से चला आ रहा था। ३० लाख रुपये हर साल सरकार इस फण्ड में जमा करती थी और जितनी आवश्यकता होती थी उसके अनुसार खर्च का बजट बनता था। सन् ५२-५३ में फेमिन रिलीफ फण्ड में जमा हुए ३० लाख रुपये और खर्च हुए १०४ लाख रुपये। ५३-५४ में इस फण्ड में जमा हुए ३५ लाख ४४ हजार और खर्च हुआ ५१ लाख १५ हजार। तात्पर्य इसका यह है कि फेमिन रिलीफ फण्ड को भी हम धीरे-धीरे खाते जा रहे हैं। ३० लाख जमा करते जा रहे हैं और ५२-५३ में १ करोड़ खर्च करते हैं और ५३–५४ में ५१ लाख रुपये फेमिन रिलीफ फण्ड में खर्च किये और टोटल में नीचे की ओर दृष्टि किये हुए हैं इसके लिये कोई ताज्जुब की बात नहीं है। जो डिटेल्ड बजट के आँकड़े प्रस्तुत हुए हैं उसमें पब्लिक अकाउन्ट्स में कोशिश की पता लगाने की, काफी गौर से देखने की कोशिश की; लेकिन फेमिन रिफील फण्ड का क्लोजिंग और ओपनिंग बेलेंस का कोलम खाली पड़ा मिला। क्यों न खाली हो? वह तो दिखता है तरक्की के नीचे की ओर। पहले भी हनवन्त बेलेवलेन्ट फण्ड सरकार के पास था उसमें और जो-जो रिफीली फण्ड था वह खर्च हो गया है। धीरे-धीरे हमारे एसेट्स कम होते जा रहे हैं। यह बतलाने के बजाय कि आपकी राज्य सरकार केवल भारत सरकार की मदद और कर्ज पर अपने आप को बचाये हुए है वित्त मन्त्रीजी कहते हैं कि हम दृढ़ता से आगे जा रहे हैं। यह गलत धारणा लोगों में फैला रहे हैं।

यह बजट की निस्बत गलत भावना लोगों में देने के प्रयत्न की बात है, यह भी मैं कहूँगा।

इस प्रकार की एक चीज मैं आपके ध्यान में और लाऊँगा। वह यह है कि एक महकमा है सिविल सप्लाईज। इस महकमे की भी क्या हालत है? मन्त्री महोदय उस दिन यह कह कर टाल गये

[श्री हरिकृष्ण व्यास]

कि हमारे पास हिसाब-किताब नहीं। यदि आप पब्लिक एकाउन्ट्स कमेटी की इस डिपार्टमेंट के बारे में रिपोर्ट पर गौर करें, मेरा खयाल है कि कल वह सदन के समक्ष उपस्थित की जा चुकी है; उसको पढ़ने से आपको पता चलेगा कि २१ मार्च, सन् १९५३ को सिविल सप्लाईज़ महकमे पर ३४६०००००) रुपया ग्रेन ट्रेडिंग, देनदारी, overdraft या बकाया का था और इस महकमे के पास अनाज केवल १ करोड़ २६ लाख का होगा। फिर ये २ करोड़ क्या हुए? क्या कोई सड़ गया होगा, आने जाने में कम पड़ गया होगा या मैं यह कहूँ कि और कहीं गया होगा। लेकिन ग्रेन डीलिंग की जो माँग हुई उसमें २ करोड़ का साक्षात घाटा १९५३ तक तो देखा जिसमें सुपर एडमिनिस्ट्रेटिव चार्जेज़ में आमदनी भी शामिल है।

जहाँ कहीं पैसा जमा था, एरियर्स थे वह धीरे-धीरे कम होता जा रहा है और जो खर्चा कर रहे हैं वह कर्ज से या भारत सरकार की इमदाद से कर रहे हैं।

अब मैं दो या तीन बहुत ही दिलचस्प बातों की ओर सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। न सिर्फ बजट में चित्र गलत बताया गया है, मुझे कहना तो नहीं चाहिये क्योंकि अभी फिर कहीं अनपार्लियामेंटरी का सवाल उठाया जायगा, लेकिन मुझे माफ किया जाय; मुझे कहना पड़ेगा कि हम लोगों से लुका-छिपा कर, जान-बूझ कर लुकाव-छिपाव किया जाता है। मैं आपका ध्यान सबसे पहले जो स्टेटमेंट हमको दिये गये हैं उस स्टेटमेंट के पेज १९ की ओर दिलाऊँगा कि जहाँ आमदनी का जिक्र करते-करते पिछली साल की अनुमानिक आमदनी, रिकवरी के आँकड़े ४ लाख दिये गये हैं तो वह आँकड़े, अनुमानित आँकड़े अचानक २० हजार रह गये। कहा गया था कि कुल वसूली २४ लाख से भी ज्यादा होगी। इस वर्ष वसूली नहीं हुई क्योंकि रिवाइज्ड स्टेटमेंट में इस वसूली का जिक्र नहीं जो कि २० लाख की वसूली बकाया बताई गई थी। क्योंकि इसे छोड़ने का फैसला कर लिया गया है, लेकिन सदन के सामने इसको राइट ऑफ की मंजूरी लेने की इच्छा नहीं इसलिये इसे केवल नोमीनली रख दिया गया ताकि कोई कुछ कह नहीं सके।

मिनिस्टरों की गाड़ियों के लिये खर्च का अनुमान ५३-५४ में बजट एस्टीमेट केवल ३०००) रुपया लगाया गया था। मुझे याद है कि इस सदन में कई सदस्यों ने और मैंने भी कहा था कि यह नामुमकिन है कि ३ हजार में यह खर्चा पूरा हो जाय, फिर सप्लीमेंटरी डिमांड आयगी और फिर बाद में जल्दी-जल्दी पास कराने की कोशिश की जायगी। पर महज इसलिये कि आलोचना हो रही थी उसको रोकने के लिये यह जगलरी ऑफ फीगर्स की जा रही थी। तो इस पर उस वक्त के वित्त मन्त्रीजी ने कहा था कि यह बिल्कुल झूठ बात है। अब ३०००) रुपयों की जगह २००००० (दो लाख) का रिवाइज्ड एस्टीमेट हो गया है, कितनी छोटी रकम है।

एकाउन्टेन्ट जनरल के ऑफिस से कभी-कभी जिक्र आता है कि ४० पर्सेंट, ५० पर्सेंट इन्क्रीज़ हो गया है उस पर लोगों की नज़र जाती है पर मेरा खयाल है और मैं काफी जिम्मेदारी के साथ कह सकता हूँ कि भारत में शायद एक भी राज्य सरकार ने ऐसा नमूना, जैसा कि वित्त मन्त्रीजी

[श्री हरिकृष्ण व्यास]

पेश करते हैं, आज तक पेश नही किया होगा। जहाँ ३ हजार की जगह मोटरों का रिवाइज्ड़ बजट २ लाख का हो जाता है, यह जादूगरी का काम है। यह सब इसलिए कि छुपाने की कोशिश की जाती है।

सबसे बड़ी दिलचस्प बात तो यह है कि मोटरें खरीदी गई मन्त्री महोदयों के लिये ? मैं पूरा बजट छान गया, हो सकता है कि मेरी समझ कम हो सकती है पर इन मोटरों का खर्चा किस मद में डाला गया है, इसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता। हाँ, गेरेज में अलबत्ता थोड़ा प्रोवीज़न बढ़ाया है। पिछले वर्ष में साढ़े तीन लाख का प्रोविजन था, उसको बढ़ा कर ४ लाख का प्रोविजन कर दिया गया है, रिवाइज्ड एस्टीमेट ४ लाख १६ हजार का कर दिया है।

इन मोटरों का खर्चा गेरेजेज़ में से और अदर चार्जेज़ में से लिया गया है या कहीं और से, यह तो वित्त मन्त्रीजी ही बता सकते हैं कि कहाँ से लिया गया था। मेरा खयाल है कि गेरेजेज़ और अदर चार्जेज में से अगर लिया गया है तो यह कहाँ तक न्याय है ? एक इतने बड़े मद का खर्चा किया जाता है वह लिया जाता है गेरेजेज़ में से नहीं आफिसर्स की-पे स्टाफ की पे तथा अदर चार्ज के खाते हैं और उस other charges को १ लाख बढ़ाकर यह खर्च किया जाता है।

ये ऐसे मसले हैं जिनसे जाहिर होता है कि बजट के बारे में गम्भीरता नहीं बरती जाती। जहाँ आलोचना की जाती है वहाँ आलोचना से बचने के लिये कमी करने की बजाय जगलरी की जाती है।

डिटेल्ड बजट के पेज २६४-२६५ पर गौर फरमायेंगे तो पता चलेगा कि कोन्टीजेन्सी फंड राजस्थान सरकार को दिया गया है उससे कहीं ज्यादा इस वर्ष में एड्वान्स हो चुका है ५० लाख की बजाय ८७ लाख और बाद में यह रुपया रिकूप (recoup) हो चुका है। कॉटिन्जेन्सी फंड इसलिये रखा जाता है कि जब अनफोरसीन काम के लिये रुपये की आवश्यकता हो तो उससे ले लिया जाय। जैसे असेम्बली का अधिवेशन हुआ तो मन्जूरी लेली और उसके पहले आवश्यकता हुई तो कॉटिन्जेन्सी फंड में से एड्वान्स ले लिया।

तो इस तरह ५० लाख का जो कॉटिन्जेन्सी फंड है उसकी जगह दिया और रिकूप कर लिया है ८७ लाख रुपया। इससे साफ ज़ाहिर है कि बजट में जगलरी की गई है; जब चाहा जैसा खर्चा कर दिया और फिर वोट्स के जोर पर पास करा लिया। इस प्रकार की बातें हम बजट में देखते हैं। यह तो हुआ हमारे राज्य का बेलेन्स शीट का हाल। अब यह देखना है कि हमारे करेंट एकाउन्ट का क्या हाल है। वित्त मन्त्रीजी ने वर्तमान के बारे में कहा कि हमारी रेवेन्यु की आमदनी साढ़े इक्कीस करोड़ तक पहुँच गई है और हमने रेवेन्यु में उन्नति की है।

मैंने देखने की कोशिश की कि ऐसे कौनसे सीगे हैं जिनसे राजस्थान की आमदनी इतनी बढ़ी है, ऐसे कौनसे आमदनी के सीगे हैं कि पिछले ५ वर्ष में राजस्थान की आमदनी ७ करोड़

Page No.65

[श्री हरिकृष्ण व्यास]

बढ़ गई। पर इसमें देखा तो मुझे बड़ी नाउम्मीदी हुई क्योंकि इसमें ७७ लाख तो केन्द्रीय सरकार से जो Excise का हिस्सा मिला है वह इस आमदनी में शामिल है और इन्कम टेक्स की २ करोड़ १० लाख की आमदनी पहले से बढ़ी है वह शामिल है।

इसके अलावा एक और आमदनी बढ़ी है, जो १ करोड़ ७७ लाख रुपया भारत सरकार से मदद मिलता है वह तो इस आमदनी में शामिल है ही इसके अलावा गवर्नमेंट प्रेस की आमदनी १० लाख बढ़ी है। अलग-अलग महकमों का काम प्रेस में होता है और उनके बिल पास होते हैं तो यह आमदनी बड़ी है। इरिगेशन की आमदनी बढ़ी है। सिविल वर्क्स की आमदनी बढ़ी है। भारत सरकार से १० पर्सेंट ज्यादा मिला था, गिना लिया आमदनी बढ़ी। ६० लाख ज्यादा रुपये मिले परन्तु वह कम कराने के लिये वापिस इन्तजाम कराने के लिए खर्च करना पड़ेगा। १० परसेंट की आमदनी हुई तो क्या यह कोई निश्चित जैसी वह आमदनी नहीं है। यह Illusory आमदनी है।

इस प्रकार हम देखें तो साढ़े पाँच करोड़ की आमदनी तो भारत सरकार की देनदारी और मदद की वजह से हुई है, जो केवल देनदारी है।

एक मद में जरूर आमदनी बढ़ी है, वह है लैंड रेवेन्यू। यह करीब ७५ लाख बढ़ी है।

लेकिन इसकी खासियत पर आप गौर फरमावेंगे तो आपको मालूम होगा कि हमें सन् १९५०-५१ से लेकर १९५३-५४ तक इस मद में ७५ लाख रुपये बैठेंगे। अभी जागीरें खतम करने का या पुनःग्रहण करने का कार्य शुरू ही नहीं हुआ है और न जल्दी ही होने की आशा है; अभी तो बात-चीत का दौर है, लेकिन इस बीच में ७५ लाख की आमदनी बढ़ चुकी है और अगले वर्ष में ७५ लाख रुपये बढ़ने की उम्मेद है। जिसमें अभी तक जयपुर, कोटा डिविजन में सेटलमेंट का रिविजन होना बाकी है। इस आमदनी बढ़ने का एक कारण यही है कि लगातार लगान बढ़ते जा रहे हैं और यदि कोई इस बात की जाँच करेंगे या छान बीन करेंगे तो पता लगेगा कि राजस्थान में लगान बड़ी तेजी से बढ़ रहे हैं। जो लगान आज से २-३ वर्ष पहले थे उनसे दुगने-तिगुने लगान बढ़ गये हैं।

मैं यह आपको बता देना चाहता हूँ कि आज से दो-तीन साल पहले मेड़ता में चाही जमीन का लगान था, उससे कहीं ज्यादा लगान अब हो गया है। मेड़ता में पहले चाही जमीन का लगान $\frac{3}{2}$ से $\frac{3}{2}$ था और अब है। वहाँ से आगे बढ़ते जावें तो सोजतवाली देसूरी में $\frac{5}{6}$ रुपये हो गये और साँभर से आगे फुलेरा में जहाँ का खारा पानी है वहाँ ८$\frac{3}{4}$ रुपये की दर मुकर्रर की गई है। इसके आगे जब हम बढ़ते हैं तो बांदीकुई में १३$\frac{1}{2}$ रुपये हो जाते हैं और जमुआ रामगढ़ में १७$\frac{1}{2}$ रुपये की दर है।

[श्री हरिकृष्ण व्यास]

जहाँ राजस्थान जैसे प्रान्त में १७½ रुपये की दर चाही जमीन में लगाई जाए तो इतनी बड़ी रकम क्यों न आए, आमदनी क्यों न बढ़े ? जरूर बढ़ेगी और बढ़नी चाहिये । लेकिन इस आमदनी बढ़ने से सबसे बड़ा भार किसानों पर पड़ता है । इसके अलावा गंगानगर में भी जो पहले गंग केनाल में सिंचाईकी दर थी वह भी बढ़ाई गई है और इससे भी आमदनी ८-१० लाख बढ़ने की उम्मीद है ।

अगर इसी प्रकार दिनों-दिन लगान बढ़ता गया और आमदनी बढ़ाई जाने के प्रयत्न होते रहे तो इसका भार बेकार ही जनता और गरीब किसानों पर लादा जाएगा और मैं यह साफ कह देना चाहता हूँ कि सरकार जो आमदनी बढ़ाने का तरीका सोच रही है, हमारी आर्थिक हालत को सुधारने के लिये, उससे हमारी आर्थिक हालत नहीं सुधरेगी, बल्कि ज्यादा खराब होगी । जनता की आर्थिक स्थिति ज्यादा खराब होगी और बहुत सा बोझा उस पर नये-नये करों का लद जावेगा ।

इसके अलावा बजट जो हमारे सामने प्रस्तुत है उसके आंकड़े खुद बतावेंगे कि इरिगेशन और लेन्ड रेवेन्यू के अलावा किसमें आमदनी बढ़ी है । पुलिस और शिक्षा में पुरानी रिकवरी से एक-एक लाख बढ़ा । मैं इनका जिक्र नहीं करना चाहता क्योंकि ये आमदनी के सीगे नहीं हैं ।

एक्साइज़ ड्युटी में ३० लाख की कमी हो गई है । दूसरे टेक्सेज़ और ड्युटीज़ में माननीय मन्त्रीजी ने बताया और सेल टेक्स का बिल पेश करते हुए कहा कि २ करोड़ का घाटा होगा लेकिन मैं यह कहना चाहता हूँ कि दो करोड़ का घाटा तो बजट में नहीं दिखाया गया, ३०-४० लाख के घाटे का अन्दाजा लगाया है ।

आपने बताया कि माइनिंग महकमे में आमदनी कम होगी, बिजली के महकमे में घाटे की उम्मीद है । मैं यह कहूँगा कि जिन विभागों से सरकार को आमदनी मिलनी चाहिये थी उन मदों में घाटा हो रहा है । यह घाटा इसलिए कि जनता की माली हालत बिगड़ रही है और उन महकमों का इन्तजाम ठीक नहीं हो रहा है । उनका इन्तजाम ठीक ढंग से हो रहा है या नहीं, उनकी तफसील में १-२ मिनट बाद कहूँगा, लेकिन यह जरूर कहूँगा कि माइनिंग महकमे और दूसरी टेक्सिंग ड्युटीज़ और एक्साइज ड्युटी में कम आमदनी हुई है । उसका क्या कारण है और उससे आप क्या अन्दाजा लगा सकते हैं ? इससे यही अंदाजा लगाया जा सकता है कि आगे आने वाले एक-दो सालों में या उसके बाद जो हमारी आमदनी होने वाली है वह क्या होगी ? इसका अन्दाजा लगाना या फोरकास्ट (forecast) करना फाइनेन्स मिनिस्टर का काम है और अगर वे सही फोरकास्ट नहीं कर सकते तो मैं समझता हूँ कि उनकी फोरकास्ट का क्या असर होता है ! इसलिये मैं यह कहूँगा कि अगर भारत सरकार की तरफ से जो ग्रान्ट इन एड राजस्थान सरकार को दी जा रही है अगर वह नहीं आए और इसमें भी यह बात है कि दो साल पहले शिक्षा के लिये १½ रुपया आए । साल भर में कोई खर्चा नहीं किया गया और न कोई एडजस्टमेंट किया गया और यह कहा गया कि अगले साल करेंगे ।

[श्री हरिकृष्ण व्यास]

कोम्युनिटी प्रोजेक्ट के लिये ८ लाख आए हैं। अगर हिसाब-किताब लगाया जावे तो ४ लाख रुपया भारत सरकार का असली हिस्सा है और ४ लाख इजाफा मिल गया है, तो हमारी बजट की हालत बिगड़ जायगी।

यदि गवर्नमेंट ऑफ इन्डिया जो ग्रान्ट इन एड देती है यदि वह बन्द हो जावे तो मैं कहूँगा कि बजट में गहरा गड्ढा हो जावेगा। उसके अलावा बाद में फिर कस्टम बन्द करना पड़ेगा। अभी तो आप सेल टेक्स लाने के पहले ही किसानों के बैलों के जोड़ी से १६ रुपये लेते हैं, किसानो की बकरी के ६–७ रुपये देने होते हैं, एक मुर्गी के अन्डे के दो आना का टैक्स है, इतना होते हुए भी यदि कस्टम उठा तो ३।। करोड़ का और अलग गड्ढा हो जायगा। इसके लिये हमें अपनी उन्नति के नये आमदनी के मार्ग ढूढ़ने होंगे और ढूढ़ने चाहिए। लेकिन हम देखते हैं कि उनके बजाय यह किया जा रहा है कि नये-नये टैक्सों का बोझा जनता पर लादा जा रहा है और नये खर्चों का जिम्मा लिया जा रहा है।

जागीरदारों को जो मुआवजा देने का करोड़ों रुपयों का खर्चा, जो पहले मंजूर किया गया था उससे भी ज्यादा दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में जब बिल आवेगा उस समय बहस में मैं कुछ कहूँगा। लेकिन क्या किसी ने यह सोचा है जो इतनी बड़ी रकम २५ करोड़ का मुआवज़ा दिया जावेगा वह कहाँ से दिया जावेगा? अगले वर्ष के बाद यह कहा जावेगा कि हमारे बजट में घाटा है और नये टैक्स लगाने चाहिये। इस प्रकार नये टैक्स लगाकर लोगों पर बोझा लादा जावेगा? यह कहा जावेगा कि म्युनिसिपल टैक्स बढ़ा दिया जावे या बेटरमेंट टैक्स बढ़ा दिया जावे।

तो फिर क्या नहीं है। लोग कहेंगे कि ये इस प्रकार के खर्चे बे-वाजिब हैं, गैर वाजिब हैं। राज्य सरकार को हम·····

श्री टीकाराम पालीवाल (वित्त मन्त्री)—Mr. Chairman, Sir. Government is spending a lot of money on the Loud-speakers. If they are useless we should be allowed to remove them. My friend is spending so much energy.

श्री हरिकृष्ण व्यास—I entirely agree, Sir. The trouble is not the loudspeaker but with my emotions which are continuously being aroused by the ill deads of the other side.

तो मैं अर्ज कर रहा था, माननीय अध्यक्ष, कि जो नये खर्चे दिये जा रहे हैं। अब मौजूदा खर्चे भी कैसे और क्यों किये जा रहे हैं, जरा आप इस पर भी गौर फरमावें। राजस्थान ही ऐसा राज्य है कि जहाँ केवल राजप्रमुख की संस्था पर ही खर्चा जो होता है वह करीब-करीब सारे दूसरे राज्य, उड़ीसा जैसे राज्य, को मिलाकर दस गुना होता है। २१ लाख रुपयों का खर्चा इस राजप्रमुख की संस्था पर राजस्थान को लगता है और उड़ीसा के गवर्नर पर जो खर्चा होता है सुनते हैं कि वह

Page No.68

[श्री हरिकृष्ण व्यास]

२॥ लाख होता है। काश्मीर में तो उससे भी कम होता है। मुख्य मन्त्री जी को सपने में, रात को ख्वाब में भी देखते हैं तो कॉम्युनिस्ट पार्टी का कार्य-क्रम ही शायद नज़र आता है, इसलिए राजप्रमुख की जो बात कही है उससे हिंसा, क्यॉस (chaos), वायोलेस (violence) ही कुछ नज़र आयेगा। लेकिन मैंने यह विधान, जिसकी कि यहाँ पर बार-बार दुहाई दी जाती है, देखने की कोशिश की किन्तु महाराजप्रमुख और उपराजप्रमुख को भत्ते आदि विधान की कौनसी धारा में दर्ज कर दिये गये हैं मुझे तो मिले नहीं, माननीय सभापति, कहाँ स्थान है; कुछ नहीं मिला। एग्रीमेंट को देखने की कोशिश की तो मालूम हुआ कि कवेनेन्ट पर दस्तखत खरीदे गये हैं; खरीदे गये होंगे, माननीय सभापति, किन्तु यदि उनको जो कुछ भी देना हो तो भारत सरकार दे। किन्तु साढ़े छः लाख रुपया राजप्रमुख का अलाउन्स, छः लाख रुपया महाराज प्रमुख का अलाउन्स, एक लाख रुपया उप राजप्रमुख का अलाउन्स और पेज २४१ के अन्दर जो डिटेल्स दी हुई हैं उनको देखें तो आपको मालूम होगा कि ५ लाख रुपया चेरेटी के रूप में महाराणा साहब उदयपुर को दिये जाते हैं। तो इस प्रकार कुल मिलाकर ३१ लाख का खर्चा किया जाता है। इसमें कौनसी उलझन आ जायगी? उड़ीसा के गवर्नर पर जो खर्चा दिया जाता है वह भी, मैं कहूँगा कि क्यों होता है? काश्मीर के अन्दर जिस प्रकार सदरे रियासत रखे गये हैं उसी प्रकार विधान के अन्तर्गत सदरे रियासत का स्थान रख दिया जाय और बाकी अगर जो कुछ भी देना हो तो वह भारत सरकार दे। हम उसके बारे में कोई खर्चा नहीं उठाना चाहते।

अगर आप सेक्रेटेरियेट और मन्त्रियों की ओर ध्यान दें तो मालूम होगा कि खर्चा बढ़ता ही चला जा रहा है। उस दिन श्रीमन् मुख्य मन्त्रीजी और भूतपूर्व वित्त मन्त्रीजी ने बताया कि एडीश्नल चीफ सेक्रेट्री रखने की वजह से हमको बहुत बड़ा खर्चा करना पड़ा। बजट में मैंने देखा तो मालूम हुआ कि २६,८०० रुपये रखे गये हैं जब कि केवल २२१३ रुपये अधिक खर्च करने पड़े हैं। लेकिन नये-नये अफसरों की नियुक्तियों का हिसाब लगाया गया है। ७ सेक्रेट्रीज़ थे, वहाँ अब ९ सेक्रेट्रीज़ का अन्दाजा लगाया गया है। असिस्टेन्ट सेक्रेट्रीज़ की तादाद बढ़ा दी गई हैं, ऑफिसर ऑन स्पेशल ड्युटी की तादाद बढ़ा दी गई है और एक सज्जन तो अभी २ स्माल सेविंग्ज ऑफिसर और मुकर्रर हो गये हैं। लेकिन उसके बाद नीचे के हिस्से में आप देखेंगे तो मालूम होगा कि १९८ साइकल सवार थे उनकी जगह १५६ कर दिये गये हैं। तो यह भी खर्चा विशेष बढ़ाया जा रहा है, यह ठीक नहीं हैं। मैंने छान बीन की माननीय सभापति कि पिछले साल ५३-५४ में मेन्टीनेन्स ऑफ रनिंग कार्स (maintinance of running Cars) के नाम पर अलग-अलग महकमों के नाम जितनी रकम रखी गई है, उसकी जोड़ मैंने लगाई; जोड़ लगाने के बाद नतीजा यह आया कि सब की टोटल ९,८५,०००) रुपये पहुँची है। इस वर्ष आशा यह थी कि यह रकम शायद कुछ कम हो जाय क्योंकि सरकार की ओर से इकोनोमी चल रही है। इस वर्ष का टोटल लगाया तो ११ आइटम ऐसे निकले हैं कि जिनमें २००)-५००) या हजार रुपयों तक की कमी की गई है, लेकिन एक बड़ा आइटम तीन हजार से २ लाख का है। इस प्रकार मेन्टीनेन्स ओफ रनिंग कार्स का टोटल इस मद पर इस वर्ष जो खर्चा है वह १० लाख से कहीं ज्यादा पहुँचा है और उसमें जो स्टेट गेरेज पर खर्चा किया जा रहा है जोड़ा नहीं गया है। अगर उसका खर्चा भी २ लाख से ऊपर जोड़े तो मोटरों-मोटरों

Page No.69

[श्री हरिकृष्ण व्यास]

में ही सरकार की ओर से १३ लाख रुपया सालाना खर्च किये जा रहे हैं। अब किन महकमों के पास कितनी मोटरें हैं, वे किस काम आती हैं, किस हालत में हैं, इस तफसील में इस वक्त जाना मुश्किल है क्योंकि समय नहीं है और कट मोशन्स के वक्त जब मौका मिलेगा तो में इनकी तफसील में अवश्य जाऊँगा; लेकिन एक बात अवश्य कह दूँ कि जिन महकमों को आप रिट्रेन्च करते हैं, जैसे सिविल सप्लाइज़ का डिपार्टमेन्ट है, तो उनकी मोटरों का क्या किया जायगा ? ऐसी मोटरों के, मेन्टीनेन्स ऑफ रनिंग कार्स के खर्च के सम्बन्ध में उनका क्या जवाब है ? यदि वित्त मन्त्री महोदय इसका जवाब दे देते तो पता लग जाता कि कितना माइन्ड इस ओर एप्लाई किया गया है ? सरकारी मोटरों का कितना दुरुपयोग होता है, कितनी फिजूलखर्ची होती है, इसकी एक बड़ी मिसाल कागजों के प्रमाण के आधार पर में आपको बता दूं। आज से दो साल पहले एग्रीकल्चर विभाग में चार जीपें खरीदने के लिए मन्जूरी दी गई। जब उनके सिलसिले में पूछा गया तो मालूम हुआ कि कुओं को गहरे करने की मशीनरी जो आई है जिसके लिए कि भारत सरकार ने पैसा दिया था, उसको इधर से उधर लाने-लेजाने के लिए खरीदी गई हैं। बहुत अच्छा कार्य है। वे दो साल नहीं बीते कि वे जीपें जो उस मशीनरी के लिए खरीदी गई थी कहाँ रह गई और उस मशीनरी के लिए ६ ट्रेक्टर नये खरीदे जा रहे हैं। जब पूछा गया कि चार जीपें खरीदी गई और जिनके लिए मन्जूरी दी गई थी उनका क्या हुआ ? मैं आपको बताऊँ कि वे जयपुर की सड़कों पर ऑफिसर्स के लिए भर-भर करती हुई फिरती हैं। उनका haulage करता है। कोई माननीय सदस्य देखना चाहें तो देख सकते हैं। यह एक ही महकमे की बात नहीं है। चाहे आप पुलिस को ले लीजिये, एजुकेशन को लीजिये, लेबर को ले लीजिये; कई ऐसे महकमे है, जिनके हैडक्वार्टर्स राजधानी में हैं, न जिनको कोई ट्रनिंग का काम पड़ता है किन्तु उनके लिए भी मोटरों की व्यवस्था है और यहाँ तक कहा जाता है, माननीय सभापतिजी, कि हैड ऑफ दी डिपार्टमेन्ट अगर सेक्रेटेरियेट में किसी सेक्रेट्री से मिलने जाय तो वे उस महकमे की गाड़ी ले जाते हैं और इसलिए उसकी मेन्टीनेन्स के लिए तीन हजार रुपया उस महकमे के लिये रख दिया गया है। मेरा, माननीय सभापतिजी यह साफ और निश्चित मत है कि इसमें लाखों रुपयों के बचत की गुन्जाइश है और यदि आपकी आज्ञा हो तो में यह भी अर्ज कर दूं कि तीन बार इस बारे में सोचा गया है। कमेटी भी मुकर्रर की और उस कमेटी ने खर्चा कम करने की सिफारिश की किन्तु हेड्स ऑफ डिपार्टमेन्ट्स उसमें खुद थे, इसलिए उसका नतीजा कुछ नहीं हुआ। रहे वहीं के वहीं। ६ लाख का पिछले बजट का खर्चा और गेराज का खर्चा भी जोड़ दें तो इस साल यह रकम १३ लाख से ऊपर बढ़ जाती जती है।

(समय समाप्ति सूचक घंटी)

श्री हरिकृष्ण व्यास—मुझे कन्क्ल्युड (Conclude) करने का तो मौका दें।

श्री सभापति—You had your time.

श्री हरिकृष्ण व्यास—मैं सभापति महोदय अब अपनी स्पीच कन्क्ल्युड करने की कोशिश करूंगा। मुझे कुछ समय और दिया जाना चाहिये; केवल पाँच मिनिट।

श्री सभापति—दो मिनिट और दिये जाते हैं।

श्री हरिकृष्ण व्यास—माननीय सभापति, चूँकि समय बहुत कम है इसलिए मैं ज्यादा तफसील में न जाकर सिर्फ दो-एक बातों की ओर सदन का ध्यान आकर्षित करूँगा। इस खर्चे के अलावा एक और नई चीज़ राजस्थान में हो रही है, वह यह कि इस राजस्थान सरकार का लाखों नहीं करोड़ों रुपया दूसरों में बाकी है वह भी इस सरकार से वसूल नहीं होता। बिजली घर की बात ही लीजिए उनका एक करोड़ बाकी है। सिविल सप्लाइज़ की बात लीजिये, सुनते हैं सिविल सप्लाइज का करीब ६० लाख रुपया बाकी है कोई कोई तो कहते है कि करीब तीन करोड़ रुपये सिविल सप्लाइज़ महकमे के बाकी हैं। मकान के किराये का करीब पाँच लाख रुपया बाकी है। भारत सरकार से भी कुछ पैसा लेना बाकी है कई प्रकार के कर्ज लोगों को दिये हुये हैं वो भी बाकी हैं। इस प्रकार कुल मिलाकर करीब ४ करोड़ रुपया राजस्थान सरकार का लेना है। न मालूम यह रुपया राजस्थान सरकार से वसूल होगा या नहीं। अगर साल दो साल में यह नहीं हुआ तो सब रुपया एक प्रकार से डूबा हुआ ही समझा जाना चाहिये। हमने करीब आठ करोड़ रुपये का ओवरड्राफ्ट ले रखा है उसका हम ब्याज देते हैं और अपना खुद का पैसा वसूल नहीं करते। हम दो करोड़ इन्वेस्ट भी कर चुके हैं, कई कम्पनियों के हमने शेयर्स खरीद रखे हैं। पुराने रजवाड़ों में जो कुछ पैसा दिया था वह तो है ही और उसके बाद भी हमने राजस्थान बनने के बाद भी कुछ रुपया call money के रूप में दिया है। उन रकमों की तरफ भी कभी हमारी राजस्थान सरकार ने ध्यान दिया है ? मिसाल के तौर पर मैं अर्ज कर दूँ जो सूची हमें दी गई है शेयरों की उसमें अम्बिका एयर लाइन्स के भी ३ लाख के शेयर्स हैं जो करीब तीन लाख रुपये के हैं जो लिस्ट में शामिल किये हुये हैं। सारी दुनिया को मालूम है कि अब इस कम्पनी का कोई अस्तित्व नहीं है। तो फिर इसको राइट ऑफ करके कम से कम दो लाइन कागज की तो बचत की होती तो भी अच्छा रहता। कभी हमारी सरकार ने यह भी सोचा है कि इन शेयरों से हमें कितनी आमदनी होती। कभी उन्होंने इस प्रकार की कोई रिपोर्ट भी सदन के सामने पेश करने की कोशिश की है ? कभी हमारे फाइनेन्स विभाग ने इस पर गम्भीरता से सोचने की तकलीफ की है ?

अन्त में माननीय सभापतिजी, जो खरीददारी की जाती है उसमें भी बहुत सारे गोटाले होते हैं और बहुत ज्यादा खर्च किया जाता है। हमारा एक प्लान्ट प्रोटेक्शन विभाग है। इसके संबन्ध में कुछ जिक्र पब्लिक अकाउन्ट्स कमेटी में आया था, तो उससे पता चला कि जिस डस्ट (टिड्डी मार पाउडर) को भारत सरकार २५०) रु० प्रति टन बेचती है और २५०) रु० प्रति टन के हिसाब से भारत सरकार को देने को तैयार थी और दिया भी है वह यहाँ के विभाग ने ५००) रु० और ६००) रु० प्रति टन के हिसाब से खरीदा है। जो डस्ट स्प्रेडिंग मशीन २८)-२६) रु० के हिसाब से आती है उसी को राजस्थान सरकार ने ६०) रु० के हिसाब से खरीदा है इस तरह से माननीय सभापतिजी एक ही विभाग में गोटाला हो यह बात नहीं। यदि तमाम महकमों की जाँच की जाय तो हमको यह मालूम होगा कि करोड़ों रुपयों का गोटाला इन महकमों में है।

पुलिस विभाग के बारे में मैं यह कहना चाहता हूँ कि जो छोलदारियाँ खरीदी गई उनमें भी काफी गोटाला हुआ है। मार्च का महीना खत्म हो रहा था, पैसे के लेप्स हो जाने का अन्देशा था

[श्री हरिकृष्ण व्यास]

जल्दी-जल्दी दौड़-धूप कर छोलदारियाँ खरीदी गई, परन्तु डिलीवरी अक्टूबर तक होती रही है। उसके लिए पूछा गया कि वह अक्टूबर के महीने में भी डिलीवरी कैसे ली गई थी तो कहा कि हमने खरीद कर दुकानदार के यहाँ ही इनको रहने दिया। उसकी देखभाल के लिए क्या हमने कोई चौकीदार रखा था वहाँ पर जिससे हमें यह विश्वास हो सके कि इसमें कोई गोटाला नहीं हुआ? किन्तु नहीं। न तो कोई चौकीदार वहाँ रखा गया और न उन छोलदारियों पर कोई छाप ही थी और मुझे तो यहाँ तक सूचना मिली है कि जो माल आया है वह माल उस माल से कितना ही घटिया है जिस पर कि सप्लाई करने वाले के दस्तखत हैं। यह फर्क किसी टेक्सटाइल के एक्सपर्ट के द्वारा मालूम कर सकते हैं। यदि जाँच करवाई जाय तो आपको पता चल सकता है कि इस माल और उस माल में कितना अन्तर है।

मन्त्रियों की मोटरें खरीदी गई। इसके लिए जो प्रोसीज़र की दृष्टि से खामियाँ रह गई थीं उसकी ओर आपका ध्यान दिलाता हूँ। कोटेशन्स (Quotations) मांगे गये। दो व्यापारियों ने इसके लिए अपने कोटेशन्स दिये। मन्त्री महोदय उनको बुलाते हैं या मन्त्री महोदय की तरफ से उनको कोई दूसरे बुलाते हैं और उनसे कहा जाता है कि तुम्हारा कोटेशन्स इतने का है और उनका इतने का। बोलो तुम में से कौन कम करता है? एक ने कम कर दिया १००) ५० और दूसरे ने भी थोड़ा बहुत कम कर दिया। इससे यह हो सकता है कि राजस्थान सरकार का इसमें १००) रुपया कम लगा हो किन्तु क्या पता इससे भी और ज्यादा कम लग सकता होगा और भी कीमत में कमी की जा सकती होगी। इस सम्बन्ध में जो इर्रेगुलेरिटी हुई है, जो गलत बातें हुई हैं, उनको मैं कटमोशन्स पर बोलते वक्त डिटेल में कहूँगा। मेरे ख्याल में कोई ऐसा महकमा बचा नहीं है जहाँ बगैर टेन्डर के माल न खरीदा गया हो।

ट्रेजरी से लाखों रुपया उठा उठाकर पहले ही रख लिया जाता है, इस सम्बन्ध में मैंने एक प्रश्न भी पूछा था किन्तु उसका उत्तर यह दिया गया कि इसका जवाब देना पब्लिक इन्टरेस्ट में नहीं है, इसके सिक्रेट्स हम डिसक्लोज़ नहीं करना चाहते, लेकिन पब्लिक अकाउन्टस कमेटी के सामने वे फेक्टस माँगे गये। उसमें यह बताया गया कि लाखों रुपया डिपार्टमेंट के पास रखा गया, ताकि वह धीरे-धीरे उन रुपयों को काम में ले सके और उनसे माल खरीद सके और उनको यह डर भी नहीं रहे कि हमारा रुपया लेप्स हो जायगा।

(समय समाप्ति सूचक घंटी)

श्रीमती यशोदा देवी—माननीय अध्यक्ष महोदय, आज जो सदन के सामने बजट पेश है उस बजट के पेश होने से पहले राजस्थान की जनता उस बजट की कितनी उत्सुकता से प्रतीक्षा कर रही थी उसको मैं एक उदाहरण के रूप में पेश करना चाहती हूँ। जैसे एक सेठजी ने एक बिल्ली को पाला। सेठजी उस बिल्ली को रोज अच्छा खाना खिलाते थे और उसकी बहुत साल सम्भाल रखते थे। एक दिन यह हुआ कि सेठजी को कहीं बाहर जाने का काम पड़ गया तो उन्होंने यह किया कि उस बिल्ली को एक मकान के एक कोने में बान्ध दिया, जहाँ कपास का ढेर रखा हुआ था। उस

[श्रीमती यशोदा देवी]

कपास के ढेर में से एक फूंआ (फूहा) उड़कर उस बिल्ली के आस-पास घूम रहा था। सेठ जी १५ दिन के बाद लौटे उनको उस बिल्ली का स्मरण नहीं रहा। घर आते-आते उनको ख्याल आया कि मैं पन्द्रह दिन से बाहर था, मेरी प्यारी बिल्ली का क्या हुआ होगा, भूख के मारे बेचारी तड़फ-तड़फ कर मर गई होगी। लेकिन बिल्ली किस आशा पर जिन्दी रही? वह उस रूई के फूहे को घी की डली समझती रही और यह सोचती रही कि जब मुझे सेठजी छोड़ देंगे तो मैं इसको खालूंगी। इस आशा पर वह जिन्दी रही। सेठजी ने आते ही उस बिल्ली को छोड़ दिया ज्योंही वह छूटी, एकदम उस रूई के फूंहे पर झपटी, लेकिन वह एक कपास का टुकड़ा निकला। इसी तरह से मेरा यह कहना है कि इस बजट को सुनने के लिए राजस्थान की जनता इतनी उत्सुक थी लेकिन जब बाद में उन्होंने देखा तो उनको मालूम हुआ कि उनके फायदे के लिए कुछ भी चीज़ इसमें नहीं है। आज इस बजट में न तो किसानों के फायदे के लिए कोई चीज़ की गई, न उनके प्रति किसी की सहानुभूति ही दिखाई गई। एक तरफ तो किसानों के काम आने वाली लोहे की चीजों पर टैक्स बढ़ाया गया, खेती के काम में आने वाले औजारों पर नया-नया टैक्स लगाया गया और दूसरी तरफ किसान जिस माल को पैदा करते हैं उसकी कीमतें गिराई गईं, इससे यह हुआ कि जिन चीजों को किसान लेगा, वे चीजें उसको महंगी मिलेंगी और जो किसान अपनी पैदावार बेचेगा उसकी कीमत भी उसको कम मिलेगी। उसके भाव कम होंगे इसलिये कोई भी किसान इस बजट का समर्थन नहीं कर सकता।

एक तरफ सरकार ने जिन केन्द्रों को खोलने का जिक्र किया है, उन जगहों में माननीय अध्यक्ष, मैंने कहीं बजट में यह नहीं देखा कि भ्रष्टाचार का केन्द्र रिश्वतखोरी का केन्द्र कहीं भी खोलने का सरकार ने जिक्र तक नहीं किया। इससे क्या मैं यह समझूं और क्या राजस्थान सरकार यह मानती है कि राजस्थान में भ्रष्टाचार या रिश्वतखोरी बिल्कुल नहीं है?

उसको रोकने के लिए सरकार ने क्या प्रयत्न किया? भ्रष्टाचार, और चोरी दिनोंदिन बढ़ते जा रहे हैं। भुखमरी और बेरोजगारी दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। आप एक छोटे से कर्मचारी से लेकर बड़े से बड़े अफसर को ले लीजियेगा। उसमें कितनी गहराई के साथ भ्रष्टाचार बढ़ रहा है? इसक क्या कारण है? क्या सरकार ने इसके ऊपर कभी ध्यान दिया है?

एक जेल में कोई कैदी से मिलने जाता है तो वहाँ जो गेट पर खड़ा चपरासी होता है वह कहता है कि अन्दर कैदी से मिलने के पहले जेलर साहब के आॅर्डर के लिए चिट्ठी भेजने से पहले पाँच रुपया दे दो तो चिट्ठी भेज सकता हूँ, नहीं तो मिलना नहीं हो सकेगा। ऐसे ही किसी अफसर से अगर मिलने जाना होगा तो वहाँ के चपरासी भी ऐसा ही बोलेंगे, इसका क्या कारण है?

क्या हम उस चपरासी को चोर बतावें या उस क्लर्क को चोर बतावें? नहीं। वह सुबह से शाम तक चपरासी का काम करता है, इसके लिए पूरी मेहनत करता है, उसके घर में आठ-दस

[श्रीमती यशोदा देवी]

आदमी हैं और तनख्वाह मिलती है उसको तीस-पैंतीस रुपया और इसके अलावा कोई और धन्धा वह कर नहीं सकता है ; ऐसी स्थिति में माननीय सभापति मैं पूछती हूँ कि अगर वह पाँच रुपया वहाँ से भा न ले जावे अपने घर तो फिर अपने परिवार का गुजारा कैसे करेगा वह ?

ये छोटी-छोटी चोरियाँ जो हैं इनको रोकने के लिए सरकार ने क्या किया ?

इसका एक ही उपाय है कि छोटे कर्मचारियों से लेकर मध्यम वर्ग के जितने भी अफसर लोग हैं उनको कम से कम सौ से कम वेतन नहीं मिलना चाहिये और इसी के साथ-साथ राष्ट्रपति से लेकर राजप्रमुख तक की और बड़े-बड़े अधिकारियों तक की तनख्वाहें कम करनी पड़ेंगी, ताकि यह घाटा बराबर हो सके।

(विरोधी पक्ष की ओर से करतल ध्वनि)

यह चीज़ अभी नहीं करेंगे तो बाद में आपको करनी पड़ेगी। जनता इन चोर और भ्रष्टाचारी अधिकारियों को बर्दाश्त नहीं करेगी। तो अगर सरकार को अपना सही बजट जनता के सामने पेश करना है माननीय सभापति, तो उसे इन छोटी-छोटी चोरियों और इस सर्वव्याप्त भ्रष्टाचार को रोकना ही पड़ेगा। मैं मानती हूँ कि एक चपरासी कभी मजबूर नहीं होता, चोरी करने के लिए, पर उसको मजबूर किया जाता है।

यह कैसे ? एक भरा-पूरा घर है, धन-धान्य से भरा है। उस घर के मालिक के पाँच लड़के हैं। दो लड़कों के साथ तो वह अच्छा व्यवहार करता है, उनको अच्छा खिलाता और अच्छा पिलाता है और बाकी को कुछ नहीं; बचा-खुचा खाना-पीना और कपड़ा-लत्ता देता है। वे दो भाई अच्छे-अच्छे बंगलों में रहते हैं, बिजली के ज्वाजल्यमान बल्ब जलते हैं और बाकी तीन भाइयों को एक छोटी सी कोठड़ी भी नहीं मिलती रहने को, और जलाने को मिट्टी के तेल का दिया (दीपक) भी सुलभ नहीं है उसको। तो बताइये यह चीज़ वे तीन भाई कहाँ तक बर्दाश्त करेंगे ? उसको तो चोरी करनी पड़ेगी। तो चोरी करना कौन सिखाता है ? माता और पिता स्वयं सिखाते हैं। तो जनता में और राज्य में पिता और पुत्र जैसा सम्बन्ध रहना चाहिये। पर आज वह सम्बन्ध नहीं दिखाई दे रहा है।

एक तरफ उन गरीब किसानों के खेती के उपकरणों की तरफ कितना ध्यान सरकार को देना चाहिये, इसे कोई नहीं देख रहा है और दूसरी तरफ आज बड़े बड़े सरकारी अधिकारी भ्रष्टाचार में डूबे पड़े हैं, बड़े-बड़े बंगलों में रह रहे हैं, बड़े-बड़े पूँजीपति आज ऐश की जिन्दगी बिता रहे हैं। आप देखिये माननीय सभापति, आप तुलना करिये इनमें और देखिये कि इस राज में कैसा पक्षपात हो रहा है ? हम लोगों को, चाहे हम विरोधी दल के हैं इस वास्ते हम विरोध की खातिर यह सब कह रहे

[श्रीमती यशोदा देवी]

हैं, यह न समझकर और कि हम इस सरकार की आलोचना ही करना जानते हैं, यह नहीं है। माननीय सभापति, आप जरा निष्पक्ष दृष्टि से इस सरकार के पक्षपात की तुलना करिये। आप बाँसवाड़ा क्षेत्र से डूँगरपुर क्षेत्र की तुलना करिये। गत तीन सालों में इस डूँगरपुर क्षेत्र में कितना परिवर्तन हुआ और बाँसवाड़ा क्षेत्र में क्या हालत है। वह तो आज भी अधिक पिछड़ा हुआ एरिया है, वहाँ की जनता कितनी दुखी है, परेशान है और गरीब है? तो इन तीन वर्षों में कितना परिवर्तन हुआ है इस डूँगरपुर क्षेत्र में? वहाँ कई सड़कों का निर्माण हुआ है, कई कुए खोदे गए हैं, गड्ढे और वपाल बनाकर किसानों की खेती के लिए कितनी सहूलियतें पैदा की गई हैं; जहाँ कि आज बाँसवाड़ा तीन साल पहिले जहाँ था करीब करीब वहीं है। तो वहाँ डूँगरपुर से और बाँसवाड़ा से आप तुलना करिये तो पता लगेगा कि सरकार वाकई में पक्षपात करती है या नहीं करती। जितनी आवश्यकता डूँगरपुर की जनता को सड़कों की पड़ती है, जितनी आवश्यकता डूँगरपुर के किसानों को कूओं की पड़ती है और जितनी आवश्यकता और चीजों के लिए डूँगरपुर वालों को पड़ती है, उतनी ही आवश्यकता बाँसवाड़ा वालों को भी पड़ती है। पर नहीं, माननीय सभापतिजी, वहाँ तो हमारी सरकार को इसकी कोई जरूरत देखने की नहीं है। उसे तो उनके माननीय मन्त्री महोदय का मान रखना पड़ता है। आज अगर वह उनके कहने में नहीं चलेगी तो सरकार समझती है कि उसके कार्य में कुछ बाधा पहुँचेगी। तो इसलिए वहाँ तो उसको करना ही पड़ता है और वहाँ के लिए, मैं यह नहीं कहती माननीय सभापति, कि ये छोटी-छोटी घटनाएं जो होती हैं वे यहाँ से कोई सरकारी ऑर्डर से होती होंगी। पर इसके लिए यह तो कह सकती हूँ कि ये सरकार की लापरवाही से होती हैं। यहाँ के ये जो कर्मचारी होते हैं, पदाधिकारी होते हैं वे स्थायी होते हैं। वे किसानों के साथ क्या व्यवहार करते हैं, उनको क्या टोन मारते हैं, कह देते हैं कि यहाँ से तुम्हारे और और पार्टी के लोग चुने जाते हैं, इसलिए देखो तुम्हारे यहाँ यह सुधार नहीं है; डूँगरपुर में जा कर देखो, वहाँ कितना सुधार हो गया है, तो अगर तुम भी कॉंग्रेस का साथ देते तो आज तुम्हारे यहाँ पर भी यह चीज़ हो जाती।

तो माननीय सभापति, यह काम सरकार की तरफ से नहीं है तो सरकार का यह तो कर्तव्य है, उसका यह ऑर्डर देने का हक है कि वह उन कर्मचारियों को ऐसा करने से रोक दे और कह दे कि आइन्दा तुम्हारे वास्ते हमारे पास ऐसी कोई शिकायत नहीं आनी चाहिये, तुम्हारे लिए तो डूँगरपुर की जनता भी वैसी ही है जैसे कि बाँसवाड़े के किसान हैं। सब के साथ तुम्हें तो एक जैसा व्यवहार करना चाहिये।

माननीय सभापति, अन्न-उत्पादन के लिए हम जोर-शोर से नारे लगाते हैं और कहते हैं कि अन्न उत्पन्न करो, पर उस गति से अन्न उत्पादन हर साल बढ़ता नहीं जा रहा है। पर क्यों? इस पर सरकार ने कभी विचार किया है? आप एक किसान को इसके लिए पचास रुपया तकावी देंगे। पर होता यह है कि जब किसान तकावी लेने जाता है अपने घर से दस-दस और बीस-बीस कोस चल कर, तो वहाँ कह दिया जाता है कि आज नहीं मिलेगी, सात-आठ दिन बाद आओ, कल आवो। एक दिन पड़ा रहता है दूसरे दिन पड़ा रहा और अगर आठ दिन बाद भी लौट कर आता है तो वहाँ लोग कह देते हैं कि इसमें से दस रुपया हमें दे दो तो हम तुम्हारा काम पहले कर देंगे। चपरासी

[श्रीमती यशोदा देवी]

अलग उससे पाँच रुपया माँगता है। अब बताइये अगर दस रुपया दे देता है तो उसे चालीस रुपया मिलेगा या किसी को इससे कम मिला तो कम मिलेगा, बीस तीस मिलेगा और इसमें से भी पाँच रुपया वह चपरासी खा जावेगा। तो इस तरह दस वह क्लर्क खा जावेगा और पाँच यह चपरासी खा जावेगा और दस रुपया और खर्चा करके आया गया तथा इतने दिन वहाँ पड़ा रहा, तो आखिर इससे उसके पल्ले क्या पड़ने वाला है?

तो यह पक्षपात और भ्रष्टाचार चला कर हमारी सरकार हर किसान का घर और झोंपड़ा क्या इस प्रकार आबाद करना चाहती है, हरेक घर में क्या इस प्रकार जनकल्याण की ज्योति जलाना चाहती है? सरकार को चाहिये कि वह पक्षपात छोड़कर देखे कि एक जगह तो बिजली जल रही है और दूसरी जगह घास तेल का दीपक भी नहीं मिल रहा है।

उस क्षेत्र में आज भी यही हालत है। उनकी शादियों में भी उनको जलाने को घास-तेल भी नहीं मिलता है। वे एक बरू, जिसको हम कहते हैं वह जला-जला कर अपनी शादियाँ कर लेते हैं। तो क्या यह पक्षपात नहीं है? इस बजट में कहाँ-कहाँ बिना पक्षपात से अस्पताल खोले जायेंगे, बिना पक्षपात के स्कूलें खोली जायगीं, यह मैं सरकार के सामने अभी से पेश कर देती हूँ। आप देखेंगे कि बाँसवाड़ा में जो अस्पताल है उसमें छोटे-छोटे कमरे हैं और एक-एक कमरे में ४-४ आदमी होते हैं। अगर एक कमरे में चार बीमार हैं और उनमें से २ आदमी होते हैं और २ औरतें हैं। वहाँ हाथ-मुँह धोने के लिए मोहरी तक नहीं है, तो बताइये कि २ आदमी और दो औरतें बीमार कैसे वहाँ रह सकेंगे और उनके साथ जो आदमी बाहर के रहते हैं उनका बेचारां का तो कुछ कहना ही नहीं। वहाँ कम्पाउन्डरों और डॉक्टरों के रहने के लिए बहुत दूर-दूर मकान हैं। अगर जरूरी बीमार आ गया तो वहाँ से उन्हें भागना पड़ता है। यह ऐसी छोटी-छोटी अव्यवस्थाएँ हैं? अगर गवर्नमेंट दूर कर सकती थी तो बाँसवाड़े जैसे जिले के इतने बड़े अस्पताल में वहाँ ऐसी अव्यवस्था कैसे हो सकती थी? इसके विपरीत डूंगरपुर का हाल कुछ और ही है। कुशलगढ़ इतनी बड़ी तहसील है। माननीय सभापतिजी, वहाँ पर इतनी बार कहने पर भी नर्स नहीं गई हैं। वहाँ नर्स नहीं गई है। इधर प्रतापगढ़ की अरनिया तहसील में जिसकी आबादी साढे सात हजार की है वहाँ सरकार अस्पताल की आवश्यकता महसूस नहीं करती है। ऐसी-ऐसी छोटी-मोटी त्रुटियाँ भी नहीं दूर हो सकती हैं! और अगर सरकार इस तरफ नहीं देखेगी तो मैं कहती हूँ कि यह आज़ादी और यह बजट सब शहरों के आसपास ही घूमते रहेंगे। यह बजट की पार्सल जयपुर में ही रुकी पड़ी रहेगी, वह दिल्ली और केन्द्र तक ही रुकी पड़ी रहेगी। आज उसे छुड़ाने की हिम्मत नहीं है और न छोड़ने वालों की हिम्मत है। माननीय सभापति, (हियर,-हियर) मैं कहना चाहती हूँ कि इस बजट में कुछ सारांश नहीं देखती हूँ।

(श्री लालसिंह शक्तावत, उपाध्यक्ष, पदासीन)

Page No.76

श्री बृजसुन्दर शर्मा—(बोलने के लिए खड़े होते हैं।)

श्री मानसिंह महार—माननीय उपाध्यक्षजी, इस बजट के बारे में······

श्री ईश्वरी सिंह—माननीय उपाध्यक्षजी,···

श्री उपाध्यक्ष—श्री मानसिंह।

(हंसी)

श्री मानसिंह महार—माननीय उपाध्यक्षजी, इससे पहले कि मैं इस बजट के बारे में आपसे कुछ निवेदन करूँ, मैं यह प्रार्थना करूंगा कि इस सेशन में मेरे बोलने का यह पहला ही अवसर है, इसलिए मेरी तरफ जरा कृपा रखी जाय तो बड़ी इनायत हो।

इसके बाद मैं यह अर्ज करना चाहता हूँ कि अब की बार राजस्थान का बजट हमारे राजस्थान के एक बड़े ही योग्य व्यक्ति द्वारा बनाया गया है। (हियर, हियर) इसलिए हमें उम्मीद करनी चाहिए कि और वर्षों से कुछ सुधार अवश्य होगा। किन्तु, (हंसी) यह सब बात होते हुए भी जब हम देखते हैं इस बजट को तो हमें थोड़ा-बहुत दुःख जरूर होता है। इसके बारे में मैं कुछ कहूं उससे पहले कुछ जनरल रिमार्क्स करदूं तो शायद ठीक रहेगा। इसलिए पहली बात जो मैं कहना चाहता हूं वह यह है कि हमारे माननीय मुख्य मंत्रीजी जो हैं उन्होंने जिस हिम्मत के साथ चन्द डिपार्टमेंट्स में रद्दोबदल किये हैं उसके लिए वे हमारे धन्यवाद के पात्र जरूर हैं। उन्होंने सबसे बड़ा जो रद्दोबदल किया है वह यह है कि राजस्थान के कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज विभाग में बड़ी धाँधली चल रही थी उसको रोकने के खातिर वह विभाग अपने पास ले लिया, और हमारे, मुझे नाम नहीं लेना चाहिए, बीकानेर इलाके के चौधरी साहब हैं उनको शफाखाने का विभाग दे दिया। इसके लिए वह बड़े ही धन्यवाद के पात्र हैं। मैं यह कहना चाहता हूँ कि मुझे दुख इस बात का है कि शफाखाने का काम उधर जाने से, चौधरी साहब शफाखाने की लत में हैं यह दुर्भाग्य की बात है, लेकिन फिर भी मैं यह कहना चाहता हूँ कि ऐसी बातों से जनता का कल्याण होगा, लेकिन हमें, मुझे भी शफाखाने कई बार जाना पड़ता है क्योंकि मैं कई बार बीमार होता हूँ, मुझे वहाँ की कई बातें मालूम हैं, उन्हें भी वहाँ के दुख-दर्द की बातें जरूर मालूम होंगी।

अब मैं इस बजट के बारे में कहूँगा और उसमें मुख्य स्थान शफाखाने को दूँगा। शफाखानों के लिए अवसर मैं यह कहना चाहता हूँ कि परसों मैं जोधपुर में था, तो वहाँ पर एक एग्जीबिशन चल रही थी। उसके अन्दर मैं चला गया तो वहाँ मैंने क्या देखा? वहाँ पब्लिक हैल्थ डिपार्टमेंट की तरफ से मैंने एक अच्छी-सी स्टाल देखी, तो मैंने सोचा कि इसमें क्या शिक्षाप्रद बातें जनता को बताई जाती हैं, चल कर देखा जाय। तो वहाँ गया। पब्लिक हैल्थ डिपार्टमेंट के थोड़े से अफसर लोग वहाँ बैठे हुए थे। मैंने उनको यह बात नहीं बताई कि मैं कौन हूँ, क्या हूँ। (हंसी) मैंने पूछा कि यह क्या चीज है भाईजी, तो वहाँ बैठे लोग क्या कहते हैं कि लिखा हुआ है देख लो। मैंने कहा कि मैं तो पढ़ा-लिखा नहीं हूँ, अनाड़ी आदमी हूँ, आप बता दें तो उन्होंने कहा कि यह जगह पढ़े-लिखे लोगों के लिए है, अनाड़ियों के लिए नहीं। मैं यह बताना चाहता हूँ कि पब्लिक हैल्थ डिपार्टमेंट की तरफ से इतने पैसों

[श्री मानसिंह महार]

से स्टॉल की गई, यह किया गया, लेकिन वहाँ ग्रामीण जनता को समझाने के लिए माकूल आदमी नहीं रहता है और हमारे पब्लिक हैल्थ डिपार्टमेंट के लोग इस गैरजिम्मेदाराना तौर पर कहते है कि 'लिखा हुआ है पढ़ लो, हम कुछ नहीं बता सकते'। तो मैं कहना चाहता हूँ कि इस प्रकार की बातें एग्जीबिशन में वह करते हैं। यह तो हुआ पब्लिक हैल्थ डिपार्टमेंट का हाल।

दूसरी बात जो मुझे कहनी है वह यह है कि हमारे जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में एक नई पोस्ट क्रियेट (create) की गई थी, एडमिनिस्ट्रेटर की और एडमिनिस्ट्रेटर महोदय कुछ हमारे मित्रों के कृपापात्र होने के कारण नोन आर. ए. एस. आदमी को प्रोवाइड की गई वह पोस्ट और, उनका चाल-चलन इतना अच्छा निकला, उपाध्यक्ष महोदय, मुझे दुख के साथ कहना पड़ता है, कि उन्होंने हमारी बहन-बेटियों की इज्जत लूटने की कोशिश की।

(शेम, शेम)

लेकिन मैं उस वीरांगना की बहादुरी की तारीफ करता हूँ कि जिसने उस ऐसे कर्मचारी को, मुझे शायद यह कहा जायगा कि वह आदमी जवाब देने के लिए यहाँ नहीं है, लेकिन मुझे बाध्य होकर यह बात कहनी पड़ती है, मैं उस वीरांगना से खुद बात करके आया हूँ, उसने कहा है कि मैंने उसको चाकू से ही प्रहार नहीं किया है, इतनी चप्पलों से पीटा है कि जिसकी कोई हद नहीं है। तो मैं सरकार से प्रार्थना करूँगा......

श्री कपिलदेव अग्रवाल—Is this case subjudice ?

एक आवाज—Not yet

श्री मानसिंह महार—No, Sir. ऐसे अफसरान का, ऐसी बात होने के बाद भी सरकार ने कुछ नहीं किया और सरकार उसको आज तक रखे हुए है और ऐसे आदमियों को सरकार सजा देना नहीं चाहती। इसका मतलब यह है कि सरकार भ्रष्टाचार को प्रोत्साहन देना चाहती है। मैं बड़े-बड़े आदमियों से मिला और उनसे इस बारे में मैंने बात की और सबने इस काण्ड के ऊपर दुख जाहिर किया और उन्होंने यह कहा कि यह अच्छी चीज नहीं, लेकिन किसी की यह हिम्मत नहीं होती कि ऐसे भ्रष्टाचारी आदमी को, जो कि नोन आर. ए. एस. का आदमी है, जिसके लिए राजस्थान सरकार पर कोई जबर्दस्त दबाव नहीं है, उसको सर्विस से नहीं हटाया जा रहा है।

दूसरी बात मैं कहना चाहता हूँ हमारे शफाखाने के मंत्री महोदय को। इस ओर वे ध्यान दें और ध्यान देकर ऐसे आदमियों को फौरन हटावें। तीसरी बात मेरे शेरगढ़ के मित्र ने फरमाई कि मैं तो कोस्मोपोलिटन हो चुका हूँ, लेकिन मैं शफाखानों के मन्त्रीजी से कहना चाहता हूँ कि मेरा दायरा सीमित है। शफाखानों के मंत्रीजी आज सदन में नहीं हैं फिर भी उन तक मेरी आवाज़ पहुँच ही जायगी। छोटी-सी मेरी कॉन्स्टीट्यूएन्सी है जमुआरामगढ़ की। कोई मित्र तो कहते हैं कि हमारे यहाँ

[श्री मानसिंह महार]

एक अस्पताल है और कोई कहते हैं कि हमारे यहाँ सिर्फ दो ही अस्पताल हैं लेकिन मैं कहता हूँ कि मेरी इस कॉन्स्टीट्यूएन्सी में, जहाँ ६८ हजार वोटर हैं, एक भी शफाखाना नहीं है (शेम, शेम) यह सरकार की तरक्की का नमूना है। अभी बहिनजी ने फरमाया था कि डूंगरपुर और बाँसवाड़ा में कितना फर्क है, यह वहाँ जाकर देखें। लेकिन मैं यह अर्ज करना चाहता हूँ कि डूंगरपुर और बाँसवाड़ा तो राजस्थान के कोने में है, लेकिन यदि आपको देखना है तो जयपुर की तलहटी में जमुआ रामगढ़ में जाइए और वहाँ देख लीजिए।

शफाखानों के बारे में कहने के बाद कुछ और डिपार्टमेंटस् राजस्थान में काम कर रहे हैं, उनके बारे में दो शब्द कहना चाहता हूँ। इस बारे में उपाध्यक्ष महोदय, मेरे पास बहुत से नाम हैं उनमें से पहले मैं एग्रीकलचर पर चला जाता हूँ। आज के युग में एग्रीकल्चर एक बहुत ही महत्वपूर्ण डिपार्टमेंट है। इसके बारे में पहली चीज़ यह है कि ऐसे महत्वपूर्ण डिपार्टमेंट को मैं समझता हूँ कि जिसको सेन्ट्रल गवर्नमेंट से इतना पैसा मिलता है, फाइनेंशियल हैल्प (financial help) मिलती है; उसके लिए एक सर्वथा पृथक मंत्री होना चाहिए। यह एक जरूरी बात है, लेकिन यह नहीं है। तब भी मैं यह कहूँगा कि इस डिपार्टमेंट का हैड ऑफ अफेअर्स जो रहे उनको कम से कम एग्रीकल्चर की जानकारी जरूर होनी चाहिये। यह राजस्थान के लिये बड़ा भारी ड्रॉ बैक है (drawback) है और होता चला आ रहा है। राजस्थान का एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट दो-तीन साल पहले, जबकि यहाँ बाहर के योग्य आदमी थे तब ठीक तरह से चलता था। उनके जाने के बाद यह डिपार्टमेंट ऐसे हाथों में पड़ा गया है कि प्रगति के बदले पैसा वेस्ट हो रहा है। इस बारे में पब्लिक अकाउन्ट्स कमेटी की रिपोर्ट पेश हो चुकी है। उस कमेटी में हमने जो खामियाँ एग्रीकल्चर विभाग में पाई वैसी राजस्थान में तो क्या हिन्दुस्तान में कहीं ऐसी खामियें नहीं होंगी। पब्लिक अकाउन्टस् कमेटी की बातें जाहिर होने के बाद राजस्थान सरकार वाकई योग्य आदमी के हाथ में इस विभाग को देने का विचार करेगी, ऐसी आशा थी। लेकिन दुर्भाग्य से एक कृपा-पात्र के हटजाने पर दूसरे कृपापत्र को करोड़ों की संपत्ति का डिपार्टमेंट सौंप दिया गया है। तब तक सरकार तरक्की नहीं कर सकेगी जब तक ईमानदार और योग्य आदमी के हाथ में इस डिपार्टमेंट का भार नहीं सौंप देती, तब तक सरकार को उम्मेद नहीं करनी चाहिये कि हमारे बाहर गाँवों में तरक्की हो सकेगी। यह मैं दावे के साथ कह सकता हूँ कि एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट में जो पैसा खर्च हो रहा है उसका सौवां हिस्सा भी गाँवों की बहतरी के लिए नहीं हो रहा है। एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट की ट्रकें और गाड़ियें जो जयपुर के बाजारों में घूमती नज़र आती हैं उन्हीं में यह पैसा खर्च हो रहा है, न कि जनहित में खर्च हो रहा है। तो एग्रीकल्चर डिपार्टमेंट को सुधारने की सरकार के लिये बड़ी आवश्यकता है।

इसके बाद मैं शिक्षा विभाग के बारे में कुछ बातें कहूँगा। शिक्षा विभाग के बारे में सदन के सामने प्रतिवर्ष यह कह जाता है कि अबकी हमने इतने करोड़ रुपये ज्यादा खर्च करना तय किया है, इतनी नयी स्कूलें खोल रहे हैं। लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है कि एक तरफ तो यह कहा जाता

[श्री मानसिंह महार]

है कि इतनी स्कूलें ज्यादा खोल रहे हैं और दूसरी तरफ गाँवों में जाकर देखा जाता है तो यह पता चलता है कि जहाँ स्कूल की जरूरत है वहाँ नहीं खोली जाती और जहाँ आवश्यकता नहीं है वहाँ खोली जाती हैं। इसके अलावा शिक्षा विभाग में यहाँ तक होता है कि जिसकी सिफारिश होती है वहाँ स्कूल खोल दिया जाता है। जहाँ आवश्यकता है ४ मास्टरों की वहाँ सरकार की तरफ से केवल १ मास्टर मौजूद है, तो इससे क्या होता है कि इस स्कूल में दूसरे आस-पास में पढ़ने वाले लड़के गाँवों से आ जाते हैं और उनकी शिक्षा का सर्वनाश हो जाता है। एक नई बीमारी शिक्षा विभाग में और पैदा हुई है, जिसका मुझे और भी दुख है। वह यह है कि आजकल सरकार कोई प्रिन्सिपल नहीं अपनाती है कि इतनी आबदी पर स्कूल खोला जायगा। यह न होने से कह देते हैं कि जिस स्कूल में अधिक लड़के होंगे उनको मिडिल या हाई स्कूल कर किया जायगा। इसका सदन के सामने मैं प्रमाण रखता हूँ। आमेर तहसील में एक गाँव है सामोद और उसके पास ही एक दूसरा गाँव है बैराठ तहसील का ढोली। दोनों गाँव दो-ढाई मील के फासले पर हैं और दोनों में मिडिल स्कूलें मौजूद हैं। मेरे पास प्रमाण है कि सामोद का स्कूल ठिकाने का चलाया हुआ है और ईमानदारी के साथ चल रहा है। उससे २ मील दूर के ढोली गाँव के कुछ उत्साही लोगों ने, केवल इसलिए कि हमारी स्कूल हाई स्कूल हो जायगी, यह तय किया कि लड़कों की संख्या बढ़ाई जाय। उसके लिए लड़कों की तादाद बढ़ाई जा रही है और बेजा तोर से बढ़ाई जा रही है। जिन लड़कों को पिछले साल फेल हो जाने के कारण सामोद में उसी क्लास में रख दिया गया था उन्हीं लड़कों को ढोली की स्कूल में एक दर्जा आगे भरती कर लिया गया। इस प्रकार हमारे यहाँ शिक्षा की बरबादी हो रही है। शिक्षा मन्त्रीजी यहाँ मौजूद नहीं है।

एक सदस्य—शिक्षा मन्त्रीजी यहाँ मौजूद हैं।

श्री मानसिंह महार—वे पीछे बैठे हैं। शिक्षा मन्त्रीजी को चाहिये कि वे इस बात की जाँच करावें। मैं उनकी मदद करूँगा और उनको बताऊँगा कि ये-ये लड़के पिछले साल फेल हुए थे और दूसरे स्कूल में अगली क्लासेज़ में बिठला दिये गये, ताकि इस स्कूल की अधिक संख्या के कारण हाई स्कूल बना दिया जाय। इस प्रकार की प्रवृति हमारे शिक्षा विभाग के लिये बहुत भयंकर है और देश के लिये घातक है। मैं प्रार्थना करूँगा मन्त्रीजी से कि यह कोई पोलिटिक्स की बात नहीं है, यह तो सीधी-सादी बात है। इस पर आप जरूर ध्यान दें।

(समय-समाप्ति-सूचक घन्टी)

उपाध्यक्ष महोदय, मुझे बहुत कुछ कहना है इसलिये मुझे दो मिनट का समय और दीजिये।

श्री उपाध्यक्ष—Two minutes more are given to you.

श्री मानसिंह महार (भाषण जारी रखते हुए)—इसके अलावा उपाध्यक्ष महोदय, शिक्षा के अन्दर यह हो रहा है कि आजकल जो नये अपोइन्टमेन्ट्स हो रहे हैं वे अजीब तरीके से हो रहे हैं। मेरे पास कई उम्मीदवार आते हैं और कहते हैं कि हम इतने योग्य हैं, क्वालीफाइड हैं लेकिन शिक्षा विभाग हमें लेता नहीं है। इस सारे झमेले का कारण क्या है। सम और सब्सटेन्स (sum and substance) की बात यह है कि कहता है कि उधर डाइरेक्टर साहब का रिश्तेदार आ गया, कोई कहता है कि डिप्टी डाइरेक्टर साहब का या इन्सपेक्टर साहब का रिश्तेदार आ गया, उसको ले लिया गया। कोई कहता है फलाँ वर्ग का विशेष आदमी आ गया इसलिये उनको तरक्की दी जा रही है। इस बारे में मैं एक-दो दिन में प्रश्न रखूँगा, इसलिये ज्यादा नहीं कहूँगा। उस प्रश्न में शिक्षा मन्त्री जी से जवाब लूँगा।

(पुनः समय समाप्ति सूचक घन्टी)

माननीय उपाध्यक्ष, मुझे २ मिनट और दीजिये।

श्री उपाध्यक्ष—अच्छी बात है, बोलिये किन्तु जो बातें आपको कट मोशन्स के वक्त कहनी हैं, वे न कहियेगा।

श्री मानसिंह महार—उपाध्यक्ष महोदय, शिक्षा के बारे में कहने के बाद मुझे कहना तो बहुत से डिपार्टमेंटस के बारे में था, पर समय नहीं है; फिर बाद में कहूँगा। पुलिस डिपार्टमेंट के बारे में भी दो-चार बातें निवेदन कर दूँ तो अच्छा ही रहेगा। यह अब भी एक ऐसा डिपार्टमेंट है जिसकी शोहरत हो रही है कि पुलिस ने राजस्थान में डाकुओं का खात्मा कर दिया। यह मैं मानता हूँ कि डाकुओं का खात्मा जरूर हुआ है, पर वह पुलिस ने नहीं हमारे मुख्य मन्त्रीजी की होशियारी ने किया है। फिर भी पुलिस के बारे में कहना चाहता हूँ। जयपुर डिविज़न में कोई कहता है फलां एस. पी. है, फलां डी. एस. पी. है; पर मैं आपको प्रमाण सहित बताना चाहता हूँ कि जयपुर डिविजन में किसी थानेदार तक का तबादला करवाना होता है तो फतेपुरिया जी हैं उनके घर पर थैली पहुँच जाती है। मैं तो कहता हूँ जयपुर डिविजन में वही सब कुछ हैं। जयपुर डिविजन के एस. पी., डी. आई. जी. पी. कुछ भी समझिये, उन्हीं को मानिये; दूसरे को नहीं।

श्री कपिलदेव—फतेपुरिया कौन हैं, पूरे डिटेल्स तो बताइये।

श्री मानसिंह महार—लक्ष्मीनारायणजी। हाँ, तो पुलिस के बारे में यह है। रेवेन्यु विभाग में भी बड़ी धांधलियां चल रही हैं, पर दुर्भाग्य से हमारे रेवेन्यु मिनिस्टर साहब को दौरों से ही फुर्सत नहीं मिलती कि कोई बात उनको निवेदन कर सकं और वह दौरे भी अमूमन उदयपुर डिविजन के होते हैं। उनसे प्रार्थना है कि जयपुर में बिराज कर तथा और डिविजनों की बातों की सुनवाई करेंगे तो अच्छा होगा।

[श्री मानसिंह महार]

दुर्भाग्य से मैं बजट के बारे में कुछ भी नहीं कह सका हूँ। इस बजट में, जो कम वेतन पाने वाले कर्मचारी हैं उनके लिये कुछ नहीं किया गया है। बड़े-बड़े ऑफिसर्स को बड़ी-बड़ी तनख्वाहें दी जाती हैं पर इन थोड़े वेतन पाने वाले कर्मचारियों को कुछ भी नहीं दिया गया है। मैं सरकार को बता देना चाहता हूँ कि जो एडमिनिस्ट्रेशन टॉप हेवी होता है वह कभी कामयाब नहीं हो सकता।

मैं वित्त मन्त्रीजी से यह प्रार्थना करूँगा कि जब कटौती के प्रस्ताव आवें तो वे इस छोटी सी बात को मान लें कि उनके राज्य में किसी चपरासी या साइकल सवार को, यानि छोटे से छोटे कर्मचारी की तनख्वाह १०० रुपया माहवार से कम न हो।

इस छोटी सी बात को नहीं मानेंगे तो हम तो यही मानेंगे कि यह सब पुराने ढंग का दकियानूसीपन चल रहा है, जिसमें आई. सी. एस. आइ. ए. एस., को बाहर से बुला कर, बड़ी-बड़ी तनख्वाहें देकर भर्ती किया जाता है और हमारे घर के लोग जो चपरासी हैं, साइकल सवार हैं उनकी तनख्वाह में ५) रुपया भी तरक्की नहीं कर रहे हैं। यह सरकार के लिये अशोभनीय बात है। इसलिये मैं वित्त मन्त्रीजी से प्रार्थना करूँगा कि आयन्दा जब सदन में आयें तो वे गरीबों के पेट की तरफ कदम बढ़ा कर पधारें।

मैं इस सदन में हमेशा कहा करता था कि राजस्थान कि सबसे लाभदायक चीजें डूंगरपुर की ओर जा रही हैं। इस बात की मेरी बहिनजी ने ताईद की है। इसके लिये मैं उन्हें बधाई देता हूँ और आशा करता हूँ कि डूंगरपुर की ओर जो यह रफ्तार है आदिवासी मन्त्रीजी की, उस रफ्तार को वे जरा धीमा कर देंगे।

श्री बृजसुन्दर शर्मा—माननीय उपाध्यक्षजी, आज जब कि इस बजट का समर्थन करने के लिए इस सदन के सम्मुख उपस्थित हुआ हूं तो मैं समझता हूँ, तो मैं जानता हूँ कि हमारी जिम्मेदारियाँ बहुत बढ़ी हुई हैं। यह भी मेरे दिमाग में है कि मैं आम जनता को समझाने के लिए, या आम जनता पर असर डालने के लिए या किसी भी तरह से गवर्नमेंट की तारीफ करने के लिए यहाँ पर नहीं खड़ा हुआ हूं। मैं इस बात से भी प्रभावित करना नहीं चाहता या नहीं होना चाहता हूं कि जोर-जोर से बोलने से या इस बजट के आंकड़ों को, एक कहीं से लिया, दूसरा कहीं से लिया, तीसरा कहीं से लिया और एक डिपार्टमेंट की एक बात को कहीं से ले लिया, दूसरी बात को कहीं दूसरी जगह से ले लिया और तीसरी बात को कहीं और तीसरी जगह से ले लिया और गवर्नमेंट को बुरी तरह से कोस दिया; महज़ जनता को प्रभावित करने के लिये। मैं इस गलत तरीके से जनता को प्रभावित करना ठीक नहीं समझता। यह तरीका कोई अच्छा तरीका नहीं है।

जैसा कि माननीय पालीवालजी ने अपनी स्पीच के आखिरी शब्दों में कहा कि हम चाहते क्या हैं और वर्तमान में हम उसकी ओर प्रगति कर रहे हैं कि नहीं। उनका आखीरी सेन्टस यह था कि :

[श्री बृजसुन्दर शर्मा]

"इस प्रकार यह प्रत्यक्ष हो जाता है कि सरकार इस राज्य के पुराने स्वरूप को बदलकर इसे एक कल्याणकारी राज्य का रूप दे देने के कार्य में व्यस्त है। हमारा संघर्ष निर्धनता, रोग और अज्ञानता को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिये है और मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस सभा की सहायता, सद्भावना और पथ-प्रदर्शन से, आगे चलकर सरकार अपने प्रयत्नों में सफलता प्राप्त करने में समर्थ होगी।"

मैं समझता हूं कि इस बात से कोई असहमत नहीं होगा कि वास्तव में यह जो हमारा उद्देश्य है, इसके अलावा भी कोई दूसरा उद्देश्य हो सकता है क्या ? क्या हम, जो इच्छा और विश्वास मन्त्री महोदय ने ज़ाहिर किये हैं, उनको पूरा करने में समर्थ हो जाते हैं और इनको पूरा करने में समर्थ होने के लिए क्या इस बजट में सामग्री मौजूद है जिससे हम आयिन्दा साल में, या आयन्दा सालों में निर्धनता, गरीबी और अस्वस्थता को हटाने में समर्थ हो सकते हैं ? अगर वह सामग्री इस बजट में मौजूद है तो मैं समझता हूं यह बजट एक अच्छा बजट है। हो सकता है कि इसमें थोड़ी बहुत खामियाँ हों, पर वास्तव में अगर निर्धनता, गरीबी और अस्वस्थता, इन सारी बातों को मिटा कर उपरोक्त सारी बातों को अगर यह पूरा करता है तो यह बजट अच्छा बजट होगा। यदि बजट में इन बातों को पूरी करने के लिए कोई प्रोविज़न नहीं है, रकम स्वीकार नहीं की गई है तो मैं मानता हूं कि यह बजट अच्छा नहीं है।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं इस सदन को बताना चाहता हूं कि मौजूदा बजट में हमारी इस अज्ञानता को दूर करने के लिए, अस्वस्थता को दूर करने के लिए और निर्धनता को दूर करने के लिए सामग्री मौजूद है। ऐसे उपाय इसमें बताए गए हैं, इसमें रकम का इन कार्यों के लिए प्रोविजन-किया गया है जिससे हम अधिकांश में अपने इस ओब्जेक्ट में सफल हो जायेंगे।

कल्याणकारी कार्यों में कितनी रकम इस साल रखी गई है, चाहे आप स्वास्थ्य को लिजिए, चाहे आप ज्ञान को लीजिए, चाहे आप निर्धनता को मिटाने के लिए लीजिए, इसमें पीने के पानी के लिए, गाँवों में कूए खुदवाने के लिए, शहरों में नल लगवाने के लिए एवं अस्पतालों व आयुर्वेदिक डिस्पेन्सरियों के लिए इसमें रकम मौजूद है। अगर हम इस सब खर्च को कर पायें तो हम बहुत तेज रफ्तार से राजस्थान से निर्धनता को मिटा देंगे, अस्वस्थ भुखमरी, आदि को राजस्थान से मिटा देंगे और हमारा यह राजस्थान रेगिस्तान की जगह पानी के बाहुल्य से, अपने लहलहाते खेतों से हिन्दुस्तान में अपनी एक विशेषता, अपनी एक महानता कायम कर सकेगा।

इसलिए मैं इस बजट को अच्छा समझता हूँ, चाहे हम कहीं से रुपये लावें, लाकर इनवेस्ट किया और यदि हमको इस बात की आशा है कि वास्तव में हम जो रुपया लगा रहे हैं वह ऐसे कार्यों में लगा रहे हैं जिनसे हमें रुपये का रुपया मिल जायगा और हमारे यहाँ की हालत ठीक कर सकेंगे, तो मैं समझता हूँ कि हम कोई बुरा काम नहीं कर रहे हैं।

मेरे लायक दोस्तों ने, मेरे से पूर्व वक्ताओं ने बड़े जोर-शोर के साथ कहा कि आप राजस्थान की तरफ देखिये तो सही, हम आगे बढ़ रहे हैं या पीछे ज्यादा से ज्यादा हट रहे हैं। मैं समझता हूँ

[श्री बृजसुन्दर शर्मा]

कि यहाँ आगे बढ़ने या पीछे हटने के बारे में राय कायम करने से पहले हमें तथ्य की ओर ध्यान देना चाहिये। इस केपिटल एक्सपेन्डिचर को बहुत बड़ा बनाया गया है। लेकिन यह वास्तव में नहीं सोचा गया कि यह केपिटल एक्सपेन्डीचर जिस तरह से, जिस काम के लिये हो रहा है वह राजस्थान को कितना फायदा पहुँचायेगा, राजस्थान की फाइनेंस को कितनी अच्छी बनाएगा और आगे आने वाले समय में हमारी क्या हालत होगी ?

केपिटल एक्सपेन्डीचर में बताया गया है कि वह तीन तरह से हो रही है; कुछ तो हम गवर्नमेंट ऑफ इण्डिया से लोन लेकर, कुछ हम गवर्नमेंट ऑफ इण्डिया की सहायता से, जिसमें कुछ हमारा और कुछ उनका रुपया हो और तीसरी तरह का ऐसा खर्चा कर रहे हैं जिसको हम अपने रेवेन्यू से कर रहे हैं। अध्यक्ष महोदय, गवर्नमेंट ऑफ इण्डिया से हमने लोन लिया, वह इसलिये लिया कि हमारे पास रुपया नहीं, इसलिए कि हम इसमें अपना फायदा सोचते हैं। हमारे पास चम्बल, भाखरा-नांगल जैसी योजनाओं को पूरा करने के लिये और खर्च करने के लिये करोड़ों रुपया नहीं है। लेकिन हम जानते हैं कि उन पर खर्च करने से आयन्दा सालों में बहुत बड़ा फायदा होगा। हम यह भी जानते हैं कि हमको बहुत बड़ी रकम इन्ट्रेस्ट के रूप में भी देनी पड़ती है। जहाँ तक ब्याज का ताल्लुक है ब्याज के लिये हमको कोई लोन लेकर खर्च करने से डरने की आवश्यकता नही है। आप यह सोचें कि आप रुपया अभी खर्च करें और उसका फायदा आपको कल ही मिल जावे, यह तो सम्भव नहीं। आप जो आज खर्च करते हैं उसके साथ में कुछ न कुछ आमदनी जरूर होनी चाहिये और आप यह सोचते हैं कि आज आप खर्च कर रहे हैं इसी साल में कुछ न कुछ आमदनी होनी चाहिये, तो यह सोचना गलत है। यह बताया गया है कि लोन व एडवान्सेज़ को क्लियर ऑफ करने के लिये बहुत कम रकम रहती है। उपाध्यक्ष महोदय, आज हम देखते हैं कि जिन पर केपिटल एक्सपेन्सेज् किया जा रहा है उनसे आमदनी जो होने वाली है उसे आप इस वर्ष के बजट में नहीं रख सकते, जब तक बाँधों का पानी भूमि को नही दे पाते तब तक आमदनी वसूल नहीं कर सकते। मेरे खयाल से सदस्यों ने यह नहीं सोचा कि उससे आमदनी किस रूप में होने वाली है और खर्च है वह तो लोन से हो रहा है। चम्बल की योजना में जो खर्च हो रहा है वह बेटरमेंट से, फीस से पैसा पैदा होगा। आज उसका अन्दाजा किस तरह से लगाया जा सकता है। इसलिये यह जो प्रोविज़न है वह तो साल भर बाद किसानों के खेतों में पानी जावेगा तब वे लोग सरकार को पैसा देंगे। उसके बाद आप देखेंगे कि हमारी कितनी आमदनी बढ़ जाती है। इसी तरह से हमारे रेवेन्यू एक्सपेण्डीचर, हमारे बहुत सारे रुपये नोन रेकरिंग एक्सपेन्डीचर (non recurring expenditure) में खर्च हो रहे हैं। सेटलमेंट किया जा रहा है। इसमें जो खर्च होता है वह इसके पीरियड को समाप्त होने के बाद नहीं रहेगा और मैं यह अनुमान करता हूँ कि वह दो करौड़ रुपयों का ऐसा खर्च है जिसे इस साल में खर्च कर रहे हैं और वह आगे आने वाले समय में हमें खर्च नहीं करना पड़ेगा और वह बचत होगी। तो जो केपिटल एक्सपेन्डीचर है जिसको लोन लेकर खर्च कर रहे हैं उससे हमें फायदा दो रूप में होगा :

(१) अप्रत्यक्ष (Indirect) आमदनी और (२) हमारी आमदनी जो लेण्ड रेवेन्यू में उन्नति के जरिये बढ़ने से जिससे हम उस कर्जे को चुकाने में समर्थ हो सकेंगे।

[श्री बृजसुन्दर शर्मा]

उपाध्यक्ष महोदय, मैं उन लोगों में से नहीं हूँ जो कि यह चाहे कि २०) रु० पास हैं उसको किसी तरह से खर्च करके उसका हिसाब-किताब कर लें। मैं उस नीति में विश्वास रखता हूँ कि मेरे पास २०) रु. हैं, १०) कर्ज लेता हूँ और ३०) रु. से ऐसा काम करूं जिससे ४०) रु. कमा सकूं और जिसमें कर्ज का ब्याज भी दे सकूं। यह तो हरएक व्यक्ति जानता है कि घर का इन्तजाम किस तरह अच्छा हो सकता है। हमको अपने घर के इन्तजाम की तरह से ही हमारा इन्तजाम करना है। मैं इस पोलिसी का हूँ कि केपिटल एक्सपेण्डीचर······(समय-समाप्ति सूचक घण्टी) माननीय उपाध्यक्ष; मैं यह खयाल करता हूँ कि मैंने तो शुरू ही किया है। दूसरे लोग पौन-पौन घण्टे बोले हैं।

श्री उपाध्यक्ष—आप पाँच मिनट और बोल सकते हैं।

श्री बृजसुन्दर शर्मा—मैं इम्पोर्टेन्ट बातें कहूँगा।

उपाध्यक्ष महोदय, छीछा लेदर करने से कोई काम नहीं चलता। मैं तो माननीय सदस्यों से, जिन्होंने बड़े जोरों से इसे क्रिटिसाइज़ किया है उनसे बजट एस्टीमेट के वोल्यूम ३ को पढ़ने के लिये, उनका ध्यान दिलाना चाहता हूँ और यह कहना चाहता हूँ कि वे देखें कि वास्तव में जितने नये काम सरकार करने जा रही है, उनसे हमको कितना फायदा होने वाला है। उसको पढ़ने से तथ्य उनके सामने आवेगा कि हम किसी भी हालत में पीछे नहीं हट रहे हैं आगे ही बढ़ रहे हैं। लेकिन उपाध्यक्ष महोदय, यह बड़ी खुशी की बात है कि राजस्थान के सदन के समक्ष सरकार ने ऐसा बजट पेश किया है जो बेलेन्स्ड बजट है। मुझे तो इस बात की ज्यादा खुशी होती यदि सदन के सामने ज्यादा खर्चे का बजट पेश किया जाता। जो बेलेन्स्ड बजट पेश किया है वह आधुनिक अर्थ शास्त्र के अनुसार एक अच्छा बजट नहीं कहा जाता है। यह कोई प्रोग्रेसिव बजट नहीं है। यदि एक्सपेन्सेज़ ज्यादा करके डेफिसिट बजट पेश किया जाता तो हममें चेतना वह होती कि हम जल्दी से जल्दी काम करें और ऐसे जरिये निकालें आमदनी के जिससे कि हम इस एक वर्ष के समय में डेफिसिट बजट को आखिर में सरप्लस (surplus) देख पाते। सरप्लस बजट के पाने की आशा के साथ-साथ जैसा कहा गया है कि ज्यादा टैक्स लगाना, आमदनी लेन्ड रेवेन्यु से बढ़ाते ऐसी बात नहीं हो सकती। ऐसे भी बहुत से जरिये हैं जिससे हमारी आमदनी के जरिये बढ़ाये जा सकते हैं। यह कहा जाता है कि माइन्स से हमारी आमदनी कम होने वाली है। उपाध्यक्ष महोदय, मैं तो यह निवेदन करना चाहता हूँ कि माइन्स से ज्यादा से ज्यादा आमदनी हो सकती है, राजस्थान में माइनिंग के रिसोरसेज़ (resources) बहुत अधिक हैं। राजस्थान में इतने कोस्टली मिनरल्स हैं जिससे राजस्थान को लाखों रुपयों का फायदा हो सकता है। राजस्थान में बेरिल मौजूद है। इससे भी ज्यादा कोस्टली मिनरल्स मौजूद है। क्यों नहीं गवर्नमेंट इसमें रुपया इन्वेस्टमेंट करे और उनको निकाले और निकाल कर बेचे और यहाँ पर जितनी मिनरल्स की विनिंग हैं उनको अपने हाथ में ले? यहाँ पर मेनगेनीज जैसी चीज़ मौजूद है और भी बहुत सी चीजें हैं, जिससे आमदनी बढ़ सकती है।

इसके अलावा नेशनलाइजेशन ऑफ ट्रान्सपोर्ट एक ऐसा ज़रिया है जिससे राजस्थान की आमदनी बहुत बढ़ सकती है, लेकिन अफसोस इस बात का है कि प्लान मौजूद होते हुए भी पता नहीं राजस्थान सरकार इस पर क्यों नहीं ध्यान देती?

[श्री बृजसुन्दर शर्मा]

उपाध्यक्ष महोदय, इस सदन के सामने मैं निवेदन करना चाहूँगा कि राजस्थान सरकार के पास एक पाँच साला योजना इस ट्रान्स्पोर्ट के नेश्नेलाइजेशन के लिए बनी थी और वह योजना प्रकाशित तो नहीं हुई लेकिन सामने जरूर आई थी और मैं नहीं समझता कि उस योजना से सरकार को कोई नुकसान रहेगा। राजस्थान सरकार के पास बसें मौजूद हैं, पहले भी मौजूद थीं और उन पर रुपया खर्च हुआ है, इन्वेस्टमेन्ट हुआ है, लेकिन आज तक वह ऐसा काम में नहीं आ रहा है तथा यदि और बसें खरीदने की जरूरत हो तो खरीदी जा सकती हैं। एक कॉर्पोरेशन बना कर नेश्नेलाइजेशन ऑफ ट्रान्स्पोर्ट किया जा सकता है; लेकिन वह नहीं किया जा रहा है जो कि एक शर्तिया आमदनी का ज़रिया है।

तीसरा जरिया, उपाध्यक्ष महोदय, जो हो सकता है वह है नेश्नेलाइजेशन ऑफ टैक्स्ट बुक्स (text books) का। आज स्कूल और कॉलेजों में टैक्स्ट बुक्स को प्रेस्क्राइब करने में और प्रकाशित करने में जिस तरह की गड़बड़ियें हुई हैं वह एक सवाल मेरे सामने जरूर है। दो-चार साहबों से भी मैंने सुना कि अच्छा हो कि ऐसी गड़बड़ियां बन्द हो जाँय। लेकिन उन टैक्स्ट बुक्स के नेश्नेलाइजेशन के जरिये से सरकार को दो प्रकार की सुविधायें हो सकती हैं, गड़बड़ी बन्द हो सकती है और सरकार को आमदनी भी हो सकती है। इसी प्रकार उपाध्यक्ष महोदय, हम आमदनी के और जरिये तलाश कर सकते थे, लेकिन प्रयत्न हम करते नहीं हैं। हम तो यह चाहते हैं कि वास्तव में आमदनी आती रहे और यह कोशिश नहीं करें कि हम उसको किस तरह बढ़ावें। तो मैं यह अर्ज करना चाहता था, उपाध्यक्ष महोदय, कि हमारी नीति इस बारे में स्पष्ट होनी चहिए कि जो कोई पुकार आज की जाती है कि एक्स्पेन्डीचर को कम करो, एक्स्पेन्डीचर को कम करो, किन्तु मैं तो इसके विपरीत कहता हूँ कि खर्चा बढ़ाओ, खर्चा बढ़ाओ, खर्चा कम करने की जरूरत नहीं है; किन्तु आमदनी को ज्यादा बढ़ाने की जरूरत है। लेकिन इसका मतलब यह भी नहीं है कि हम नावाजिब तरीके से उन खर्चों को बढ़ाते रहें और इस बात पर ध्यान नहीं दें कि खर्चा ठीक हो रहा है या नहीं। आज हम देखते हैं कि हमारे यहाँ शासन पर कितना खर्चा होता है, कोस्ट ऑफ एडमिनिस्टेशन (प्रशासन व्यय, कितना अधिक है। अभी मेरे कुछ लायक दोस्तों ने इस सदन को बताया कि वास्तव में हमारा एडमिनिस्ट्रेशन, हमारा शासन एक टोप हेवी एडमिनिस्ट्रेशन है, इतना खर्चा करते हुए भी हम अभी भी सरकारी कर्मचारियों में बढ़ते हुए असन्तोष को, डिस्सेटिसफेक्शन (असन्तोष) को और करप्शन (भ्रष्टाचार) को कम नहीं कर पाये हैं। उनके कारणों की ओर मैं जाना आवश्यक नहीं समझता। जनरल डिस्कशन्स के बाद कट मोशन में इस बारे में बहसबाज़ी की जा सकती है। लेकिन हमें देखना तो वास्तव में पड़ेगा कि हमें इस ओर ध्यान देना है।

माननीय उपाध्यक्ष, एक बात मैं और निवेदन करना चाहता हूँ, जो यह है कि इन्डस्ट्रीज़ एक ऐसा डिपार्टमेंट है कि जिससे हम राजस्थान की ख्याति को ऊँचा उठा सकते हैं। राजस्थान की कोटेज इन्डस्ट्रीज (कुटीर उद्योग) को डेवेलप करना बहुत जरूरी है, होना बहुत आवश्यक है और इसके साथ-साथ यह हमारी आमदनी का खास जरिया हो सकता है। लेकिन जब हम इस बजट को देखते हैं तो कोई नई चीज़ सिवाय गंगानगर सुगर फैक्ट्री के, जिसको कि हम लेना चाहते हैं, और कुछ

[श्री बृजसुन्दर शर्मा]

नज़र नहीं आती है । ये तो कुछ मजबूरियाँ थीं जिनकी वजह से गंगानगर सुगर फैक्ट्री को हमने लिया । कई फैक्ट्रीज बन्द पड़ी हुई हैं, इन्जिन पानी में डूबे हुए हैं और खराब हो रहे हैं, कई जगह ऐसी भी मौजूद हैं जहाँ कि सरकार नई फैक्ट्रियाँ लगा कर आमदनी खड़ी कर सकती है किन्तु अब तक इस ओर ध्यान नहीं दिया गया है । मैं एक दफा जब बून्दी और देवली के बीच गुजर रहा था तो मैंने देखा कि एक जीनिंग प्रेस जो कि पुराने जमाने में चल रहा था बन्द पड़ा हुआ है । प्रेस वहाँ अब भी मौजूद है, इन्जिन भी सारा मौजूद है, चौकीदार भी वहाँ रहता है और चौकीदार को कलेक्टर के ऑफिस से तनख्वाह दी जाती है, किन्तु उस इन्जिन में सारा पानी भरा हुआ था और वह जंग खा रहा था । इस तरह टौंक में भी एक इन्जिन है जो कि बन्द पड़ा हुआ है ।

श्री वेदपाल त्यागी—Are the Government owning it ?

श्री बृजसुन्दर शर्मा—Yes.

या तो हम उनको बेच दें या हम उनको चलायें । कुछ न कुछ उपयोग तो वास्तव में होना जरूरी है । इस माने में आमदनी बढ़ाने की काफी गुंजाइश है ।

श्री जयनारायण व्यास (मुख्य मंत्री)—टौंक के सम्बन्ध में मैं आपको पूछना चाहूँगा कि कौनसी फैक्ट्री बन्द पड़ी हुई है ?

श्री बृजसुन्दर शर्मा—मैं, टौंक में जो इन्जिन पड़ा हुआ था उसके बारे में जिक्र कर रहा था । वह पुराना, अर्से से पड़ा हुआ था । उसको पहले ऑक्शन भी करने का था ।

श्री उपाध्यक्ष—उसका आप (मुख्य मन्त्री) स्पेसिफिकेशन दीजिये ।

श्री जयनारायण व्यास (मुख्य मन्त्री)—माननीय सदस्य को पता नहीं है कि वह आइस केन्डी का इन्जिन था और अब आइस केन्डी और जिनिंग फैक्ट्री को एक कर दिया गया है । इनको चालू भी कर दिया गया है ।

श्री बृजसुन्दर शर्मा—यह बड़ी खुशी की बात है । चार-पाँच साल से तो बन्द पड़ा था । मैं माननीय मुख्य मन्त्री जी को इसके लिए बहुत धन्यवाद देता हूँ ।

श्री टीकाराम पालीवाल (वित्त मन्त्री)—बूंदी और देवली की चीज़ क्या है ?

श्री बृजसुन्दर शर्मा—बूंदी से २० मील की दूरी पर पेचा की बावड़ी नामक जगह है । वहाँ पर वह जिनिंग फैक्ट्री चालू थी । वह अब बन्द पड़ी हुई है । जब चालू ही नहीं हुई तो अब फिर बन्द होने का सवाल ही पैदा नहीं होता ।

श्री टीकाराम पालीवाल—जब माननीय सदस्य ने बजट बनाया था तो उनको क्या मालूम नहीं था ?

श्री बृजसुन्दर—मुझे पुरानी बात अभी तक याद चली आ रही है। तो उपाध्यक्ष महोदय, जहां तक खर्चे का ताल्लुक है मैं अर्ज कर रहा था कि एडमिनिस्ट्रेशन को बढ़ाते जाने से खर्चा अधिक हुआ है और इस प्रकार एडमिनिस्ट्रेशन के बढ़ने से जो खर्चा बढ़ा हुआ है उसको हम बर्दाश्त नहीं कर सकते। इस टॉप हेवी एडमिनिस्ट्रेशन को खत्म करके हमको खर्चा कम करना चाहिये। जितनी बड़ी-बड़ी तनख्वाह आज हम दे रहे हैं, मैं इस बात को मानता हूँ कि हम उनमें कमी नहीं कर सकते जब तक कि हम उनके खिलाफ कोई चार्जेज नहीं लगा देते। मैं इस बात को भी मानता हूँ कि कुछ ऐसे लोग भी हैं जिनको और जगहों से बुलाया जाता है किन्तु हम आगे के लिए उनको बुलाना बन्द कर दें, जिससे हमारा खर्चा बढ़े नहीं। आज हम मानते हैं इस चीज़ को उपाध्यक्ष महोदय, कि एक सज्जन तहसीलदार हैं जो पहले किसी जमाने में कलेक्टर थे। उनको ६००), ७००) तनख्वाह मिलती है और काम करते हैं वे तहसीलदार का। मैं इस बात को भी मानता हूँ कि उनके काम के बारे में भी कोई शिकायत नहीं हो सकती, ईमानदारी के बारे में भी कोई शिकायत नहीं हो सकती, किन्तु यह बद-किस्मती है हमारे इन्टीग्रेशन की कि जिस आदमी को हम तनख्वाह ८००) रुपया देते हैं उस आदमी से २००) रुपया पाने वाले आदमी के समान काम लिया जाता है।

(समय-समाप्ति-सूचक घंटी)

श्री विशम्भरनाथ जोशी—It was a privilege that some of the members of the Opposition have been allowed one hour and a half or three quarters of an hour. I would request that the same indulgence be shown on the Government benches.

श्री वेदपाल त्यागी—The time is over.

श्री उपाध्यक्ष—The time is over.

श्री बृजसुन्दर शर्मा—मुझे, उपाध्यक्ष महोदय, इजाजत मिले कि मैं कल १५-२० मिनिट और बोलूं। श्री एच. के. व्यास को एक या पौन घंटा मिला था।

श्री उपाध्यक्ष—मैं यह जानना चाहूँगा कि बोलने वालों की तादाद, अभी जो फहरिस्त मैंने देखी है, काफी है और जो एक फहरिस्त दी गई है वह एक कांग्रेस पार्टी की ओर से दी गई है, दूसरी तरफ से भी लोग बोलना चाहेंगे और जो प्रोग्राम हमारे पास है उस हिसाब से तो कल बजट पर जनरल डिस्कशन समाप्त हो जाना चाहिये। वित्त मन्त्री को भी जवाब देने में एक घंटे से ज्यादा चाहियेगा। और भी मिनिस्टर्स हैं जो जवाब देंगे। अतः आज चार बजे दूसरा अधिवेशन कर लिया जाय, ताकि जो मेम्बर्स बोलना चाहें उनको समय दिया जा सके।

श्री बृजसुन्दर शर्मा—मुझे कन्टीन्यु करने की इजाजत है।

श्री जसवन्तसिंह—उपाध्यक्ष जी, मैंने और श्री पालीवालजी ने स्पीकर साहब के चेम्बर में इस सम्बन्ध में विचार किया था कि सदन को कुछ रोज आगे बढ़ाने की तजवीज की

[श्री बृजसुन्दर शर्मा]

जाय, मुख्य मंत्रीजी से विचार करने के बाद, क्योंकि सदन के बहुत से सदस्य बोलना चाहते हैं और उनको काफी समय उनको बोलने के लिए मिल सके इसलिए इसकी बैठकें कुछ और ज्यादा की जायं। हमारा सदन ऐसे भी बहुत थोड़े समय के लिए मिलता है। इस सम्बन्ध में ज्यादा से ज्यादा गवर्नमेन्ट को दिक्कत होगी तो वोट ओन अकाउन्ट (Vote on account) की होगी जो कोई इतनी बड़ी बात नहीं कि जिसके लिए इस बजट पर जो बहस हो वह ३१ तारीख तक खत्म कर दी जाय। इसके आगे भी हम सप्ताह भर इस पर लगा सकते हैं क्योंकि बजट पर बोलने का साल में एक ही बार मौका मिलता है।

श्री जयनारायण व्यास (मुख्य मन्त्री)—उपाध्यक्ष जी मेरा ख्याल है कि इस बजट पर सबको बोलने का मौका मिलना चाहिये, आप थोड़ा-सा सेक्रीफाइज़ (Sacrifice) करदें तो ज्यादा अच्छा होगा। वह सेक्रिफाइज़ इस तरह का कि हम दो सीटिंगें (Sitings) कर सकें। गवर्नमेन्ट को ज्यादा दिक्कतें होती है, सरकारी काम भी करना पड़ता है, कुछ डिस्पोज़ल भी करने पड़ते हैं। फिर भी हम तैयार हैं कि दो सिटिंगें की जायं और इस तरह से सब लोगों को बोलने का मौका मिल सकता है। बोलने की जरूर लोगों को ज्यादा प्रेरणा होती है। वोट ओन अकाउन्ट भी पेश होगा। हम दो मिटिंगें करके जितने भी लोगों को बोलने का मौका देना चाहें दे सकते हैं।

श्री जसवन्तसिंह—चार बजे आज तो सभा की कार्यवाही नहीं हो सकती क्योंकि आज पहले ही एक मिटिंग करने का हमने तय कर लिया है। होली के बाद में डबल सिटिंग्ज हो सकती हैं, आज के लिए तो यह नामुमकिन है।

श्री उपाध्यक्ष—कुछ सदस्यों के मिटिंग में जाने के कारण सदन के काम को रोका नहीं जा सकता, इसलिये कि सदस्यों की सूची, जो बोलने वाले हैं उनकी तादाद काफी है। इसलिये सदन आज चार बजे फिर मिलेगा। उससे यह भी मालूम हो जायगा कि कितने माननीय सदस्य बोलने के लिए सीरियस हैं और जो बोलना चाहते हैं। इसलिये आज सदन की बैठक चार बजे फिर होगी।

(सदन की बैठक १२ बज कर ३५ मिनट पर सायंकाल चार बजे तक के लिए स्थगित हुई)

विधान सभा भवन,
जयपुर,
दिनाँक-१६ मार्च, १९५४.

मनसाराम पुरोहित
सचिव,
राजस्थान विधान सभा,

परिशिष्ट १

(कृपया तारांकित प्रश्न संख्या २६६ का उत्तर देखिये)

S. No.	Name of the officer with Designation	Amount
1.	Shri Amir Bux, Ex-Superintendent, Guest House, Jaipur	338/6/3
2.	,, Banerji, Ex-Inspector General of Police Rajasthan, Jaipur.	1,389/4/-
3.	,, Billam Chand Bhandari, Ex-Accounts Officer, Jodhpur.	145/-
4.	,, D. N. Gupta, Superintending Engineer, P. W. D., Jaipur	277/-
5.	,, T. C. Hine, Ex-Superintendent, Circuit House, Jaipur.	1,451/9/-
6.	Hon'ble Shri Nawal Kishore, Ex-Chief Justice, Rajasthan.	362/6/-
7.	Shri B. S. Khaneka, Ex-Ground Engineer, Rajasthan.	6,755/9/-
8.	,, S. P. Pandey, Superintendent of Police, Rajasthan.	225/11/3
9.	,, P. D. Pandey, O. S. D Judicial Department	234/12/-
10.	,, P. N, Singhal, Ex-Election Commissioner, Rajasthan.	242/2/-
11.	,, S. M. Surana, Superintendent of Police, Rajasthan.	128/2/6
12.	,, D. L. Sharma, Ex-Deputy Director of Education, Rajasthan.	550/5/-
13.	,, T. S. Subnis, Ex-Director of Agriculture, Rajasthan.	1,194/1/-
14.	,, M. P. Shrivastava, Ex-Deputy Director, Education.	160/-
15.	,, Ved Prakash, C/o Education Department, Rajasthan.	840/12/-
16.	,, Raj Kumar, Ex-Election Officer, Rajasthan.	600/-
17.	,, Kampta Prasad, Secretary, Rehabilitation Government of Rajasthan.	208/8/-
18.	,, Jaswant Raj, Ex-Customs & Excise Commissioner.	306/14/-
19.	,, G. H. Posaw, Ex-Accountant General, Rajasthan.	682/12/-
20.	,, N. C. Misra, Ex-Inspector General of Police, Rajasthan, Jaipur.	2,041/13/-
21.	,, Heta Ram O. S. D., Accountant General's Office, Jodhpur.	184/14/-
22.	,, Gulzarilal, Central Excise, Udaipur.	177/8/-
23.	,, R. K. Chatruvedi, Deputy Commissioner Customs & Excise, Rajasthan.	339/10/-
24.	,, Bishandas Chopra, Commissioner, Bikaner.	127/10/-
25.	,, A. L. Vyas, O. S. D., Accountant General	106/9/-
26.	,, Shri Raj Rajeshwar Jain, Assistant Secretary, G. A. D.	159/8/-
27.	,, S. R. Ghadok, Superintending Engineer, P. W. D., Jaipur.	140/-
28.	,, Lal Singh Saktawat, Member, Revenue Board.	103/13/-
29.	,, Vishnu Datt Sharma, Deputy Secretary, Education.	180/6/-
30.	,, Bhawani Singh Ranawat, Director of Local Bodies.	180/6/-
31.	,, Mathuradas Mathur, Ex-Minister, Rajasthan.	218/10/-

S. No.	Name of the officer with Designation	Amount
32.	Shri Vishwanath, Chief Instructor Flying Club, Rajasthan.	326/6/-
33.	,, V. K. B. Pillai, Administrator of Former Rajasthan	2,838/-/9
34.	,, A. P. Dube, Regional Food Commissoner, Mt. Abu.	161/8/-
35	,, Nandlal Sharma, Agriculture Advisor, Former Rajasthan.	1,068/5/-
36.	,, Capt. Raj Singhji N. C. C. Udaipur.	195/15/9
37.	,, S. L. Dosi, N. C. C., Udaipur.	128/2/6
38.	,, Pannalal Agrawal, Supervisor, Circuit House, Udaipur.	537/11/9
39.	,, Bhim Singh, A. C. Kotah.	315/1[illegible]/9
40,	,, B. D. Chopra, I. A. S., Commissioner.	289/10/-
41.	,, Narain Singh Baid, Officer Court of Wards, Jodhpur.	152/8/-
42.	,, Bhim Singh, A. T. O. Northen Railway, Bikaner.	159/8/-
43.	,, Gangaprasad Bissa, Assistant Collector, Bikaner.	248/14/-
44	,, Rikhi Railway Officer, Bikaner	146/4/-
45.	,, Jugal Singh, Tehsildar Padampur.	120/14/-
46	,, Sarwal, Railway Officer, Bikaner.	139/4/-
47	,, Shrilal, Assistant Agriculture Officer, Rajasthan,	144/5/11
48.	,, C. S. Talwar, Medical Officer Rajasthan.	513/8/-
49.	,, Roop Narain, Member, Board of Revenue.	122/-

परिशिष्ट २

(कृपया प्रश्न संख्या २६७ का उत्तर देखिये)

Statement of re-employed personnel in state Service during 1953-54.

S. No.	Names.	Post.	Emoluments. Remarks
1	Shri A. A. Kherie, RAS (Retd)	Secy. to Chief Minister	Rs. 1350/- (including pension)
2	Shri Yad Ram Chaturvedi	Officer on Special Duty (Finance)	Rs. 500/- (excluding pension)
3	Shri G. D. Trivedi	Officer on Special Duty (Records)	Rs. 250/- pay 35/- D. A. (excluding pension)
4	Shri Chheda Lal Gupta	Asstt. Engr. B&R.	Pay last drawn pension in abeyance
5	Shri R. B. Mahaishkar	Asstt Engr. B&R.	305/,
6	Shri Jogendra Singh	Asstt. Engr. Irrigation	325/-
7	Shri Umrao Singh	Asstt Engr.	350/-
8	Shri Sugan Chand Kothari	Chief Conservator of Forests, Rajasthan.	pay not decided
9	Shri Yamuna Lal Dashora	Supdt. Gazetteer.	Rs. 740/-
10	Shri Abdul Ghaffar Khan	Asstt. Commissioner (Jagir)	Not decided
11	Shri Bansi Lal Sharma	Treasury Officer	Rs. 500/- exclusive of pension amount.
12	Shri Bilam Chand Bhandari	-do-	Rs. 700/-
13	Shri Sardar Mal Dhariwal	-do-	Not yet decided
14	Shri K. B. Mathur.	Authorised Deputy Custodian.	Rs. 700/-

15	Shri Krishna Swaroop	Deputy Custodian	Rs. 250/-
16	Shri D. D. Purohit	Accounts Officer.	Rs. 500/-
17	Shri Bishambar Dayal	Settlement Officer.	Pay last drawn minus pension
18	Shri J. M. Ghosh	Professor	Last pay, pension in abeyance.
19	Shri Hemaraj Gopal Ram.	Professor	-do-
20	Shri Salig Ram Changwal.	Agricultural Extension Officer (Community Project Block)	Under consideration.
21	Shri Ali Sher Khan	Veterinary Asstt. Surgeon.	150/-

परिशिष्ट ३

(कृपया प्रश्न संख्या २६२ का उत्तर देखिये)

राजस्थान उद्योग एवं कृषि प्रदर्शिनी, जोधपुर की प्रबंध कमेटी के मेम्बरों की नामावली

१ श्री द्वारकादास पुरोहित, एम. एल ए.
२ श्री मथुरादास माथुर, एम. एल. ए.
३ श्री शाह गोवर्धन लालजी काबरा
४ श्री गजाधरजी खोमाणी
५ श्री सेठ मोतीलालजी संघी
६ श्री सेठ रघुनाथदासजी ग्राँगड़ा, डीडवाना
७ श्री ठाकुर भैरूँसिंहजी खेजड़ला, एम. एल. ए.
८ श्री ठाकुर भवानीसिंहजी पोकरन, एम. पी.
९ श्री शाह रूपनारायणजी
१० श्री रामनिवासजी गट्टाणी
११ श्री जवानमलजी पुरोहित
१२ श्री रंगरूपमलजी सुराणा
१३ श्री राजा हरीसिंहजी कुचामण
१४ श्री केदारदासजी जैसलमेरिया
१५ श्री रामेश्वरसिंहजी
१६ श्री लक्ष्मीनारायणजी
१७ श्री सागरमलजी चौपड़ा
१८ श्री दशरथमलजी सिंघी, एडवोकेट
१९ श्री मस्तूरमलजी सिंघी, एडवोकेट
२० श्री कन्हैयालालजी डागा
२१ श्री छगनलालजी मालपाणी
२२ श्री शिवरामसिंहजी
२३ श्री रामलालजी कछावा
२४ श्री भजनसिंहजी भाटी

२५ श्री किशोरमलजी मेहता

२६ श्री तारक प्रसादजी व्यास

२७ श्री जी. एन. भट्ट

२८ श्री पारूमलजी

२६ श्री किरोड़ीमलजी

३० श्री उमेदमलजी चौधरी

३१ श्री शंकरलालजी पंडिहार

३२ श्री मोतीलालजी

३३ श्री आनन्दसिंहजी कछावा

३४ श्री मदनगोपालजी काबरा, संयोजक

परिशिष्ट ४

(कृपया प्रश्न संख्या २५८ का उत्तर देखिये)

Statement showing exemption allowed to individuals. Bikaner Division.

1	2	3	4	5
1.	Rajgarh	Seth Surajmal s/o Seth Kishan Gopal Mohta of Rajgarh.	Exemption from customs duty on personal affects grant as personal distinction.	6108 R & 6114 R.dated 3-12-45 and 3-12-45
2.	Bikaner State	Seth Jromalji Periwal s/o Bhimraj Periwal of Nohar.	All articles whether imported by rail or post for the bonafide use of the grantee.	R. M's No. 144 R dt. 8-1-48 to this office and No. 145 R. dt. 8-1-48 to the exemptee.
3.	Do	Seth Maganmal Pareek Bikaner.	The honour of exemption from the customs duty on personal effect as personal distinction.	R. M.'s letter No. 6111 dt. 3-12-45 to the exemptee.
4	Do	Seth Ramnath Daga, Bikaner.	Customs duty exempted on eating grains, such as gur, wheat, rice, Bajri, Moth, Gram, ghee, sugar, Gowar, oil, dry fruits, cloth.	Paye Takhat Kot Dakhil St. 1991 Miti Posh Sudi 8.
5.	Do	Seth Badridass Daga	—do—	—do—
6.	Sujangarh	1 Seth Pratapmal Bagria 2 Seth Ranglal ,, 3 Seth Gangadhar ,, 4 Seth Shiv Pd ,,	Honour ef exemption from customs duty on personal effect as a personal distinction with immediate effect.	Revenue Minster No. 6110R dated 3-12-45

1	2	3	4	5
7.	Bhinasar	Seth Thanmalji Manot of Bidasar.	Exemption from payment of customs duty as a heriditary measure on ail articles imported by him for his household cunsumption.	Prime Minister Bikaner No. 5453/5812 dated 21-10-42
8.	Churu	Seth Madangopal Bagla of Churu	Exemption from examination and from payment of customs duty and personal effects heriditary.	Revenue Minister Order No. 6602R dated 27-10-36 and No. 4405 dated 11-11-37 to the Inspector General C & E Bikaner.
9.	Sardar-shar	Seth Sumermal Budhmal c/o Seth Sampatram Dugar Sardarsahar	Customs duty exempted from payment and search on cloth, foodgrain, kirana, Kiranagota, gold, silver, etc. imported exeorted for domestic use according to their consumption. The exemption is heriditory.	Rukka St. 1996 Miti Assoj sudi 10 sunday.
10.		State guests.	Exemption from payment of customs duty on goods imported and transported for their private.	Bikaner Government No. 3694/3104 dated 5-9-17.
11.		Guests of His Highness Maharaja	—do—	—do—
12.		Employees of Imperial Postal and telegraph Deptt.	—do—	—do—

राजस्थान विधान सभा

दसवीं बैठक, मंगलवार—१६ मार्च, सन् १९५४ ई.

(सायंकालीन बैठक)

विधान सभा की बैठक सभा भवन, जयपुर में सायं ४ बजकर २० मिनट पर प्रारम्भ हुई ।

(श्री नरोत्तमलाल जोशी, अध्यक्ष, पदासीन)

आय-व्ययक पर सामान्य वाद-विवाद

श्री बृजसुन्दर शर्मा—I am starting at 4-20. I don't know what will be my fate ?

श्री वेदपाल त्यागी—You will succeed.

श्री बृजसुन्दर शर्मा—माननीय अध्यक्ष, मैंने इस सदन के समक्ष यह निवेदन किया था कि हम कभी-कभी चिल्लाते हैं और कभी और कुछ करते हैं लेकिन वास्तव में उतना ही ध्यान यदि हम आमदनी बढ़ाने की तरफ दें तो वह ज्यादा अच्छा होगा ।

श्री अध्यक्ष—May I know how long will you take ?

श्री बृजसुन्दर शर्मा—About 15 to 20 minutes.

श्री अध्यक्ष—That much time you have already taken.

श्री बृजसुन्दर शर्मा—I shall try to finish it within ten minutes

श्री अध्यक्ष—All right, finish it within ten minutes.

श्री बृजसुन्दर शर्मा—(भाषण जारी रखते हुए) अध्यक्ष महोदय, खर्चे के बारे में मैं निवेदन कर रहा था कि जनरल एडमिनिस्ट्रेशन पर हम दिन पर दिन खर्चा बढ़ाते चले जा रहे हैं । एडमिनिस्ट्रेशन हमारा टोप हेवी होता जा रहा है, फिर भी सब जगह डिसकॅटिन्टमेन्ट,.

[श्री बृजसुन्दर शर्मा]

डिस्सेटिसफेक्शन और करप्शन बढ़ता जा रहा है। इसका कारण इन्टीग्रेशन से तसल्ली नहीं होना हो सकता है। इसका कारण यह भी हो सकता है कि सर्विसेज़ में उनकी योग्यता, उनका अनुभव, उनकी तनख्वा के माफिक उनको ऊँचा स्थान नहीं मिला और ऐसी कई मिसालें मौजूद हैं जिनके विषय में इस समय जाना ठीक नहीं होगा; लेकिन अध्यक्ष महोदय, मैं निवेदन करना चाहूँगा कि यदि हमें जनरल एडमिनिस्ट्रेशन में कमी करनी है तो मैं समझता हूँ कि हमें सबसे आगे लीड लेना चाहिये। इस बारे में मेरा सुझाव है कि आगे आने वाले बजट में हमें कमिश्नरों की पोस्ट और एस. डी. ओज़. की पोस्टों को बिल्कुल खत्म कर देना होगा। कमिश्नरों के पास सिवाय पोस्ट ऑफिस का काम करने के और कोई काम नहीं है। इसी तरह से यदि हम चाहते हैं युनिट्स को, छोटे-छोटे एडमिनिस्ट्रेटिव यूनिट्स को डिवाइड करके तहसीलदारों का सम्पर्क अधिक से अधिक जनता से करवाने का प्रयत्न करें और उनका सम्बन्ध सीधा कलेक्टर्स से हो और कलेक्टर्स का सीधा सम्बन्ध रेवेन्यु बोर्ड से हो। तो हम समझते हैं कि खर्चे में बहुत कुछ कमी कर सकते हैं और इससे हमारा नुकसान नहीं होनेवाला है। इसी तरह मैं निवेदन करूँगा कि कई मदें ऐसी हैं जिनमें खर्च में कमी करने की गुंजायश है। मैं देखता हूँ कि एन्टी स्मग्लिंग फोर्स के लिये इस बजट में प्रोविजन किया गया है। एन्टी स्मग्लिंग फोर्स आजकल जिस तरह से है, यह बात जरूर है कि जहाँ हमारा इलाका पाकिस्तान से मिलता है वहाँ इसका होना बहुत जरूरी है। लेकिन हमारी एन्टी स्मग्लिंग फोर्स युनिट्स के अन्दर भी काम करती देखी गई है। जैसे अजमेर के बोर्डर पर एन्टी स्मग्लिंग फोर्स है, इसी तरह से मध्य-भारत के बोर्डर पर भी एन्टी स्मग्लिंग फोर्स है। मैं समझता हूँ कि इसमें कुछ कमी जरूर की जा सकती है।

एक बात मैं, अध्यक्ष महोदय, सदन के सम्मुख रखना चाहूँगा और वह यह है कि हमने खर्चा बहुत काफी रखा है प्रगतिशील कार्यों के लिये और कल्याणकारी कार्यों के लिये एवं यदि हम सब कार्यों को पूरा कर सकें और हम जिस प्रगति पर चलना चाहते हैं उस पर चल सकें तो बहुत ही अच्छा काम होगा। लेकिन हम देखते हैं कि पिछले वर्षों में इस ओर हमारी जिस तरह की प्रगति रही है क्या इस साल भी वही कायम रहेगी? आज मुझे एक पत्र में पढ़ने के लिये मिला, राजस्थान के बजट के सम्बन्ध में। खर्च जिस तरह से कल्याणकारी कार्यों के लिये रखा गया है, पंचवर्षीय योजना के लिए जितना खर्च करना है उतना खर्चा कर सकेंगे या नहीं। गत दो साल में जो प्रगति रही है उसी तरह की प्रगति रही तो मुझे आशा नहीं है कि हम सारे काम को खत्म कर सकेंगे और प्रगति कर सकेंगे या नहीं। इसका कारण यह है अध्यक्ष महोदय, कि जिनके पास कार्य का संचालन है; जैसे इरिगेशन विभाग के पास, तो उनके पास पूरा स्टाफ नहीं है। कॉम्युनिटी प्रोजेक्ट्स और एक्सटेन्शन ब्लॉक्स की प्रगति के लिये जैसा कि मैंने राजप्रमुख के भाषण के समय निवेदन किया था, इस काम को ठीक तरह से चला सकें ऐसे अवसर हमारे पास नहीं हैं। यदि हम इसे सुचारु रूप से चलाना चाहते हैं तो हमें इसमें तब्दीली करनी पड़ेगी।

श्री अध्यक्ष—You may bring cut-motions on Particular Demands.

Page No.99

श्री बृजसुन्दर शर्मा:--This is all general, Sir. I am not speaking on any specific thing.

यह कहा गया है अध्यक्ष महोदय, मैं इसको नहीं छोड़ देता हूँ। लेकिन मैं दो-तीन बातों का जवाब देना चाहता हूँ। यह कहा गया है कि फेमिन रिलीफ फण्ड में कुछ जमा तो नहीं करते किन्तु और अधिक रुपये लेते जा रहे हैं; यह दिवालियापन है। मैं कहूँगा कि यह बदकिस्मती है कि राजस्थान में हर साल किसी न किसी जगह अकाल पड़ जाता है। गये साल में भी राजस्थान में किसी न किसी जगह अकाल रहा और वहाँ पर मदद पहुँचाई गई। ३० लाख रुपये जमा किये गये और उससे अधिक खर्च हो गया। तो मैं समझता हूँ इसमें बुरी बात नहीं है। जो खर्चा हुआ है वह अच्छे काम के लिये हुआ है और उससे लोगों को सहायता ही मिली है। हमने राजस्थान में रेवेन्यु सम्बन्धी एक फण्ड भी कायम किया है और हम उसमें हर साल रुपये जमा करते जा रहे हैं। इस साल भी इसमें जमा करने के लिए रुपये रखे गये हैं, इसलिये कि किसी न किसी समय काम आयेंगे। लेकिन इन बातों पर गौर न किया जाकर और कुछ आँकड़े इधर-उधर से लेकर बातें कर देते हैं।

मैं, अध्यक्ष महोदय, एक बात और निवेदन करना चाहता हूँ कि जहाँ तक राजस्थान में न्याय प्रणाली का सम्बन्ध है या न्याय प्रशासन के खर्चे का सम्बन्ध है इस खर्चे में कमी करने का प्रयत्न करेंगे तो हम राजस्थान की जनता को सस्ता न्याय नहीं दे पा रहे हैं। जगह-जगह की अदालतों को खत्म करने की नीति से वहाँ के लोगों की तकलीफ बढ़ गई है।

(समय-समाप्ति सूचक घंटी)

मैं दो ही मिनिट में खतम कर दूंगा।

और भी कई बातें कही गई हैं, लेकिन मैं सिर्फ जो कहना चाहूँगा वह यह है कि हम एक चीज़ इधर से लेते हैं और दूसरी चीज उधर से पकड़ते हैं, लाभ की चीजों को नहीं देख सकते। सब चीजों की ओर देखकर हमें यह सोचना चाहिये कि हम वास्तव में प्रगतिशील हैं या नहीं। यदि प्रगतिशील हैं तो यह बजट अच्छा है और हमें इसे पास करना चाहिये। इधर-उधर की छोटी बातें कटमोशन के समय लाई जा सकती हैं और मैं समझता हूँ कि गवर्नमेन्ट भी वाजिब बातों पर विचार कर सकती है। यह बजट पेश हुआ है, उसके लिये वास्तव में श्री पालीवालजी धन्यवाद के पात्र हैं और मैं उनकी सराहना किये बगैर नहीं रह सकता।

श्री शम्भूसिंह—अध्यक्ष महोदय, आज दो दिन से बजट पर वाद विवाद हो रहा है। हम देखते हैं कि हर साल विधान सभा अधिवेशन में बजट पेश होता है, दोनों पक्षों से तजवीजें पेश होती हैं, वाद-विवाद होता है और बजट स्वीकार कर लिया जाता है। इस प्रकार से बजट पेश होने और उस पर स्वीकृति प्राप्त करने पर हमारा विश्वास अधिक नहीं रहा है क्योंकि हम देखते हैं कि जिस प्रकार यह संतुलित बजट पेश हुआ इसी प्रकार गत वर्ष भी संतुलित बजट पेश हुआ था। इस साल यदि सरप्लस बजट होता तो अधिक संतोष होता। लेकिन फिर भी डेफिसिट नहीं होने से संतोष

[श्री शम्भूसिंह]

मानें कि कम से कम डेफिसिट तो नहीं है । हमारे सामने जब सप्लीमेंट्री ग्रान्ट्स आई तो हम चौंके कि यह क्या मामला है ? बजट को उस समय संतुलित दिखाया गया और अब ग्रान्ट्स पर ग्रान्ट्स माँगी जा रही हैं । तो इस प्रकार का, मैं समझता हूँ इस वर्ष भी संतुलित बजट हमारे सामने आया है; मगर यह तय है कि जिस प्रकार का सप्लीमेंटरी ग्रान्ट्स के जरिये ऐसा खर्चा जो कि इस वक्त जानबूझ कर नहीं दिखाया गया है वह भविष्य में अवश्यम्भावी नजर आता है जो कि सप्लीमेंटरी ग्रान्टस के रूप में हमारे सामने आयेगा ।

गत वर्ष जब बजट संतुलित था, जब रेवेन्यू के एस्टीमेंट में भी बेसी नहीं हुई तो फिर खर्चा कहाँ से कर दिया गया ? या तो दूसरे मदों में से जो बचत हुई उससे खर्चा कर दिया गया या रिजर्व में से लिया गया । पर यह सप्लीमेंटरी ग्रान्टस में नहीं बताया गया है ।

अध्यक्ष महोदय, वर्तमान बजट में यह देखा गया है कि कई मद ऐसे हैं कि जिनका भार यूनियन गवर्नमेंट को अपने ऊपर लेना चाहिए था उनका भार राजस्थान गवर्नमेंट अपने ऊपर ले रही है । मिसाल के तौर पर मैं आपको बतलाऊँ कि बोर्डर के ऊपर जो पुलिस रहती है उसका खर्चा राजस्थान गवर्नमेंट देती है । राजस्थान अवश्य एक सीमावर्ती राज्य है और इससे पाकिस्तान का बोर्डर मिलता है, पर वह बोर्डर केवल राजस्थान गवर्नमेंट का ही बोर्डर नहीं बल्कि यूनियन गवर्नमेंट का भी बोर्डर है, अतः इसकी जिम्मेदारी उस पर हो । उस पुलिस और दूसरा समस्त खर्चा सेन्ट्रल गवर्नमेंट को अपने ऊपर लेना चाहिये । इसी प्रकार वहाँ बोर्डर के ऊपर यातायात के साधन, पुलिस आदि के आवागमन के वास्ते (साधन) बनाये जा रहे हैं । जहाँ तक सिविल एडमिनिस्ट्रेशन का सवाल है वहाँ तक तो राजस्थान सरकार खर्चा दे वह ठीक है परन्तु जब इससे और तरह का खर्चा, इससे ज्यादा और बनाया जावे तो इसका भार राजस्थान सरकार पर न होकर केन्द्रीय सरकार पर होना चाहिये । मैं समझता हूँ कि राजस्थान सरकार ने यह सुझाव केन्द्रीय सरकार को दिया होगा और संभव है कि उसने नहीं माना होगा, इसलिए हम पर यह खर्चा लगाया गया होगा ।

माननीय अध्यक्ष, जब राजस्थान कायम हुआ था तब हमने देखा कि इसमें भिन्न-भिन्न इकाइयां, रियासतें शामिल हुईं । उस समय उन रियासतों ने कुछ धन-राशियाँ राजस्थान सरकार को दी थीं । कोटा ने बहुत सा धन दिया था, बीकानेर ने दिया था, उदयपुर और दूसरी बहुत सी रियासतों ने भी राजस्थान सरकार को धन दिया था पर अब हम देखते हैं कि राजस्थान सरकार के ऊपर केन्द्रीय सरकार का ऋण है और जो सिक्योरिटीज़ जमा थीं वे भी जाकर बहुत सा पैसा इस प्रकार लाइबेलिटी के रूप में आ गया है कि जिससे हमें भान होता है कि जो धन विविध रियासतों से राजस्थान सरकार को मिला था या तो वह रहा ही नहीं या अगर सीक्योरिटीज़ के रूप में होगा तो बहुत कम रहा होगा । मेरी समझ में नहीं आता कि यह किस तरह हुआ ? एक साधारण सी बात है कि जब एक गृहस्थी के पाँच आदमी अलग-अलग रहते हैं अलग-अलग चूल्हा जलाते हैं तो यह स्वाभाविक है कि उनको खर्चा ज्यादा ही आयेगा परन्तु जब वह आपस में समझौता करके एक जगह खाना बनाने लग जावें तो जो खर्चा

[श्री शम्भूसिंह]

अलग-अलग खाना बनाते समय होता था उससे खर्चा कम हो जाना चाहिये। इसी तरह जब इतनी अलग अलग रियासतें मिल कर एक राज्य बना तो यह स्वाभाविक बात है कि खर्चा कम ही आना चाहिए परन्तु इसके विपरीत हम देखते हैं कि उन विभिन्न रियासतों से मिली हुई धन-राशि खत्म हो चुकी है और राजस्थान सरकार ने केन्द्रीय सरकार से कर्ज भी ले लिया है और सिक्योरिटीज़ जो थीं उनको भी करीब करीब बेच कर लिया है। पर इस पर भी इस बजट को ठीक तौर से दिखाने की कोशिश की गई है लेकिन हम जानते हैं कि इस तरह के बजट को इकोनोमी के विद्यार्थी कॉलेजों में बना लेते हैं और जो वास्तविक बातें होती हैं वह बजट में इधर-उधर की जा कर छुपाई जा सकती हैं।

हमें इस बजट में एक कल्याणकारी राज्य के अनुरूप व्यय कम दिखाई दिया और एक पुलिस राज्य के अनुरूप व्यय प्रतीत होता है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपसे अर्ज करना चाहता हूँ कि इस प्रकार एक कल्याणकारी राज्य बनाने का दावा करके कल्याणकारी मदों पर खर्चा न करके पुलिस राज्य पर खर्चा करना, यह कहाँ तक ठीक कहा जा सकता है।

अध्यक्ष महोदय, मैं आपके द्वारा सदन को बताना चाहता हूँ कि हमारे यहाँ बचत की बहुत सी गुंजायश थी पर वह नहीं की गई है। एक तो सबसे बड़ी बचत यह हो सकती थी कि बड़ी-बड़ी तनख्वाह पाने वाले बड़े बड़े ऑफिसर्स की तनख्वाह में कटोती की जा सकती थी। अगर इनकी तनख्वाह में कटोती की जाती और लो पेड गवर्नमेंट सर्वेंटस (low paid government servents) को ५० प्रतिशत तनख्वाह में इजाफा कर देते तो भी हमारे पास बचत हो जाती। परन्तु हेविली पेड गवर्नमेंट ऑफिसर्स (heavily paid Government Officers) की तनख्वाह में कोई कमी नहीं की गई है तथा लो पेड स्टाफ की तनख्वाह में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है और आज लो पेड गवर्नमेंट सर्वेंट्स की वही दशा है जैसी दशा में कि वे लोग पहले थे।

बजट को देखने से पता चलता है कि धन-राशियाँ गाँवों की तरक्की करने के बजाय शहरों की तरक्की में खर्च की जा रही हैं। अध्यक्ष महोदय, कहने को तो कहा जाता है कि सरकार ग्रामों के लिए बहुत कुछ करती है और आवाज़ भी देते हैं कि ग्रामों के लिए सरकार अधिक ध्यान दे रही है लेकिन देखते हैं तो राजनैति की बात होती है। कहते कुछ और हैं और करते हैं कुछ और, जो कहते हैं उसके विपरीत करते हैं। अगर सरकार का ध्यान गाँवों की तरफ होता तो आज गाँवों की जो दशा हम देखते हैं वैसी नहीं होती। हम देखते हैं कि गाँवों में छोटे छोटे स्कूल, छोटे-छोटे अस्पताल और छोटे-छोटे कार्य भी पूरे नहीं किये जा रहे हैं; वहाँ शहर में बहुत बड़े होस्पिटल, बड़े-बड़े आउट डोर वार्ड्स, बड़ी-बड़ी सड़कें, बड़ी बड़ी इमारतें और बड़े-बड़े निर्माण कार्य किये जा रहे हैं। मिसाल के तौर पर आप देखेंगे तो आपको मालूम होगा कि गंगापुर और भीलवाड़ा के बीच में एक सड़क का टुकड़ा है, उसको तैयार होने में वर्षों लग गये और कुछ आशा नहीं कि वह निकट भविष्य में तैयार हो जावेगा। परन्तु जयपुर शहर में डाम्बर की सड़कें फौरन तैयार हो जाती हैं। उन

[श्री शम्भूसिंह]

लोगों के लिए सरकार के पास पैसा नहीं और शहरों के लिए सरकार के पास पैसे की कोई अड़चन नहीं होती।

अध्यक्ष महोदय, इस बजट में हमको यह भी विदित हुआ कि सेल टैक्स जैसी कोई व्यवस्था की जाकर जनता पर टैक्स का रोग लगाया जावेगा। कहने में यह कहा जाता है कि कस्टम ड्युटि उठा ली जावेगी मगर मैं समझता हूँ कि यह कस्टम ड्युटी को रिप्लेस नहीं करेगा। यह सेल टैक्स लगाया जा रहा है उसका असर ग्रामों पर भी ज्यादा पड़ेगा। सेल टैक्स में ग्राम वाले भी ज्यादा दबेंगे।

अध्यक्ष महोदय, कटौती करने और बचत करने के बहुत से साधन हैं। जैसे सिविल सप्लाइज़ में कन्ट्रोल हटाने से सिविल सप्लाइज़ विभाग के बहुत से क्लर्क्स हैं वे दूसरी जगह लगाये जावें, जो अनवाश्यक रूप में लगे हुए हैं और वे बदले जा सकते हैं लेकिन न मालूम उसको क्यों नहीं अमल में लाया जा रहा है? इसके अलावा ट्रान्सफर जल्दी जल्दी होने से भी बहुत सा पैसा व्यय हो जाता है।

अध्यक्ष महोदय, डेवलपमेंट पर भी बहुत सा रुपया बजट में दिखाया गया है परन्तु हम देखते हैं कि जितना आयोजन बजट में दिखाया गया है उसका आधा काम भी नहीं हो पा रहा है। अतः अध्यक्ष महोदय, मैं समझता हूँ कि वर्तमान बजट जो है वह संतोषजनक नहीं है और यदि इसमें बाद में सप्लीमेंटरी ग्रान्ट के लिए माँग आएगी तो पब्लिक को और भी ज्यादा असंतोष होगा।

श्री भैरोंसिंह केलवा—अध्यक्ष महोदय, फाइनेन्स मिनिस्टर साहब ने बहुत कृपा करके संतुलित बजट हमारे सामने प्रस्तुत किया और वास्तव में बजट को देखने से प्रतीत होता है कि निर्माण कार्य के लिए, शिक्षा के लिए, स्वास्थ्य के लिये काफी रुपया लगाया गया है और जो गाँवों में रहने वाले हैं उनका ध्यान विशेष तौर से सड़कें, स्कूलें या डिस्पेंसरियें खोल कर खर्च किया जा रहा है। इस पर ग्रामों को काफी फायदा रहता है। लेकिन जो आँकड़े बनाये गये और इन पर वित्त मन्त्रीजी ने मेनहत की है उसके लिये वे धन्यवाद के पात्र हैं, लेकिन इन आँकड़ों से हमें यह नहीं कहना है कि हमने कितनी प्रगति की। हम अन्दाजा लगावें कि आयुर्वेद में कितना खर्च होगा और उसका क्या असर होगा। खर्चा तो सरकार ने बताया लेकिन उसके साथ में जो पोपुलेशन बढ़ी है उसका प्रॉपोर्शन नहीं बताया गया। यह कहा जाता है कि ३५ डिस्पेन्सरीज़ खोली गई लेकिन मैं यह कहूँगा कि मौजूदा बढ़ती हुई आबादी को देखते हुए यह ३५ डिस्पेन्सरीज़ बहुत कम हैं। अगर इसके साथ साथ पॉपुलेशन का अन्दाजा होता तो हम यह कह सकते थे कि इस संबन्ध में हमने कितनी प्रगति की। मैं तो यह कहूँगा कि यह तरक्की जो बताई जा रही है वह नाम मात्र की तरक्की है, वास्तव में कोई उन्नति नहीं क्योंकि इसके साथ पर्सेन्टेज ओफ पोपुलेशन नहीं बताई गई, अगर बताई जाती तो साफ तौर से मालूम हो सकता था कि किन मदों में बढ़ाने का कहा जाता है। मैं कहूँगा कि कुछ नहीं बढ़या गया और

[श्री भैरूसिंह केलवा]

हम साफ तौर से कह सकते हैं कि हम पीछे हैं। आबादी बढ़ी है उसी अनुपात से सब कुछ कार्य होना चाहिये था। इसलिए यह कहा जा सकता है कि यह हमारा कल्याणकारी बजट नहीं है। ज्यादा से ज्यादा यह कहा जा सकता है कि पिछले साल का स्टेटस मेन्टेन किया जा रहा है।

इसके बाद यह देखते हैं कि इस बजट में कौन सी कॉन्स्टीट्युएन्सी के लिए कितना रुपया किस मद में खर्च हो रहा है। यह आशा मैं भी रखता हूँ कि मेरी कॉन्स्टिट्युएन्शी में कौन सी चीज़ हो रही है। सबसे पहले नजर डिविजन पर पड़ती है और उसके बाद कॉन्स्टिट्युएन्सी पर पड़ती है। जब हम देखते हैं तो मालूम होता है कि लोन से अनेकों काम किये जाते हैं। लेकिन मैं देखता हूँ कि उदयपुर के दक्षिण-पश्चिम दिशा में बहुत काम हो रहा है। डूँगरपुर में बहुत काम रखा गया है और हमारे इलाके में विक्टोरिया क्रोस लगा हुआ है। न तो हमारे यहाँ कोई स्कूलों को खोलने का काम हो रहा है और न कोई सड़कों का। हालाँकि हमारे एरिया से वहाँ पर दो मन्त्रीजी आये हैं मगर फिर भी इस हिस्से को बिल्कुल इग्नोर किया जा रहा है। इसलिए मैं तो यह कहूँगा कि हमारा बजट इस दिशा में इल-डिस्ट्रीब्युटेड (ill-distributed) है।

यह (ill-distributed) हमारे मन्त्रियों के कारण से है। यह हमारे साथ जो बर्ताव किया जा रहा है उसका हम प्रतिशोध तो नहीं कर सकते लेकिन इस बर्ताव से हमको घृणा सी आ जाती है कि हमको इग्नोर क्यों किया जा रहा है?

श्री रोशनलाल—अभी आप सामुदायिक योजना पर नहीं आये हैं।

श्री भैरूसिंह केलवा—मैं जल्दी से सामुदायिक योजना पर आ रहा हूँ। सामुदायिक योजना वास्तव में अच्छी योजना है लेकिन उसकी प्रगति जितनी बढ़ा-चढ़ा कर बताई गई है उतनी नहीं है। इसको मैं संतोषप्रद नहीं कहता। इसके अलावा जो खर्चा शहरों में हो रहा है गाँवों में उसके मुकाबले में कुछ नहीं किया जा रहा है। यदि गाँवों में जो कार्य हो रहा है उसका अनुमान लगाया जावे तो आपको मालूम होगा कि कितना काम हो रहा है? आप देखेंगे कि गाँवों में जो कहीं काम हो रहा है कुए खुदाने के लिए तो वहाँ पर कम्प्रेसर है लेकिन डेस्टोलेटेर्स नहीं हैं। यह दशा क्यों है? यह सिर्फ रेडटेपिजम की वजह से है। जो रेडटेपिजम सरकार में था वह सामुदायिक योजना में भी पहुँच गया है। कागजात किस तरह से आगे से आगे टहलाये जाते हैं।

मुझे निश्चित रूप से मालूम है कि जब नेशनल डे मनाया गया था उस समय हर एक तहसील को रुपया बाँटा गया था। उसमें मैंने भी काम किया था। उसका पैसा इकट्ठा किया गया मगर उस पैसे को बेपरवाही से प्रयोग किया गया। उसका पैसा मेरी तहसीलों को मिला ही नहीं।

इसके पश्चात् कम्यूनिटी प्रोजेक्टस विभाग ने कहा कि हम यह कार्य करने को तैयार हैं। मुझे यह मालूम हुआ कि इसमें काफी कॉम्प्लीकेशन्स खड़े हो गये हैं, उनको विदड्रा करना मेरे लिए नामुमकिन

[श्री भैरूंसिंह केलवा]

हो गया। इसमें पर्सनल इन्ट्रेस्ट तो मेरा नहीं था। मैं फिर भी १०–१२ दफा इस काम के लिए गया। एक-एक कलवर्ट के लिए पैसा मुश्किल से मिला। आप स्वयं सोच सकते हैं कि देश के एक भाग की उन्नति के लिए एक ऑर्डिनरी आदमी कैसे क्या कर सकता है? इतना करने पर भी मुझे भी जब कुछ नहीं मिला तो गाँव वाले तो कुछ नहीं कर सकते। मैं कहने को तैयार नहीं हूँ कि इसके लिए कोई ऑफिसर जिम्मेदार है। जो कॉम्प्लीकेसीज़ रुपये लेने में थी उनको मैंने आपके सामने पेश किया। मैं आपको यह भी अर्ज कर सकता हूँ कि एक्सटेन्शन ब्लॉक्स के लिए कहीं भी ओफिसर्स पहुँच गये तो इन्जीनियर्स नहीं पहुँच पाते और कहीं इन्जीनियर्स पहुँच गये तो सर्वे का सामान नहीं पहुँच सका। मैं अभी भी बता सकता हूँ और यदि कोई मन्त्री महोदय देखना चाहें तो, कि कुम्भलगढ़ में इन्जीनियर्स तो पहुँच चुके हैं किन्तु सर्वे का सामान नहीं पहुँचा है।

अब मैं आपको अर्ज करूँगा कि सेन्ट्रल गवर्नमेन्ट से सड़कों के लिए मन्जूरी हो गई। कार्य के लिए राजसमन्द ब्लॉक को अमाउन्ट दिया गया। उदयपुर में मैं P. W. D. विभाग में गया यह कहने के लिए कि सड़कों के लिए ओवरसियर दीजिये। ओवरसियर नहीं दे सके और इसका नतीजा यह हुआ कि सर्वे का काम नहीं हो सका। छः महीने तक प्रयत्न करने पर भी, घर का काम छोड़ कर इसके पीछे लगने पर भी, कुछ नहीं हुआ। कहा गया कि अमाउन्ट के लिए ऑर्डर्स हो चुके हैं; दो हजार रुपया सेन्क्शन हो चुका है, किन्तु पर्मिशन नहीं आई है। तो माननीय अध्यक्ष, यह है हमारी प्रगति। कॉम्युनिटी प्रोजेक्ट्स की निन्दा तो नहीं करता हूँ किन्तु यह जो चाल है वह बहुत ही धीमी भी है और उस चाल से सन्तुष्ट होना मैं ठीक नहीं समझता। कहीं मशीनें कुए खोदने के लिए तो आ गई हैं किन्तु डिटरोमेटर्स नहीं हैं। अतः कई जगह तो काम शुरू ही नहीं हुआ। खाद के खड्डे जरूर खोदे गये हैं और खाद जरूर बांटा गया है। जो और कार्य करने चाहिये थे उनमें कोई प्रगति नहीं हुई है।

श्रीमन्, अब मैं आपका इरिगेशन की ओर ध्यान दिलाऊँगा।

श्री अध्यक्ष—ये सारी बातें आप कट मोशन्स पर लावें।

श्री भैरूँसिंह—केवल दो मिनिट में ही खत्म कर देना चाहता हूँ।

श्री अध्यक्ष—ये बातें तो कट मोशन्स के वक्त बोलने की हैं। जो सब्जेक्ट जिस समय आवे उस पर बोलने की हैं।

श्री भैरूँसिंह—(जारी) मैं इरिगेशन के सम्बन्ध में अर्ज करूँगा कि राजसमन्द में एक बड़ा तालाब बन रहा है। छोटे-छोटे तालाबों को बनाना बन्द किया गया है। नीचे ज्यादा पिलाई करते हैं उनका कोई खयाल नहीं रखा गया है। ऊपर के तालाबों के लिए यह ऑर्डर होता है कि काम बन्द कर दें। मैं इस सम्बन्ध में स्पष्टीकरण चाहूँगा कि वास्तव में स्थिति क्या है? माइनर

[श्री भैंरूसिंह]

इरिगेशन स्कीम और डेवलपमेन्ट स्कीम आपकी कैसे चलेगी ? राजसमन्द तालाब के नीचे तो जमीनें दी जा रही हैं और ऊपर के तालाब का काम होने से बन्द कराया जा रहा है।

मैं थोड़ासा ध्यान आपका शिक्षा विभाग की बिल्डिंग्ज़ की ओर दिलाना चाहूँगा। शिक्षा विभाग ने यह निर्णय कर लिया है कि जहाँ बिल्डिंग्ज़ बना ली जावेंगी वहाँ मास्टर भेज दिये जावेंगे। यह तो बड़ी मेहरबानी है। मैं आपको निश्चित रूप से अर्ज कर सकता हूँ कि मावली के लिए हाईस्कूल का निर्णय हो चुका था, मन्त्री लोग आश्वासन दे चुके थे किन्तु दो बार आश्वासन दिये जाने पर भी उसको वहाँ से शिफ्ट कर दिया गया। मैं आपसे अर्ज करूँगा कि ऐसे स्थान भी हो सकते हैं कि जहाँ बिल्डिंग्स नहीं बन सकती हैं, वहाँ के लोग बिल्डिंग्स नहीं बना सकते। मैं मानता हूँ कि डूँगरपुर का इलाका है, वह पिछड़ा हुआ है किन्तु राजस्थान में कई ऐसे इलाके और भी हैं जिनकी फाइनेंशियल कन्डीशन (आर्थिक दशा) अच्छी नहीं है कि वे बिल्डिंग्ज़ तैयार करके दें।

श्रीमन, अब मैं जो इल्लिसिट डिस्टीलेशन (illicit distillation) होता है उसके बारे में अर्ज करूँगा। हम इसकी निन्दा करते हैं। रेट का रुपया बढ़ाया गया है, वह भी गलत तरीका है। सरकार की आमदनी में कमी होती जा रही है और यह, अध्यक्ष महोदय, निश्चित है कि आमदनी में कमी हुई है। भाषण में कहा गया था कि हम सख्त कार्यवाही करेंगे। मैं आपको बताऊँ कि यह इल्लिसिट डिस्टीलेशन क्यों बढ़ा है ? यह इसलिए बढ़ा है कि आपने ज्यादा टेक्सेज़ बढ़ा दिये हैं पब्लिक की हालत का कोई ख्याल नहीं किया गया है खराब से खराब शराब को बेची जाती है, कच्ची होती है उसको भी बेच देते हैं। स्वास्थ्य पर भी इसका कुप्रभाव पड़ता है।

जब आमदनी में कमी हो रही है तो सरकार ने यह तरीका अख्तियार किया है कि जब तक इन्स्पेक्टर कोई Illicit distillation का मामला नहीं लायगा तो उसको बर्खास्त कर दिया जायगा। जब पहले ठीक रेट थे तो स्टेन्डर्ड भी अच्छा था। अगर Contract system खत्म ही कर दिया जाता तो ठीक था। खत्म नहीं किया गया और अजीब नीति से इसको शुरू किया। इससे डिसओनेस्टी सिखायी, इससे चोरी सिखाई और कई चीजें नई सिखाई। लोगों का स्तर इतना गिर गया है कि दो रुपये की भी चोरी करना चाहते हैं।

पुलिस के बारे में जो बढ़-बढ़ कर बातें बतायी गई हैं आपका ध्यान उस ओर दिलाना चाहता हूँ। उन्होंने इस तरह से डकैतियाँ बन्द करके केपिटेलिस्ट्स की जो पूँजी जाती थी उसको रोका है। पर गरीबों के लिए तो कुछ नहीं किया। जो लोग पुलिस में लेजाकर बिठा दिये जाते हैं उनको वहाँ खाने को कुछ नहीं दिया जाता, रात भर रखा और दूसरे दिन छोड़ दिया जाता है। फिर सप्ताह तक बुलाया जाता है। पैसे माँगने के कई तरीके इन्होंने अपना रखे हैं। आपने उनके लिए क्या किया ? मैं आपको बताऊँ कि भीलवाड़ा में मजल लोडिंग रखवाली के लिए जिन किसानों ने बन्दूकें रख रखी हैं, जो टोपीदार बन्दूकें हैं खेती की रक्षा के लिए हैं

Page No.106

[श्री भैरूसिंह]

उनको तंग किया जाता है और बन्दूकें माल-खाने के लिए रख दी जाती हैं। आपने उनके लिए क्या किया ?

(समय-समाप्ति सूचक घण्टी)

श्री झुझारसिंह—माननीय अध्यक्ष महोदय, पिछले दो दिनों से सन् ५४-५५ के बजट पर बहस चल रही है। यह बजट पिछले तीन सालों के बजट से बढ़ा है। इसमें २१ करोड़ और ५५ लाख रुपयों का प्रोविज़न किया गया है और बहुत से डेवलप्मेन्ट्स के कामों के लिए काफी रकम रखी गई है और खासतौर से एजुकेशन के लिए तीन करोड़ पैंतीस लाख रुपयों का प्रोविज़न किया गया है। यह खुशी की बात है कि डेवलप्मेन्ट के कामों पर इतना ध्यान दिया है, लेकिन मुझे इस विषय में अर्ज करना है कि पिछले साल सारे राजस्थान में १२५० मिडिल स्कूल्स खोले गये हैं। इस सिलसिले में हमारे इलाके के साथ न्याय नहीं हुआ है। प्रोपोर्शनेटली जितने काम राजस्थान में हो रहे हैं उसके हिसाब से हमारी कॉन्स्टिट्युन्सी में और कोटा में एजुकेशन का ढंग इम्प्रूव नहीं हुआ है। वैसे हर एक आदमी अपनी-अपनी कॉन्स्टीटयुएन्सी के बारे में शिकायत करते रहते हैं और मैं नहीं चाहता कि मैं अपनी कॉन्स्टीटयुन्सी के लिए अर्ज करूँ। एजुकेशन की तरक्की के बारे में कई ऐसी बातें छोड़ दी गई हैं जिनके लिए मैं आपको अर्ज करूँगा। बजट में एजुकेशन डेवलप्मेन्ट के लिए जो प्रोविजन रखा गया है उसके सम्बन्ध में मैं आपसे कहूँगा कि एजुकेशन की कई स्टेजेज़ होती हैं। स्कूल्स खोलने के लिए प्रोविज़न रखा गया है। काफी स्कूल्स खोले गये हैं यह भी मैं मानता हूँ किन्तु स्पेश्यल टाइप के स्कूल्स, जिनकी आज हमारे देश में जरूरत है, जैसे कि मोन्टीसेरी स्कूल्स हैं, जो कि हमारे देश की तरक्की के लिए आवश्यक हैं, उनके लिए इस बजट में कोई प्रोविज़न नहीं रखा गया है। मोन्टिसेरी स्कूल्स हमारे देश की तरक्की के लिए बड़े जरूरी स्कूल हैं। बजट में उनकी काफी आवश्यकता है।

दूसरी बात यह है कि स्कूलों का काम लड़कों को एजुकेट करना है और देश में लिट्रेसी (literacy) बढ़ाना है। लेकिन एजुकेट होने के बाद में साहित्यकारों को प्रोत्साहन देने के लिए हमारे इस बजट में कोई प्रोवीज़न नहीं है। ऐसे बहुत से साहित्यकार हैं दूसरे प्राविन्सेज में भी जिनकी अच्छी कृत्तियों का वहाँ कॉम्पीटिशन होता है। अपने प्रोविन्स में उनको प्रोत्साहन देने के लिए किस तरह के पुरस्कार वगैरह रखे जाते हैं, जिससे जो राइटर्स, पोइट्स वगैरह हैं उनको प्रोत्साहन मिला करता है। लेकिन हमारे इस बजट में इस तरह का कोई प्रोविजन नहीं रखा गया है जिससे कि एजुकेशन की तरफ स्कूल के दौरान के बाद लोगों में एट्रेक्शन रहे और राइटर्स को प्रोत्साहन मिले। इसके लिए हमारे इस बजट में कुछ प्रोविजन रखने की जरूरत थी।

इसके अलावा जैसा कि अभी एक सदस्य ने आपको बतलाया कि राजस्थान गवर्नमेंट ने यह नियम बना दिया है कि जो कोई भी इलाका अपनी तरफ से स्कूल के लिए बिल्डिंग बनाकर देगा उसमें स्कूल्स खोले जायेंगे। हमारे इलाके के लिए भी इस तरह की बात राजस्थान गवर्नमेंट ने कर दी थी और उसके साथ वहाँ की पब्लिक ने यह तय कर लिया था कि चालीस-पचास हाई स्कूल के लिए मकान बनाकर देगी। बहुत कोशिश के बावजूद भी वे हजार रुपये इकट्ठे कर सके जो कि उस इलाके

[श्री कुँभारसिंह]

के लिए बहुत बड़ी रकम थी। उस इलाके में यह पहली मर्तबा था जबकि पब्लिक ने किसी पब्लिक के काम के लिए इतना इन्ट्रेस्ट लिया था और करीब ४०–५० हजार रुपये इकट्ठे किये थे, लेकिन और ज्यादा धन के अभाव के कारण वह स्कूल की बिल्डिंग नहीं हो सकी। अगर गवर्नमेंट की यह पॉलिसी कि ऐसे स्कूल की बिल्डिंग हो या न हो, कोई मदद नहीं देगी कन्स्ट्रक्शन के लिए तो इस तरह से पब्लिक का पैसा अधिक लगेगा और पब्लिक के कोऑपरेशन में आयन्दा के लिए काफी नुकसान होगा, पब्लिक का कोऑपरेशन गवर्नमेंट को मिलना कठिन हो जायगा। इसलिए इसके बारे में मैं आपके द्वारा निवेदन करना चाहता हूँ कि इस तरह के पब्लिक के काम में गवर्नमेंट कन्स्ट्रक्शन की तरफ भी ध्यान दें और जो लोग उत्साह के साथ काम चलाते हैं उनको मदद करें।

दूसरा आइटम जो इस बजट में प्रोवाइड किया गया है वह मेडिकल और पब्लिक हैल्थ का है। बड़ी खुशी की बात है कि गवर्नमेंट ने इतनी बड़ी धन-राशि पब्लिक हैल्थ की तरफ बताई है। इस हैड के अन्दर करीब १२८ लाख की रकम है। लेकिन इस बारे में भी मेरा निवेदन है कि हमारे इलाके में, कोटा रियासत के मर्जर के बाद में चार साल में कोई नया अस्पताल नहीं खुल सका है। उस कॉन्स्टीट्युन्सी में जो अस्पताल मर्जर के पहले से चले आ रहे हैं वे बराबर कायम हैं और कोई डेवलपमेंट नहीं हुआ है। इतनी बड़ी धन-राशि डेवलपमेंट के काम के लिए रखी जाती है तो हर कोई उम्मीद करता है कि सब इलाकों में वह बराबर बांटी जावेगी।

दूसरा, कोटा में टी. बी. अस्पताल के बारे में कुछ अर्ज करना चाहता हूँ। कोटा जो कि बहुत बड़ा कस्बा है और जहाँ कि करीब १ लाख की आबादी है उसमें कोई टी. बी. के अस्पताल का प्रोविज़न नहीं है। पिछले साल वहाँ पर करीब ३५० पेशेन्ट्स टी. बी. के इलाज के लिए एडमिट हुए थे, लेकिन बराबर प्रोविज़न नहीं होने के कारण उनका कोई बराबर ट्रीटमेंट नहीं हो सका और गवर्नमेंट ने १० हजार रुपये की रकम सालाना टी. बी. के इलाज के लिए जो सेन्क्शन की थी वह पूरी काम में नहीं ली जा सकी और करीब ७ हजार से भी कम रकम खर्च हो सकी। पेशेन्ट्स के लिए रेज़ीडेन्शियल क्वार्टर्स हुए बिना टी. बी. के पेशेन्ट्स का इन्तजाम नहीं किया जा सकता है। आयन्दा इस तरफ भी जो कुछ इस मेडिकल की तरफ काफी रकम रखी गई है, तो हम उम्मीद करते है कि कोटा में टी. बी. अस्पताल की बिल्डिंग के लिए प्रोविज़न किया जायगा ताकि वहाँ के लिए कुछ इन्तजाम हो सके।

इसके अलावा मैं फोरेस्ट के बारे में भी कुछ निवेदन करना चाहता हूँ। फोरेस्ट में एक आइटम था जिसमें शूटिंग लाइसेंस की तरफ २ हजार रुपये सालाना राजस्थान गवर्नमेंट ने ५४–५५ के बजट में रखे हैं। अभी गर्नमेंट के शूटिंग लाइसेंस के नियम काफी कठिन हैं। एक मामूली एनिमल को शूट करने के लिये २५) रुपये जमा कराने पड़ते हैं। इस तरह से नेक्स्ट इयर के बजट में २ हजार रुपये का प्रोविजन होने का मतलब यह है कि करीब ८०-६० एनीमल ही इस साल राजस्थान में शिकार किये जा सकते हैं। लेकिन वाका कुछ और ही है कि राजस्थान गवर्नमेंट में इस तरह की चीज चल रही है और जंगल के जानवरों को डेस्ट्रोय (destroy) किया जा रहा है, वह शायद सभी को

[श्री झुँझारसिंह]

मालूम है। सब जगह करीब-करीब जहाँ कि जंगल हैं वहाँ पर इन्डिस्क्रिमिनेटली शूटिंग (indiscriminately shooting) हो रहा है, और जंगल के अधिकारी उसको रोकने के लिए असमर्थ हुए हैं। यह नेशनल वैल्थ है जो कि बड़ी इन्डिस्क्रिमिनेटली डेस्ट्रोय की जा रही और जैसा कि मालूम है कि गवर्नमेंट समझती है कि एनीमल ही इस साल में शूट किये जाते हैं, लेकिन यह गलत है; इसमें बहुत बड़ा चेक लगाया जा सकता है, बहुत भारी प्रोवीजन किया जा सकता है, तो गवर्नमेंट की आमदनी भी बढ़ सकती है और यह जो इन्डिस्क्रिमिनेटली शूटिंग वाइल्ड लाइफ का हो रहा है वे प्रिज़र्व किये जा सकते थे।

इसी सिलसिले में मैं यह भी निवेदन करना चाहता हूँ कि सेन्क्चुअरी वाइल्ड लाइफ कायम करने के लिए इस बजट में कोई प्रोवीजन इस साल नहीं किया गया है। वाइल्ड लाइफ के प्रिज़र्वेशन के लिए इस तरह की सेन्क्चुअरीज़ राजस्थान में कुछ हिस्सों में कायम की जानी बहुत जरूरी है। मैं माननीय अध्यक्ष, आपके द्वारा यह निवेदन करना चाहता हूँ कि इस बात पर गवर्नमेंट कुछ गौर करे और जिस तरह वाइल्ड लाइफ को डेस्ट्रॉय किया जा रहा है उसको रोकने की कोशिश करे और उनके प्रिज़र्वेशन के लिए ज्यादा ध्यान दे।

इसके बाद में फॉरेस्ट के सिलसिले में मैं अर्ज करना चाहता हूँ कि फोरेस्ट के बजट में एस्टेब्लिशमेंट में शायद १,८७,६०० रु० के करीब हैं जबकि कन्ज़र्वेन्सी में कुल ३,४३,००० रु० के करीब ही रखा गया है। फोरेस्ट प्रिज़र्वेशन जो कि इतना जरूरी है उसके लिए बहुत कम रकम इस बजट में रखी गई है। सोइंग और प्लान्टिंग के लिए तो सिर्फ १८,००० रु० की रकम रखी गई है। एक तरफ राजस्थान गवर्नमेंट कहना चाहती है कि हम फोरेट को प्रिज़र्व करना चाहते हैं और उनको प्रोटेक्ट करने की कोशिश करते हैं; इधर प्लान्टेशन और सोइंग के लिए इतनी बड़ी धन-राशि में से जो कि लाखों में रन करती है सिर्फ १८ हजार रखे हैं। प्लान्टेशन और एक्सपेरिमेंटल नरसरी के लिए ३७ हजार का बजट प्रोवाइड किया गया है, जो कि मेरे ख्याल में सफिशियेन्ट नहीं है।

रूयुरल डेवलपमेंट और कॉम्युनिटी प्रोजेक्ट के बारे में भी कुछ निवेदन करना चाहता हूँ। रूयुरल डेवलपमेंट में जितना स्टाफ है; और कॉम्युनिटी प्रोजेक्ट और नेशनल एक्स्टेन्शन ब्लॉक्स में लास्ट इयर जो रकम सेन्क्शन की गई थी, उसके स्टाफ और एस्टेब्लिशमेंट पर जितना बजट था वह तो करीब-करीब सब युटिलाइज़ कर लिया गया है, लेकिन जो कुछ काम की चीज थी, जैसे कि एक्सपेरिमेन्टल फार्म्स, एग्रीकलचर डिमोन्स्ट्रेशन प्रोपोगेन्डा था, उसमें काफी रकम की बचत हो गई है; यानी जो रुपया कायम था वह रकम युटिलाइज़ नहीं की गई है।

(समय-समाप्ति-सूचक घन्टी)

दूसरे बहुत से गाँवों में डेवलमेंट कॉम्युनिटी प्रोजेक्ट निकाले हैं। उनका बजट में प्रोवीज़न है लेकिन जो कुछ होता आया है कि गाँव के आदमी जो कि अपनी हेल्प आप करना चाहते हैं वे रकम की कमी की वजह से उसे नहीं कर पाते हैं, उसके लिए कुछ प्रोविज़न होना चाहिये और इसके

[श्री कुँभारसिंह]

लिये सरकारी खर्चे में कुछ कमी करके भी इसकी पूरी मदद करने की कोशिश करनी चाहिये।

अब मैं थोड़ा करप्शन का भी जिक्र कर दूँ। जैसा कि और भी बहुत से सदस्य आपको बता चुके हैं आज यह करप्शन चारों तरफ फैला हुआ है। यह बहुत व्यापक बीमारी है और इसको रोकना भी जरूरी है गवर्नमेंट के लिए।

श्री मोतीलाल चौधरी—माननीय अध्यक्षजी, अब तक कुल तीन बजट इस हाउस के सामने आये हैं सन् ५२,५३ और ५४ के। पहले बजट से दूसरे बजट में कुछ उन्नति इस प्रदेश में हुई और इसके बाद में दूसरे बजट से इस तीसरे बजट में हमारी आर्थिक स्थिति भी दृढ़ हुई है और साथ ही साथ आम स्थिति भी सुधरी है और हमने अच्छी प्रगति की है। आज हर पहलू में; क्या चिकित्सा, क्या शिक्षा या क्या कॉम्युनिकेशन्स में हर तरह से उन्नति हो रही है। वर्तमान बजट वास्तविक बजट है और जन-कल्याणकारी है। तो भी विभिन्न पार्टियों की तरफ से जिस तरह का क्रिटिसिज्म सुनाई दिया उस पर मुझे आश्चर्य हुआ। उसमें मेरी समझ में कुछ तथ्य नहीं है और वह क्रिटिसिज्म सिर्फ क्रिटिसिज्म के लिये ही है।

सबसे पहले विरोधी दल के नेता ने यह बात कही कि बीकानेर के लिए यह नहीं हो रहा वह नहीं हो रहा, और जोर से इसके लिए आवाज़ लगाई कि बीकानेर की भलाई के लिए यह नहीं हो रहा है वह नहीं हो रहा है। तो माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके द्वारा उनसे निवेदन कर देना चाहता हूँ कि जब बीकानेर में अकाल था उस समय आप बीकानेर छोड़कर बीकानेर का जन-कल्याण नहीं करके तीर्थ कल्याण क्यों कर रहे थे?

कु० श्री जसवन्तसिंह—क्या वह भी बीकानेर के फायदे के लिए नहीं था?

श्री मोतीलाल—नहीं, वह तो आपके व्यक्तिगत फायदे के लिए था।

श्री चाँदमल वैद—आपके बाहर रहने से बीकानेर का फायदा होता है क्या?

श्री मोतीलाल—बीकानेर के अकाल के समय बीकानेर में नहीं और जयपुर के अन्दर होने से साफ मालूम होता है कि वास्तव में जनकल्याण आप कतई नहीं करते। सिर्फ भाषा से और शब्दों से ही जन-कल्याण की बातें करते हैं, न कि कार्य से।

दूसरे अभी मेरे पहले जो माननीय सदस्य पक्ष-विपक्ष की तरफ से बोले उनमें मुझे तो एक ही आवाज सुनाई दी कि कोटा में यह नहीं हो रहा है, वहाँ यह नहीं हो रहा है, वहाँ कुछ भी शिक्षा और हास्पिटल भी नहीं है लेकिन मैं निवेदन करना चाहता हूँ कि पंचवर्षीय योजना में सबसे अधिक रुपया कोटा में ही खर्च हो रहा है। यह साफ जाहिर है कि चम्बल प्रोजेक्ट कोटा में

[श्री मोतीलाल]

ही है। इसके बाद में कॉम्युनिटी प्रोजेक्ट है, नेशनल डेवलपमेन्ट बोर्ड की रकम भी कोटा में ही खर्च हो रही है, इरिगेशन का काम भी वहाँ हो रहा है और इन दृष्टियों से ज्यादा रुपया कोटा में ही खर्च हो रहा है। वास्तविक शिकायत यह भी की गई कि अस्पताल भी वहाँ नहीं हैं, पर यह वास्तविक शिकायत नहीं है। एक बड़ा अस्पताल भी कोटा में बन रहा है।

श्री कँवरलाल जेलिया—क्या फाइनेन्स मिनिस्टर की तरफ से आप बोल रहें हैं ? उनकी तरफ से क्या आप बहस का जवाब दे रहे हैं ?

श्री अध्यक्ष—Two minutes more please.

(घन्टी)

श्री मोतीलाल—मालूम पड़ता है कि क्रिटिसिज्म के लिए ही यह सब क्रिटिसिज्म किया गया है और वास्तविक दृष्टि से जो बजट अभी रक्खा गया है वह काफी हद तक राजस्थान के लिए लाभदायक है। इसके अन्दर......

(समय-समाप्ति-सूचक घन्टी)

आर्थिक स्थिति की कठिनाइयाँ सरकार की होते हुए भी मैं दो-तीन पोइन्ट्स के बारे में सरकार से कुछ निवेदन करना चाहता हूँ। खास कर राजस्थान कृषि प्रधान देश होने के नाते यहाँ लैंड रिफॉर्म्स के होने की जरूरत है। साथ ही साथ गरीब देश में जो गरीब आदमी रहते हैं उनके लिए भी कॉन्सीलियेशन बोर्ड जल्दी ही राजस्थान सरकार कायम करे तो उचित हो जिससे कि किसानों की यह गरीबी मिटे और उनकी आर्थिक स्थिति भी ऊँची हो।

दूसरी बात......

(पुनः समय-समाप्ति सूचक घण्टी)

श्री अध्यक्ष—आपने टाइम तो अपना और चीजों में नष्ट कर दिया और अब पोइन्ट दूसरा और तीसरा लाने लगे।

श्री मोतीलाल—दूसरों को घण्टा-घण्टा मिला है। मैं तो अभी पाँच मिनिट ही बोला हूँ।

श्री अध्यक्ष—It is so kind of you.

श्री मोतीलाल—जो सबसे बड़ी समस्या राजस्थान में जोधपुर-बीकानेर के रेगिस्तान की और जल की है और इससे सम्बन्धित जो दूसरी समस्याएँ और तकलीफें हैं वे हमारे माननीय सदस्यों और मन्त्री महोदयों को अच्छी तरह से मालूम है और उसके लिए रकम अवश्य इस बजट में रक्खी गई है पर वह बहुत कम रक्खी गई है।

राजस्थान के बजट के अन्दर इन्डस्ट्री के डेवलपमेन्ट की दृष्टि से काफी स्कोप है। राजस्थान में इन्डस्ट्री के लिए और खासकर मिनरल इन्डस्ट्री के लिए काफी रिसोर्सेज़ हैं, रॉमेटीरियल

[श्री मोतीलाल]

भी बहुत हैं। फर्टीलाइजर इन्डस्ट्री के लिए भी राजस्थान से ही खड़ी, जिपसम आदि काफी मात्रा में जाती हैं। फर्टीलाइजर इन्डस्ट्री का डेवलपमेण्ट भी यहाँ काफी हो सकता है। तो यहाँ मिनरल इन्डस्ट्री के लिए काफी अच्छे स्कोप हैं। इससे हमारे यहाँ एम्प्लोयमेन्ट भी काफी मिल सकेगा और बेकारी भी एक हद तक दूर हो सकेगी और इस देश की उन्नति भी हो सकेगी।

(समय-समाप्ति-सूचक घण्टी)

विशेषकर एक पोइन्ट के बारे में मैं और निवेदन कर दूं जो कि खास कर बजट में नहीं पाया गया कि राजस्थान को हम कृषि प्रधान देश मानते हैं, सरकार भी यह मानती है किन्तु किसानों की स्थिति सुधारने के लिए तथा उनके वेलफेयर के लिये, जिस तरह लेबर वैलफेयर बोर्ड का निर्माण किया गया है, कोई वेलफेयर बोर्ड नहीं बनाया गया है। इसलिए यह बोर्ड भी बनाना निहायत जरूरी है।

इन कुछ खामियों के रहते हुए भी सरकार की आर्थिक स्थिति सुधरी है, पर सरकार की वर्तमान स्थिति में आर्थिक सुधार होते हुये भी जो गलतियाँ सरकारी नौकरियों के बारे में हैं उनके बारे में मैं दो बातें कहकर अपना यह कथन समाप्त करता हूँ। वह यह है कि किस प्रकार यह करप्शन, जिसके बारे में सभी जानते हैं, इन कर्मचारियों और सरकारी अधिकारियों में फैला हुआ है। इसको भी सरकार को समाप्त करने का पूरा प्रयत्न करना होगा। अधिक कहना तो उचित नहीं है पर जिस तरह का करप्शन सरकारी नौकरों में फैला हुआ है उसको मिटाने के लिए भी कड़ा कदम सरकार की तरफ से अभी तक नहीं उठाया गया है। कुछ सरकारी अफसरों में किस प्रकार की पक्षपात की भावनाएँ हैं और वे किस प्रकार उन जनहितकारी कार्यों में भी, जिनको सरकार करना चाहती है, बाधाएँ पहुँचाते हैं, यह एक बड़ी दुखदायी कहानी है। उनमें आपस में और उनके आपस के विभागों में भी कोऑर्डिनेशन नहीं है। एक डिपार्टमेन्ट कुछ करना चाहता है, दूसरा डिपार्टमेन्ट कुछ करना चाहता है। टैक्नीकल एडवाइज़ लेनी है तो दूसरा डिपार्टमेंट उस पर सोचता है और इसमें काफी समय बरबाद कर दिया जाता है और परिणाम यह होता है कि वह रकम भी लैप्स हो जाती है। जैसे कि डेवलमेंट की या और कोई ऐसी ही स्कीम पर रकम लगानी है सरकार को, पर टेक्नीकल एडवाइज़ आते-आते और पी. डब्ल्यु. डी. के एडवाइजरों की एडवाइज़ आते-आते ही वह रकम समाप्त हो जाती है।

(समय-समाप्ति सूचक घंटी)

श्री अध्यक्ष—श्री ईश्वरीसिंह। (श्री मोतीलाल को सम्बोधित करते हुये) You will have your turn next time.

श्री ईश्वरीसिंह—माननीय अध्यक्षजी, मैं आ कहनो चाहूँ हूँ के लोग आ केरिया है के पी. डब्लू. डी. में इत्तो दियो, तो जो कल्याणकारी राज किस तरह सूं हुयो (अश्रव्य)······ लोग के

[श्री ईश्वरीसिंह]

रिया है कि रास्ता बण रिया है, कोई चम्बल लाई जारी है, भाखरा लाई जायगी और कोशिश है के जो रेगिस्तान है, वो मिटा दियो जायगो, खतम कर दियो जायगो। तो हमारी राय में आ चीज नहीं है। हवाई जहाज सूँ बीज बिखेर दियो जाय या कुछ कियो जाय ईसूँ रेगिस्तान में बसणआ आदमी नी माने है के रेगिस्तान में रूंख किस्या हो सके हैं। पेलां का जो उग्योडा रूंख है वे भी जमीन में देख्या जाय तो बीज सूँ कम चार साल में भी निबजेयां नी करे हैं। तो बीज बिखेरवासूं रेगिस्तान कोई नहीं मिटे हैं। रूंख बहोत भारी पैदा हो जाय तो रेगिस्तान मिट सके हैं। रूंख हो किस्यां। बीज बिखेरबासूं कोई हो वा ईं तरह सूं हो सके है के ईं तरह सूं सरकार स्कीम बणा राखी है बीज बिखेरबा की। मैं आ कहूँ, मैं आ बात आपसे अर्ज कर देना चाहूँ हूँ के चालीस हजार तो बिखेरबा में खर्च हो रियां है। तो चालीस हजार रुपया बीज बिखेरवा में वहाँ खर्च करवो बेकार है। मैं अर्ज करना चाहूं हूँ के वा धोरा की जमीन है और जिन धोरां का जो के रेगिस्तान है वहाँ के हम रेवासी हाँ उणकी राय है के जो सड़कां के रास्ते खर्च कियो जाय है तो उणां पर रूंख की लेण लगा दी जाय तो जो रास्ता मोटा कर दिया गया है तो रास्ता सकड़ा कर दिया जाय और १२-१२ की हद तक करके उणां पर रूंखा की लेण लगा दी जाय तो उण जमीन में इत्ता रूंख हो सके है के रेगिस्तान मिट सके है। रेगिस्तान में बीज बिखरवासूं रूंख नहीं हो सके है। रेगिस्तान में नीम, अरढ़ या गढया जिका के काम में आ जाय बहुत अच्छी लकड़ी वीं की होय तो १० बरस तक रेगिस्तान की सेवा की जाय तो रूंख हो सके है, हवाई जहाज सूं बीज बिखेरवा सूं नी हो सके हैं। तो ईंसे तीनों को फायदो हो हो सके है। १० साल में को रूंख हो सके है तो १० साल तक वाँ की खिदमत की जाय (घन्टी) वा सूं कह दियो जाय कि जो रूंख सूख जाय तो वीं की लकड़ी थारा बरतणे वास्ते ले लो और हर्या रूंख दुनियाँ के काम आयेगा तो रूंख पैदा हो सके है।

तो सरकार ने आ बजट मां लिख्यो है कि इत्तो धन, बहुत बड़ो कर्जो लियो जाय है करजो ले ले कर सरकार चाल रही है। अगर आ चीज हो जाय तो बिरखां सूं किस्यो सब काम कल्याण को हो सकेगा। तो मारी राय या है कि (घंटी) रूंख और दूसरा जो काम है सड़कां का तो सड़कां के वास्ते म्हारी राय तो आ है के ६००,०० रुप्या पेलां जो मिनिस्टर आया हा जिका कह्यो के एक सड़क सीकर से लगा डीडवाना जावेगी और एक सड़क जायगी चूरू तक तो वां सड़कां के मांय कंकड़, पत्थर विगेरा लाया पड़या है और वो काम नहीं हो सक्यो है तो आ कल्याणकारी राज कियां हो सके है। कल्याणकारी राज में आपने बताउँ के पेला ठिकाणो हो तो वहाँ सन् ४६ के माँय आन्दोलन हुयो तो मैं तो पकड्या गया और जयपुर में कोशिश करी और ठिकाणा ने भी कोशिश करी तो १॥ लाख रुपया तो और घटाया जाय।......

(समय-समाप्ति-सूचक घन्टी)

श्री अध्यक्ष—(श्री ईश्वरीसिंह के खड़े रहने पर) Order! Order!! श्री रामनिवास मिर्धा।

श्री रामनिवास मिर्धा—माननीय अध्यक्ष, सन् ५४-५५ का बजट जो सदन के सामने पेश है वह एक बहुत ही सन्तोषप्रद बजट है। संतोषप्रद कई वजह से है, और उनमें से संतोष की एक बात यह है कि यह एक संतुलित बजट है। बजट को संतुलित और बजट को बेलेन्स्ड तो कई तरह से किया जा सकता है पर जो बजट हमारे सामने पेश किया गया है उसके देखने से यह प्रतीत होता है कि वह सिर्फ बेलेन्स्ड करने के लिए ही नहीं है बल्कि दरअसल में वह बेलेन्स्ड बजट ही है। सारे आंकड़ों को देखें तो वह एक बेलेन्स्ड बजट है। जिस तरह के लिमिटेड रिसोर्सेज (Limited Resources) हैं, जो भी सरकार के पास आये हैं, जो कि पैसा आया है उनका विभिन्न मदों के अन्दर बहुत ही अच्छी तरह से बँटवारा किया गया है, तो उस तरह से भी इसको बेलेन्स्ड बजट कहा जा सकता है।

अभी एक प्रवक्ता महोदय ने यह कहा कि सरकार जितना ज्यादा खर्च करे उतना अच्छा है और इस हद तक वह कह गये कि अगर बजट डेफिसिट रहता है तो वह बहुत ही अच्छा होता है इसके लिये मैं यह कहना चाहूँगा कि यह बहुत ठीक भावना नहीं है कि खर्च करने के लिए बजट डेफिसिट बनाया जाय। उससे कोई मतलब नहीं निकल सकता है। आखिर जिन परिस्थितियों में पैसा खर्च करने के आइटम बनाये जाते हैं उनमें कई आइटम्स होते हैं, जैसे एग्रीकल्चर, रूरल डेवलपमेंट तथा और भी कई चीजें हैं जिनके लिए पैसा इसमें रखा गया है। और जैसी कि मशीनरी सरकार के पास है, जैसे कि साधन उपलब्ध हैं उनको देखते हुए..........

(श्री लालसिंह शक्तावत, उपाध्यक्ष)

इतना भी ठीक खर्च हो जाय तो बहुत होता है। इन बातों को देखते हुए यह कहना ठीक है कि बजट जो पेश किया गया है वह सब तरह से संतुलित है।

बजट पर कहने से पहले मैं जो बताना चाहता हूँ वह यह है कि हमारे जन हित के लिए इसमें काफी रकम रखी गई है। हमारी पंच-वर्षीय-योजना के लिये पहले १५.२ करोड़, उसके बाद १६.६ करोड़ व अब २२.६ करोड़ मिलना तय हुआ है।

उसके बाद सेन्टर से और फाइनेन्स कमीशन का एलाटमेंट भी संतोषप्रद है। उनके विषय में २, ४ बातें आपसे कहना चाहूँगा।

हमारे राजस्थान प्रदेश का बहुत बड़ा हिस्सा रेगिस्तान है जिसे कि थार डेजर्ट कहते हैं। वह पूरा हजारों मील तक फैला हुआ है। जिसमें लाखों प्राणी रहते हैं और उनका पेशा पशु-पालन या काश्तकारी है। हाँलाकि हमारा देश कृषि प्रधान देश है पर जिस हिस्से को रेगिस्तान कहते हैं उसमें तथा और कई दूसरे इलाकों में पशु-पालन बहुत ही अहमियत की चीज़ है। पिछले तीन साल के अन्दर जब से कि हमारी पंच वर्षीय योजना चल रही है इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया गया है। हमारे यहाँ नागौर और साँचोर का इलाका है उस इलाके के पशु सारे हिन्दुस्तान में ही मशहूर नहीं है बल्कि उस तरह का ब्रीड दुनियाँ भर में नहीं मिल सकता। पर सरकार ने उस ओर कुछ ध्यान नहीं दिया है। मैं निवेदन करूँगा कि इस डेज़र्ट के लिये एक डेज़र्ट डेवलपमेंट बोर्ड बनाया जाय जो इनके रहन-सहन, रीति-रिवाज और पैदावार को स्टडी करे और जैसे सरकम्सटान्सेज हैं उनके

[श्री रामनिवास मिर्धा]

मुताबिक उनकी उन्नति की जाय। कृषि के भी कई लिमिटेशन्स हैं। इस इलाके में कहीं वर्षा नहीं होती, कहीं पानी नहीं है और कूए हैं तो बहुत गहरे हैं या उनमें खारा पानी निकल जाता है। शीप ब्रीडिंग या कैटल ब्रीडिंग की प्रगति की जाय तो वहाँ के निवासियों की हालत सुधर सकती है। मैं आशा करता हूँ कि सरकार इस ओर ध्यान देगी और प्लानिंग कमीशन को सिफारिश करेगी। केन्द्रीय सरकार भी ऐसे मामलों में सहानुभूति रखती है इसलिये यदि प्रयत्न किया जायगा तो वह इस ओर भी जरूर ध्यान देगी। वित्त मन्त्रीजी के भाषण में इस बात का जिक्र किया गया था कि यहाँ पर एक वेटरनरी स्कूल खोली जायेगी। इस स्कूल के बारे में हम बहुत अरसे से सुन रहे हैं और आशा करते हैं कि बहुत जल्दी ही खोली जायगी और इससे एनिमल हस्बेन्डरी को फायदा होगा।

इसके साथ-साथ एक-दो और ऐसी बातें हैं जिनके बारे में मैं आपके जरिये अध्यक्ष महोदय, सदन का ध्यान आकर्षित करूंगा। हमारे यहाँ एक स्कीम है जिसका लक्ष्य बताया जाता है कि कर्जदारी व्यवस्था को कोऑपरेटिव बेसिस पर कम करना। कोऑपरेटिव डिपार्टमेंट जिस तरह से चलाया जा रहा है उसको देख कर बहुत मायूसी होती है। बजट भाषण में कह दिया गया है कि डेट्स रीकंसीलिएशन बोर्डस (Debts reconcilliation Boards) कायम किये गये है। जोधपुर रियासत की यह बहुत पुरानी योजना है। हमारे यहाँ एक एक्ट इसके बारे में था, उसकी तहत में रूल्स बन गये थे। यदि मर्जर नहीं होता तो ऐसे बोर्डस कायम हो गये होते। पिछले साल के बजट में ५० हजार रुपये इसके लिये रखे गये थे पर कुछ नहीं किया गया। यदि इसी तरह की भावना से काम करते रहे और पुरानी स्कीम्स को पूरा नहीं कर सके तो नई योजनाएँ तो बड़ी मुश्किल से पार पडती दिखती हैं।

इसी तरह से अब मैं पंचायतों पर आता हूँ। जो नया कानून पास किया गया है उसके अनुसार हर एक गाँव को किसी न किसी पंचायत में आ जाना चाहिये। लेकिन अपने यहाँ न तो एक्ट के अन्तर्गत रूल्स बने हैं और न उसके अनुसार चुनाव हुए हैं। अपीलें सुनने के लिये तहसील पंचायतों का वर्णन उस एक्ट में आया है पर तहसील पंचायत जैसी कोई चीज़ आज है ही नहीं। सरकार जब नये कानून को फोर्स में लाती है तो उससे पहले उसको देखना चाहिये कि रूल्स दूसरे तैयार हैं या नहीं। कॉसीक्वेन्शियल चेन्जेज (Consequential changes) साथ ही साथ कर देने चाहिये। सरकारी विभाग के बारे में मैं कह रहा था कि वह ठीक तरह से नहीं चल रहा है, कोई ठीक व्यवस्था नहीं है। लाखों रुपयों का एम्बेजलमेंन्ट (embazzlement) हो गया है। यदि यही हमारी हालत रही तो वेलफेयर स्टेट या कल्याणकारी राज्य बनाना बहुत मुश्किल है।

अब कुछ शब्द मैं सर्विसेज़ के बारे में कहना चाहूँगा। पिछले साल जब वित्त मन्त्रीजी ने बजट पेश किया था तब इन्टीग्रेशन ऑफ सर्विसेज़ के बारे में कहा था कि इस दिशा में बहुत प्रगति हुई है। अच्छा होता यदि इस बजट के समय भी बताते कि कितनी प्रगति हुई है, कितना काम बाकी रह गया है और कितनी खामियें हैं। सीनियोरिटी लिस्ट में कितनी गड़बड़ियें हुई हैं उनका जिक्र मैं यहाँ नहीं करना चाहता हूँ लेकिन यह कहना चाहता हूँ कि आर. ए. एस. का रिक्रूटमेंट (recruitment) एक बार भी राजस्थान में नहीं हुआ है, राजस्थान बनने के बाद से अब तक, इसका मतलब यह है कि

[श्री रामनिवास मिर्धा]

जो लड़के पास होकर निकलते हैं उनके लिये कोई ओपनिंग नहीं है। सरकार को कम से कम एक लोकल टेस्ट तो जरूर करना चाहिये। ऐसा हो सकता है कि आप कहें कि पहले से सरप्लस ऑफिसर बैठे हुए हैं तो केडर बड़ा करते, लेकिन यह कहना कि बिल्कुल ही टेस्ट नहीं करेंगे यह तो नये लड़कों के लिये ओपनिंग बन्द करना है। इसलिये मैं अर्ज करूंगा कि इस बात पर गौर करके जरूर कॉम्पीटीटिव टेस्ट होल्ड करना चाहिये।

अब मैं कुछ दो-तीन बातें रेवेन्यु डिपार्टमेंट के बारे में कहूँगा। कल एक माननीय सदस्य ने राजस्थान लगान दर निश्चयन तथा वैधकरण ओर्डिनेन्स १९५४ के बारे में कहा था। उन्होंने कहा था कि जो दरें मुकर्रर हुई हैं वह सेटलमेन्ट के बाद १/४ से ज्यादा नहीं होंगी और १/६ से कम नहीं होंगी। पहली बात तो यह है कि जब एक कानून के द्वारा १/६ कर मुकर्रर कर दी गई है तो जहाँ १/४ कायम हुई है उसे भी हम उम्मीद करते हैं कि १/६ कर देंगे। मैं सरकार से अर्ज करूंगा कि इस पर गौर करें कि जो रेट्स १/४ से मुकर्रर हुई हैं उनके बजाय १/६ से करें क्योंकि एक तहसील में यह १/६ हिस्सा लिया जाता है और उसके पास की ही दूसरी तहसील में १/४ हिस्सा लिया जाता है, यह बेजा बात है। इस ओर्डिनेन्स के बारे में मैं एक बात और कहूँगा कि इसके अनुसार रेट १/४ से ज्यादा नहीं और १/६ से कम नहीं, यह तय किया गया है। लेकिन पहले से कहीं कहीं पर १/८, १/६ या १/१० ली जाती थी वहाँ भी १/६ कर देना अच्छा नहीं है। सरकार को इस पर गौर करना चाहिये और जल्दी ही हो सके तो इसका एमेन्डमेन्ट निकाल देना चाहिये।

(समय समाप्ति सूचक घंटी)

माननीय उपाध्यक्षजी, मैं दो मिनिट और लूंगा। कम्युनिटी प्रोजेक्ट के बारे में मैं अर्ज करूंगा कि यह जो स्कीम निकाली गई है इसका कई लोगों ने तो फायदा उठाया है और कइयों ने नहीं उठाया है। जिन लोगों ने इनिशियेटिव लिया है उन्होंने इससे फायदा उठाया है। कई जगह एक्स्टेन्सिव सर्विस ब्लोक्स बनाये गये हैं। इनके बारे में सबसे बड़ी बात यह है कि कॉम्युनिटी प्रोजेक्ट डिपाटमेन्ट की तरफ से इस काम को करने के लिए अच्छे-अच्छे लोगों को सिलेक्ट किया जाना चाहिये। यदि एक इलाके के अस० डी० ओ० हैं, उनको ही एडीशनल काम दे दिया जाता है तो वह काम ठीक तरह से नहीं चल सकता क्योंकि यह काम एक विशेष प्रकार का होता है। इसमें खास दिलचस्पी लेने वाले आदमी रखने चाहिये। जो सही तरीकों को रखें, आम लोगों की जुबान को जानते हों, आम लोगों के साथ हिल मिल सकते हों, ऐसे लोगों को रखा जाय।

श्री जगतसिंह झाला—माननीय उपाध्यक्ष, बजट पर मैं अपने विचार सदन के सामने रखना चाहता हूँ। कल विरोधी दल के नेता ने भी सदन के सामने यह बात पेश की थी कि विद्याभवन और विद्यापीठ को ग्रान्ट इन एड्स किस तरह दी जाती हैं। मैं निवेदन करना चहाता हूँ कि वहीं उदयपुर में भोपाल नोबल हाई स्कूल, जो कि एक सार्वजनिक हाई स्कूल है उसको सहायता देने के लिए कई प्रार्थना-पत्र सरकार के सामने पेश किये गये परन्तु मुझे यह कहते हुए

[श्री जगतसिंह झाला]

दुख होता है कि केवल ग्रान्ट इन एड बढ़ाने के लिए ही तवज्जो नहीं दी गई हो यह बात नहीं है बल्कि जो उस हाई स्कूल की सिक्योरिटीज़, देनदारियाँ है वह भी वसूल नहीं की गई। यह स्कूल ३० वर्ष पहले महाराणा साहब की तरफ से कायम हुआ, इसके फंड्स इकट्ठे किये गये, जिनका मेनेजमेंट करने के लिए विद्या प्रचारिणी सभा मौजूद है। गवर्नमेन्ट के आदेश से वह पैसा जागीरदारों को दिया गया और जागीरदारों ने वह पैसा दूसरे अपने कामों के लिये खर्च किया। जब राजस्थान सरकार की नीति यह है कि जो रुपया मेवाड़ गवर्नमेन्ट की सीक्योरिटी पर जागीरदारों को दिलाया गया था उन रुपयों को वसूल नहीं करके उस स्कूल को तोड़ना चाहती है। इस प्रकार की सरकार की नीति कहाँ तक ठीक कही जा सकती है। जागीरदारों के रेवेन्यु पावर्स राजस्थान सरकार ने ले लिये, और रेवेन्यु की वसूली जागीरी एरिया में जब राजस्थान सरकार कर रही है तो फिर ऐसी सूरत में यह राजस्थान सरकार का फर्ज हो जाता है कि जो पैसा जागीरदारों को गवर्नमेन्ट की सीक्योरिटी पर दिया गया है उस पैसे को वसूल करे और उस हाई स्कूल को चलाये। अगर राजस्थान सरकार ने यह पैसा वसूल नहीं किया तो यह निश्चित है कि वह स्कूल टूट जायगा और इसका कलंक राजस्थान सरकार के ऊपर लगेगा। सम्बन्धित मन्त्री महोदय जो यहाँ पर मौजूद नहीं हैं उनसे मैं निवेदन करना चाहता हूं कि इसमें कोई राजनैतिक सवाल नहीं है, यह तो एक पब्लिक स्कूल है, उसकी ग्रान्ट इन एड बढ़ानी चाहिये और जो रकम जागीरदारों को गवर्नमेन्ट की सीक्योरिटी पर दी हुई है उसको वसूल करके स्कूल को वापिस दिलाना चाहिये।

अध्यक्ष महोदय, इसके अलावा मैं अपनी कोन्स्टीट्युएन्सी की चन्द बातें अर्ज करना चाहता हूं कि किस प्रकार पक्षपात की नीति बर्ती जाकर उस कॉन्स्टीट्युएन्सी में स्कूलों के बारे में तथा और और बातों के बारे में उपेक्षा की दृष्टी से देखा जा रहा है। डूंगला और बड़ी सादड़ी में वहाँ की जनता ने ६ तथा १० हजार रुपया क्रमशः खर्च करके स्कूलों के मकान बनाये पर हमारी कॉन्स्टीट्युएन्सी में सरकार किसी भी प्रकार की मदद नहीं दे रही है हालाँ कि वहाँ की जनता की ओर से बराबर सरकार के सामने माँगें पेश की जाती रही है।

अब मैं होस्पिटल्स के बारे में भी कुछ निवेदन करना चाहता हूँ। हमें यहाँ सदन में सरकार की ओर से बताया गया कि नये-नये हॉस्पिटल खोले जा रहे हैं परन्तु मैं आपको बताऊँ कि मेरी कॉन्स्टीट्युएन्सी में नया होस्पिटल खोलना तो दर किनार वहाँ जो पहले से एक होस्पीटल है उसको भी हटा कर दूसरी जगह ले जाया जा रहा है। बड़ी सादड़ी में एक आयुर्वेदिक अस्पताल था उसको वहाँ से हटा कर कांकरोली में रखा गया है। अब जब कोई नये होस्पिटल के लिये माँग पेश की जाती है तो जवाब दिया जाता है कि रकम नहीं है, पैसा नहीं है। डूंगला में एक होस्पिटल मौजूद है और वहाँ के लिये डाक्टर की सेंक्शन भी है परन्तु पिछले दो साल से निरन्तर लिखा पढ़ी सरकार के साथ किये जाने के बावजूद भी अभी तक वहां डाक्टर नहीं भेजा गया है। सिर्फ कम्पाउन्डर डाक्टर की जगह काम कर रहा है जिससे कई आदमियों की तो मौतें भी हो गई हैं। वहाँ की जनता की बराबर इस बारे में शिकायतें हैं पर आप वहाँ एक डाक्टर का, जिसकी कि सेंक्शन है, इन्तजाम नहीं कर सकते और फिर फरमाते हैं कि नये होस्पिटल्स कायम करेंगे।

[श्री जगतसिंह झाला]

हमारे यहाँ आपने किस प्रकार का बरताव रक्खा ? आपने कपासन से ग्राम-सुधार-संघ के कार्यालय को हटा कर मावली में रक्खा, वहाँ हमारे माननीय वन मंत्रीजी की कॉन्स्टीट्यूएन्सी होने की वजह से ऐसा किया गया।

ऐसी नीति हमारे साथ बरतना राजस्थान सरकार के लिये कदापि शोभनीय नहीं है। आप शासक के रूप में सब के साथ बराबरी का, समानता का बर्ताव रखें तो इसी में आपकी तारीफ है। केवल इतना ही कह कर मैं क्षमा चाहता हूँ।

श्री सोहनलाल भटनागर—माननीय उपाध्यक्ष, मुझे इस बजट के पढ़ने के बाद कुछ सन्तोष हुआ और कुछ निराशा भी; सन्तोष तो इस बात से हुआ कि इस बजट में कोई नया कर, हमारे ऊपर नहीं लगाया गया है और यह विकाश का बजट है। हमारे यहाँ प्रजातन्त्री सरकार होने से जनता आशा करती थी कि राजस्थान का नकशा बदलेगा और चारों ओर खुशहाली होगी। हमें देखना है कि हम उन लोगों की इस भावना को कहाँ तक संतुष्ट कर सके हैं। इस बजट के द्वारा उन आकाँक्षाओं की थोड़े रूप में पूर्ति हुई है। आज जितनी सड़कें पाठशालाएँ बनी और कायम हुई हैं या होने जा रही हैं उनके डिटेल्स में मैं नहीं जाता फिर भी जो करोड़ों रुपये खर्च किये जा रहे हैं उनसे राजस्थान का नया नक्शा बदलेगा। गत वर्ष से हमारे यहाँ की खाद्य स्थिति में काफी सुधार हुआ है जिससे राजस्थान में काफी सन्तोष बढ़ा है। साथ ही गत वर्षों में जो भूमि-सुधार हमारे राजस्थान में हुए हैं वह हिन्दुस्तान में कहीं नहीं हुए। आज हजारों वर्षों से दबा हुआ किसान इन भूमि-सुधारों के प्रगतिशील कानूनों से शान्ति की साँस लेने लगा है और जागीर पुनर्ग्रहण कानून को लागू करने के बाद तो उनको और भी अधिक सन्तोष मिलेगा।

परन्तु कुछ और बातें जो मेरे दिमाग में आई हैं, उनके कारण मुझे निराशा हुई है। यह एक मानी हुई बात है कि हमारा देश कृषि-प्रधान देश है। कृषि की उन्नति के लिये जो रकम रखी गई है वह रखना उचित ही है, पर मुझे अफसोस है कि हमारे मध्यम वर्ग की बेकारी को दूर करने के कार्यों के लिये इसमें कोई रकम नहीं रखी गई है। मैं यह निवेदन करना चाहता हूँ कि जो बातें इसके लिये रखी गई हैं वह बहुत टैम्परेरी हैं। उनसे मध्यमवर्ग की बेकारी मिटने की नहीं है, वे क्षणिक बातें हैं। गाँवों की बेकारी, मध्यम वर्ग की बेकारी अगर नहीं मिट पायेगी तो वह एक बड़ी समस्या हमारे सामने खड़ी हो जायगी। आज शहरी लोगों में ही बेकारी इतनी बढ़ी हुई है कि बहुत ऊँची-ऊँची शिक्षा पाये हुए, प्रथम श्रेणी में पास हुए व्यक्ति भी राजस्थान में बेकार हैं, उनके लिये कोई रास्ता प्रदान नहीं किया गया है। मैं आशा करता हूँ कि इसके लिये मंत्री महोदय यह कहेंगे कि शिक्षा पद्धति में जो खामी है उसकी वजह से ऐसी स्थिति पैदा हो गई है, परन्तु खाली यह कह देने से काम नहीं चलेगा। शिक्षा के रूप को बदलना पड़ेगा और नये रास्ते का निर्माण करना पड़ेगा; तभी मध्यम वर्ग की बेकारी दूर होगी।

दूसरी बात जो निवेदन करना चाहता हूँ, वह यह है कि जो निर्माण की व्यवस्था बजट में की गई है और जो-जो कार्य रखे, जहाँ-जहाँ रखे गये हैं उनसे कतई सहमत नहीं हूँ कि वे ठीक

[श्री सोहनलाल भटनागर]

प्रकार से रखे गये हैं क्योंकि किसी स्थान पर बहुत से कार्य कर दिये जाते हैं और कहीं बिल्कुल नहीं रखे गये हैं। मैं उनकी डिटेल्स में जाना नहीं चाहता लेकिन इतना जरूर निवेदन करना चाहता हूँ कि हमारे बजट में बहुत कम रकम कमी वाले क्षेत्रों के लिए खर्च की जाती है। उदयपुर का साउथ इलाका हमेशा कमी का इलाका रहा है और वहाँ भील रहते हैं। उनके लिये पिछले ४ सालों में कई लाख रुपया कमी वाले क्षेत्रों पर खर्च करने के लिए भारत सरकार से प्राप्त हुआ लेकिन मैं यह कहूँगा कि इन कमी वाले क्षेत्रों में कोई रकम खर्च नहीं की गई और कोई कार्य नहीं हो सका। इसके अलावा कई कार्य इसी कारण से कि मंजूरी नहीं मिली है अधूरे पड़े हैं और उस पर सरकार के जो रुपये लगे हुये हैं वे सभी रुपये भी बेकार जा रहे हैं क्योंकि वे अधूरे कार्य भी पूरे नहीं किये जा रहे हैं। इसके साथ में मैं यह भी निवेदन कर देना चाहूँगा कि जो रकम एलॉट होती है वह समय पर न तो मिलती ही है और न खर्च होती है और वह लेप्स हो जाती है। इसका मैं एक उदाहरण आपके सामने रखता हूँ। आप गत वर्ष का बजट देखें और वोल्यूम ३ देखें "Details of new items of expenditure", तो आपको मालूम होगा कि ४० लाख का प्रोविज़न जयसमद लेक जो राजस्थान में सबसे बड़ी लेक है, रखा गया था। मगर उसमें से सिंचाई विभाग ने कुछ भी खर्च नहीं किया। आज नये-नये कार्य किये जा रहे हैं और खोले जा रहे हैं और लाखों रुपया खर्च किया जा रहा है लेकिन जयसमद लेक की नहर को बढ़ाने के लिये सरकार कोई रुपया खर्च नहीं कर रही है। मैं यह कहूँगा कि सरकार को इसकी रिटर्न बहुत अधिक होगी लेकिन फिर भी समझ में नहीं आता कि सरकार इस कार्य को हाथ में क्यों नहीं ले रही है? इसके अलावा दो लाख और कुछ रुपये लोन में से भी खर्च करने को थे मगर वे भी खर्च नहीं किए। इन सब चीजों को देख कर मुझे इस बजट से बहुत निराशा हुई है।

इसके साथ ही हमारे-यहाँ यह बताया गया है कि कई विभागीय काम चल रहे हैं और इसी कारण वहाँ पर दूसरे विकास के कार्य नहीं हो सकते क्योंकि हमारे यहाँ की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है।

विकास के कार्य में भारत सरकार द्वारा सहायता दी जा रही है मगर फिर भी कार्य नहीं हो रहा है। इस सम्बन्ध में मैं मेरे विरोधी दल के भाइयों ने जो अभी कहा उनके साथ सहमत हूँ कि कई खर्च ऐसे हैं जिन्हें सरकार कम कर सकती है लेकिन करती नहीं; जैसे मोटरें जिन्हें हम आज भी सड़कों पर किस तरह से दौड़ती हुई देखते हैं, अफसरों के टेलीफोन के खर्चे, श्री महाराजप्रमुख के लिये ५ लाख रुपये चेरिटी के लिये। जब इनके लिये प्रश्न पूछा गया कि यह ५ लाख रुपये किस तरह से खर्च किये जाते हैं तो यह कहा जाता है कि यह हमारे अधिकार में नहीं है। उनको पास करना हमारे सदन के अधिकार में है लेकिन उनसे खर्च किस प्रकार किया जाता है उसको पूछना हमारे अधिकार में नहीं। अतः मैं यह निवेदन करूंगा कि हमारे यहाँ कई ऐसे खर्चे हैं जो हमारे यहाँ चल रहे हैं। उनको यदि कम करना चाहें तो वे कम किये जा सकते हैं और उन कार्यों में खर्च किये जा सकते हैं जिनके लिये सरकार यह कहती है कि हमारे पास पैसा नहीं है।

आपजी श्री रघुराजसिंह—उपाध्यक्षजी, यह राजस्थान का तीसरा बजट हमारे सामने मन्जूरी के लिये आया है। इसके विषय में कितना असंतोष है इसके लिये तो जब सप्लीमेंटरी ग्रान्ट्स हमारे सामने आएँगी तब पता चलेगा। अच्छा हो कि कोई सप्लीमेंटरी ग्रान्ट नहीं आये। इस बजट को पेश करके पुरानी पद्धति को दुहराया गया है। पिछले अनुभव हमें बताते हैं कि हर साल जब सदन की बैठक बुलाई जाती है तो हजारों रुपयों की सप्लीमेंटरी ग्रान्ट सरकार सदन के जरिये जल्दी-जल्दी में पास करा लेती है। मैं यह समझता हूँ कि यह उस घाटे को पूरा करने के लिये ही सप्लीमेंटरी ग्रान्ट माँगी जाती है।

इसके उपरान्त सबसे बड़ी खामी इस बजट में यह है कि जो कुछ भी लाभ या कार्य दिखाये गये हैं वे सब शहरी जनता के हित के लिये ही हैं। ग्रामीण जनता के लिये इस बजट में कुछ नहीं है। इस सिलसिले में मेरे से पूर्व वक्ताओं ने बताया है कि ग्रामीण जनता के लाभ के लिये इस बजट में कुछ नहीं है। हमें प्रत्यक्ष देखने में आता है कि जहाँ कहीं काम होते हैं तो वे या तो किसी मिनिस्टर की कंस्टीट्युएन्सी होती है या किसी उसी दल के सदस्य की कॉस्टीट्युएन्सी होती है वहीं पर होते हैं। ऑपोजिशन के जितने भी सदस्य हैं उनकी कॉस्टीट्युएन्सी में बहुत कम काम किया जाता है। यह क्यों ? यह मैं नहीं कह सकता, लेकिन आप खुद देख सकते हैं। मैं यह तो कहने को तैयार नहीं हूँ कि जान-बूझ कर सरकार ऐसा करती है मगर यह अवश्य कहूँगा कि यदि जान-बूझ कर उनको नहीं छोड़ा जाता है तो भी कम से कम उनको निग्लेक्ट तो अवश्य किया जाता है।

मैं अपनी कॉस्टीट्युएन्सी के बारे में यह बता देना चाहता हूँ कि चम्बल की योजना से सारे कोटा डिविजन को फायदा होगा, ऐसी बात नहीं है जिसके लिये कई सदस्यों ने जिक्र किया है। दूसरे डिविजनों को भी इससे लाभ होगा।

दूसरी बात जो इस बजट में कमी की मालूम होती है वह यह है कि ज्यादातर टॉप हेवी एडमिनिस्ट्रेशन पर खर्चा बहुत ज्यादा है। जितने बड़े-बड़े ऑफिसर्स हैं उनके ग्रेड्स में वृद्धि मालूम होती है और गरीब कर्मचारियों को कुछ नहीं दिया जा रहा है।

पुलिस के बजट में आप देखेंगे तो आपको मालूम होगा कि आई. जी. पी., डी. आई. जी. और दूसरे अधिकारियों के लिये और यहाँ तक कि सब इन्सपेक्टर्स तक के लिये बजट में प्रोविजन रखा गया है। पुलिस के छोटे कर्मचारियों के वेतन में न तो बढ़ोतरी की गई और न उनकी संख्या ही बढ़ाई गई बल्कि उनकी संख्या कम की गई है। कम वेतन देने से उनकी एफिशिएन्सी में कमी आ गई है। मैं यह कहूँगा कि जहाँ पर आप लॉ एन्ड ऑर्डर पर इतना रुपया खर्च कर रहे हैं वहाँ आप उनकी हालत को देखिये तो आपको मालूम होगा कि कोटा की तरफ अमृतलाल नाम का एक छोटा सा डाकू है उसको भी पुलिस अभी तक नहीं पकड़ पा रही है, बड़े-बड़े डाकुओं की बात तो छोड़िये। और मैं यह कहूँगा कि उसको पकड़ने के लिये पुलिस की तरफ से कोई कदम ही नहीं उठाया जा रहा है। जो स्पेशल पुलिस उसको पकड़ने के लिये भेजी जाती है वह

[आपजी श्री खुराजसिंह]

जनता को तंग करती है और जो पुलिस जनता की प्रोटेक्शन के लिये गई है उससे उल्टा ज्यादा लाभ उस अमृतलाल को मिलता है और पब्लिक यह महसूस करती है कि अमृतलाल से इतनी उनको परेशानी नहीं हो रही थी जितनी कि अब उनको स्पेशल पुलिस के आने से हो गई है। पुलिस वाले खुले आम मनमानी करते हैं और कोई ऑफिसर उनकी शिकायतों को नहीं सुनता। मैं यह कहूँगा कि इस पर सरकार को ध्यान देना चाहिये।

दूसरी जनरल एडमिनिस्ट्रेशन में सबसे बड़ी बात नज़र आती है वह है भ्रष्टाचार। महकमा जंगलात में सबसे अधिक भ्रष्टाचार फैल रहा है, नाकेदार अनुचित तौर पर जनता से पैसे वसूल करते हैं। सरकार ने पास का सिस्टम निकाल दिया है। पास में जनता को कोई खर्चा नहीं उठाना पड़ता, परन्तु जनता को परेशान करने का मौका नाकेदारान को मिल जाता है। तीसरी बात एकीकरण की है। अभी एकीकरण के कारण बहुत से लोगों की हालत सोचनीय है। अभी तक उनका फिक्शेशन नहीं हुआ है और न तनख्वाहें बढ़ी हैं। दो तीन साल से बैठे हैं और जब उनका पेट भी नहीं भरता तो मजबूरन उनको बैठना पड़ता है।

स्टाफ के सम्बन्ध में जो प्रोविज़न पिछले साल रखा था वह था ७ करोड़ ६ लाख रुपया और इस साल ५ करोड़ ५४ लाख, तो इस साल में पिछले साल के मुकाबले में १॥ करोड़ कमी दिखाई गई है।

डेवलप्मेन्ट के लिए भारत सरकार की तरफ से लाखों रुपये मिले हैं, राजस्थान सरकार ने भी लाखों रुपया लगाया है। किन्तु जो आबपाशी का महकमा है उससे कोई विशेष लाभ नहीं हो रहा है। इस विभाग में बड़ी बदइन्तज़ामी है। इस बारे में मैं मन्त्री महोदय से भी कई बार कह चुका हूँ किन्तु कोई प्रबन्ध नहीं किया गया है। किशनगढ़ तहसील में उम्मेदसागर नामका तालाब है। उसके लिए वर्षों से झगड़ा चला आ रहा है कि जो काश्त सम्वत् १८६८ के पहले की हैं, उनको पानी नहीं दिया जाता है। हर साल उनके साथ यही किया जाता है। जो गांव में वहाँ बसे हैं और जो अधिकारियों से मिले हुये हैं उनको तो पानी मिल जाता है किन्तु उन लोगों को पानी नहीं मिलता जो कि पुराने काश्तकार हैं।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूँ कि पिछले साल माइनर इरिगेशन खोलने के लिए कई एग्जाम्पल्स बताये थीं। मैं उधर जब दौरे में गया तो मालूम हुआ कि कुछ काम जरूर हुए थे; किन्तु लोगों को बाकी कामों का पता तक नहीं था कि अमुक काम होने वाले हैं। होता क्या है कि सरकार मन्जूरी दे देती है लेकिन रकम का खर्चा नहीं हो पाता है और रकम लेप्स हो जाती है और जनता को कोई लाभ नहीं पहुँच पाता।

तीसरी बात मैं यह निवेदन करना चाहूँगा कि जोधपुर और बीकानेर के बारे में बार-बार पानी की कमी की बात कही जाती है। मैं मानता हूँ कि यह बात सत्य है लेकिन शाहबाद भी एक ऐसा इलाका है जिसको भी दूसरा बीकानेर समझ लेना चाहिये। वहाँ पर गर्मी में वर्षा की कमी

[redacted]

[आपजी श्री रघुराजसिंह]

होने से पाँच-सात कोस से ड्रिंकिंग वाटर (पीने का पानी) लाना पड़ता है लेकिन इस ओर किसी अफसर ने या सरकारी प्रतिनिधि ने ध्यान नहीं दिया है। अगर उनका ध्यान दिलाया भी गया तो कोई कदम नहीं उठाया गया। मैं आशा करता हूँ कि सरकार की ओर से इस ओर शीघ्र ही कदम उठाया जायगा और जनता के पीने के पानी के कष्टों का निवारण किया जावेगा। सबसे कमी की बात तो यह है कि यह कॉन्स्टिट्यूएन्सी राजस्थान के एक कोने में होने से अब तक किसी मन्त्री का दौरा वहाँ हुआ ही नहीं है। केवल आजकल हमारे जो मेडिकल मन्त्री हैं वे नेशनल एक्स्टेन्सन ब्लॉक को इनओगरेट करने के सिलसिले में वहाँ गये थे और अगर इसको दौरा ही समझ लिया जाय तो दूसरी बात है। एडमिनिस्ट्रेटिव दौरे के नाम से कोई दौरा वहाँ नहीं हुआ है। मैं बार-बार निवेदन कर चुका हूँ कि वहाँ के लोगों की काफी शिकायतें हैं और खास कर के वन विभाग से सम्बन्धित शिकायतें हैं। शाहबाद में अनादि काल से डेढ़ काश्त चली आ रही है। राजस्थान होने के पश्चात् वह अचानक बन्द कर दी गई वह इसलिये कि उससे जंगल खराब हो जाते हैं। यह मैं मानता हूँ कि इस तरह के डेस्ट्रक्शन से जंगल बिगड़ते हैं किन्तु जो जंगल बिगड़ गये हैं, कट गये हैं, उनमें खेती की इजाजत नहीं देने से क्या लाभ है? जो खास-खास जंगल हैं उनको प्रोटेक्ट कर लीजिये, दूसरे जो जंगल हैं उनको रेवेन्यू के लिए छोड़ दीजिये जिससे लोगों का निर्वाह हो जायगा।

एक बात यह देखने में आई है कि रेवेन्यू रेकार्ड्स में भी इस साल गत वर्ष के मुकाबले में परिवर्तन कर दिया गया है। बहुत कुछ तब्दीलियाँ हो गई हैं। हालाँकि अभी के राजस्थान वालों ने और पहले के राजस्थान वालों ने उनको मान लिया है कि रेवेन्यू एडमिनिस्ट्रेशन कोय का बेस्ट (सर्वोत्तम) था लेकिन अप टू डेट (up-to-date) चीजों को हटा कर दूसरी जगहों की घिसपिस शुरू की जा रही है और जो मीनियल स्टाफ है, पटवारीज़ वगैरह हैं उनको ओवरबर्डन (overburden) किया जा रहा है उनका काम पूरा हो नहीं पाता और जो असली बात होनी चाहिए वह नहीं हो पाती। लेन्ड इन्स्पेक्टर्स हैं वे भी जाँच नहीं कर पाते।

कॉम्युनिटी प्रोजेक्ट्स के बारे में यह हाल है कि जनता के लाभ के लिए यह काम किया गया है लेकिन जितनी दिलचस्पी से यह काम होना चाहिए उतनी दिलचस्पी से वह नहीं हो रहा है और जो रिपोर्ट्स आती हैं वे एक तरह से आई वाश (eye-wash) की तरह से आती हैं।

(समय-समाप्ति-सूचक घन्टी)

मैं एक-दो मिनिट और कह दूँ।

इस सिलसिले में नेशनल एक्स्टेन्शन ब्लॉक्स शाहबाद तहसील में भी शुरू करने के लिए विचार किया गया था किन्तु वहाँ पर कोई प्रोजेक्ट ओफिसर नहीं भेजा गया। इसका कारण यह भी हो सकता है कि जंगली इलाका होने से कोई अफसर जाना नहीं चाहे। तो सरकार ऐसे आदमी को नियुक्त क्यों नहीं करती कि जो कोटा डिवीजन का ही रहने वाला हो और वहाँ आसानी से जा सकता हो।

[आपजी श्री रघुराजसिंह]

अन्त में मैं मेडिकल डिपार्टमेंट के बारे में अर्ज करना चाहता हूँ। मेडिकल के बारे में जो कुछ किया जा रहा है जयपुर में ही किया जा रहा है। जो कुछ भी होस्पिटल में एक्स्टेन्शन्स किये गये हैं वे जयपुर में ही किये गये हैं। कोटा में जो होस्पिटल बन रहा है उसमें गवर्नमेंट की तरफ से कुछ नहीं किया जा रहा है। जो भी डोनेशन दिया है वह कोटा दरबार ने दिया है और राजस्थान गवर्नमेंट ने एक भी पाई नहीं दी है। कोटा डिवीजन में ऐसे-ऐसे कस्बे और गाँव हैं जहाँ १२-१२ मील तक कोई डिस्पेन्सरी नहीं है। अतः इस इलाके में ट्रेवलिंग डिस्पेन्सरी होना जरूरी है। इस स्कीम को जितना जल्दी हो सके अपनाया जाय ताकि हर जगह डिस्पेन्सरीज़ कायम न करनी पड़े और जनता को लाभ पहुँच सके। डिस्पेन्सरीज़ से भी अधिक आवश्यक मिडवाइवज़ की आवकयता है और मिडवाइवज़ का ठीक प्रबन्ध न होने के कारण वहाँ बहुत सी डैथ्स हो जाती हैं। प्रबन्ध करना भी नितान्त आवश्यक है। बस मैं इतना ही कह कर अपना स्थान ग्रहण करता हूँ।

श्री लक्ष्मण हीरात—अध्यक्ष महोदय, मैं आज इस कल्याणकारी बजट के विषय में, जो कि इस सदन के सामने रखा गया है कुछ निवेदन करूँगा। जब से हमारी सरकार बनी है। हमारे बाँसवाड़े के इलाके के अन्दर एक भी सड़क उधर नहीं बनी है। हमारा बाँसवाड़ा इलाका बिल्कुल पहाड़ियों के बीच बसा हुआ है। मुझे आपको याद दिलाना है कि इस बाँसवाड़े के इतिहास को अभी तक किसी ने नहीं समझा है हमारा इतिहास इतना लम्बा है और हमारी आर्थिक समस्याएँ इतनी गहरी हैं कि वे अभी तक किसी के समझ में नहीं आई हैं। आज जो हमारी सरकार ने कल्याणकारी बजट रखा है वह अनेक गुणों से भरा पड़ा है। मैं उसकी तारीफ करता हूँ, लेकिन हमारे क्षेत्र में कुछ बातों की कमी है उन्हें सरकार को पूरी करनी चाहिये। आज हमारी सरकार को बने तीन साल हो गये। बाँसवाड़े के अन्दर किसी भी सड़क की योजना आज दिन तक पूरी नहीं हो पाई है। आज हम लोगों का आप से सवाल है कि वहाँ सड़कें कब पूरी हो जायँगी? हमारे पी. डब्लू. डी. के मन्त्री महोदय वहाँ पधारे थे। उन्होंने वहाँ का नक्शा अच्छी तरह से देखा किन्तु उन्होंने कुछ भी अभी तक काम करने की मन्जूरी नहीं दी। हमारे इलाके के अन्दर यातायात के साधन नहीं हैं, रेलवे हमारे से बहुत दूर पड़ती है। इसके लिए मेरी सरकार से प्रार्थना है कि वह इस पर सोचे और विचार करे। जिन लोगों को बाहर जाना पड़ता है उनको पता चल सकता है कि एक मील भी पक्की सड़क नहीं बनी है। सन् ५१-५२ में जब हमारे इलाके में दुष्काल पड़ा था, बीस दिन तक लगातार बरसात पड़ी थी उस समय संलूपाट का पुल टूट गया था। उस समय हमारे यहाँ खाद्य मन्त्री व मुख्य मन्त्री आये। उन्होंने वहाँ की स्थिति को समझा, दवाइयों का इन्तजाम किया, अनाज का इन्तजाम किया। फिर भी हमारे यहाँ के कुछ गैर जिम्मेदार लोगों ने शोर मचाया, प्रपंच मचाया उस समय हमारे सरकार के मन्त्री ही मैदान में आये और कोई दूसरा सामने नहीं आया। केवल हमारे मन्त्री लोग हम लोगों को आश्वासन देने आये। हमारा पहाड़ी इलाका है। हमारे वहाँ भील लोग रहते हैं। आज जो वहाँ से चुनकर आये हैं वे मध्य भारत के रहने वाले हैं। हमारे बाँसवाड़ा में मध्यभारत का समाज आ पड़ा है। इस समाज को दूर करने के लिए हमारी सरकार ने कुछ नहीं सोचा है। हमारे वहाँ के रहने वाले भीलों ने वह दुष्काल का समय भी देखा। उस दुष्काल के समय में हमारे मन्त्री

[श्री लक्ष्मण हीरात]

लोग ही काम आये न कि वे मध्यभारत के रहने वाले समाज के लोग। हमारे मन्त्री लोगों ने हमें बहुत सी प्रकार की तकावियाँ दिलवाईं बीज तकावी तथा और भी उन्होंने हर तरह से हम लोगों की मदद की। इरिगेशन तकावी दी और इरिगेशन के महकमे की तरफ से तालाब बनवाये गये। बीज तकावी हमको दी गई। हमारे लिए धर्मार्थ फण्ड भेजा, दूध के डिब्बे भेजे। हमारे यहाँ जो दुष्काल पड़ा उसमें हमारी सरकार ने उस दुष्काल का मुकाबिला करने के लिए हम लोगों को मदद दी। आज हमने यह किया है कि बाँसवाड़ा में हम लोगों ने ही आज उनको ही नीचा दिखाया है। आज हमें वहाँ की जनता कमजोर बता रही है। उन दूसरे लोगों का बाँसवाड़ा में बहुत गहरा असर है। मैंने जो स्थिति बतलाई है, उसकी मैंने जाँच करके बतलाई। मैंने देखा, यह हमारा कल्याणकारी बजट है पहले हमारा बजट घाटे का था। आज हमारा बजट ठीक है। इसलिये मैं सरकार से निवेदन करूँगा कि हमारे इलाके की ओर ध्यान दिया जायगा। आज जो श्रीमती जी इस इलाके से आई हैं उन्होंने वहाँ झूंटा प्रचार किया, किसानों को बहका रही हैं। आज जब किसानों में वहाँ तकलीफ नहीं है इसलिये वे दिन भूल गये जब कि हमारी सरकार ने वहाँ के लोगों की मदद की। आज हमारा कल्याणकारी बजट है इसलिये मैं सरकार से निवेदन कर देना चाहता हूँ कि वहाँ ग्रामीण जनता ने मिल कर जो एक स्कूल चन्दा इकट्ठा करके बनाया है उस पर वहाँ की जनता ने एक हजार रुपया खर्च किया है, उसको मिडिल स्कूल बना देंगे। अगर इसमें हमारे शिक्षा मन्त्री को कोई आपत्ति हो तो उसका जवाब देंगे। शिक्षा मन्त्री को यहाँ पर बोर्डिंग खोलने में अभी तक आपत्ति है। हमारा कुशलगढ़ तहसील का इलाका बंबई से मिलता जुलता है, मध्यभारत से मिलता है वहाँ के किसानों की हालत में जमीन आसमान का अन्तर है। हमारी सरकार को चाहिये कि वह वहाँ पर भी पैसा खर्च करे और हमारे किसानों की हालत को सुधारे। हमें जिस प्रकार हमारी सरकार ने दुष्काल के समय धान, दवाइयाँ दीं उसी तरह हमारी सरकार हाल सुधारने में मदद करेगी। हम आदिवासी इस हालत को सपट पार कर जायेंगे। मुझे विश्वास है कि हमारी आशाओं को वे अवश्य पूरा करेंगे इसमें उनकी कोई गलती नहीं हो सकती।

इतना ही कहना चाहता हूँ क्योंकि सब तरफ से "बैठो-बैठो" की आवाज़ आ रही है इससे ज्यादा नहीं कह सकूँगा। हमारे जो इस इलाके से श्रीमतीजी आई हैं उनके जैसे तत्वों को आगे नहीं आने दीजिये, ये तत्व हमें खतरे में डालने वाले हैं। हम पहाड़ी इलाके में रहते हैं। किसान-मजदूरों की बस्तियों में ऐसे तत्व आ पड़े हैं जिससे हमें बहुत नुकसान उठाना पड़ा है। इतना ही कह कर कि यह हमारा कल्याणकारी बजट है मैं धन्यवाद देकर बैठ जाता हूँ।

श्रीभोपालसिह--उपाध्यक्ष महोदय, बजट को हम जब देखते हैं तो उसकी रकम का जो विभाजन किया गया है अगर उसको खर्च कर दिया गया तो मुझे ऐसा लगता है कि हम बहुत जल्दी भिखारी बनेंगे।

मगर इन दो-चार मदों द्वारा हमारे किसानों को जो रकम दी गई है उसकी दिगत देखने से तो यह मालूम होता है कि यह रकम वहीं, उसी एरिया में खर्च की जा रही है जहाँ-जहाँ पर मंत्री

[श्री भोपालसिंह]

लोग गये हैं या जहाँ से कॉंग्रेस के मेम्बर चुनकर आये हैं। बाकी जितना हिस्सा है वह सब यों का यों रह गया है।

इस बारे में जितने सवाल सदस्यों ने सरकार से किये उन सबसे यही बात मिली है कि कुछ नहीं किया गया और जहाँ हमारे यहाँ कुछ नहीं किया गया है वे तथा हम भी यही कहते हैं कि हमारे यहाँ भी कुछ नहीं किया गया है। तो इस सब का मतलब यही है कि हमारी सरकार पक्षपात रूप से खर्च कर रही है। अगर इन्साफ के तौर पर खर्च करती तो जिनके यहाँ खर्च किया गया है वे तो कम से कम यह कहते कि हमारे यहाँ खर्च किया गया है।

मैं जिस कॉंस्टीट्यूएन्सी से आया हूँ उस मेड़ता कॉंस्टीट्यूएन्सी के लिए मैं यह कह सकता हूँ कि इस कॉंस्टीट्यूएन्सी में न सड़क बनाई गई है, न अस्पताल कायम किया गया है और न स्कूल ही बढ़ाये गये हैं और जो जनता माँग करती है कि हमारे यहाँ पर स्कूलों के लिए जो खर्चा लगाया जावे उसका आधा हम देंगे और आधा सरकार दे, पर इसकी भी सुनवाई नहीं होती। मेड़ता हाई स्कूल में सात कमरे इस समय हैं। आप खयाल करें इन सात कमरों में हाई स्कूल कैसे चल सकती है? हैडमास्टर कमरे में बैठे या दूसरे मास्टर बैठें या कोई एग्रीकल्चरल स्टडी का रूम रक्खें या लड़कों के लिये पढ़ाई के कमरे रक्खें। दो कमरे इस साल और बढ़ाये गये पर फिर भी इन ९ कमरों में हाई स्कूल का काम होना मुश्किल है। इसलिये मेरी अर्ज है कि हाई स्कूल के लिये पाँच-सात कमरे और बनाये जावें। इसके लिए कुछ जनता मदद करेगी और कुछ सरकार की तरफ से रुपया लगाया जावे।

इसी तरह से मैंने स्कूलों की एक लिस्ट भी सरकार के पास भेजी है। अगर ये स्कूलें खोलने का सरकार इरादा रखती हो तो आधी रकम सरकार दे और आधी वहाँ की जनता देने को तैयार है। अभी तक इन स्कूलों के लिए भवन ही नहीं बने हैं तो क्या मैं आशा करूँ इस सरकार से कि इनके लिए भवन बनाने की कृपा की जावेगी और जो मेरे क्वेश्चन का उत्तर दिया गया है उस तरीके को काम में नहीं लिया जावेगा?

हॉस्पिटल के लिहाज से मेड़ता तहसील में एक अस्पताल है और पचास-पचास मील के एरिया में वही एक अस्पताल है। पचास-पचास मील में यह तहसील फैली हुई है और जन-संख्या भी इसकी चार लाख के करीब है। इसमें एक अस्पताल का होना ही कहाँ तक वाजिब है? यह आप स्वयं देख सकते हैं। इसलिये मेरा सरकार से निवेदन है कि वह वहाँ पर एक-दो अस्पताल और बनावे तो अच्छा है।

मेड़ता तहसील ऐसी है जिसमें पीने के पानी की बहुत कमी है। इसलिए तालाब खुदाने के लिए मैंने एक लिस्ट सरकार के सामने पेश की थी जिसका जवाब भी जल्दी में सरकार द्वारा दिया गया है कि हमारे पास तो ऐसी कोई लिस्ट नहीं पहुँची। मैं निवेदन करूँ कि अगर सरकार कुछ करना चाहे तो लिस्ट दुबारा पेश की जा सकती है। पानी का सवाल इस तहसील के लिये एक अहम सवाल है

[श्री भोपालसिंह]

और इसलिए अगर पानी की हमारी समस्या हल नहीं की जावेगी, तो कल्याणकारी राज्य के वास्ते मैं कुछ भी कहने को सहमत नहीं हूँ।

सरकार से मेरी प्रार्थना है कि पानी की समस्या को, जैसा कि मेरे मित्र मथुरादासजी ने भी कहा था, ऐसे पहले ली जानी चाहिये। कुछ हिस्सा मेड़ता तहसील का ऐसा आ गया है कि जिसमें बेरे हैं और उनमें पानी की इन सालों में कमी हो गई है। उनमें पानी करने के लिये दो-चार बन्ध ऐसे हैं जिनको अगर बंधवाया जावे तो पानी इन कुओं में भी हो सकता है। इसके लिये भी सूची सरकार के सामने पेश की गई थी पर खेद है कि उसका यह जवाब मिला है कि अभी कुछ नहीं किया जावेगा। इतना रुपया बजट में रक्खा है वह खर्च कहाँ किया जा रहा है यह मालूम नहीं हो रहा है। इसलिए कम से कम यही कहा जा सकता है कि इसमें भी पक्षपात से काम लिया जा रहा है और इससे हमें उम्मीद नहीं कि कोई जन-कल्याणकारी राज्य बनाया जावेगा।

सड़कों के बाबत ऐसा है कि वहाँ तीन साल से इस तहसील में एक भी सड़क नहीं बनाई गई। मेरे कहने का मतलब यह है कि एक भी पैसा खर्च नहीं किया गया है बजट से इस तहसील में इस काम के लिये। जो स्कीम पेश की गई है सड़कों की, उस पर भी ध्यान दिया जावे तो अच्छा है।

इस तहसील में—चोरियां इतनी बढ़ गई हैं कि वहाँ के बावरी लोग छोटी-मोटी चोरियां की तादाद बहुत ज्यादा बढ़ा देते हैं और जब पुलिस में रिपोर्ट लिखाने और शिकायत करने जाते हैं तो उत्तर मिलता है कि उसका सबूत लाइये। चोरी करने वाले के लिये अगर हम ही सबूत देने को मजबूर किये जावें तो फिर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराने ही क्यों जाने लगें, हम ही पकड़ लेंगे चोर को, रिपोर्ट करने की क्या आवश्यकता है? जब ये बातें मंत्री महोदय को अर्ज की जाती हैं और इन्हें रोकने के उपाय करने के लिये कहा जाता है तो वापिस जवाब मिलता है कि आप इनको काश्त करने के लिए जमीन दें। अगर ये लोग ठीक तौर से काश्त करके अपना गुजारा करना शुरू करेंगे तो चोरी नहीं करेंगे। मैं पूछता हूँ कि क्या यह नमूना है जवाब देने का, क्या यह कोई जवाब है इसका? फिर साथ ही साथ उनके ध्यान में यह भी आना चाहिए कि जो वहाँ के बावरी हैं उनको गवर्नमेंट ने काफी जमीन काश्त के लिए दे भी रखी है। उस पर भी अगर चोरी करना छोड़ दें तो मैं तो यह कहूँगा कि और भी जमीन देने के लिए हम लोग तैयार हैं। सारी जनता इसको कहीं ज्यादा ठीक समझेगी। जमीन देने से अगर चोरियों से पिण्ड छूट सकता है, तो बहुत अच्छा है। पर ऐसा होना मुझे असम्भव सा लगता है क्योंकि अगर जमीन होने से ही चोरी वे छोड़ते तो इस समय भी उनके पास जमीन तो है। इसलिए खास तौर से मेरी यह अर्ज है कि इसका इन्तजाम जरूर होना चाहिये।

झिलाड़ा और बेसरोली में अभी हाल ही में डाके डाले गये हैं, जिनकी इत्तला मेरे पास भी आई है। इसे रोकने के लिए जल्दी से जल्दी बन्दोबस्त होना चाहिये। आज ये डाके फिर राजस्थान में शुरू हो गए हैं। करीब साठ हजार का माल इस डाके में गया बताते हैं।

[श्री भोपालसिंह]

करप्शन मिटाने के लिए मेरी अर्ज है कि सरकार निष्पक्ष लोगों को ओहदों पर रक्खे और अगर सरकार को निश्चय ही इस करप्शन को मिटाना है तो अपने विश्वासपात्र व्यक्तियों को काम पर लगावे और उन लोगों से रिश्वतखोरों का पता लगावे तो यह रिश्वतखोरी मिट सकती है। महकमा कायम कर देने से ही कुछ नहीं होने वाला है। यह तो वैसी ही बात होती है कि एक गन्दा लोटा का पानी है, अगर उसमें दूसरे लोटे का पानी और मिल गया तो वह पानी भी वैसा ही बन जाता है। मेरी तो यह राय है कि ऐसे मामलों में मन्त्री महोदय खुद ही जांच करें और अपने विश्वासपात्र व्यक्तियों से सी० आई० डी० तौर पर जांच करा कर लोगों को सख्त से सख्त सजा दें। तभी यह करप्शन मिट सकता है।

(समय समाप्ति सूचक घन्टी)

इसलिए मेरी अर्ज है कि यह जो मैंने बातें पेश की हैं उन पर ध्यान देकर मेरी तहसील के लिए भी तरक्की का काम किया जावे तो अच्छी बात होगी।

श्री रोशनलाल—माननीय उपाध्यक्ष महोदय, इस सदन के अन्दर आज दो रोज से सन् ५४—५५ के बजट पर बहस हो रही है। यह ठीक है कि जो बजट सदन के समक्ष वित्तमन्त्री द्वारा प्रस्तुत किया गया है वह राज्य के कई हिस्सों को प्रगति की ओर ले जाने वाला, राजस्थान राज्य को कल्याणकारी राज्य बनाने वाला है।

इस कल्याणकारी राज्य को बनाने के लिए सरकार ने जो तीन—चार वर्षों में राज्य के विकास के लिए सिंचाई का कार्य, सड़कें आदि बनाने का कार्य आदि जो किए हैं उनके बारे में मेरे पूर्व के वक्ताओं ने आपका कुछ ध्यान खींचा है और इसी विषय में मैं यह कहना चाहता हूँ कि जो बजट सदन के सामने आया है और जो अलग—अलग विभागों में आंकड़े बजट के अन्दर बताए हैं उन आंकड़ों को देखने से यह बात मालूम होती है कि राजस्थान के ये कार्य इन तीन—चार वर्षों में ऐसे हुए हैं कि जिनसे इस सदन के सदस्यों को सन्तोष है कि यह राज्य कल्याणकारी राज्य की ओर जा रहा है।

किन्तु माननीय उपाध्यक्ष महोदय, राजस्थान सरकार की मशीनरी की जो हालत आज है, अगर हमें बहुत जल्दी कल्याणकारी राज्य इस राजस्थान में स्थापित करना है तो हमें उस मशीनरी की ओर बहुत ज्यादा ध्यान देना पड़ेगा।

मैं आपके सामने कुछ ऐसी बातें बताना चाहता हूँ जो यह प्रदर्शित करेंगी कि आज ग्रामीणों के साथ राजस्थान के राज्य कर्मचारियों और सरकारी अधिकारियों के द्वारा किस तरह से ज्यादतियाँ की जाती हैं और की जा रही हैं?

माननीय उपाध्यक्ष महोदय, राज्य की ओर से यह व्यवस्था कानून के द्वारा की गई है कि एक कृषक खेती के लिए लकड़ी अपने खेत के अन्दर से ला सकता है। आज उदयपुर जिले के

[श्री रोशनलाल]

अन्दर कोई एक ऐसी तहसील नहीं है जिस तहसील के अन्दर पटवारियों द्वारा लोगों के ऊपर इस बात के मुकद्दमें चलाए गए हैं कि वे अपने खेत के अन्दर से वृक्ष नहीं काटें, इसके लिए जब कि आपकी राजस्थान सरकार के द्वारा रिमूवल ऑफ ट्रीज ऑर्डिनेन्स के द्वारा यह अधिकार दिया है कि कृषक अपने खेत में से लकड़ी अपने काम के लिए ले सकता है। माननीय उपाध्यक्ष महोदय, राजस्थान सरकार और उदयपुर जिले के अधिकारियों का हमने इसकी ओर ध्यान खींचा, लेकिन मुझे आज यह कहते हुए अफसोस होता है कि आज दिन तक अधिकारियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। यह एक सरकारी तौर पर जो कानून बना हुआ है उस कानून का, हम कहते हैं कि अधिकारी लोग दुरुपयोग करते हैं। आज सरकार के अधिकारी ही हैं जो कि कानून की अवहेलना करते हैं। इसका मैंने आपके सामने एक नमूना रखा है। माननीय उपाध्यक्षजी, मैं एक दूसरा और नमूना रखना चाहता हूँ आपके सामने। उसके बाद कई एक बातें कहनी थीं, मगर आप कहेंगे टाइम हो गया, आप घन्टी लगायेंगे।

मैं यह कहना चाहता हूँ कि राजस्थान सरकार के द्वारा नाज की निकासी के आदेश राजपत्र में हो जाने के बाद में उदयपुर जिले के एक तहसीलदार साहब यह आदेश देते हैं कि कानोड़ कस्बे से बाहर नाज नहीं ले जाया जाय और नोटिस चस्पा करते हैं। एक तरफ सरकार के आदेश हैं कि नाज बाहर ले जाने में कोई रोक-टोक नहीं है, लेकिन उस पर कोई भी कार्यवाही सरकार के अधिकारी नहीं करते हैं। इस तरह की कई बातें हैं। सरकार के निचले (अधीनस्थ) अधिकारी जनता को परेशान करने के लिए और सरकार, जो कि आज कांग्रेस पार्टी के हाथ में है, उसको बदनाम करने के लिये कार्यवाही कर रहे हैं।

माननीय उपाध्यक्ष महोदय, दूसरा और उदाहरण मैं आपको देना चाहता हूँ कि आज सरकार के अन्दर छोटे-छोटे काम जो कि सरकार के बजट में रखे जाते हैं, सरकार द्वारा स्वीकृत हो जाते हैं, उसके बाद में निचले अधिकारी किस तरह से ढिलाई से काम करते हैं? राजस्थान सरकार द्वारा २ वर्ष पूर्व सायरा में एक औषधालय भवन है उसके लिये एक भण्डारी के चालीस हजार रुपये सरकार के खजाने में इसलिए जमा कराये हुये हैं कि वह रुपया आयुर्वेदिक औषधालयों की इमारतों के लिए लगाया जाय, उन रुपयों में से सरकार ने ३ हजार रुपया उस औषधालय के भवन को पूर्ण कराने के लिए दिया। लेकिन आज दो साल हो गये वह भवन अभी तक पूर्ण नहीं हुआ है। कई बार हमने अधिकारियों को लिखा। तो यह हालत सरकारी मशीनरी की है। आप बजट में कितना ही अच्छा रख दें और यह ठीक है कि बजट अच्छा हो, बजट कल्याणकारी राज की स्थापना करने की ओर ले जाने वाला एक कदम है, किंतु जहाँ तक सरकारी मशीनरी की हालत है, हमारे मंत्री साथी इस ओर ध्यान नहीं देते हैं। मैं यह कह सकता हूँ कि आज राजस्थान इतना पिछड़ा हुआ है, वह खाली बजट के आंकड़ों से कल्याणकारी राज्य की ओर नहीं जा सकेगा।

माननीय उपाध्यक्ष, अब मैं वन विभाग की ओर थोड़ा सा सदन का ध्यान खींचना चाहता हूँ। वन विभाग राजस्थान का एक बहुत बड़ा विभाग है और यह ठीक कार्य कर रहा है। मैं आपकी

Page No.128

[श्री रोशनलाल]

साची से वन मन्त्री को मुबारकबाद देता हूँ कि राजस्थान सरकार ने जो एक सफेद हाथी इस राजस्थान पर लाद दिया था उसको उन्होंने हटा दिया है और इसीलिये हमें बजट में देखने को मिला कि उसकी तनख्वाह के जो ३० हजार रुपये वार्षिक बजट में रखे जाते थे आज वह राशि बहुत कम कर दी गई है, किन्तु यह सही बात है कि एक तरफ आज वन को बढ़ाने के लिये, जैसा कि कुछ साथियों ने कहा है कि हवाई जहाज से बीज डाले जा रहे हैं, दूसरी तरफ वनों की रक्षा के लिये जिस प्रकार का प्रबन्ध होना चाहिये आज वह प्रबन्ध नहीं है। मैं कहना चाहता हूँ. माननीय उपाध्यक्ष, आपकी साक्षी से, कि आज उदयपुर जिले के अन्दर जो वन थे, आज से ३-४ वर्ष पूर्व जो धरियावद, कोटड़ा, भोमट में और जो कुछ खैरवाड़ा, फलासिया में जो वनों की हालत थी और आज आप उन वनों की हालत देखेंगे तो किस तरह से सरकार की इस गलत नीति के कारण वे काट दिये गये हैं। ठेकेदार जो कि घूस देता है तो वह उन कूपों के अलावा दूसरे जंगलों से लकड़ी काटते हैं और उसकी शिकायतें हमारे द्वारा अधिकारियों तक पहुँचाई गई हैं, मगर, माननीय उपाध्यक्ष, उसकी ओर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है।

आज हम इस बात को सुनते हैं कि सदन के अन्दर वन विभाग का जो एकीकरण किया जा रहा है और उस एकीकरण के अन्दर कुछ फॉरेस्ट के फारेस्टर्स तथा ऐसे अधिकारी जो गरीब हैं, छोटी तनख्वाह वाले हैं और जिनकी संख्या बताई जाती है ३७५ के करीब, मगर उनको निकाला जा रहा है। एक तरफ हम राजस्थान में बेकारी को दूर करने की बात करते हैं और दूसरी ओर उन गरीब कर्मचारियों को आज हम हटाने के लिये योजनायें बना रहे हैं, और वह योजना बनाई किसने, जिनका कि हमारे ऊपर बहुत बड़ा भार था और जिसको इस सदन के अन्दर सफेद हाथी के नाम से पुकारा जाता था तो, माननीय उपाध्यक्ष, आपकी साक्षी से मैं वन मन्त्री महोदय से निवेदन करना चाहता हूँ कि अगर वन को बढ़ाना है, अगर वन राष्ट्र की सम्पत्ति है तो इस ओर हमारे वन मन्त्री महोदय को अधिक ध्यान देना चाहिये।

मैंने वन विभाग का जो बजट देखा उसमें इस बात से मुझे सन्तोष हुआ कि जहाँ वन को बढ़ाने के लिए हर वर्ष ३ लाख रुपये रखे जाते थे इस वर्ष ६ लाख रुपये वन मन्त्री महोदय ने रखे हैं। वे ६ लाख खर्च होंगे या नहीं, यह तो हम अगले वर्ष देखेंगे। वन बढ़ाने की जो एक नीति है जिसके बारे में कुछ सदस्यों ने मेरे से पूर्व कहा है, मैं ऐसी एक बात कहना चाहता हूँ कि आज जो वन विभाग के कर्मचारी वर्ष में एक बार वन-महोत्सव मनाते हैं और कुछ शहर के अन्दर माइक्रोफोन के ऊपर भाषण देकर ५, १०, १५, वृक्ष लगा देते हैं उस तरह से वन बढ़ने वाला नहीं है। माननीय उपाध्यक्ष, मैंने सदन में एक बार यह प्रश्न किया था कि किस-किस जगह कौन-कौन से वृक्ष लगाए गए हैं तो मेरे उस प्रश्न का माननीय वन मन्त्री ने कुछ उत्तर नहीं दिया और मैं यह कहना चाहता हूँ, माननीय उपाध्यक्षजी, कि आज जयपुर जिले के अन्दर कोई नया जंगल नहीं लगा है, और जंगल नष्ट हो रहे हैं। वह हमारे राष्ट्र का सबसे बड़ा धन है जिसके लिए हमें बहुत सजग रहना है। अगर इसी रफ्तार से चलते रहे तो हमारा जंगल जिसको हम राष्ट्र का जंगल कहते हैं और दूसरी तरफ हम रेगिस्तान के अन्दर जंगल लगाने के लिए हवाई जहाज से बीज डालते हैं लेकिन एक तरफ जो जंगल लगे

[श्री रोशनलाल]

हुए है वह नष्ट होते जा रहे हैं तो आज नहीं तो आज के ५-१० वर्ष बाद जब कि जंगल नहीं रहेंगे तब हमें मालूम होगा कि हमारे यहाँ की क्या हालत है ? माननीय उपाध्यक्षजी, मैं यह कहना चाहता हूँ और इस सदन के अन्दर इसलिए कहना चाहता हूँ कि उदयपुर जिले के अधिकतर एरिया में वन हैं और हमारी काफी शिकायतें वनों के सम्बन्ध में हैं। उन वनों को वे लोग सैकड़ों वर्षों से काटते थे। हमारे भोमट के अन्दर बालरी काटते थे, पहाड़ों से वृक्ष काट कर जंगल जलाकर खेती करते थे, हमने उन आदिवासियों से कहा कि वह हमारे देश का धन है इसको मत काटो तो उन आदिवासियों ने, जिन्हें काटने की कई वर्षों से परम्परा थी, उसको बन्द कर दिया, काटना छोड़ दिया।

एक तरफ तो सरकार की इस नीति के कारण वन नष्ट होता जा रहा है और दूसरी ओर इस साल मैंने सुना है कि कोयले के कूप का ठेका दिया गया है। जिस कोयले के कूप से गत वर्ष ५ हजार रुपये मिले थे उसी कूप से इस वर्ष, सरकार की यह नीति हो रही है कि कोयला राजस्थान से बाहर न जाय और इस कारण से उसी कूप के आज १ हजार रुपया से अधिक नहीं मिला है। सरकार ने वन में कूप कम करने की नीति के कारण यह प्रतिबन्ध लगाया है कि राजस्थान से कोयला बाहर नहीं जाय लेकिन पहले जितना कोयला निकलता था उसमें कमी नहीं हुई है और सरकार को लाखों रुपयों का नुकसान हुआ है। उदयपुर जिले में एक वन बहुत बड़ा है जिसकी ओर मैं इस सदन का और साथ ही वन मन्त्री जी का ध्यान खींचूँगा। दूसरे माननीय सदस्य उदयपुर जिले के लिये बार-बार यह कह रहे हैं और जब सदन के उस तरफ बैठने वाले सदस्यों से यह सुनते हैं कि उदयपुर में बहुत रुपया खर्च किया जाता है और हम जो सदन के इस तरफ बैठने वाले जो सदस्य उदयपुर डिवीजन से आये हैं जब उनकी बात सुनते हैं तो हमें बड़ा ताज्जुब होता है। उदयपुर में आखिर क्या हो रहा है ? हमारे विरोधी दल के नेता का तो उदयपुर ही एक विषय बन गया है। उन्होंने गत वर्ष भी राजस्थान विश्व-विद्यापीठ के बारे में बहुत कुछ कहा था और प्रथम वर्ष भी विद्याभवन को लेकर बातें कही थीं। मैंने उनसे अर्ज किया कि आप उदयपुर पधारें और वहाँ जो संस्थाएँ जो काम कर रही हैं उनका काम देखें तो आपको मालूम होगा कि आज विद्याभवन और राजस्थान विद्यापीठ किस तरह से जन-कल्याणकारी काम कर रही हैं। लेकिन माननीय उपाध्यक्षजी, वे उदपुर नहीं आते हैं। वे बार-बार इन संस्थाओं के बारे में कह देते हैं आज भी उन्होंने इन दोनों को लपेटे में लिया। मुझे बड़ा अफसोस होता है उनकी बातें सुन कर। जो विद्याभवन चलाने वाले हैं उनसे हमारे विरोधी दल के नेता अच्छी तरह से परिचित हैं। विद्याभवन का नाम उदयपुर के लोग या राजस्थान के लोग ही जानते हों, ऐसी बात नहीं है। हिन्दुस्तान और उसके बाहर के लोग भी विद्याभवन के काम से परिचित हैं। तो माननीय उपाध्यक्षजी, जिम्मेदार व्यक्तियों द्वारा ऐसी संस्था की जो देश को आगे बढ़ाने का काम करती है, इस तरह से आलोचना करना ठीक नहीं है।

माननीय उपाध्यक्षजी, अब मैं उन बातों की ओर आपका ध्यान ले जाना चाहता हूँ जिन बातों को मैंने सदन के अन्दर कुछ प्रश्नों द्वारा माननीय वन मन्त्रीजी से कहा था। वे आज उदयपुर जिले में राजाओं द्वारा, जिन राजाओं को जंगल अपने निजी खर्चे के लिये दिये गये हैं, आज राजस्थान के अन्दर वन-अधिनियम है और उसके होते हुए कोई भी आदमी एक लकड़ी भी उस रिजर्वड

[श्री रोशनलाल]

जंगल में से नहीं काट सकता, उसी जंगल में से उनके द्वारा हरे वृक्ष काट डाले गये हैं। राजस्थान सरकार के अधिकारी इस पर कोई कार्यवाही नहीं कर रहे हैं और कान में तेल डाल कर बैठे हुए हैं। उदयपुर महाराणा साहब की व्यक्तिगत प्रोपर्टी में एक जंगल नारा मगरा में है उसे कटा दिया गया है। दूसरा वन केसर बाग है। वहाँ पर ८५ बीघा जंगल कटवाया गया है। जिस रिज़र्वड जंगल में मवेशी तक नहीं जा सकते, जिसमें एक लकड़ी भी कोई नहीं काट सकता था उस जंगल में से सैंकड़ों वृक्ष काट कर यहाँ पर खेती करना शुरू किया गया है और हमारी राजस्थान सरकार का ध्यान इस ओर अब तक नहीं गया है। राजस्थान सरकार की नीति ठीक नहीं है। दूसरी तरफ उपाध्यक्ष महोदय, मुझे यह कहते हुए दुःख होता है कि रिज़र्वड जंगल में से किसी किसान ने लकड़ी काट ली थी तो वहाँ के कंजर्वेटर ऑफ फारेस्ट ने उन पर मुकद्दमा चलाया और तीन-तीन महीनों की सजा दिलाई।

श्री उपाध्यक्ष—यह कट मोशन में कहने की बातें हैं।

श्री जवानसिंह—ओन ए पोइन्ट ऑफ ओर्डर सर, यह बात कट मोशन के ऊपर भी कहने की है या नहीं? किसी भी राजा महाराजा की पर्सनल प्रोपरटी में क्या चीज़ है और किस तरह से इस्तेमाल की जाती है क्या उस पर बहस हो सकती है?

श्री सोहनलाल—यह पर्सनल प्रोपरटी के बाहर की चीज़ है।

श्री रोशनलाल (भाषण जारी रखते हुए)—जिस तरह सरकार को जल्दी ध्यान देना चाहिये था उस तरह ध्यान नहीं दिया गया। इस बारे में मुझे अधिक कहना था लेकिन समय की कमी है इसलिये मैं इसे यहीं खत्म करता हूँ।

उदयपुर जिले में करीब ढ़ाई लाख आदिवासी हैं। जिस तरह हमारे साथ आबू के प्रश्न पर बलात्कार किया गया है आज उसी तरह राजस्थान सरकार द्वारा उन आदिवासियों पर बलात्कार किया जा रहा है।

श्री जवानसिंह—मुझे इस शब्द पर कि "आबू के साथ बलात्कार किया गया है" आपत्ति है, इसलिये मैं निवेदन करता हूँ कि इस शब्द को काट दिया जाय।

श्री रोशनलाल (भाषण जारी रखते हुए)—दो-ढाई लाख आदिवासी इस उदयपुर जिले में रहते हैं। इसे शिड्यूल्ड एरिया कहना चाहिये था। आम चुनावों के बाद आज ३ वर्ष समाप्त होते जा रहे हैं पर आज भी हमारे सामने यह नहीं है कि वहाँ की तरक्की की जाय। इस एरिया में डूंगरपुर मिला हुआ है, बाँसवाडा मिला हुआ है, प्रतापगढ़ मिला हुआ है और वहाँ के रहने वालों में और उदयपुर जिले के रहने वालों में कोई भेद नहीं है।

(समय-समाप्ति-सूचक-घंटी)

श्री रोशनलाल—क्या कल फिर मुझे समय दिया जायगा?

श्री उपाध्यक्ष—आज दो मिनट और दिये जा सकते है।

श्री हिम्मतसिंह—आज टाइम हो गया है।

श्री बी० एन० जोशी—It is high time now. I think the discussions should be postpoand.

श्री उपाध्यक्ष—और कितने मेम्बर इस पर बोलना चाहते हैं?

इसे आज जारी रखना पड़ेगा। जो खास-खास बोलने वाले हैं वे इस पर आज बोल दें। और जो कट मोशन्स पर बोलने वाले हैं या जिन्होंने कट मोशन्स दे दिये है उनको इस वक्त बोलने का प्रयत्न नहीं करना चाहिये। इस मुद्दे पर तो आम बजट की आलोचना होनी चाहिये। इसके बजाय विशेष बातें जो किसी सदस्य को किसी मद के बारे में कहनी हैं वे बातें अलग-अलग आइटमों को लेकर इस समय नहीं कहनी चाहिये। आम बात जिन्हें कहनी है उन्हें ही इस वक्त बोलने का प्रयत्न करना चाहिये क्योंकि इस जनरल डिस्कशन को यहाँ खत्म करना होगा और मंत्रियों की ओर से इसका उत्तर कल दिया जायगा। उनको काफी टाइम दिया जायगा इसलिये थोडा समय और अभी मिलेगा। यदि आपकी यह इच्छा है कि हम अवश्य बोलें तो थोडा कष्ट सहन करके बोलना जारी रखा जाये।

श्री टीकाराम पालीवाल (वित्त मंत्री)—और महोदय बोले हैं उनसे कम समय मिनिस्टर्स लेंगे और मैं समझता हूँ उपाध्यक्ष महोदय, कि सदस्यों को किसी तरह की शिकायत करनी है तो वह कट मोशन्स पर कर सकेंगे। मेरा मतलब (श्री जवानसिंह की ओर संकेत करते हुए) आपसे या सिराही से नहीं है। (हँसी)

श्री जवानसिंह—यह माननीय मंत्री महोदय की गलत फहमी है।

श्री हिम्मतसिंह अटरू—कल के लिये टाइम दीजिये। अब आज तो समय हो गया है।

श्री टीकाराम पालीवाल—आज तो बन्द ही करना चाहिये। साढे छः का टाइम था।

श्री उपाध्यक्ष—सदन की कार्यवाही कल सुबह साढ़े आठ बजे तक के लिये स्थगित की जाती है।

(सदन की कार्यवाही सायंकाल ६ बज कर ५२ मिनट पर, बुधवार दिनाँक १७-मार्च, १९५४, प्रातः साढ़े आठ बजे तक के लिये स्थगित हुई।)

विधान सभा भवन,
जयपुर,
दिनाँक-१६ मार्च, १९५४.

मनसाराम पुरोहित
सचिव,
राजस्थान विधान सभा